2013 Golden Jubilee edition

BIHAR YOGA®



मेरे आराध्य के चरणों में

At the Feet of My Beloved Guru

Yoga Publications Trust, Munger, Bihar, India

मेरे आराध्य के चरणों में

At the Feet of My Beloved Guru



WORLD YOGA CONVENTION 2013
GANGA DARSHAN, MUNGER, BIHAR, INDIA
23rd–27th October 2013

मेरे आराध्य के चरणों में

At the Feet of My Beloved Guru



Yoga Publications Trust, Munger, Bihar, India

© Bihar School of Yoga 2013

All rights reserved. No part of this publication may be reproduced, transmitted or stored in a retrieval system, in any form or by any means, without permission in writing from Yoga Publications Trust.

The terms Satyananda Yoga® and Bihar Yoga® are registered trademarks owned by International Yoga Fellowship Movement (IYFM). The use of the same in this book is with permission and should not in any way be taken as affecting the validity of the marks.


Printed by Yoga Publications Trust
First edition 2013

ISBN: 978-93-81620-79-3

Publisher and distributor: Yoga Publications Trust, Ganga Darshan, Munger, Bihar, India.

Website: www.biharyoga.net
www.rikhiapeeth.net

Printed at Aegean Offset Printers, Greater Noida



स्वामी शिवानन्द सरस्वती के चरणों में
जिन्होंने स्वामी सत्यानन्द सरस्वती को योग के रहस्यों की शिक्षा दी

In humility we offer this dedication to
Swami Sivananda Saraswati, who initiated
Swami Satyananda Saraswati into the secrets of yoga.

नमो नारायण

योगविद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन-पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीनकाल में सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे। जब से भारत में योग विद्या का ह्रास हुआ, तभी से भारतवासी गरीब, दु:खी और अस्वस्थ हैं। पूजा-पाठ, धर्म-कर्म से शान्ति मिलती है और योगाभ्यास से धन-धान्य, समृद्धि और स्वास्थ्य। भारत में सुख, समृद्धि, शक्ति और स्वास्थ्य के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास करना चाहिए।

स्वामी सत्यानन्द सरस्वती
रिखियापीठ, 2005



Contents



"Listen Dharmashakti, whatever is happening is happening by the will of God. You have risen above human desires. Keep yourself alive only for my mission. You have no more duties left towards anyone in the world except me. Don't you even know the reason for which you were born? What were you before this? Don't you know your future? In the name 'Dharmashakti' lies the history of your future. Don't forget! Remember, you live for my mission, which means you live for me. Remember that your surrender is not based on a whim or fancy, yours is the true surrender. If you had not given me your mind, my sankalpa would have failed. Remember that now you have to become a medium of my energy.

You have to rise, because I need you, because this is why you have come here. You have to carry the burden because you are strength herself, Shakti. Remember your future. You do not have to erase yourself, you do not have to crush yourself. You have to rise and charge forward with the chariot that carries a spiritual message for mankind.

You are the power of Bhagavati Narayani. Your form is veiled due to ignorance and attachment. The recitation of *Bhagavati Katha*, the story of the Cosmic Goddess, will remove the veil. When you yourself are divine energy, then why the delay? Remove the veil and chase away the darkness of maya from your mind. Rama in body, Rama in mind. Make Rama come alive. You will see the vision of God within yourself."

—*Swami Satyananda*

"सुनो धर्मशक्ति, जो भी हो रहा है ईश्वरेच्छा से हो रहा है। तुम मानव इच्छा से ऊपर उठ चुकी हो। मेरे अरमान, मिशन, पागलपन, प्रोग्राम के लिए ही अपने को जीवित रखना। तुम्हारा संसार में किसी के प्रति कर्त्तव्य शेष नहीं रहा, सिवाय मेरे प्रति। क्या तुम्हें इतना भी ख्याल नहीं कि तुम क्यों पैदा हुई? तुम पहले क्या थी? क्या तुम अपना भविष्य नहीं जानती? 'धर्मशक्ति' नाम में तुम्हारे भविष्य का इतिहास है। भूलना नहीं! याद रखो, तुम मेरे मिशन, याने मेरे लिए जीवित हो। याद रखो कि तुमने कविता और मान्यता के आधार पर समर्पण नहीं किया है। यदि तुमने अपने मानस को नहीं सौंपा होता तो मेरा संकल्प विफल हो जाता। याद रखो कि अब तुम्हें मेरी शक्ति का माध्यम बनना है।

तुम्हें ऊपर उठना है, क्योंकि मुझे तुम्हारी जरूरत है, क्योंकि तुम इसीलिए आई हो यहाँ। तुम्हें भार उठाना होगा, क्योंकि तुम शक्ति हो। अपने भविष्य को याद रखो। तुम्हें मिटना नहीं है, तुम्हें पिसना नहीं है, तुम्हें उठना है, ले चलना है एक रथ को, जिसमें मनुष्य के लिए आध्यात्मिक सन्देश है।

तुम भगवती नारायणी की शक्ति हो। अज्ञान और मोह के कारण तुम्हारा स्वरूप ढँका हुआ है। भगवती कथा उस आवरण को हटा देगी। जब तुम ही ईश्वर-शक्ति हो तो फिर देर क्यों? थोड़ा पर्दा हटाओ, मन से माया के अन्धकार को दूर भगाओ। तन में राम, मन में राम, राम ही राम को साकार करो। ईश्वर-दर्शन तुम्हें अपने अन्दर ही होगा।"

—स्वामी सत्यानन्द





Jaya Jaya Jaya Satyam

Swami Dharmashakti Saraswati

We saw and recognized
The divine heart of this sannyasin.

The glow of the sun on his face
And the cool serenity of the moon.
His words the nectarine flow of the sacred Ganga
His smile the enchantment of flowers in bloom.

In his heart the immortal belief of world brotherhood
In his mind sublime thoughts of prayer, kirtan and japa.
Transforming inner and outer lives of multitudes
Glory to the guru, who is verily Rama and Krishna.

Glory to Almora, his blessed birthplace
Jaya jaya jaya Satyam, the great saint of this age.
Every corner of the world is luminous
With the notes of this song celestial.

I too saw and recognized
The spiritual jewel, this sannyasin.
My revered, my father, guru and master
Accept the pranams that I humbly bow and offer.

—9 June 1956, Uttarkashi

जय जय जय सत्यम्

स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती

हमने देखा और पहचाना ।
इस दिव्य-हृदय संन्यासी को ।।

सूर्य की ज्योति चमकती मुख पर।
चन्द्रमा की शान्तिदायक शीतलता।।
पावन गंगा की अमृतमय वाणी।
फूलों की मोह-मनहर-मुस्कान।।

विश्व बंधुत्व की अमर भावना।
प्रार्थना-जप-कीर्तन के उच्च विचार।।
अन्दर-बाहर जन-जीवन में।
रामकृष्ण गुरु जय-जय कार।।

धन्य धन्य जय जय अल्मोड़ा।
जय-जय-जय सत्यम् सन्त महान्।।
आलोकित हुआ विश्व का कोना।
गा रहा है यही अलौकिक गान।।

मैंने भी देखा और पहचाना।
अध्यात्म रत्न संन्यासी को।।
मेरे पूज्यश्री पिता-गुरु-स्वामी।
स्वीकृत कीजिए प्रणाम नमामि।।

–9 जून 1956, उत्तरकाशी



Swami Dharmashakti: A Tribute



On 12th February 2013, Swami Dharmashakti Saraswati, a pillar of sannyasa and the Satyananda Tradition, attained mahasamadhi at Ganga Darshan Vishwa Yogapeeth in Munger, Bihar. Throughout the course of her life, she upheld the finest virtues of spirituality with quiet grace and humility. She was dharma personified, a rare being whose total surrender gave rise to the great purpose in her life.

Swami Dharmashakti was born in 1924 in Madhya Pradesh, on the auspicious day of Buddha Poornima. Her family instilled in her a strong faith in God, but she longed for spiritual guidance from a guru. Her life truly began when her search ended: it was 1953 and she and her husband, Satyabrat, met Swami Satyananda Saraswati in Rishikesh. The young sannyasin shone with the bright light of truth, and they vowed to serve him in every possible way. Their destiny would be deeply entwined with his; they were the 'Satya' and 'Dharma' of his mission, and the three forged a relationship of profound trust and commitment. After much insistence on her part, Swami Dharmashakti was given mantra diksha in 1958 and became Swami Satyananda's first disciple, an event that set off a spiritual explosion that continues to echo around the world, half a century later.

Swami Dharmashakti recognized the saintly greatness of her guru, and in Dharmashakti Swami Satyananda envisioned the future of the world yoga movement. With complete abandon she made an offering of herself and he carefully shaped her into a fine-tuned instrument through which he could play out his life's mission. She underwent intense training under his guiding hand, undergoing unimaginable tests and trials that few could endure. Yet she proved herself to be an exemplary disciple, worthy of the blessings he would eventually bestow upon her. Throughout her many struggles and losses she maintained uncompromising faith in Sri Swamiji, and in time this trust transformed her every expression, her every thought, word and action, into a humble offering of gratitude to guru.

Swami Dharmashakti's contributions to BSY are countless and it would be no exaggeration to say that her inexhaustible efforts enabled Sri Swamiji to fulfil his guru's mandate of spreading yoga from door to door and shore to shore. In the early years of Sri Swamiji's mission, she and Swami Satyabrat were his greatest supporters and closest confidants. In addition to hosting him whenever he passed through their city of Rajnandgaon, they maintained regular contact with him, tracking his journeys and keeping meticulous records of his satsangs and programs. They were instrumental in helping to establish yoga communities, organize and promote shivirs, and manage his correspondence.

In 1963, they were entrusted with compiling, editing, printing and publishing *Yoga* and *Yoga Vidya* magazines, which they managed from their tiny home. These monthly journals would become Sri Swamiji's primary outlet for disseminating his teachings around the world, and were a labour of love into which they poured all their effort and energy. In time, they also became responsible for publishing and distributing Bihar Yoga books. After Swami Satyabrat's untimely death in 1970,

Swami Dharmashakti continued to manage these duties single-handedly, until the printing press was moved to Munger in 1976.

In 1972, Swami Dharmashakti was appointed the patron of the Rajnandgaon School of Yoga and secretary of the International Yoga Fellowship Movement. In 1985, Sri Swamiji asked her to come to Ganga Darshan and make it her home, and though he left just a few years later, distance was meaningless between guru and disciple; their bond was powerful and she was constantly in communion with him. In 1990, she was appointed acharya and president of Sri Panch Dashnam Paramahamsa Alakh Bara, Sri Swamiji's tapobhoomi in Rikhiapeeth.

Swami Dharmashakti was an embodiment of *shakti,* the creative and nurturing force that is the very essence of life itself. She was a friend to all, and anyone who came into contact with her was moved by her strength of character, her wit and intelligence, her grace, her kindness and caring. Of course, her finest contribution to guru, to yoga, and to the world at large is Swami Niranjan, the perfect child she bore out of complete selflessness to serve the needs of humanity. In him, we see the scope and totality of her love, which continues to hold us in a warm, cosmic embrace. For this she will be forever remembered as *Ammaji*, a blessed mother to everyone.

Free at last from her mortal frame, she has joined her beloved Gurudev in the great beyond. And though she is no longer with us in physical form, Ammaji will forever remain alive in spirit. She will remain alive in the mothers who bless their children to walk the path of sannyasa and in the disciples who perform guru seva with complete surrender. She will remain alive as long as the tradition of guru-disciple continues.

This book is dedicated to the memory of Swami Dharmashakti, whose life stands as a testimony to the power of faith and the true value of surrender. With this we thank you, Ammaji, for showing us the way of true devotion, and for your faithful presence and your beautiful expression of divine love, which we feel now more than ever.

Hari Om Tat Sat





स्वामी धर्मशक्ति के प्रति श्रद्धांजलि

12 फरवरी, 2013 को गंगा दर्शन विश्व योगपीठ, मुंगेर में स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती महासमाधि में लीन हो गईं। वे संन्यास और सत्यानन्द परम्परा की एक आधार-स्तम्भ थीं। जीवनपर्यन्त उन्होंने अध्यात्म के सर्वश्रेष्ठ गुणों को सहजता, मर्यादा और विनम्रता के साथ धारण रखा। वे धर्म की साक्षात् प्रतिमूर्ति थीं, एक ऐसी विभूति जिनका गुरु के प्रति पूर्ण आत्म-समर्पण ही उनके जीवन का विधायक तत्त्व बना।

स्वामी धर्मशक्ति का जन्म मध्य प्रदेश में सन् 1924 में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ दिन हुआ था। परिवार के धार्मिक परिवेश से ईश्वर के प्रति गहन श्रद्धा विरासत में मिली, लेकिन उनकी हमेशा यह चाह रही कि किसी गुरु से आध्यात्मिक मार्गदर्शन मिले। और उनका वास्तविक जीवन तब शुरू हुआ जब उनकी यह खोज खत्म हुई। यह सन् 1953 का वर्ष था, जब वे और उनके पति, सत्यव्रत जी ऋषिकेश में स्वामी सत्यानन्द सरस्वती के सम्पर्क में आए। श्री स्वामीजी तप, त्याग और वैराग्य के मूर्तिमान् स्वरूप थे, और इस युवा दम्पत्ति ने उनकी हर प्रकार की सेवा करने का संकल्प ले लिया। आने वाले वर्षों में इन तीनों के बीच एक गहन, आत्मीय सम्बन्ध स्थापित हुआ और ये दोनों श्री स्वामीजी के आध्यात्मिक मिशन के 'सत्य' और 'धर्म' रूपी पहिये बने। बहुत आग्रह करने के बाद स्वामी धर्मशक्ति को सन् 1958 में मंत्र दीक्षा प्राप्त हुई और इस प्रकार वे स्वामी सत्यानन्द जी की प्रथम शिष्या बनीं। यह घटना एक ऐसी आध्यात्मिक क्रांति की सूत्रधार थी, जो अर्द्ध शताब्दी बाद भी दुनिया के कोने-कोने में अपने प्रभाव दिखला रही है।

स्वामी धर्मशक्ति ने अपने गुरु की महानता को पहचाना, और उनके गुरु को उनमें विश्व योग आन्दोलन का भविष्य दिखलाई दिया। उन्होंने अपने आपको पूरी तरह गुरु-चरणों में समर्पित कर दिया और गुरु ने उन्हें एक ऐसी वंशी बना दिया जिसपर वे अपने मिशन की मधुर तान छेड़ सकें। गुरु की निगरानी में कठिन प्रशिक्षण से गुजरते हुए स्वामी धर्मशक्ति को जीवन में ऐसी-ऐसी परीक्षाओं का सामना करना पड़ा, जिन्हें साधारण लोगों के लिए सहना तो दूर, कल्पना करना भी सम्भव नहीं। लेकिन वे हर परीक्षा में खरी उतरीं और अपने आपको एक आदर्श शिष्या प्रमाणित कर दिया, एक ऐसी शिष्या जो अपने गुरु के अनमोल आशीष पाने के सर्वथा योग्य थीं। जीवन में अनेक तूफानों-झंझावातों का सामना करते हुए भी उनकी श्रद्धा और आस्था कभी नहीं डगमगाई। कालान्तर में इसी श्रद्धा ने उनके विचार, वाणी और कर्म को पूरी तरह रूपान्तरित कर गुरु चरणों में अर्पित पुष्पांजलि बना दिया।

बिहार योग विद्यालय तथा सत्यानन्द योग परम्परा के विकास में स्वामी धर्मशक्ति का अविस्मरणीय योगदान रहा है। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि श्री स्वामीजी को योग-प्रचार का जो गुरु-आदेश प्राप्त हुआ था, उसके सफल कार्यान्वयन के पीछे स्वामी धर्मशक्ति का बहुत बड़ा हाथ रहा है। मिशन के प्रारम्भिक वर्षों में वे और स्वामी सत्यव्रत श्री स्वामीजी के सबसे अंतरंग साथी और सबसे सक्रिय सहयोगी थे। जब भी श्री स्वामीजी राजनाँदगाँव से गुजरते तो उनके यहाँ ही ठहरते। इसके अलावा वे दोनों श्री स्वामीजी के साथ बराबर सम्पर्क में रहते, उनके पत्राचार की व्यवस्था करते, विभिन्न नगरों-गाँवों में उनके कार्यक्रमों की तैयारी करते, वहाँ योग केन्द्रों और मित्रमण्डलों की स्थापना करते और उनके लेखों-सत्संगों का बारीकी से लेखा-जोखा रखते।

सन् 1963 में उन्हें योगा तथा योगविद्या पत्रिकाओं के संकलन, संपादन, मुद्रण और प्रकाशन का दायित्व सौंपा गया। यह काम उन्होंने अपने छोटे-से घर से आरम्भ किया। कुछ ही समय में ये मासिक पत्रिकाएँ श्री स्वामीजी की शिक्षाओं को देश-विदेश में प्रसारित करने की मुख्य साधन बन गईं। स्वामी धर्मशक्ति और स्वामी सत्यव्रत के लिए यह काम किसी पूजा या आराधना से कम नहीं था। इसमें वे अपना तन-मन-धन लुटा देते थे। कालान्तर में उनकी योगविद्या प्रेस से बिहार योग विद्यालय की सभी प्रमुख पुस्तकें प्रकाशित और वितरित होने लगीं। सन् 1971 में स्वामी सत्यव्रत के आकस्मिक निधन के बाद से स्वामी धर्मशक्ति अकेले ही इन सभी दायित्वों को अनेक वर्षों तक निभाती रहीं।

सन् 1972 में स्वामी धर्मशक्ति को राजनाँदगाँव योग विद्यालय की संरक्षिका और अन्तर्राष्ट्रीय योग मित्रमण्डल के सचिव पद पर मनोनीत किया गया। सन् 1985 में श्री स्वामीजी ने उन्हें प्रेस का सब काम समेटकर गंगा दर्शन में आकर रहने के लिए कहा। हालाँकि कुछ साल बाद श्री स्वामीजी स्वयं मुंगेर छोड़कर चले गए, लेकिन गुरु और शिष्य के बीच दूरी कोई मायने नहीं रखती। स्वामी धर्मशक्ति का अपने गुरु के साथ बहुत गहन सम्बन्ध था और आध्यात्मिक स्तर पर वे सदा उनके सान्निध्य में रहतीं। सन् 1990 में श्री स्वामीजी ने अपनी तपोभूमि, रिखियापीठ में श्री पंच दशनाम परमहंस अलखबाड़ा की स्थापना की और स्वामी धर्मशक्ति को उसके आचार्य एवं अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया।


स्वामी धर्मशक्ति वास्तव में शक्ति-स्वरूपा थीं। एक ऐसी शक्ति जिसमें जीवन की सृजनात्मक क्षमता निहित है, जो जीवन का सारतत्त्व है। वे सभी की मित्र, सखा और हितैषी थीं। जो कोई भी उनके सम्पर्क में आता, वह उनके सच्चरित्र, दृढ़ मनोबल, विनोदशील एवं खुशमिज़ाज़ स्वभाव, अद्भुत

मेधा और स्मृति, हृदयस्पर्शी करुणा, कृपा और सहानुभूति से प्रभावित हुए बिना नहीं रहता। और देखा जाए तो गुरु, योग आन्दोलन तथा सारी दुनिया के लिए उनका सबसे बड़ा उपहार तो स्वामी निरंजन हैं। एक आदर्श सन्तान, जिसे उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए ही संसार में अवतरित किया और फिर पूर्ण नि:स्वार्थता से गुरु-चरणों में अर्पित कर दिया। स्वामीजी में हम स्वामी धर्मशक्ति के प्रेम की पराकाष्ठा पाते हैं। यह प्रेम कहीं विलुप्त नहीं हुआ है, आज भी यह हमें आलिंगनबद्ध किए हुए है। इसी मातृसुलभ प्रेम की वजह से स्वामी धर्मशक्ति सदा-सदा के लिए अम्माजी के नाम से पुकारी और याद की जाएँगी।

अपने पार्थिव शरीर के बन्धन से मुक्त होकर अम्माजी अब अपने प्रिय गुरुदेव के सान्निध्य में पहुँच गई हैं। आज भले ही वे हमारे बीच सशरीर उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृति, उनकी प्रेरणा, उनका प्रेम हमारे हृदय में पूर्ववत् है और आगे भी रहेगा। वे जीवित रहेंगी उन सभी माताओं में, जो अपने बच्चों को संन्यास के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद देती हैं, और उन सभी शिष्यों में, जो पूरे समर्पण भाव से गुरु की सेवा करते हैं। वे तब तक जीवित रहेगीं जब तक गुरु-शिष्य परम्परा चलती रहेगी।

यह स्मारिका स्वामी धर्मशक्ति की पुण्य स्मृति को समर्पित है, जिनका जीवन श्रद्धा की जीती-जागती मिसाल है, समर्पण का ज्वलन्त उदाहरण है। अम्माजी! हम सब को सच्ची गुरु-भक्ति का मार्ग दिखलाने, इस मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए सदा प्रेरित करने और हम पर अपना दिव्य प्रेम बरसाने के लिए, हम तहे दिल से धन्यवाद और आभार प्रकट करते हैं।

हरि: ॐ तत्सत्





Swami Dharmashakti Saraswati

Date of Birth: 19 May 1924 (Buddha Poornima)

Place of Birth: Sahaspur Lohara, Madhya Pradesh

Mantra and Spiritual Name Initiation by Swami Satyananda: 1958

Sannyasa Initiation by Swami Satyananda: 1967

Editor, Publisher, Distributor, Yoga/Yoga Vidya: 1972–1976

Appointed Patron of Rajnandgaon Yoga Vidyalaya and IYFM General Secretary: 1972

Appointed Acharya and President, Sri Panch Dashnam Paramahamsa Alakh Bara: 1990

Samadhi: 12 February 2013



स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती

जन्मतिथि – 19 मई 1924 (बुद्ध पूर्णिमा)

जन्मस्थान – सहसपुर लोहारा, मध्य प्रदेश

स्वामी सत्यानन्द से मंत्र दीक्षा एवं आध्यात्मिक नाम की प्राप्ति – 1958

स्वामी सत्यानन्द से संन्यास दीक्षा – 1967

योगा/योगविद्या का सम्पादन, प्रकाशन, वितरण – 1972-1976

राजनाँदगाँव योग विद्यालय की संरक्षिका तथा अंतर्राष्ट्रीय योग मित्रमण्डल के महासचिव का पदभार ग्रहण – 1972

श्री पंचदशनाम परमहंस अलख बाड़ा की आचार्या के रूप में मनोनयन – 1990

समाधि – 12 फरवरी 2013

जन्मपत्री

वि० सं० 1981 • शक सं० 1846 • ई० सं० 1924

2 सूर्य
12
3 शुक्र
1 बुध
11 केतु
4
10 मंगल
5 राहु
7 शनि
9
6
8 गुरु/चन्द्र








My Holi has not come yet. When my sadhana is complete, I will be truly coloured. I will colour Satyabrat and Dharmashakti with the colour of the black one (Krishna), which is scented by the memory of the Lord. I will smear you with the colour of bhakti, dip you in the colour of sadhana, intoxicate you with his name and wash you in the waters of his memory. You have Holi that colours the body, now colour your mind and see the fun.

—Swami Satyananda

"जब तुम खाली हो जाओगी, मिट जाओगी, शून्य हो जाओगी, तब मैं अध्यात्म-संकल्प का संचार कर तुम्हें धर्मशक्ति बनाऊँगा। अभी तो नाम ही दिया है, पर यह जान लो कि अध्यात्म-संकल्प खाली पात्र में ही उतारे जाते हैं। तुम्हारा समर्पण पूर्ण होना चाहिए। तुम्हें मेरे लिए ही सोचना, सोना, खाना-पीना, बैठना तथा सभी काम करने चाहिए।"

—स्वामी सत्यानन्द





Tear off the old pages of life. Begin a new spiritual life now. Brand new. You have been reborn. This is a life filled with yoga. I have decided that I will show you the path of the power of the self. I will give you something. This can even be done now, but certain preparation must be made. Remove all the disquiet from your mental plane. On the physical plane do all your household jobs. On the mental level reflect on the actions of life. Beyond that, do not allow worldly samskaras to enter the mind. Your life is not yours any more. Once the flute goes to Kanhaiya then sweet music will definitely flow out of it. In the same way, a life dedicated to the service of the ishta becomes the Gangotri of the flow of energy, light and knowledge.

—Swami Satyananda

"याद रख लो कि निरंजन मेरा एक प्रयोग था। और याद रख लो कि निरंजन अवस्था का प्रयोग करने जा रहा हूँ, क्योंकि निरंजन बने बगैर तुम सत्यम् की शक्ति को धारण नहीं कर सकोगी। एक निरंजन को पैदा किया, वह व्यक्ति है। दूसरे निरंजन को पैदा करो, वह शक्ति के रूप में आयेगा। देर मत करो, जल्दी करो, क्षण-क्षण अमूल्य है। समय बहुत चला गया, अब तुम्हारे पर खुलने की बेला आ रही है। जन्म-जन्मान्तरों के संस्कार जा रहे हैं। तुम्हारे अन्तस् में केवल 'मेरा कार्य' रहना चाहिए। मैं अब ठहर नहीं सकता, मुझे जल्दी-जल्दी काम करना है।"

—स्वामी सत्यानन्द



Understand, Dharmashakti, that the one whom you are nurturing with your blood is a flower that will fill the whole world with its fragrance. Satyam's blessing to you is that you become a mother in the true sense of the word. From a part of yourself, build a sun that, dispelling the darkness of ignorance, spreads divine light the world over.

—*Swami Satyananda*



Dharmashakti, with the arrival of Niranjan, know that you have been reborn. Mould yourself in a way that the future of the child may be greater than the greatest . . . Your life is pledged to God. A particle of God, the Rama-Krishna of this age, is in your lap. Your mind, body, thoughts and entire life are pledged to him.

—Swami Satyananda








"सबसे श्रेष्ठ साधना है प्रेम भक्ति, जिसमें हर घड़ी, हर क्षण मन अपने देव में लगा रहता है। यही योग है, क्योंकि दोनों एक-दूसरे में समाये रहते हैं। प्रेम की सीमा इतनी हो जानी चाहिए कि एक पल भी उसकी सुध न बिसरे, दिन-रात उसी के साथ खाएँ, पिएँ, बैठें, नहाएँ, बातचीत भी करें, सोएँ और झगड़ें भी। इसी भाव का अभ्यास करते-करते समाधि लग जाती है। संसार का ख्याल भी नहीं रहता, भक्त का मन प्रपंच से ऊपर चला जाता है।"


—स्वामी सत्यानन्द



Before he was born, before his mother conceived him, I told Swami Niranjan's father and mother: "My successor will be born through you."

—Swami Satyananda












"मैंने गाँव-शहर में घूम-घूम कर यही देखा और समझा है कि महिलाओं को सिखाना ज्यादा जरूरी है। नारी की प्रगति धीरे-धीरे होती है, पर होती है और मजबूत होती है। स्त्री का मन सचमुच पारा है, सध गया तो एक आश्चर्य की सृष्टि की जा सकती है।"

—स्वामी सत्यानन्द









You are a sincere aspirant, the power is within you. The burdens of pain, suffering and frustration are a thing of the past. The new chapter of your life contains bliss, joy, happiness, contemplation on your ishta and realization of the self.

—Swami Satyananda



Life and death is the dharma of every individual, but you have to recognize your dharma. For what have you taken birth and what the mission of your life is. Make truth the basis of your life. Change the entire direction of your life.

—Swami Satyananda













My chariot will run on the wheels of satya and dharma. What is dharma? It is not the dharma of society, nor the dharma of this age; it is not even the ageless dharma, but the dharma which transcends everything worldly.

—Swami Satyananda



I am only sending you a reminder that, "Soldier, Attention!" You are my soldier and only my soldier. Know this, do it and attain it. Listen, Dharmashakti, understand this well.

—Swami Satyananda







"सत्य और धर्म पर चलेगा मेरा रथ। क्या है धर्म? लोक धर्म नहीं, युग धर्म नहीं, सनातन धर्म नहीं, बल्कि अपार्थिव धर्म। दृष्टि फेरो धर्मशक्ति, एकदम घूम जाओ। प्रचलित विचारों, विश्वासों और धारणाओं से मुँह मोड़ लो। कल तक तुमने जो किया, कहा, सोचा, पाया, दिया, खोया, वह सब पार्थिव था। अपार्थिव धर्म में केवल एक स्वर होता है। आत्मा को जानना पहला धर्म है। बन्धन तोड़ना दूसरा धर्म है। धरती (स्थूल) को जीतना तीसरा धर्म है। आकाश (इष्ट) को देखना चौथा धर्म है। साक्षी बनना पाँचवा धर्म है। मस्त बनना छठा धर्म है। सच्चाई, दया, संयम, अक्रोध, मौन धारण–यह सातवाँ धर्म है। और सब प्रकार से श्रेष्ठ धर्म है 'बाल सुलभ पवित्रता'। इसमें सिद्धि है, जादू है, प्रचण्ड शक्ति है।"

–स्वामी सत्यानन्द







Dharmashakti, the jewel that you will receive by the grace of God will help remove the ignorance of so many.

—Swami Satyananda







Blessings of Dharma

Swami Niranjanananda Saraswati on the occasion of Swami Dharmashakti's mahasamadhi

We are meeting here to celebrate the Golden Jubilee of the Bihar School of Yoga, which is the first vision and the mission of our beloved guru, Sri Swami Satyananda, and while we begin the celebrations of the Golden Jubilee today, we find another event taking place, which is uncalled for from the human perspective, but definitely part of the divine plan.

Many years ago, in 1953, when Swami Sivananda was celebrating the first World Yoga Convention and the first Parliament of All Religions in Rishikesh, one couple had gone to have his darshan and to participate in the convention. The couple met the organizer of the convention, Swami Satyananda, and during that period, they developed a special relationship with him. When the time came for *diksha*, initiation, Swami Sivananda said to this couple, "I am not your guru. Your guru is my disciple, Swami Satyananda, and he will give you initiation, and you will become the pillars of his mission."

In 1956, when Sri Swamiji left Rishikesh with the blessings of Swami Sivananda to spread the message of yoga from door to door and shore to shore, he first came to Rajnandgaon, where he met this couple once again and initiated them. To one, he gave the name Swami Satyabratananda Saraswati, and to the other, Swami Dharmashakti Saraswati. These two, along with Sri Swamiji, became the pillars of the international yoga movement and the development of the yogic mission in India.

The association of this couple with Sri Swamiji went on, since 1956 until the end of their days, right up to this day. When Sri Swamiji initiated them, he said to the man, "Your name is Satyabrat, as you are the vow of my truth," and to the woman he said, "You are Dharmashakti, as you are the power of my conviction." *Dharmashakti* means power of conviction, and this is what they radiated in their life: optimism, positivity, happiness, tranquillity and peace.

Many people who have associated with her will know that Swami Dharmashakti always spread optimism, hope, positivity, faith, conviction, and unflinching devotion to guru. And today, at 12 noon, she breathed her last. I do not take it as an inauspicious event; rather, it is a blessing. It is the end of a chapter in the history of yoga, yet at the same time it is also a blessing, as that strength of conviction should now descend in each one of us. That state has to be alive within each one of us.

—12 February 2013, Ganga Darshan





महान् विभूति का महाप्रयाण

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती, स्वामी धर्मशक्ति की महासमाधि के अवसर पर

बिहार योग विद्यालय इस बसन्त पंचमी समारोह के दौरान अपना स्वर्ण जयन्ती वर्ष आरम्भ कर रहा है। पचास साल पहले हमारे गुरु, श्री स्वामी सत्यानन्द जी ने बिहार योग विद्यालय की स्थापना की थी, और इस बसन्त पंचमी को हम लोग इस संस्था की पचास वर्ष की यात्रा पूरी कर रहे हैं। पिछले पचास वर्षों में श्री स्वामीजी के सान्निध्य में और उनके अहर्निश परिश्रम से हमलोगों ने योगविद्या को एक नई ऊँचाई को प्राप्त करते देखा है। यह योगविद्या आज एक विश्व-व्यापी परम्परा के रूप में मानी जाती है, जिसे सभी संस्कृतियों, धर्मों और जातियों के लोग जीवन में शान्ति प्राप्त करने के लिए अपना रहे हैं। इन पचास वर्षों में श्री स्वामी सत्यानन्द जी द्वारा प्रतिपादित योगविद्या ने अपनी एक पहचान बना ली है, जिसे हम लोग सत्यानन्द योग परम्परा अथवा बिहार योग परम्परा के नाम से जानते हैं। इस योग-परम्परा ने समाज के सभी पक्षों को स्पर्श किया है, शान्ति प्रदान की है, स्वास्थ्य लाभ दिलाया है और लोगों के जीवन में उत्थान एवं प्रगति के द्वार खोले हैं।

संन्यासी का सत्संकल्प

हम लोग यहाँ पर केवल बिहार योग विद्यालय नामक संस्था की नहीं, बल्कि एक संत और संन्यासी के संकल्प की भी स्वर्ण जयन्ती मना रहे हैं। आखिर संस्था एक संकल्प की ही परिणति होती है, अभिव्यक्ति होती है। संस्था में अपने में कोई दम नहीं होता। वह तो चार दीवारों में बन्द एक भवन है। भवन में क्या दम होगा? लेकिन इस संस्था के जो उद्देश्य, दृष्टिकोण एवं संकल्प हैं, जिन्हें संस्था के संस्थापक ने प्रदान किया है और जो संस्था के उत्थान का कारण आज तक बने हैं, और भविष्य में भी होंगे, उन्हीं संकल्पों को जीवित रखना हम सबका काम है। आप इस समारोह में शामिल होकर पूज्य गुरुदेव, श्री स्वामी सत्यानन्द जी के संकल्पों को जीवित रखने का ही बीड़ा उठा रहे हैं।

जीवन में हर्ष और शोक, दोनों उपस्थित होते हैं। अगर आज हर्ष का विषय है, तो हो सकता है कि कल शोक का भी विषय हो जाए। लेकिन चाहे हर्ष का विषय हो या शोक का, मनुष्य को अपना लक्ष्य, दृष्टिकोण और संकल्प नहीं खोना है। कोई भी परिस्थिति मनुष्य के चित्त को विचलित नहीं कर सकती। अगर विचलित करती है, तो वह सच्चा मनुष्य नहीं है। जो सुख और दु:ख, दोनों में अपने संतुलन को रखकर लक्ष्य की ओर अग्रसर होता है और परिस्थितियों से विचलित नहीं होता, वही मनुष्य कहलाता है। आज हम लोग यहाँ एकत्र







हुए हैं संस्था की स्वर्ण जयन्ती मनाने के लिए, और साथ-ही-साथ, अपने आपको अपने महान् गुरु, श्री स्वामी सत्यानन्द जी के संकल्प से जोड़ने के लिए, जिससे हमारे जीवन का अभ्युदय हो सके।

स्मितानन संन्यासी


एक कहानी याद आ रही है, जो हमने बचपन में अपने गुरुजी से सुनी थी। तीन संन्यासियों की टोली थी। तीनों बहुत हँसमुख थे, एक-साथ रहते थे, एक-दूसरे की खिल्ली उड़ाते थे, एक-दूसरे की धोती या लंगोटी कैंची से काट देते थे और हँसा करते थे। एक-दूसरे से जब बात करते थे, तो उनके मुँह से हमेशा असभ्य शब्द ही निकलते थे। 'क्यों बे, क्या कर रहा है तू? ध्यान लगाने का ढ़ोंग करता है?' इस तरह के वाक्य ही एक-दूसरे से कहते थे। और तीनों परमप्रिय मित्र थे। स्वयं हँसते रहते थे, और दूसरों को भी हँसाते रहते थे।

एक दिन एक संन्यासी की मृत्यु हो गई। गाँववालों ने सोचा कि आज तक इनको हँसते देखा है, आज इनको रोते देखेंगे। वे पहुँचते हैं आश्रम, देखते हैं कि वहाँ तो कोई नहीं रो रहा। सब कोई हँस रहे हैं, खिल्ली उड़ा रहे हैं कि अच्छा हुआ, बूढ़ा मर गया, उसे मोक्ष मिल गया। लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ! एक मृतक साधु यहाँ पर है और उसकी ये खिल्ली उड़ा रहे हैं।

खैर, उसको अर्थी में ले गए श्मशान घाट, क्योंकि साधु ने अपने वसीयतनामे में लिखा था कि मुझे समाधि नहीं देना, अग्नि में जला देना। जब अग्नि जली तो पाँच मिनट के बाद उस साधु के शरीर से पटाखे फूटने लगे, क्योंकि इन दोनों ने मृतक साधु के शरीर में पटाखे भर दिए थे, ताकि पटाखों को देखकर लोग शोक न करें, बल्कि हर्षित हो जाएँ। अन्तिम क्षण में भी साधु ने हर व्यक्ति के जीवन में मुस्कान ला दी।

स्वामी धर्मशक्ति की समाधि

ऐसी ही कुछ घटना घटी है यहाँ पर। सन् 1953 में ऋषिकेश में जब स्वामी शिवानन्द जी ने प्रथम विश्व-धर्म-सम्मेलन का आयोजन किया था, तब उस समय राजनाँदगाँव के एक दम्पत्ति उस सम्मेलन में भाग लेने पहुँचे थे। उन दिनों स्वामी सत्यानन्द जी शिवानन्द आश्रम में रहकर सेवा प्रदान किया करते थे। सम्मेलन की जिम्मेदारी उनकी थी। साधुओं की उस जमघट में जब इस दम्पत्ति ने स्वामी सत्यानन्द जी को देखा तो उनकी ओर अनायास आकृष्ट हो गए। और तीन साल बाद, सन् 1956 में जब स्वामी सत्यानन्द जी अपने गुरु, स्वामी शिवानन्द जी का आशीर्वाद लेकर योग प्रचार-प्रसार हेतु ऋषिकेश से निकल पड़े, तो उनका पहला पड़ाव पड़ा राजनाँदगाँव। वहाँ पर इस दम्पत्ति ने स्वामीजी से दीक्षा ली, और स्वामीजी ने इनका नाम बदला। एक का नाम पड़ा स्वामी सत्यव्रतानन्द सरस्वती, और





दूसरे का स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती। उनके बारे में स्वामीजी ने कहा था, 'तुममें मेरे व्रत की विशेषता है, इसलिए तुम सत्यव्रत हो। और तुम मेरे धर्म की शक्ति हो, इसलिए तुम्हारा नाम धर्मशक्ति पड़ेगा।' और स्वामी धर्मशक्ति ने 1956 से आज तक श्री स्वामीजी के साथ जुड़कर अपना पूरा जीवन उनके श्रीचरणों में न्यौछावर कर दिया।

साधु-महात्माओं के बारे में कहा जाता है कि जो पहुँचे हुए रहते हैं, जो सिद्ध रहते हैं, वे दूसरों के जीवन में हमेशा खुशी, आनन्द और मंगल-प्रेरणा देते रहते हैं। जीवन से जो व्यक्ति निराश हो जाता है, उसके जीवन में वे आशा और विश्वास लाते हैं। ऐसा ही काम स्वामी धर्मशक्ति ने जीवनभर किया। जो भी उनके सम्पर्क में आया, वह इस बात को अच्छी तरह से जानता है। और आज दोपहर के ठीक 12 बजे उन्होंने ॐ की ध्वनि के साथ अपने प्राण त्यागे हैं।

स्वामी धर्मशक्ति की समाधि एक दुर्घटना नहीं है, याद रखना! बल्कि एक आशीर्वाद है। जब ज्योति को एक आवरण में बाँधकर रखा जाता है, तब ज्योति का प्रकाश उस सीमा तक ही फैलता है, लेकिन जब ज्योति से उस आवरण को हटा दिया जाता है, तब ज्योति का प्रकाश दूर-दूर तक फैलता है। उसे बाँधने वाली कोई सीमा नहीं रहती। उसी प्रकार जिस धर्म की शक्ति को श्री स्वामीजी ने अपने जीवन में माना था, आज वह अपने परमात्मा की शक्ति से एकाकार होकर, धर्म की ओर आने के लिए हम सबका आवाहन कर रही है। और अगर हम धर्म को, योग को, आध्यात्मिकता को, मानवता को अपने जीवन में अपना सकते हैं, तो निश्चित रूप से हम श्री स्वामीजी के संकल्पों को और उनके धर्म की शक्ति को अपने जीवन में आत्मसात् कर पाएँगे।

–12 फरवरी 2013, गंगा दर्शन





A Rare Soul

Swami Niranjanananda Saraswati

On the occasion of Swami Dharmashakti's bhu samadhi

The bhusamadhi of Swami Dharmashakti Saraswati has become part of the Basant Panchami celebrations. It is not a loss for me or anyone. What is lost? After all, this body, this nature, this mind is given by the parents, and they are alive within. The guru is there, the mother is there, the father is there. We are the living replica of them. Therefore, there is no loss; rather, the shakti contained and confined in a form has become free and the spirit is soaring, preparing for the next work, which Sri Swamiji will be giving no doubt, for the relationship between guru and disciple spans lifetimes.

For many lifetimes the connection remains, until both become one and the same. Each person looks for a competent helper and assistant, and each guru looks for a competent and able disciple, who can aid the mission and the vision, and bring happiness into the lives of many. This was seen in the nature of Swami Dharmashakti.

In my whole life, I have never heard her speak ill or think ill of anyone. Everybody who has encountered her has come out filled with contentment, for she gave them hope, she gave them conviction, she gave them faith, she gave them optimism, she gave them the vision of a bright future in their dark life. She always spread positivity around, in a subtle, simple and gentle manner. Such people are rare in this world. There are many seekers, but there are only a few people with great spiritual attainments. She was one of them.

I am proud to be called her son. It is a matter of great honour to be born of such a mother, for it is definitely a boon of God and guru.

—13 February 2013, Ganga Darshan





दुर्लभ महात्मा

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

स्वामी धर्मशक्ति की भू समाधि के अवसर पर

स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती की भू समाधि इस बसंत पंचमी महोत्सव का अभिन्न अंग बन गई है। इस घटना से हमने कुछ खोया नहीं है। आखिर यह शरीर, यह मन, यह स्वभाव, सभी कुछ तो माता-पिता से मिलता है और इसलिए वे सदा हमारे भीतर जीवित रहते हैं। हमारे भीतर गुरु भी मौजूद हैं, माता और पिता भी। हम उनके जीते-जागते प्रतिरूप हैं। इसलिए खोने का तो सवाल ही नहीं उठता। बल्कि एक सीमित रूप में समाहित शक्ति अब स्वतंत्र होकर उन्मुक्त उड़ान भर रही है, और उस भावी कार्य के लिए तैयार हो रही है, जिसे श्री स्वामीजी निस्संदेह सौंपने वाले हैं, क्योंकि गुरु और शिष्य का सम्बन्ध एक जन्म का तो होता नहीं।

गुरु-शिष्य सम्बन्ध जन्म-जन्मान्तर का होता है। यह तब तक बरकरार रहता है, जब तक कि दोनों पूर्णरूपेण एकाकार नहीं हो जाते। हर व्यक्ति किसी-न-किसी लायक सहायक की तलाश में रहता है, और हर गुरु किसी योग्य शिष्य की तलाश में, जो उनके मिशन को आगे बढ़ा सके, अनेकों के जीवन में आशा और आनन्द ला सके। यह बात स्वामी धर्मशक्ति के जीवन और चरित्र में स्पष्ट रूप से दिखलाई देती है।

मैंने अपने पूरे जीवन में कभी उन्हें किसी के बारे में बुरा सोचते या कहते नहीं सुना। जो कोई भी उनके सम्पर्क में आया उसने संतोष का, प्रेरणा का, श्रद्धा और विश्वास का, अंधकारमय जीवन में आशा की किरण का अनुपम उपहार पाया। बड़े ही सरल, सहज और सौम्य ढंग से वे अपने चारों ओर शांति और संतोष का सकारात्मक वातावरण बुन देती थीं। ऐसे लोग इस दुनिया में बहुत विरले होते हैं। साधक और जिज्ञासु तो बहुत होते हैं, लेकिन ऐसी ऊँची आध्यात्मिक उपलब्धियों वाले महात्मा बहुत कम। स्वामी धर्मशक्ति ऐसी ही एक विरल विभूति थीं।

मुझे गर्व है कि मैं उनका पुत्र हूँ। ऐसी माँ की कोख से जन्म लेना महान् सौभाग्य की बात है, गुरु और ईश्वर का एक दुर्लभ वरदान है।

—13 फरवरी 2013, गंगा दर्शन



Guru's Promise

Swami Niranjanananda Saraswati

On the occasion of the culmination of Shodashi Anushthana

With the prayer to Devi Bhagavati, we bring the Shodashi program dedicated to the memory of Swami Dharmashakti to its end. We read how the relationship between guru and disciple carries on for many lifetimes and is an eternal bond. Earlier we felt that this was just something written about in books, but the experience I have had over the last fifty-two years allows me to declare that this is an undeniable truth.

Rishikesh

In 1953, my father, Satyabrat, receives an invitation from Rishikesh to participate in a convention which was being organized by Swami Sivananda. He goes to attend this convention



and participates wholeheartedly in the work. In those days there were neither tape recorders nor any other gadgets to record the discourses, so people would take down notes in shorthand and then type them out. My father would make shorthand notes of the lectures, talks and discourses given by Swami Sivananda, type them out later, and prepare them for either books or newspaper reports.

In this manner, his association and relationship with Swami Sivananda and the Rishikesh ashram begins. Then one day, he arranges to set off on a trip and takes my mother along. The purpose of the trip is to receive diksha from Swami Sivananda, but when the two of them arrive at Swami Sivananda's ashram, Ma Dharmashakti looks not at Swami Sivananda but at one of his disciples and



loses herself completely. At that time Swami Sivananda says, "Don't worry. Her guru will come to her home and give her diksha." That is exactly what happened.

Rajnandgaon

In 1956, when our guru, Swami Satyananda, received the blessings and mandate from Swami Sivananda to spread the teachings of yoga, he left Rishikesh and travelled throughout India. His first destination was Rajnandgaon. After reaching the station, he sent a little message on a slip of paper saying, "Swami Satyananda has arrived in Rajnandgaon and is waiting at the station. Please come."

In those days my father used to work for a mill. We are from a middle class family. My father worked in the BNC mill as a typist and





stenographer. So this householder goes off to receive Sri Swamiji, to welcome him and take him to his humble abode. That little house became the head office of the International Yoga Fellowship Movement (IYFM). When the IYFM was established in 1956, the responsibility of its care and nurture rested on the shoulders of Swami Satyabratananda and Swami Dharmashakti.

When Sri Swamiji gave them diksha, he expressed the outpourings of his heart and said, "You are the truth of my vow (*vrata*) and that is why your name will be Swami Satyabratananda, and you are the strength of my conviction (*dharma*) and your name will be Swami Dharmashakti." The words uttered on that day have proven their veracity today.

Pillar of guru's mission

There are always struggles in life, but it is only through struggle that an individual progresses and moves ahead. It is struggle that tests a person's character. In the same way that a stone is hewn with a chisel and hammer to be turned into a beautiful statue, it is struggle that gives impetus to the character and creativity of man. This was true for Swami Dharmashakti also.

Time carried on, the decades flew past, and the work of yoga surged ahead. Swami Dharmashakti and Swami Satyabrat played stellar and integral roles in the yoga movement. She was the general secretary of IYFM. She was the editor of *Yoga* and *Yoga Vidya* magazines. When Sri Swamiji took kshetra sannyasa and left Munger to involve himself in his sadhanas in Rikhia and established the Paramahamsa Alakh Bara for the training of sannyasins, he appointed her as its first acharya.

Her *guru bhakti*, devotion to guru, was unparalleled. When her own father saw Sri Swamiji, he said, "Daughter, I am handing you over to your real father; he is your father, not I." From that day forth, Swami Dharmashakti looked upon Sri Swamiji as her father and she lived the rest of her life as his daughter, imbued with trust, faith and dedication, imbued with love.

Inspiration to all

Whoever met and visited Swami Dharmashakti, always left with a message of positivity, whether it was of inspiration, peace, love, joy or delight. She always inspired enthusiasm, courage, the flowering of positive qualities and awareness in







all. In fifty-two years, I have never heard her make a single uncharitable comment about anyone, that so and so is like this, that he is wrong or not quite okay, not even that. She used to say that each person does whatever they can, according to their capacity.

Some people are ants, some are monkeys and some are elephants. If the elephant says that the ant is not doing its work properly, that thinking is wrong on the part of the elephant. The ant has done the best it can, in the place it is. In this way, she used to tell us that there is nothing to be gained by becoming upset with anyone, for each one works as much as they can, according to their ability. In fact, you can encourage them to fulfil their jobs in the best possible way so that it can also inspire others. This was the nature of her teachings.

With the faith that she had in her guru, after Swami Satyabrat had left his mortal frame in 1971, she said to Sri Swamiji "Now you have come, what will happen when I go?" Sri Swamiji replied, "I will come for you also."

Last days

Last year, I had told her that as per Sri Swamiji's orders, I would be commencing the panchagni sadhana this year. She gave me her blessings and said, "Whatever you have been told to do by Guruji, you must surely fulfil even though you might risk your life in the process." When I completed my panchagni sadhana on 11th February, I went to her and said, "With your blessings I have completed my panchagni sadhana and am going ahead on the path that my guru's sankalpa has set before me." She blessed me and said, "I have been waiting for this very day." Perhaps she was awaiting the completion of the panchagni.

When I told her, "From tomorrow the celebrations of the Golden Jubilee of the ashram will begin", she replied, "My blessings are with all of you for these celebrations and I wish that the grandeur with which this year's Golden Jubilee is being celebrated, fifty years later the centenary will also be celebrated with the same pomp and glory."

I was with her from about 11 am until 11.45 am, on 12th February. After that, I continued with the rest of the Basant Panchami program. Exactly at 12 o'clock I received a phone call. Not a second before or after, but at exactly 12 noon she breathed her last with complete ease. Without any anxiety she left her body.

Guru and Mother Earth

It is an ashram tradition that every night we prepare our Gurudev's room and make his bed. On 12th February at 12 o'clock, Swami Dharmashakti dropped her mortal coil, and in the evening, Sri Swamiji's bed was prepared. On 13th February in the morning, when swamis went to clean the room, they saw that the bed had been used. The mosquito net had been moved aside, the quilt was lying to one side and there were impressions on the bed as if someone had been sitting in meditation, the impressions from the knees to the buttocks were clearly visible. That brought home to us the promise Sri Swamiji had made to Swami Dharmashakti in 1971 that he

would come to take her. That promise made by a guru to his disciple was fulfilled. He had come to take her.

Then on 13th February, she was given the ceremonial *bhu samadhi*, earth burial, at Satyam Udyan of Ganga Darshan in the prescribed manner. There is a provision for sannyasins to be given bhu samadhi, sannyasins who are siddhas and saints, not the ordinary roadside sannyasins. We all belong to the second category, but those who awaken the guru tattwa and Shiva tattwa within themselves on the strength of their faith, for such great personalities, for such saints and sannyasins, there is a provision for bhu samadhi.

Swami Dharmashakti was born on Buddha Poornima and at the age of eighty-nine she left this mortal frame. I don't consider her as my mother, but I feel it is my great privilege that Guruji gave me the opportunity, gave this soul an opportunity, to be born from the womb of such a saintly and enlightened woman. This is why she is not my mother, but Devi to me, a Devi who ordained the gift of fearlessness in people through the strength of her love and compassion. She has given protection and strength to others.

I believe there must be very few people on earth to be as fortunate as I to have a mother such as she, to have lived the grace of such a guru, and to have found such good society like all of you present here.

Ya devi sarvabhooteshu maatri rupena samsthitaa;
Namastasyai namastasyai namastasyai namo namah.

With these sentiments, feelings and thoughts, Swami Dharmashakti's Shodashi comes to its conclusion.

—28 February 2013, Ganga Darshan







मातृस्वरूपा देवी

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

स्वामी धर्मशक्ति के षोडशी अनुष्ठान की पूर्णाहुति पर

भगवती प्रार्थना के साथ स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती जी की स्मृति में आयोजित यह षोडशी कार्यक्रम पूर्ण होता है। हम लोग पढ़ा करते हैं कि गुरु और शिष्य के बीच का सम्बन्ध अनेक जन्मों का होता है, और निरन्तर कायम रहता है। पहले तो लगता था कि यह बात केवल किताबों में लिखी जाती है, लेकिन पिछले बावन वर्षों में हमने जो अनुभव किया उससे आज हम यह कह सकते हैं कि जो बात लिखी गई है, वह अक्षरश: सत्य है।

ऋषिकेश से सम्बन्ध

सन् 1953 में हमारे पिताजी को, जिनका नाम सत्यव्रत था, ऋषिकेश में एक सम्मेलन में भाग लेने का निमंत्रण मिलता है, जिसका संचालन स्वयं स्वामी शिवानन्द जी महाराज कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में भाग लिया और वहाँ पर सक्रिय काम भी किया। उस समय न तो टेप-रिकार्डर थे, न ही अन्य तरह के यंत्र। जो बोला जाता था, उसे लोग शॉर्ट हैण्ड में नोट करते थे। सम्मेलन में स्वामी शिवानन्द जी का जो भी सत्संग-प्रवचन होता था, हमारे पिताजी उसे शॉर्ट हैण्ड में नोट करते थे, और उसको टाइप करके फिर किताब या अखबार के लिए तैयार कर देते थे।

इस प्रकार ऋषिकेश से उनका सम्पर्क और सम्बन्ध बढ़ा। एक दिन वे अपनी इस तीर्थयात्रा में माताजी को भी लेकर जाते हैं। इस यात्रा का प्रयोजन स्वामी शिवानन्द जी से मंत्र दीक्षा लेना था। लेकिन जब ये दोनों स्वामी शिवानन्द जी के पास पहुँचते हैं, तो धर्मशक्ति जी स्वामी शिवानन्द जी को नहीं, बल्कि उनके एक शिष्य को देखकर अपने आपको भूल जाती हैं। उस समय स्वामी शिवानन्द जी कहते हैं कि चिन्ता नहीं करो, इसके गुरु इसके घर आकर इसको दीक्षा देंगे। और ऐसा हुआ भी।

राजनाँदगाँव में योग आन्दोलन

सन् 1956 में जब हमारे गुरु, स्वामी सत्यानन्द जी ने स्वामी शिवानन्द जी का आदेश पाकर योग प्रचार हेतु ऋषिकेश छोड़ा और भारत का भ्रमण आरम्भ किया, तब सर्वप्रथम वे राजनाँदगाँव आए। हमारे पिताजी उस समय मिल में काम करते थे। हम लोग किसी समृद्ध परिवार से नहीं हैं। हमारा जन्म मिट्टी की झोपड़ी में हुआ। हमारे पिताजी बी.एन. सी. मिल में स्टेनो का काम करते थे। हमारे माता-पिता श्री स्वामीजी को अपने घर लाए, उसी मिट्टी की कुटिया में। वही मिट्टी की कुटिया, जो शायद 12 x 20 फुट से ज्यादा नहीं थी, अन्तर्राष्ट्रीय योग आन्दोलन का मुख्यालय बनी।





इस योग आन्दोलन की जिम्मेदारी स्वामी सत्यव्रतानन्द जी और स्वामी धर्मशक्ति जी के कन्धों पर पड़ी।

जब श्री स्वामीजी ने उन्हें दीक्षा दी थी, तब अपने मन के उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहा था, 'तुम मेरे सत्य के व्रत हो, इसलिए तुम्हारा नाम स्वामी सत्यव्रतानन्द पड़ेगा, और तुम मेरे धर्म की शक्ति हो, इसलिए तुम्हारा नाम स्वामी धर्मशक्ति पड़ेगा।' और उनकी वही वाणी आज यहाँ अम्माजी के तस्वीर के नीचे लिखी हुई है।

इस प्रकार राजनाँदगाँव में योग का मिशन आरम्भ होता है। हर काम में, हर जीवन में संघर्ष तो रहते ही हैं, उनके बारे में बोलने की कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि हर व्यक्ति संघर्ष से ही आगे बढ़ता है। संघर्ष ही मनुष्य के व्यक्तित्व को तराशता है। जैसे छेनी-हथौड़े से एक पत्थर में छिपी मूर्ति को तराशकर बाहर निकाला जाता है, वैसे ही जीवन में संघर्ष मनुष्य की प्रसुप्त प्रतिभा और व्यक्तित्व को विकसित करते हैं।

समय बीतता गया, और योग का कार्यक्रम आगे बढ़ता गया। स्वामी धर्मशक्ति जी ने श्री स्वामीजी के योग-आन्दोलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्तर्राष्ट्रीय योग मित्र मण्डल की सचिव रहीं, योगा और योग-विद्या पत्रिका की सम्पादिका भी। और जब क्षेत्र-संन्यास लेकर हमारे गुरुजी रिखिया में साधना में संलग्न हुए और वहाँ पर संन्यासियों के प्रशिक्षण के लिए परमहंस अलखबाड़ा का निर्माण किया, तब इस अलखबाड़ा की प्रथम आचार्या के रूप में स्वामी धर्मशक्ति नियुक्त हुईं।

गुरु-भक्ति की मिसाल

स्वामी धर्मशक्ति की गुरु-भक्ति अद्वितीय रही है। इनके पिताजी ने जब स्वामीजी को देखा था, तो कहा था, 'बेटी, मैं तुम्हें तुम्हारे वास्तविक पिता को सुपुर्द करता हूँ। आज से यही तुम्हारे पिता हैं, मैं नहीं।' उस दिन से स्वामी धर्मशक्ति ने श्री स्वामी जी को अपना पिता माना, और उनकी पुत्री की तरह जीवन व्यतीत किया। एक ऐसा जीवन जो श्रद्धा, निष्ठा, समर्पण और प्रेम से युक्त था।

जो भी उनके पास आया, जो भी उनसे मिला, हमेशा एक सुखद संदेश, एक प्रेरणा को लेकर गया। उन्होंने हमेशा सभी में उत्साह, प्रसन्नता और सकारात्मक चिन्तनों का प्रचार किया। बावन साल की अवधि में मैंने आज-तक उनके मुख से कोई दुर्वचन नहीं सुना। उन्हें कभी यह कहते नहीं सुना कि यह व्यक्ति ऐसा है, वह व्यक्ति गलत है या यह काम ठीक से नहीं किया। कहा करती थीं कि सब लोग अपनी क्षमता के अनुसार काम करते हैं। कोई चींटी है, तो कोई बंदर तो कोई हाथी। अगर हाथी कहे कि चींटी ठीक से काम नहीं कर रही है,



तो हाथी की वह सोच गलत होगी। चींटी ने अपने स्तर पर ठीक काम किया है। इस तरह वे हमें बतलाती थीं कि किसी के ऊपर नाराज होने से कोई फायदा नहीं, क्योंकि सब अपने सामर्थ्य के अनुसार काम करते हैं। तुम उन्हें केवल प्रोत्साहित करो ताकि वे अपना काम अच्छे तरीके से सम्पन्न कर सकें, और अपने अच्छे काम से दूसरों को प्रेरित कर सकें। उनकी ऐसी शिक्षा रही।

गुरु पर उनका गजब का विश्वास था। सन् 1971 में जब स्वामी सत्यव्रतानन्द जी का देहावसान हुआ, तब अम्माजी ने स्वामी जी से कहा, 'आप तो आ गए इनके लिए, मेरा क्या होगा?' स्वामी जी ने उस समय कहा था कि मैं तुम्हारे लिए भी आऊँगा।

पिछले वर्ष जब हमने अम्माजी को बताया कि गुरु आज्ञा के अनुसार इस वर्ष हम पंचाग्नि साधना आरम्भ करने वाले हैं, तब उन्होंने आशीर्वाद देते हुए कहा, 'गुरुजी ने तुम्हें जो भी बात कही है, उसे अवश्य पूरा करना, चाहे उसमें तुम्हारे प्राण ही क्यों न चले जाएँ।' और इस वर्ष हमने यहाँ पंचाग्नि साधना की। 11 फरवरी को हम अपनी पंचाग्नि साधना समाप्त करके उनके पास जाते हैं और कहते हैं कि आपके आशीर्वाद से हमने यह साधना पूरी कर ली और गुरुजी के निर्दिष्ट मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुझे इसी दिन का इंतजार था। शायद वे पंचाग्नि सम्पूर्ण होने की ही प्रतीक्षा कर रही थीं।

हमने उनसे आगे कहा कि कल से इस आश्रम का स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम आरम्भ होने वाला है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भी मेरा आशीर्वाद तुम लोगों के साथ है। मैं यही चाहती हूँ कि जैसे इस बार धूम-धाम से स्वर्ण जयन्ती मनायी जा रही है, वैसे ही पचास साल के बाद पुन: धूम-धाम से इसकी शतक जयन्ती मनायी जाएगी।

अंतिम क्षण

12 फरवरी को यहाँ स्वर्ण जयन्ती कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। उस दिन ग्यारह बजे से पौने बारह तक हम उनके साथ थे, उसके बाद कार्यक्रम के लिए हम आ गए। थोड़ी देर में हमें फोन आया कि ठीक 12 बजे, न एक सैकण्ड इधर, न एक सैकण्ड उधर, उन्होंने अपनी अन्तिम श्वास ली। पूर्ण विश्रांति के साथ, निश्चिन्त होकर उन्होंने अपना शरीर छोड़ा।

यहाँ आश्रम की परम्परा है कि हम लोग प्रतिदिन रात को अपने गुरुदेव के कमरे में उनका बिस्तर तैयार करते हैं। 12 तारीख को 12 बजे स्वामी धर्मशक्ति ने प्राण त्यागे, 12 तारीख की रात को बिस्तर बना, और 13 तारीख को सबेरे जब संन्यासी वहाँ पर बिस्तर उठाने के लिए जाते हैं, तो देखते हैं कि पूरा बिस्तर हिला हुआ है। मच्छरदानी उठी हुई है, रजाई बगल में पड़ी है, और बिस्तर पर नितम्ब से घुटनों तक का पूरा चिह्न स्पष्ट रूप से दिखलाई दिया, जैसे किसी ने वहाँ बैठकर ध्यान लगाया हो। उसी से हमलोगों को मालूम पड़ा कि गुरुजी ने जो वचन 1971 में दिया था कि मैं तुम्हें लेने आऊँगा, वह वचन पूरा किया है, और सचमुच उन्हें लेने आए हैं।

13 फरवरी को यहाँ अखाड़ा में उन्हें विधिवत् भू-समाधि दी गई, क्योंकि सिद्ध संन्यासियों को भू-समाधि देने का विधान है। रोड-छाप, अड़ियल-छाप संन्यासियों के लिए नहीं, बल्कि जो सन्त हैं, जिन्होंने अपनी श्रद्धा के बल पर गुरु और शिव तत्त्व को अपने भीतर जागृत कर लिया है, ऐसी महान् विभूतियों के लिए भू-समाधि का प्रावधान है। तेरह तारीख को उन्हें भू-समाधि दी गई।

बुद्ध पूर्णिमा के दिन अम्माजी का जन्म हुआ था, और नवासी वर्ष की आयु में उन्होंने अपना शरीर छोड़ा। हम अपना बहुत सौभाग्य समझते हैं कि गुरुजी ने एक ऐसे सन्त और विदुषी महिला के गर्भ से जन्म लेने का अवसर दिया। इसलिए हम उन्हें अपनी माँ नहीं मानते, बल्कि देवी मानते हैं। ऐसी देवी जो हमेशा प्रेम और करुणा की शक्ति से दूसरों के जीवन में अभय-दान देती रहीं, दूसरों को संरक्षण देती रहीं। यह मेरा अपना व्यक्तिगत चिन्तन है कि मेरे जैसे धन्य शायद इस संसार में कुछ ही लोग होंगे, जिन्हें ऐसी माता प्राप्त हुई है, जिन्हें ऐसे गुरु प्राप्त हुए हैं, और जिन्हें आप जैसा समाज प्राप्त हुआ है।

या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम:॥

हरि: ॐ तत्सत्





In Memoriam

Swami Niranjanananda Saraswati

Today is the fifth day of a new month, and this day is important for Ganga Darshan, as it was on 5th December 2009 that our guru, Sri Swami Satyananda, left his mortal body and attained mahasamadhi.

While he was alive, we all saw him as a good person, a saintly person, a knowledgeable person, a yogi and an inspirer. Yet, after his physical departure, I have noticed something else; not just the perception that 'he was great and good', but something that defines the guru-disciple relationship. It identifies and defines the connection that a guru has with a disciple. Undoubtedly, after his mahasamadhi, people all over the world have felt his presence even stronger in their lives. However, recent events have made me think of what a connection there is between a guru and a disciple. I see this connection with the samadhi of my own mother, Swami Dharmashakti.

Many times, Swami Dharmashakti used to say, "I am not going to leave this body until my guru comes to take me." I used to think that this was her inner desire, her inner wish, yet how could that be possible? However, when she left her mortal body on 12th February, these words came true. That evening, as per the ashram tradition, we dressed the bed in Sri Swamiji's room. The mosquito net was put up, a quilt was there, two pillows were there, a bed sheet was there, and after preparing everything, the room was closed and everybody left. This was the day Swami Dharmashakti left her body.

The next morning, when people went to clean the room, they found the ambience there totally changed. A different feeling of high energy was present, so high that your hair would stand on end when you entered the room. The mosquito net was moved, as if somebody had picked it up and used it. The quilt was moved to the side of the bed. The pillows, which were laid side by side, were now placed on top of each other, displaying the clear imprint of a head. Similarly, there was a clear imprint of someone having sat on the bed for an extended period. You could see the indentation, the depression of the legs, buttocks, thighs: a clear, perfect image of somebody having sat there.

I had heard from other residents that Swami Dharmashakti would say, "How can I go? My guru has to come to take me." That night, we did see this happen. Some presence and power came and gave a clear indication, "I am here. I was here." The guru gave a clear understanding, "I have come to fulfil my promise. I made a promise to her in 1971 that I will look after her and come to take her."

When I see these incidents and recall past memories, I see the connection that transcends both life and death. This connection is unique



and truly beautiful; it is the connection that can exist between guru and disciple. We are disciples, yet sometimes I wonder, 'Do we have the strength, ability and conviction to experience the faith that Swami Dharmashakti had?' That unshakeable, unbroken, unflinching faith, very similar to that of Shabari in the *Ramayana*, is a rare quality.

Shabari was a tribal girl who was told by her guru that Sri Rama would come to her hermitage. When the guru made this prophecy, she was about sixteen or seventeen. She had implicit faith in her guru's words. Her guru did not mention when. He may have meant tomorrow, or the day after, or after one year, or after one life. Yet, just on the strength of her faith in the words of the master, Sri Rama came to her hermitage. When he came, she was over eighty; and she had waited every day, she had prepared the hermitage every day, with the same intensity of faith and conviction in the words of the guru that "Sri Rama is going to come." This trait, this character, this nature I saw in Swami Dharmashakti. She used to breathe in guru and breathe out guru, and her joy and passion would be to tell the stories of Sri Swamiji.

We have created her samadhi sthal here in Akhara, and I have been thinking as to what we can do to commemorate her presence in Ganga Darshan and the yoga movement. It has to be something that will inspire future generations to learn about the connection with guru which is pure, which is not dramatized, which is simple and innocent. It has been decided that on the 12th of every month, we shall have Akhanda Ramayana Path, from morning until evening, fourteen hours of continuous chanting of the full *Ramacharitamanas*, for those who want to participate in it. We start in the morning at 6 am and conclude by evening, at about 7 or 8 pm.



On the 13th, the day Swami Dharmashakti was given bhu samadhi, we shall have a one-hour storytelling session on the lives of Sri Swamiji and Swami Sivananda. That is important, as how will future generations, those who have not seen him, remember Sri Swamiji? How will they retain his inspiration? How will they follow his vision? How will they follow his sankalpa and contribute to the fulfilment of that sankalpa? By knowing his stories, his life, his struggles, his achievements, his simplicity, his humility, his greatness; all those stories which were dear to Swami Dharmashakti, the stories of her guru, will be told regularly, so that the future generations can also know who their inspirer was. These are the two programs we will be starting, and as long as I am around, I will also tell many stories, for they should all be known.

—5 March 2013, Satyam Udyan, Ganga Darshan

सुनहरी स्मृतियाँ

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती

आज एक नए महीने की पाँचवी तारीख है और यह दिन गंगा दर्शन के लिए बहुत अहमियत रखता है, क्योंकि 5 दिसम्बर 2009 को हमारे पूज्य गुरुदेव, श्री स्वामी सत्यानन्द जी अपनी लौकिक लीला का संवरण कर महासमाधि में लीन हुए थे।

जब तक वे जीवित थे, हम उन्हें एक विद्वान् महात्मा, एक सत्पुरुष, एक साधु, एक ज्ञानी, एक योगी, एक प्रेरक के रूप में देखते थे। लेकिन उनकी महासमाधि के बाद मुझे एक और चीज का अहसास हुआ है। केवल यही नहीं कि वे विद्वान् थे या महान् थे बल्कि एक ऐसी चीज जो गुरु-शिष्य सम्बन्ध को पारिभाषित करती है। श्री स्वामीजी की महासमाधि के पश्चात् निश्चित रूप से दुनियाभर में फैले भक्तों और शिष्यों ने अपने जीवन में उनकी उपस्थिति को अधिक गहराई से अनुभव किया है। लेकिन हाल की कुछ घटनाओं ने मुझे इस बात पर चिंतन करने के लिए बाध्य कर दिया है कि गुरु और शिष्य के सम्बन्ध का वास्तविक स्वरूप क्या होता है। मुझे इस सम्बन्ध के कई सूक्ष्म पक्ष अपनी माँ, स्वामी धर्मशक्ति की समाधि में दिखलाई देते हैं।

कई बार स्वामी धर्मशक्ति कहा करती थीं, 'मैं यह शरीर तब तक नहीं छोड़ूँगी जब तक मेरे गुरु मुझे लेने नहीं आयेंगे।' मैं सोचा करता था कि यह मात्र उनकी हार्दिक अभिलाषा है। वास्तव में यह कैसे सम्भव है? लेकिन जब उन्होंने 12 फरवरी को अपने प्राण त्यागे तो ये शब्द वाकई सच निकले। उस दिन संध्या के समय आश्रम परम्परानुसार श्री स्वामीजी के कमरे में बिस्तर तैयार किया गया। बिस्तर पर चादर बिछाई गई, रजाई और दो तकिये रखे गए, मसहरी टाँगी गई और फिर सब तैयारी कर लेने के बाद कमरा बंद कर दिया गया और सब चले गए। यह स्वामी धर्मशक्ति के समाधि के दिन की बात है।

अगले दिन सबेरे जब संन्यासी कमरे की सफाई करने गए, तो उन्हें वहाँ का वातावरण बिल्कुल बदला-सा लगा। वहाँ एक प्रबल ऊर्जा का स्पन्दन स्पष्ट अनुभव किया जा सकता था। इतना प्रबल कि कमरे में प्रवेश करते ही रौंगटे खड़े हो जाते। मसहरी अपनी जगह से हिली हुई थी। रजाई बिस्तर के एक ओर खिसकी हुई थी। जो तकिये पहले एक-दूसरे की बगल में थे, वे अब एक-के-ऊपर-एक रखे हुए थे और उनपर किसी सिर के दबाव का निशान था। इसी तरह बिस्तर पर भी किसी के लम्बी देर तक बैठे होने का स्पष्ट प्रमाण था।

मैंने कई अन्तेवासियों से सुना था कि स्वामी धर्मशक्ति अक्सर कहा करती थीं, 'मैं कैसे जा सकती हूँ? मेरे गुरु को मुझे लेने जो आना है।' उस रात हमने यह सचमुच होते देखा। कोई शक्ति आकर यह स्पष्ट संकेत दे गई, 'मैं यहाँ हूँ।' गुरु ने स्पष्ट रूप से बतलाया दिया, 'मैंने सन् 1971 में जो वादा किया था कि मैं इसकी देखभाल करूँगा, इसे लेने आऊँगा, उस वादे को निभाने आया हूँ।'

जब मैं इन घटनाओं को देखता हूँ और पुरानी यादों को ताजा करता हूँ, तो मुझे दोनों में एक ऐसा विशिष्ट, सुन्दर सम्बन्ध दिखलाई देता है, जो जन्म और मृत्यु की सीमाओं को लाँघ गया है। ऐसा सम्बन्ध गुरु और शिष्य के बीच ही स्थापित हो सकता है। हम सभी शिष्य हैं, लेकिन कई बार मैं सोचता हूँ, 'क्या हमलोगों में वह शक्ति, वह क्षमता है कि हम स्वामी धर्मशक्ति की श्रद्धा का अपने जीवन में अंशमात्र भी अनुभव कर सकें?' वह अचल, अटूट, अडिग श्रद्धा, जिसे हम रामायण की शबरी में भी पाते हैं, वास्तव में एक अत्यंत दुर्लभ गुण है।



शबरी को उसके गुरु ने कहा था कि एक दिन श्री राम उसकी कुटिया में आयेंगे। जब गुरु ने यह भविष्यवाणी की, उस समय शबरी सोलह-सत्रह बरस की रही होगी। उसे अपने गुरु के शब्दों में अटूट विश्वास था। गुरु ने यह नहीं बतलाया था कि वह दिन कब आएगा। हो सकता है वह अगला दिन हो, या एक साल बाद हो, या एक जन्म बाद। लेकिन गुरु के शब्दों पर अटूट श्रद्धा के बल पर ही श्रीराम शबरी की कुटिया तक खिंचे चले आए। जिस समय वे आए, शबरी की उम्र अस्सी से ऊपर हो चुकी थी, लेकिन हर दिन शबरी ने पूर्ण विश्वास के साथ प्रतीक्षा की थी, और हर दिन श्रीराम के आगमन की तैयारी की थी। स्वामी धर्मशक्ति में मैंने यही



गुण, यही चरित्र, यही स्वभाव देखा है। उनकी हर साँस में गुरु बसे थे, उनके जीवन का सबसे बड़ा आनन्द अपने गुरु के किस्से-कहानियाँ सुनाना था।

हमने उनके लिए यहाँ अखाड़ा में समाधि स्थल का निर्माण किया है और गंगा दर्शन आश्रम तथा योग आन्दोलन में उनकी अविस्मरणीय भूमिका को अमर बनाने के उपायों पर चिंतन भी कर रहे हैं। उनका स्मरणोत्सव कुछ ऐसा होना चाहिए जो भावी पीढ़ियों को गुरु के साथ एक सरल, सहज, निष्कपट, विशुद्ध और आडम्बर-रहित सम्बन्ध स्थापित करने के लिए प्रेरित करे। यह निर्णय लिया गया है कि हर महीने की 12 तारीख को रामचरितमानस का अखण्ड पाठ सम्पन्न किया जाएगा। जो भी इसमें भाग लेना चाहें, उनका हार्दिक स्वागत है। पाठ सबेरे 6 बजे प्रारम्भ होगा और शाम के 6-7 बजे तक समाप्त हो जाएगा।

फिर 13 तारीख को, जिस दिन स्वामी धर्मशक्ति को भू समाधि दी गई, उस दिन स्वामी शिवानन्द जी और स्वामी सत्यानन्द जी के जीवन से सम्बन्धित प्रेरक घटनाओं और संस्मरणों को सुनाया जाएगा। यह जरूरी है, अन्यथा भावी पीढ़ियाँ, जिन्होंने श्री स्वामीजी को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा, उनके बारे में कैसे जानेंगी? वे उनकी प्रेरणा को कैसे ग्रहण कर सकेंगी? वे उनके बतलाये मार्ग पर कैसे चलेंगीं? उनके संकल्प की पूर्ति हेतु कैसे योगदान देंगी? उनके जीवन की घटनाओं, उनके संघर्षों, उनकी उपलब्धियों, उनकी सरलता, उनकी विनम्रता, उनकी महानता के बारे में जानकर ही। स्वामी धर्मशक्ति को अपने गुरु की जो कहानियाँ प्राणों से भी प्रिय थीं, उन्हें नियमित रूप से सब लोगों के बीच सुनाया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ियाँ जान सकें कि आखिर उनके प्रेरक कौन हैं। ये दो नये कार्यक्रम इस महीने से शुरू किये जाएँगे और जब तक मैं यहाँ हूँ, मैं भी किस्से-कहानियाँ सुनाते रहूँगा, क्योंकि उनके बारे में भी लोगों का जानना जरूरी है।

–5 मार्च 2013, सत्यम् उद्यान, गंगा दर्शन



A Unique Homecoming

Swami Niranjanananda Saraswati

Today we started a new program in the ashram: the chanting of the complete *Ramacharitamanas* on the 12th of every month, to honour the strength, the inspiration and the memory of Swami Dharmashakti, and the connection that we see in her life with her guru, Sri Swami Satyananda.

Something else has also happened today. You may call it a miracle, a design, or grace. I will tell you the facts and you can come to a decision yourself. On the morning of 11th February, we concluded the panchagni sadhana with a program, havan and abhisheka in the Akhara. Then, according to the plan of that day, we were to shift the two cockatoos that live in the ashram to a cage here in the Akhara.

Later that day, Swami Satyamurti came and said to me, "Swamiji, I've made a mistake. There is only one bird in the cage. The other one flew away." I said, "Oh well, what can be done? Maybe the crows will peck him and drive him away, or dogs will kill him and eat him, or he will simply fly off to some destination in the blue yonder, who knows!" And then we forgot about that bird that had flown away, and one bird remained in the Akhara.

Exactly one month later, yesterday, on 11th March, the missing bird came back and spent the night here in the ashram. This morning, when the chanting of the *Ramacharitamanas* began and the first arati was complete, he simply came down and walked into the cage, as if he had always been there. Now, is that not incredible?

Today, the labourers who come here to work have mentioned that they have seen this cockatoo at the Chandisthan temple. He was living there and eating from the fields. That means during his missing period, the bird was performing its anushthana in Chandisthan! Who knows, maybe he did the Shodashi, the sixteen-day observance for Ammaji. Birds definitely have that intuition, that consciousness and that awareness, and Ammaji always attracted birds and bees. These creatures always surrounded her. She had this affinity with the flying life forms.



There are only two of this species of birds in all of Munger. So the bird that was seen in Chandisthan, spending its days in the lap of Mother Chandi, could not have been a different one. Then he returned here on the day we started the akhanda path. Of his own accord, he walked into the cage as if to say, "I went out for a special task and now I am back home. Now, where is my swing, where is my bed, where is my food?" He was totally at ease.


For me this event indicates that with this *Ramayana* chanting program, one can expect only auspiciousness and goodness, for every form of creature, whether it be the birds or animals, humans, gods or demons. It is an indication, an omen of the sankalpa that has been taken here today, and of how positive and strong it will be in times to come.

—12 March 2013, Satyam Udyan, Ganga Darshan



श्वेत शकुन्त का शुभ शकुन

स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती





आज हम लोगों ने आश्रम में एक नई परम्परा आरम्भ की है–स्वामी धर्मशक्ति की अद्‌भुत श्रद्धा, धीरता एवं गुरु-भक्ति की स्मृति और सम्मान में हर महीने की 12 तारीख को रामचरितमानस का अखण्ड पाठ।

साथ ही आज यहाँ एक और घटना घटी है, जिसके बारे में आपको बताना चाहते हैं। इसे श्रीराम जी की कृपा कहिये, या माताजी का चमत्कार, मैं केवल यह बात बतलाने जा रहा हूँ, फिर आप अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। 11 फरवरी को प्रात:काल हमने यहाँ अखाड़ा में हवन और अभिषेक के कार्यक्रम से अपनी पंचाग्नि साधना की पूर्णाहुति सम्पन्न की। इसके बाद एक दूसरा कार्यक्रम था। हमारे पास काकातुआ नस्ल के दो श्वेत शकुन्त हैं, जिन्हें 11 तारीख की दोपहर में यहाँ अखाड़ा लाना था। यहाँ पर उनके लिए बाकायदा पिंजरा बना है।

उस दिन दोपहर को स्वामी सत्यमूर्ति आकर हमसे कहते हैं, 'स्वामीजी, जब हम दोनों पक्षियों को अखाड़ा ला रहे थे, तो एक पक्षी अचानक उड़ गया। अब एक ही काकातुआ बचा है, जिसे हमने यहाँ लाकर रख दिया है।' हमने कहा, 'ठीक है, पंछी उड़ गया तो उड़ गया। इसमें और क्या कर सकते हैं। या तो उसे कौए नोचेंगे और भगा देंगे या कुत्ते मारकर खा जाएँगे या हो सकता है कि वह किसी सुदूर ठिकाने के लिए उड़ान भर ले।' इसके बाद हम लोग उस चिड़िया के बारे में भूल गए, और उसका साथी यहाँ अखाड़े में रह गया।

कल, ठीक एक महीने के बाद, याने 11 मार्च को वह यहाँ पहुँचा और रातभर अपने पिंजरे के ऊपर वाले पेड़ पर रहा। सबेरे रामचरितमानस पाठ शुरू करने से पहले जैसे ही आप लोगों ने पूजा और आरती खत्म की, वह पेड़ से नीचे उतरा और सीधे अपने पिंजरे में जा घुसा, मानो वह वहाँ से कभी हिला ही न हो!

मजेदार बात यह कि यहाँ पर काम करने वाले मजदूर लोग आज बतला रहे थे कि उन्होंने इस चिड़िया को कई दिनों से चण्डीस्थान मंदिर में देखा है। वह आस-पास के





खेतों से दाना चुगकर वहीं रह रहा था। इसका मतलब इतने दिनों तक वह चण्डीस्थान में देवी माँ के समक्ष अपना कोई अनुष्ठान कर रहा था। कहीं उसने वहाँ अम्माजी के लिए षोडशी अनुष्ठान ही न किया हो! पक्षियों में निश्चित रूप से एक सूक्ष्म सजगता और प्रज्ञा होती है, और अम्माजी का उड़ने वाले जीवों के साथ हमेशा एक विशेष सम्बन्ध रहा। पक्षी-भौंरे-पतंगे कारण-अकारण अम्माजी की ओर हमेशा आकृष्ट हुए हैं।

पूरे मुंगेर नगर में इस नस्ल के केवल यही दो पक्षी हैं। इसलिए चण्डीस्थान में देवी माँ के आंचल में रहता जो पक्षी दिखलाई दिया, वह कोई दूसरा नहीं हो सकता था। जिस दिन हमने यहाँ अखाड़ा में अखण्ड रामायण पाठ की परम्परा का श्रीगणेश किया, उसी दिन वह पक्षी लौट आया, अपनी मर्जी से, और सीधे अपने पिंजरे में प्रवेश कर गया, मानो कह रहा हो, 'मैं एक विशेष कार्य के लिए बाहर गया था और अब मैं लौट आया हूँ। कहाँ है मेरा झूला, मेरा भोजन, मेरा बिस्तर?' वह पूरी तरह निश्चिन्त और आश्वासित दिखाई दे रहा था।

अब इस घटना का अर्थ आप लोग जो लगाना चाहें, लगाइये। लेकिन मेरे लिए यह एक संकेत है कि अखण्ड रामायण पाठ का जो कार्यक्रम आज आरम्भ हुआ, वह पूर्णतया अनुकूल है अम्माजी की स्मृति के लिए, और इससे हमेशा मंगल ही होगा, चाहे वह मनुष्य हो, पशु हो, पक्षी हो, देवता हो, या दानव हो। यह उस सत्संकल्प की सफलता का संकेत है जो आज यहाँ लिया गया है। आने वाले दिनों में वह कितना प्रबल और प्रभावशाली सिद्ध होगा, इसका अंदाज आप खुद लगा सकते हैं। गंगा दर्शन और मुंगेर के वासियों के लिए इससे अच्छा मंगल आशीर्वाद और क्या हो सकता है!

–12 मार्च 2013, सत्यम् उद्यान, गंगा दर्शन






















































RIKHIA








जय सियाराम
जय जय सियाराम॥



















Tribute to a Life of Dedication

*Ratna Beohar, Raipur**

Swami Dharmashakti Saraswati, whom we affectionately call Ammaji, was born in the early morning hours on 19th May 1924, Buddha Poornima, in Sahaspur Lohara, Rajnandgaon district in the state of Madhya Pradesh, now Chhattisgarh. She was the eldest of all siblings in the family. Her father, Sri Govardhan Lal Srivastava, was a lawyer in Chuikhadaan and she spent her childhood there.

Ammaji was a talented and accomplished child from an early age. Her nature was very sattwic and loving. She had spiritual inclinations from the beginning. Receiving her education at home, she did not attend regular school. However, she inherited a bent for literary pursuit from her father. Sri Govardhan Lal Srivastava had been a freedom fighter and wrote poems to inspire the nationalistic spirit. Ammaji was deeply influenced by her father's personality and she imbibed his qualities of steadfastness, courage, bravery and a strong resolve. She was a devotee of Rama and loved the *Ramayana* from her early childhood. This virtue became the reason for her marriage.

Ammaji's father-in-law, Sri Dhanu Lal Srivastava, was the tehsildar, district officer, of Dhariya. He was a friend of Ammaji's father and would often visit their home. Impressed with Ammaji's nature and sattwic qualities, he decided to accept her as his daughter-in-law and fixed the marriage with his son, Satyabrat. Ammaji went to live with her in-laws at an early age. Fortunately, she found the environment there similar to her father's home. Satyabratji was a cultured, gentle, hardworking and talented person.

Satyabratji was born on 26th June 1914 in Chuikhadaan. He was the third of four brothers and had a younger sister. He received his education in Rajnandgaon and at Robertson College, Jabalpur. After completing his studies, he was employed in the service of the Raja of Baikunthpur. The Raja was pleased with his work and nature. Later he took up a post with the BNC Mill in Rajnandgaon. Ammaji and Satyabratji carried out their family responsibilities very well.

Rishikesh

Time moved on, and though they were blessed by God with everything, they remained deprived of the joy of parenthood. The play of destiny was behind this. Four generations ago, on a special occasion in Ammaji's family, a learned pandit had made the prophecy that a divine incarnation would be born to a daughter from the family four generations hence. Ammaji belonged to the prophesied generation and even her astrological chart showed that she would have a great child indeed, born with a saint's blessing. Given this background, how could it be that they would experience regular parenthood? They were patient and the situation became more and more favourable.

In April 1953, Satyabratji went to Nagpur on some official work where he met a South Indian gentleman who was a disciple of Swami Sivananda. This gentleman invited Satyabratji to visit Sivananda Ashram in Rishikesh. When



Satyabratji returned to Rajnandgaon, he took leave from the mill and Ammaji and he went to Sivananda Ashram. There he was introduced to Swami Sivananda. Being good at shorthand, he would make notes during Swami Sivananda's discourses and later type them out for Swami Sivananda.

He had already become quite close to Swami Sivananda. It was here in Sivananda Ashram that he first came in contact with Swami Satyananda and both of them felt an immediate affinity towards each other. Satyabratji and Ammaji stayed in Rishikesh for a few days and then returned home. Later, during his annual leave, he and Ammaji returned to Rishikesh. During this visit, a program was fixed to receive diksha from Swami Sivananda, but Ammaji felt reluctant about doing so and only Satyabratji took diksha. It was then that Swami Sivananda said, "Her guru will come to her house."





First chapter

In May 1956, Satyabratji received a letter from Swami Satyananda that he had left the ashram in Rishikesh and was living as a parivrajaka, and they should let him know the details of their plans for him to travel to Rajnandgaon. Satyabratji immediately came home, informed Ammaji, went to the post office and sent a money order with the travel fare. In June 1956, Swami Satyananda first set foot in Rajnandagon and their home became his base. This is where the deep relationship of guru-disciple and guru-bhai commenced and was to last all through their lives.

In this way, when Swami Satyananda left his guru's ashram and set off to accomplish his guru's mandate, the first chapter was Rajnandgaon. His co-workers were Satyabratji and Ammaji. He used to say to them, "The two of you are the wheels on which my chariot of yoga will surge ahead. It is you who will do all the work because I will be travelling and your home will be my contact address, my base." Satyabratji used to organize his programs. Swami Satyananda would spend the *chaturmas* period, the four months of monsoon when a sannyasin is supposed to stay at one place, at a village close by. During that time, Ammaji had a strong feeling that she wanted to receive diksha. Swami Satyananda said he would not become a guru. There were many clashes between the imminent disciple and the guru. Ammaji would even fight with him.

Eventually, the hopeful disciple saw her dream turn into reality. One day, when husband and wife had gone to meet Swami Satyananda, he told Ammaji that he would visit their home, she should invite everyone, she was going to receive a new birth and all should attend. At the appointed hour, Swami Satyananda arrived. Everyone was gathered, and in the presence of all, he initiated Ammaji into the Rama mantra and said, "From now on, your Basanti didi is Dharmashakti." He used to tell Satyabratji, "You are the truth of my vow and that is why your name is Satyabratananda, and she is the strength of my conviction, thus her name is Dharmashakti."

Guru's grace

The years passed. While talking to Swami Satyananda one day, Satyabratji asked him to give Dharmashakti a blessing. Swami Satyananda took the two of them to Rishikesh. After paying their respects and receiving the blessings of Swami Sivananda, they proceeded towards the source of the holy river, Ma Ganga, to pray for Swami Satyananda's *manas putra*, child conceived of a resolve. The time had come. The prophecy made by the learned pandit four generations ago was about to be fulfilled. Ma Ganga gave her blessings. Satyabratji and Dharmashakti became the medium of the sankalpa of a realized guru. On 14th February 1960, the dawn witnessed the descent of a shining star on this earth. The world received a most precious gift in the form of Niranjan. The mother who was yearning for one child became a mother to hundreds and thousands of people by the grace of guru, and the child began to grow in his mother's loving nurture and care.



At the same time, the work of the guru gathered momentum. On Sri Swamiji's instructions, the press was inaugurated in Rajnandgaon. The world was introduced to *Yoga Vidya* and *Yoga* magazines for the first time in 1962. The seed sown by Swami Satyananda, his sankalpa for the welfare of the world, was taken forward by the complete dedication and efforts of Satyabratji and Dharmashakti. Many thousands joined the movement and the caravan grew and flourished. The time had come for the fulfilment of the sankalpa for which Niranjan was born. At an age when a child needs his mother the most and craves the shelter of her lap, the noble mother sent the apple of her eye with all her blessings to embark on the tough path of sannyasa in order to fulfil the guru's work. The kind of sacrifice and surrender we have only read about in the pages of history, we witnessed with our own eyes.

The work goes on

When the child Niranjan was hoisting the flag of his guru's work all over the world, the blow of merciless fate was waiting. That unfortunate day, 31st December 1971, came. When returning from work, Satyabratji met with an accident and left this earthly plane. Despite the tragedy of a husband's loss, this lone woman shouldered the responsibility of the guru's work with the same courage, bravery and restraint as she had done in the time of Satyabratji. She used to look after the work of *Yoga Vidya* and *Yoga* together with Satyabratji and she took on that responsibility single-handedly after his demise. As long as she was in Rajnandgaon, she fulfilled that task with total dedication and success. She had her guru's full support and just kept going. In 1985, it was on guru's order that she wound up operations in Rajnandgaon and came to live in Munger. Following his instructions as a divine mandate, she made Munger her permanent home.

Now Ammaji started leading a different life, her personality also changed. From being everyone's Didi in Rajnandgaon, she became Ammaji to everyone in Munger. The nurture, love and affection which is the birthright of every child was showered upon everyone. The ashram became like a home to many people because of Ammaji who had love, affection and compassion for all. She also had an incredible memory. Events long forgotten by most were indelibly etched in her mind. When she talked about those times it was as if the events had taken place just yesterday and the past would come alive.

Time was moving along and Ammaji was thoroughly involved in ashram activities. Whatever the need, she was always prepared and fulfilled the requirements accordingly. When Ammaji came to Munger, Sri Swamiji gave her even more responsibilities, which she carried out impeccably. Whether as general secretary of the International Yoga Fellowship or acharya of the Panch Dashnam Paramahamsa Alakh Bara, she continued to work for the development of her guru's mission.

Wheel of time

The wheel of time kept on moving. Nature's laws sought their fulfilment. As the time to move out of this earthly plane drew near, what would be the best way to make this transition? Mother Nature chose a perfect occasion: the festival of spring, Basant Panchami, a period of celebration. Destiny willed it that there were hundreds of people present to bid her farewell. Even those who were not expected to be there at the time found that providence had brought them along.

The time was most conducive. On 12th February, Devi Ma's tangible presence and the invisible mantle of the guru could be felt by all as the entire spiritual family gathered for the Basant Panchami celebrations. Ma Dharmashakti lived the full meaning of the name given by her father: Basanti, or spring. On 13th February, twenty-four hours after her mahasamadhi, Swami Dharmashakti Saraswati was given bhu samadhi, burial, to the chanting of mantras and stotras. Her body was soft and looked alive.

Today, no matter where in the ashram we may be, her presence can be felt. We offer a hundred salutations to a mother such as her, the embodiment of love.

**The author is Swami Dharmashakti's sister*



स्वनाम धन्या–माँ धर्मशक्ति

श्रीमती रत्ना ब्यौहार, रायपुर



पालने में झुलाती हुई माता नवजात शिशु को ममता से निहारती है–हृदय के उद्गार मानो फूट पड़ते हैं–अपनी सीमा और क्षुद्रताओं को त्यागना होगा–समूचा आकाश, सम्पूर्ण धरती तुम्हारी है–तुम ब्रह्म हो, ब्रह्मत्व को बनाये रखना होगा।

मल्लाह जतन से नाव बनाता है। सुन्दर कलाकृतियों से उसे सजाता है, समुन्दर के किनारे बँधा रहेगा तो सुरक्षित रहेगा, पर उसे तो जाना है उफनती लहरों के बीच–ज्ञान और संकल्प के साथ सबको उस पार तक पहुँचाना है, आस्था के मोती-मूँगे बटोर कर लाने हैं।

माँ धर्मशक्ति, जिन्हें हम सब श्रद्धा व प्रेम से अम्माजी कहते हैं, उनके सिवाय कौन ऐसा मंत्र शिशु के कानों में फूँक सकता है? हम तो पुत्र के जन्म लेते ही आनंद के क्षण गिनने लगते हैं। आनंद याने रुतबा, टी.वी., बंगला, ए. सी., कार, फ्रीज, कम्प्यूटर, गहनों से लदी दुल्हन, नाती-पोते...। फिर आनंद के सारे उपकरणों को संजोकर रखने वाले रोते क्यों हैं? जहर क्यों खाते हैं, वृद्धाश्रम में एकाकी जीने को क्यों मजबूर हैं, जेल की यातना क्यों सहते हैं?

पैरों में घटिया चप्पल, आँखों में बेडौल मोटा चश्मा, हाथों में टेकने की लाठी, कमर में लटकती घड़ी, खुला बदन, मात्र घुटने तक धोती, पूछो ऐसे फकीर से आनंद क्या है? राजसी ठाठ को तिलांजली देकर काषाय वस्त्र में लिपटे वीतरागी बुद्ध से पूछो आनंद क्या है? अल्मोड़ा के एस.पी. के लाड़ले, पंत के सहयोगी सत्यम् से पूछो

आनंद क्या है? बहु-प्रतीक्षित संतान, कमल पंख-सी आखों वाले, कार्तिकेय से सुदर्शन निरंजन से पूछो कि आनंद क्या है?

पिता का दायित्व कमतर नहीं है, माँ शिशु को आहार देती है, शारीरिक जुड़ाव भी रखती है, लेकिन शिशु की आँखें पिता को देखकर आश्वस्त होती हैं, जो उसे आर्थिक, मानसिक, शारीरिक सुरक्षा देता है, मार्ग प्रदर्शन करता है, उसके भविष्य की दिशा इंगित करता है, हृदय में ममता होती है, पर प्रदर्शन की वृत्ति नहीं होती। एक उदाहरण है—जब निरंजन जी सालभर के थे; मैं, दीदी (माँ धर्मशक्ति) और जीजाजी (स्वामी सत्यव्रतानन्द जी) मुंगेर जा रहे थे। टाटा के बाद कियूल की गाड़ी बदली, भीड़ ऐसी कि एक कम्पार्टमेंट में करीबन डेढ़ सौ लोग, खड़े होने की जगह नहीं, गर्मी की बेचैनी, निरंजन पिता की गोद में थे। प्यास और उमस से परेशान चीख-चीखकर रोने लगे। सब दब-कुचल रहे थे। मैं और दीदी बेबस देखे जा रहे थे।

दु:ख और बेबसी ने क्रोध का रूप ले लिया। जीजाजी ने चुप कराने के उद्देश्य से उनके कोमल गाल में चपत जड़ दी। रुदन और तीव्र हो गया। जीजाजी, दीदी, मेरी आँखों में आँसू थे। रोते-रोते निरंजन सो गये, सिसकियों से नन्हा बदन हिल जाता। ट्रेन जमालपुर पहुँची। खुली हवा में उसे प्यार से थपक कर घुमाने लगे। हम लोगों ने निरंजन को लेना चाहा, न उन्होंने दीदी को दिया न मुझे। उस समय उनकी आँखों का ममत्व मैं भूल नहीं सकती। मुंगेर जाते समय ट्रेकर में भी निरंजन उन्हीं की गोद में रहे। तब गंगादर्शन नहीं था। योग विद्यालय पहुँचकर उन्होंने निरंजन को स्वामीजी की गोद में डाल दिया। जैसे यात्रा का बहुत बड़ा लक्ष्य पूर्ण हो गया हो। दीदी की आँखों में आँसू, होंठों में मुस्कान थी। मैं स्वामीजी के चरण स्पर्श कर कक्ष से बाहर निकल गई—पता नहीं क्यों, कुछ अच्छा नहीं लग रहा था। लेकिन स्वामीजी के मधुर आत्मीय व्यवहार और आश्रम के सात्विक वातावरण ने मन को फिर प्रफुल्लित कर दिया। दीदी, जीजाजी और स्वामीजी का सुन्दर सामंजस्य देखा। दीदी का व्यक्तित्व सहनशीलता, बौद्धिकता, कर्मठता, ममता, सारे सद्‌गुणों से परिपूर्ण था। वही सहनशीलता, कर्मठता, त्याग, तपस्या जीजाजी के जीवन में भी रही।

बालक को दुर्गम पथ पर चलने की प्रेरणा देने के पहले सत्यव्रतजी स्वयं उस पथ के राही बने। पिता की आँखें मानो कहती हैं—

दुर्गम पथ तेरे हों
थके चरण मेरे हों
सुखद दृश्य तेरे हों
भरे नयन मेरे हों।
अमर सृजन तेरे हों
मृत्यु वरण मेरे हो।

चार मामा, तीन चाचा, बुआ, मौसी, ढेरों बहनों का लाड़ला, कीमती खिलौनों से, वस्त्रों से घिरा रहता, पर सालभर के निरंजन ने सिर्फ लाल बाबासूट उठाया—बस, लाल-लाल की रट। चार साल का बालक जोगिया धोती, गले में बड़े-बड़े रुद्राक्ष की माला, जोगिया कुर्ता, सिर के बाल घुटे हुए, मन जाने कैसा होने लगता।

रंग-बिरंगे सूट लाकर जबरन पहना देती, तो मेरे ओझल होते ही कैंची से काट डालता। पिता ने प्रशासनिक पद का त्याग कर दिया। फल-फूल से सजे बंगले को छोड़ने में पलभर की देरी नहीं लगाई। यूनानी देवपुरुष की तरह सुन्दर देह में सजने वाली वेशभूषा उतर गई। जोगिया बंडी, जोगिया धोती, बाल घुटे हुए, दीदी ने भी सहधर्मिणी का धर्म निभाया। तीनों जब संन्यस्त हुए, मुख में अलौकिक शांति थी।

अपनी पीड़ाओं को रेत में लिखना।
अपनी उपलब्धियों को संगमरमर में लिखना।

दीदी के जीवन में कष्ट सात्विक शांति लेकर आया। अग्नि में तपकर तीनों निखरते रहे। समुद्र की कठोरतम चट्टानों में पछाड़ खाती लहरें जख्मी नहीं होतीं, बिखरकर फिर एकसार हो जाती हैं। लहरों की थाप चट्टानों में पड़कर मधुर संगीत छेड़ देती है। मैंने दीदी में फेनिल लहरों का जुझारूपन देखा है, जो संकटों की चट्टानों पर गिरकर भी अपना हौसला नहीं तोड़तीं।

जन्म

19 मई 1924, बुद्ध पूर्णिमा को मध्य प्रदेश (अब छत्तीसगढ़) के राजनाँदगाँव जिले के सहसपुर लोहारा में प्रात:कालीन बेला में जन्मी दीदी ने पिता गोवर्धनलाल और माता वेदवती के मन को खुशियों से भर दिया। चंदा-सी गोरी, लक्ष्मी-सी चरणवाली दीदी के जन्म पर नाना दुर्गाप्रसाद तथा दादा सुमेरबाबू के आँगन में अपार उत्सव मनाया गया। नाम रखा गया बसंती। पिता श्री गोवर्द्धन लाल श्रीवास्तव छुईखदान में वकालत करते थे, वहीं इनका बचपन बीता।

विवाह

गृहकार्य में दक्ष मेधावी छात्रा बसंती (प्यार से बिन्नी) स्कूल में प्रथम आती। चौथी बोर्ड परीक्षा में निरीक्षण हेतु आये धारिया के तहसीलदार बाबू धानूलाल ने बड़ी तन्मयता से परीक्षा देते दीदी को देखा। गोरा चंपई रंग, बड़ी-बड़ी आँखें, सुघड़ नासिका, चेहरे की लुनाई से अधिक मोती-से अक्षरों ने आकृष्ट किया और उन्होंने मन-ही-मन अपने होनहार अठारह वर्षीय पुत्र सत्यव्रत की दुल्हन बनाकर घर ले जाने का संकल्प ले लिया। अठारह वर्ष का वर, नौ वर्ष की वधू। कार्तिकेय से दामाद को देखकर सब मग्न थे। बाबू गोवर्धन लाल ने गौरी विवाह का प्रस्ताव रखा। याने वर पक्ष केवल 5 तोला सिन्दूर ही लेकर आयेंगे।

विवाह धूमधाम से सम्पन्न हुआ। संयोग से दीदी का पति गृह भी मायके के समान था। सत्यव्रत जी भी संस्कारी, सौम्य, कर्त्तव्यनिष्ठ और प्रतिभाशाली थे। उनका जन्म 26 जून 1914 को छुईखदान में हुआ था। चार भाइयों में तीसरे नम्बर की संतान थे। एक छोटी बहन थी। इनकी शिक्षा-दीक्षा राजनाँदगाँव व जबलपुर के रॉबर्टसन कॉलेज में हुई।

ससुराल की दहलीज पर खड़ी बालिका वधू को देखकर माँजी गद्‌गद् हो गयीं। जी भरकर बालिका वधू का शृंगार किया और खूब खिला-पिलाकर विदा कर दिया, क्योंकि गौने में चार वर्ष बचे थे। तीज-त्योहार, पूजा-पाठ में उन्हें बुला लेतीं। हमवयस्क ननद अन्नपूर्णा पक्की सहेली बन गई थी। यह अन्तरंग सम्बन्ध जीवनपर्यन्त बना रहा। सब उन्हें प्यार से नोनी कहते, निरंजन जी भी उन्हे नोनी कहते। माँजी वधू को गोद में बिठलाकर कंघी-चोटी करती। अन्नपूर्णा को देखकर खेलने के लिए भागने को तैयार वधू को प्यार से समझातीं, "कंघी-चोटी करके सिन्दूर टीका लगाकर फिर जा खेलने।" बाल विवाह का प्रभाव आजीवन रहा, माँजी ने उन्हें पुत्रीवत् ही समझा। दीदी को अस्थमा था। इसलिए उन्हें कभी चौके में नहीं जाने देतीं, लकड़ी का धुँआ कहीं परेशानी न बढ़ा दे। दीदी की थोड़ी-सी तकलीफ उन्हें बेचैन कर देती। तरह-तरह के व्यंजन बनाकर पुत्र और पुत्रवधू को एक साथ बैठाकर प्रेम से खिलातीं।

बचपन से ही दीदी का स्वभाव अत्यन्त सात्विक व प्रेमल था। सबके प्रति संवेदनशील थीं। अध्यात्म के प्रति भी इनका बचपन से ही रुझान था। साहित्यिक संस्कार इन्हें विरासत में मिले। इनके पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राष्ट्रीय चेतना की कवितायें लिखते थे। अम्माजी अपने पिता के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित थीं। इनमें भी अपने पिता की तरह दृढ़ता, धैर्य, साहस और संकल्प कूट-कूट कर भरा था। बचपन से ही ये रामभक्त व रामायण प्रेमी थीं, और यही गुण इनके विवाह का कारण बना।

शिक्षा समाप्त कर सत्यव्रत जी बैकुण्ठपुर के राजा के यहाँ कार्यरत हुए। राजा उनके काम व स्वभाव से बहुत प्रसन्न व प्रभावित थे। लेकिन कुछ परिस्थितिवश इन्हें वहाँ का काम छोड़ना पड़ा और तत्पश्चात् वे राजनाँदगाँव की बी. एन. सी. मिल में कार्य करने लगे। अम्माजी एवं सत्यव्रत जी ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक निभाया। समय बीतता गया। ईश्वर ने इन्हें सबकुछ दिया, लेकिन ये संतान सुख से वंचित रहे।

सत्यव्रतजी की दीक्षा

विवाह के पचीस वर्ष बाद भी दीदी के नि:संतान होने पर परिजनों ने दूसरे विवाह का आग्रह किया, पर न माँजी तैयार हुईं और न जीजाजी। यह जानते हुए भी कि शारीरिक प्रक्रिया में गड़बड़ी के कारण दीदी माँ नहीं बन सकती।

1942 में दीदी को पहली संतान हुई थी। पता नहीं कैसे, दीदी को जो इंजेक्शन लगा वह जहरीला हो चुका था। बच्चा नीला पड़ चुका था और उसने जन्म लेते ही दम तोड़ दिया। बाबू धानूलाल तुरन्त दौरे से लौटे। लेकिन विधि का विधान, दीदी के गर्भाशय में भी उस इंजेक्शन का प्रभाव पड़ गया।

विधि का यह विधान था चार पीढ़ियों पूर्व की गयी एक भविष्यवाणी। अम्माजी के परिवार में किसी विशेष अवसर पर एक पण्डित द्वारा बताया गया था कि आपके यहाँ चौथी पीढ़ी में बेटी के यहाँ एक अवतारी अंश का जन्म होगा। अब, क्योंकि अम्माजी उस परिवार में चौथी पीढ़ी में आईं, विडम्बना या फिर संयोग कहिए कि इनकी जन्म-कुण्डली में भी ऐसे ही योग थे कि संतान तो होगी और महान् होगी, लेकिन किसी संत के आशीर्वाद से ही होगी। ऐसी स्थिति में सामान्य रूप से संतान सुख कैसे मिलता? इन्तजार होता गया, परिस्थितियाँ अनुकूल होती गईं।

समय आया, सत्यव्रत जी अपने ऑफिस के कार्य से नागपुर गए थे। वहाँ इनकी मुलाकात एक दक्षिण भारतीय सज्जन से हुई, जो स्वामी शिवानन्द जी के शिष्य थे। यह अप्रैल सन् 1953 की बात है। बातों-बातों में उक्त सज्जन ने सत्यव्रत जी को शिवानन्द आश्रम ऋषिकेश आने का निमंत्रण दिया। सत्यव्रत जी राजनाँदगाँव आए, मिल से छुट्‌टी ली, और अम्माजी के लेकर नागपुर के उस व्यक्ति के साथ ऋषिकेश, शिवानन्द आश्रम आए। वहाँ इनका परिचय शिवानन्द जी से हुआ। शार्टहैण्ड जानने के कारण, वहाँ वे शिवानन्द जी के प्रवचन लिखते और टाइप करके उन्हें दे देते।





शिवानन्द आश्रम में इनका प्रथम परिचय स्वामी सत्यानन्द जी से हुआ, दोनों में एक-दूसरे के प्रति आत्मिक आकर्षण हुआ। स्वामी शिवानन्द जी के करीब वे आ ही चुके थे। कुछ दिन ऋषिकेश में रह कर वापस आ गए। आने के बाद मिल से सलाना छुट्टी मिली। उस छुट्टी में वे अम्माजी के साथ पुन: ऋषिकेश पहुँच गए। वहाँ शिवानन्द जी से दीक्षा का कार्यक्रम तय किया। पति-पत्नी साथ थे, लेकिन अम्मा जी का मन नहीं माना, तब सत्यव्रत जी ने अकेले दीक्षा ली। उसी समय स्वामी शिवानन्द जी ने कहा था– 'इनके गुरु इनके घर आयेंगे।'

सत्यानन्द जी का आगमन

राजनाँदगाँव में हर वर्ष गणेशोत्सव मनाया जाता था। लोगों ने सत्यव्रत जी से कहा कि आप ऋषिकेश जाते हैं, किसी संन्यासी को कार्यक्रम के लिए बुलाइये। सत्यव्रत जी का शिवानन्द जी से पत्र व्यवहार होता रहता था, उन्होंने उनसे किसी को भेजने का आग्रह किया। तब जवाब आया कि वहाँ केवल सत्यानन्द जी ही हिन्दी भाषी हैं, लेकिन उन पर आश्रम का बहुत कार्यभार है। अत: जब वे परिव्राजक होंगे तब ही आ पायेंगे। मई 1956 में सत्यव्रत जी के पास सत्यानन्द जी का पत्र आया कि अब मैं परिव्राजक बन चुका हूँ। अब आप कहाँ; कैसे आना है विस्तार से लिखिए, सुविधा होते ही हम आ जायेंगे। सत्यव्रत जी ने घर आकर अम्माजी से सलाह ली, पोस्ट ऑफिस गए और टिकट के लिए मनीऑर्डर कर दिया।

शिवानन्द आश्रम में बारह वर्ष तक कठोर साधना करने के पश्चात् जून 1956 में प्रथम बार सत्यानन्द जी का राजनाँदगाँव आगमन हुआ, और इनका घर स्वामीजी का निवास स्थान बना। इसीलिए स्वामीजी राजनाँदगाँव को सारनाथ कहते थे। यहीं से गुरु-शिष्य और गुरु-भाई में जो घनिष्ठ सम्बन्ध बना; वह ताउम्र निभा।

मैं उस समय स्कूल में पढ़ती थी। शिवांजलि का पत्र आया, 'बरसात की रिमझिम में एक संत आपके द्वार पहुँचेगा।' मैं तो साधु-संतों से खौफ खाती थी। लाल-लाल आँखों से घूरते, जटा-जूटधारी, रुद्राक्ष सहित असंख्य माला पहने, चिमटा फटफटाते, बम्-बम् करते। साधुओं को देखकर सिहर जाती, और साधु जी यहाँ घर में रहेंगे! यह बात जरा-सा भी नहीं पच रही थी। दीदी तैयारी में जुटी थी। तभी किसी ने स्टेशन से चिट लाकर दी, 'स्वामी सत्यानन्द राजनाँदगाँव पधार चुके हैं।' जीजाजी साइकिल में और मैं दीदी के साथ रिक्शे में स्टेशन पहुँची। वहाँ साधु को देखकर मैं चकित रह गई। हल्का-फुल्का गौरवर्ण बदन, बूटा-सा कद, कच्चे दूध-सी हँसती हुई आँखें, मुस्कान से भरे रक्तिम अधर, कंधे तक झूलते शहद के रंग के गोल-गोल घुँघराले बाल। मैं उनकी गोद में बैठकर रिक्शे से घर आई। कॉलोनी के सारे बच्चे उनको घेरे रहते। हम लोग उनसे कहानियाँ सुनते, फिर शंकर भवन में सत्संग होता।

पिताजी ने स्वामीजी को देखते ही हाथ जोड़कर कहा था, 'मैं तो कब से आपकी प्रतीक्षा कर रहा था।' स्वामीजी ने हैरत से पूछा, 'क्यों भई?' पिताजी ने कहा, 'मैंने आपको सपने में देखा था। अब मैं निश्चिन्त हो गया हूँ। मैं अपनी बेटी आपको सौंपता हूँ। वह विलक्षण है, आप ही उसका भार वहन कर सकते हैं।' स्वामीजी ने हँसकर कहा था, 'हाँ, अब यह आपकी नहीं मेरी बेटी है, इसका भार मुझे शिरोधार्य है।' और उन्होंने अपने वचन का पूरा पालन किया।

स्वामी सत्यानन्द जी सत्यव्रत जी व अम्माजी से कहते भी थे कि तुम दोनों मेरे योग रथ के दो पहिए हो। तुम्हें ही मेरा कार्य करना है; क्योंकि मैं तो यहाँ-वहाँ घूमूँगा, मेरा स्थायी पता आपका घर होगा। स्वामीजी के कार्यक्रमों का आयोजन सत्यव्रत जी ही करते थे। वे चातुर्मास भी समीपस्थ ग्राम में बिताते थे।

स्वामी धर्मशक्ति की दीक्षा

स्वामीजी के राजनाँदगाँव प्रवास के समय अम्मा जी ने उनसे दीक्षा लेने की इच्छा व्यक्त की। लेकिन उन्होंने कहा, मैं गुरु नहीं बनूँगा। अम्माजी अपने गुरु से बार-बार आग्रह करतीं, हर बार उन्हें यही उत्तर मिलता। अन्तत: भावी शिष्य का दृढ़ संकल्प रंग लाया। सत्यानन्द जी के मन में दीक्षा देने

की प्रेरणा हुई। एक दिन पति-पत्नी सत्यानन्द जी से मिलने पहुँचे; तब उन्होंने अम्मा जी से कहा कि मैं घर आऊँगा, तुम सबको निमंत्रण दो कि तुम्हारा नया जन्म होने वाला है, सब को आना है। इस प्रकार निश्चित समय पर स्वामीजी पधारे। सब लोग बैठे थे। वहीं सबके सामने उन्होंने अम्मा जी को राम मंत्र की दीक्षा दी और सबसे कहा कि तुम्हारी बसंती दीदी आज से धर्मशक्ति हो गई हैं। वे सत्यव्रत जी से कहते थे कि तुम मेरे सत्य के व्रत हो इसलिए तुम्हारा नाम सत्यव्रतानन्द है और ये मेरे धर्म की शक्ति है, इसलिए इनका नाम धर्मशक्ति है।

समय बीतता गया। 1959 में गंगोत्री की पावन तीर्थस्थली में एक दिन बातों ही बातों में सत्यव्रत जी ने सत्यानन्द जी से कहा कि धर्मशक्ति को पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दीजिए। यह जानते हुए भी कि दीदी माँ नहीं बन सकती, स्वामीजी ने पुत्र का वरदान दे दिया। साथ ही यह संकल्प भी कि वह मेरा मानसपुत्र होगा। मेरे पास ही आएगा।

स्वामी सत्यानन्द जी सत्यव्रत जी व धर्मशक्ति जी को लेकर ऋषिकेश गए। वहाँ स्वामी शिवानन्द जी से आशीर्वाद लेकर निकल पड़े माँ गंगा की शरण में, अपने मानस पुत्र को लेने। समय आ चुका था। चार पीढ़ी पूर्व की गई विज्ञ पंडित की भविष्यवाणी साकार रूप ले रही थी। माँ गंगा का आशीर्वाद मिला। मैं वस्तुस्थिति से अनभिज्ञ थी। पर दीदी-जीजाजी ने निरंजन के जन्म के पूर्व ही उसे आध्यात्मिक पथ पर चलने की प्रेरणा देते रहे।

घर का वातावरण आध्यात्मिक था ही, और आध्यात्मिक हो गया। दोनों रामायण-उपनिषद्-गीता का पाठ करते। 'कल्याण' के रोचक प्रसंग सुनाते। दीदी थककर सो भी जाती तब भी जीजा जी उन्हें चौपाई, कबीर-नानक की वाणी सुनाते रहते। और तो और, घर का तोता गंगाराम भी दिनभर राम-राम रटता रहता। दीदी को देखते ही चिल्लाता– 'दीदी राम-राम, दीदी राम रोटी दे।'

दीदी को मिट्ठू, मैना, खरगोश, तीतर पालने का शौक था। दस-बारह खरगोश थे, जिनके लिये बड़ी-सी जालीदार आलमारी थी। दो-तीन गायें थीं, बछड़े थे। और तो और, लकड़ी खोली में एक बड़ा-सा साँप भी रहता था। उसने कभी किसी को कष्ट नहीं पहुँचाया। एक बार दीदी पता नहीं क्यों उस पर नाराज हो गई, तो वह चुपचाप घर छोड़कर चला गया।

सर्पों से सम्बन्ध

यह एक किंवदन्ती हो सकती है। पर यह बात हमारी बुआ ने बतायी कि कैसे गाँव के खेत में रहने वाले श्वेत वर्णीय सर्प, वृद्धावस्था के कारण जिनके शरीर में सफेद रोयें भर गये थे, अक्सर बिस्तर या पालने में सोई दीदी को देखकर चुपचाप चले जाते थे। पिताजी ने सबको मना कर रखा था कि कोई दोनों सर्पों को आने-जाने से न रोके।

दीदी के जन्म की कहानी भी अजीब है। हमारी दीदी की दादी-सास को साँप बच्चा हुआ। परिजन उसे पुत्रवत् पालने लगे। खाने के समय सबके लिये पीढ़ा रखा जाता, तो एक पाटा उसका भी होता, जहाँ कटोरे में दूध-लाई रख दिया जाता। वह उसे पीकर चला जाता। अचानक उसकी मृत्यु हो गई। माँ बहुत रोने लगी। तब उसने सपने में आकर कहा– 'मैं पाँचवीं पीढ़ी में एक विलक्षण कन्या के रूप में जन्म लूँगा।' दीदी के जन्म के पूर्व माँ को हमेशा सर्प के स्वप्न आया करते थे, जो दीदी के जन्म के बाद बन्द हो गये। संयोग की बात कि जन्म कुण्डली के आधार पर दीदी का नाम भी नागमणि रखा गया। हमारी मौसी अक्सर बताया करती थी कि कैसे दीदी साँप के पीछे दौड़ जाती। सँपेरे साँप की टोकरी लेकर आते तो बेधड़क उन्हें गले में डाल लेती।

नागपंचमी के दिन दीवाल में गुथे हुए सर्पों की सुन्दर आकृति बनाकर, दूध-मलाई-नारियल चढ़ाकर पूजा करती। अक्सर साँप घर में आ जाते तो माँजी दीदी को आगे खड़ा कर



देती और कहती– 'देख लिया न, अब जाओ।' मुझे स्मरण है, दीदी ने सोने का फन काढ़े सर्प बनवाया और शिवलिंग में लपेटकर रोज पूजा करती थी।

घर में हर त्योहार धूमधाम से मनाया जाता। पोला में जीजाजी स्वयं निरंजन जी का बैल सजाते। गेड़ी बनाते। धूमधाम से बैलों की पूजा होती। तीज में मैं और निरंजन जी खूब फूल लाते,



फुलैरा बनता। शंकर-पार्वती (गंगा बालू से बने) का विवाह होता। दीदी निर्जला व्रत रखती। फिर हरछठ को आँगन में दो सगरी खुदती, निरंजन जी के खिलौने सगरी में दूध-दही के साथ डाले जाते। सगरी के कीचड़ से निरंजन जी की पीठ में पोता लगाया जाता। बुआ अपनी नई साड़ी से पीठ को पोंछती और माँजी तथा दीदी हरछठ के बाबू की कहानी सुनाते।

दशहरे में कुल-देवता की पूजा होती। साथ ही शस्त्रपूजा भी होती। कहते हैं, जीजाजी के दादा वाजिद अली शाह के दरबार में सेना में थे। वाजिद अली शाह ने उनकी वीरता पर प्रसन्न होकर तलवार भेंट की। उस तलवार की भी पूजा होती। आलमारी के पीछे रखी तलवार को हम उत्सुकता से उठाकर देखते। उसकी मूठ चाँदी की थी, जिस पर सोने की कीलें ठुकी हुईं थीं। बाद में जीजा जी के नहीं रहने पर दीदी विरक्त हो गई थी। विधि-विधान से तलवार की पूजा नहीं हो पाती थी तो दीदी को सपने आने लगे। कभी तलवार दिखती, कभी उनके पुरखे। दीदी ने विधि-विधान से तलवार की पूजा कराई और उन्हें रानीसागर में विसर्जित कर दिया। उसके बाद सपने आने बंद हो गये।

दीदी का स्नेह

दीदी बचपन से ही लक्ष्मी रूपा रही। उनके जन्म के बाद घर में बरक्कत आई। दूध, मेवा, मिष्ठान ही प्रमुख आहार होता। ससुराल में भी यही दशा रही। जीजाजी की मिल में तरक्की होती रही। दीदी की आलमारी हमारे लिये अजूबा थी। तरह-तरह के इत्र, गहने, कीमती सामान, खेल-खिलौने सब रहते। निरंजन की किताबें, कपड़े, बेल्ट, खिलौने, दीदी सब सम्हालकर रखती।

सत्यव्रत जी के पिता जी धारिया के तहसीलदार थे। बड़े पुत्र प्रियव्रत छुईखदान में किसानी करते थे। पत्नी के बर्ताव से दु:खी होकर अपनी एकमात्र पुत्री मिथिला को दीदी के पास छोड़ दिया। एक भाई देवव्रत ने पत्नी के देहान्त के पश्चात् ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया। उनके दो माह के पुत्र मनोज और दस वर्षीय पुत्री सरोज को जीजाजी घर ले आये। मनोज बैंक में उच्च अधिकारी बने, सरोज ने दीदी के संस्कार को पूरी तरह आत्मसात् कर लिया। वाणी में मधुरता, आध्यात्मिक रुचि, सादगी, सौम्यता का प्रतिरूप बनी सरोज के दोनों बच्चे उच्च पदों पर नियुक्त हैं। बेटी संध्या पूरी तरह अध्यात्म के प्रति समर्पित है। भजन-कीर्तन से मोहित करने वाली स्वामी निरंजन की शिष्या हैं। ननद अन्नपूर्णा के बच्चे भी प्राय: दीदी के पास ही आ जाते।

मायके पक्ष में दीदी के बाद चार भाई और अंत में मैं हुई। माँ का अस्थमा के कारण आकस्मिक निधन हो गया। मैं उस समय तीन-चार वर्ष की थी। मुझे माँ की कभी स्मृति ही नहीं रही। बस, दीवार में टंगी उनकी तस्वीर को देख लेती। पिता की हल्की-सी स्मृति रही। पिताजी बहुत संस्कारित थे। बंगले के सामने बने नल का पानी पीते थे। बेटी के घर का पानी भी नहीं पीना। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनकी क्रांतिकारी कविताओं का मुद्रित संग्रह मैंने कई बार पढ़ा। गांधीवादी विचारधारा के और भक्ति से परिपूर्ण।

पिताजी ने मुझको दीदी को सौंप दिया। दीदी ने अपनी पूरी ममता मुझ पर लुटा दी। दीदी के अतिशय लाड़ से मैं बहुत जिद्दी हो गई थी। मैं जितनी जिद्दी, क्रोधी, निरंजन उतने ही शांत स्वभाव के। जब मैं सात-आठ वर्ष की थी, तब दूज के दिन उन्होंने दीदी के पास तीज (हरतालिका व्रत) का सामान भिजवाया। फिर बालाबाबा मंदिर में पूजा करने गये। वहीं छाती में दर्द हुआ, हृदय गति रुक गई और क्षणभर में स्वर्ग सिधार गये। मंदिर वालों ने ही उनके सारे कर्म निपटाये, यह उनकी इच्छा थी।

दीदी की ममता ने मुझको पिताजी की कमी महसूस ही नहीं होने दी। दीदी ने दोनों पक्षों को निभाया। माँजी दीदी के पास ही रहतीं। सारे रिश्तेदार दीदी के यहाँ ही रुकते। उनका बंगला था भी बहुत बड़ा। चंपा-चमेली, परिजात, बैंगनबेलिया, हरशृंगार, जसवन्त और ढेरों फूल; आम, अमरूद, बेर, इमली, जामुन के दरख्त, बड़ा-सा लिपा-पुता आँगन, जहाँ मिल के ढेरों मजदूर बैठकर अवकाश में भोजन करते। डेढ़-दो साल के नन्हें निरंजन सबके खाने को झुक-झुककर गौर से देखते। सब उनकी बालक्रीड़ा से मुग्ध हो जाते।

साक्षात् लक्ष्मीरूपा दीदी ने मिथिला और सरोज के विवाह के लिए अपना दुमंजिला मकान बेच दिया। रम्मू भैया नागपुर के मारिस कॉलेज में बी.कॉम. प्रथमवर्ष के छात्र थे। उनकी फीस पटाने के लिये अपनी बिंदिया और अँगूठी बेच दी। सबसे बड़े भाई पर उनका विशेष स्नेह था। दीदी-जीजाजी ने अपनी सारी पूँजी लगाकर उनके लिए प्रेस खुलवाया। उनका विवाह किया। मैं रम्मू भैया के पास रहने लगी, लेकिन हमेशा दीदी के पास आती-जाती रहती। रम्मू भैया सबसे सीधे, सरल, लेकिन पत्रकारिता में अमिट छाप छोड़ने वाले। फिर प्रकाश भैया अत्यन्त बुद्धिमान्। माइनिंग पॉलिटेकनिक कॉलेज में प्रोफेसर। डेढ़ वर्ष के निरंजन आधी रात को जाग जाते और रोने लगते, तब प्रकाश भैया उन्हें उठा कर स्टेशन ले जाते। वहाँ तांगे वाले को नींद से उठाते। टांगे वाला घोड़े की रास निरंजन जी को थमा देता, घुमाव पर खुद नियंत्रण करता। सड़क में दो-चार चक्कर के बाद जब फिर प्रकाश भैया की गोद में सो जाते तब तांगे वाला उन्हें घर छोड़ देता। सबसे छोटे शिव भैया, सीधे-सरल-चुपचाप, कष्टों का गरल पीने वाले, फिर सबसे छोटी मैं।

मैं जब दसवीं कक्षा में थी, तब मेरी सहेली मुमताज ने बताया कि तुम्हारी दीदी माँ बनने वाली है। मेरे लिए यह एक खुशी भरा संवाद था, मैं करीबन दौड़कर घर पहुँची। दीदी कितनी प्यारी लग रही थी। लगा उनसे लिपट जाऊँ, लेकिन मेरी खुशी आँसू बनकर छलक गयी।



निरंजन जी का जन्म

माघ पूर्णिमा का दिन; 14 फरवरी 1960, जीजाजी ध्यान में बैठे थे, माँजी, अन्नपूर्णा जी, नर्स शेराबाई, सभी व्यस्त थे। मैं सो गई थी। सुबह आसमान में चमकता भोर का तारा धरती पर उतर आया। विश्व को निरंजन के रूप में एक देदीप्यमान सितारा मिला। जो माँ किसी समय एक बच्चे के लिए आग्रही थीं, गुरु ने उसे एक बच्चे के साथ हजारों-हजार की माँ बना दिया। भोर होते ही मुझे सुसंवाद के साथ कक्ष में जाने की अनुमति मिली। दीदी के होंठों में मुस्कान थी और नन्हें-मुन्ने दिव्य आभा में चमक रहे थे। उनके ललाट में ऋषिकेश, शिवानन्द कुटीर का कुमकुम और भस्म लगा हुआ था। बस कुछ क्षणों के लिए ही मुझे उनको गोद में लेने की अनुमति मिली।

कुल पुरोहित भी आए। माँजी ने सुबह 4 बजे ही समाचार भेज दिया था। उन्होंने आते ही कहा–'मैं बहुत खुश हूँ। जानते हो बेटा जब ब्रह्माजी ने वशिष्ठ को राजपुरोहित बनकर अयोध्या जाने का आदेश दिया, तब वशिष्ठ जी ने हाथ जोड़कर कहा, 'महाराज! मैं राजपुरोहित नहीं बनूँगा, क्योंकि राजा के साथ रहने पर भली-बुरी बातों का ज्ञान नहीं रहता है।' इस पर ब्रह्माजी ने कहा, 'एक दिन वहाँ राजकुमार के रूप में प्रभु का जन्म होगा और तुम उनके राजपुरोहित बनोगे।' यह सुनकर वे खुश होकर चले गये। और आज मेरा भी वही



दिन आया है। मैं देख सकता हूँ कि यह बच्चा किस प्रयोजन से आया है। माँजी ने बच्चे को कपड़े में लपेट कर दूर से दिखाया। उन्होंने कहा, 'दूर से क्यों दिखाते हो, गोद में दो, मैं आज कितना खुश हूँ, मेरी गोद में राम आ रहा है।'

उनके जन्म के तैंतीस दिन बाद स्वामीजी मुंबई से राजनाँदगाँव आये। उन्होंने उन्हें गोद में लेकर पुकारा, 'निरंजन... निरंजन...।

मैंने पूछा भी, 'आपको कैसे पता चला कि इनका जन्म हो गया है?' उन्होंने बताया, 'मैंने सपने में एक खूब सुन्दर बगीचा देखा, जहाँ पेड़-पौधे असंख्य थे, पर फूल एक भी नहीं था। अचानक एक खूब सुन्दर फूल खिला, जिसकी सुगंध बिखरती जा रही थी। मैं समझ गया कि निरंजन का जन्म हो चुका है।'

उनकी नन्हीं जाँघ से पिण्डलियों तक हल्के सफेद से गोल-गोल चकत्ते थे। गौरवर्ण में चकत्ते अस्पष्ट से दिखते थे। मैंने स्वामीजी से इसका कारण पूछा तो हँसने लगे, बोले, 'हिमालय की एक कंदरा में एक साधक तपस्या में इतने लीन थे कि बाघंबर उनके पैरों में चिपक से गये थे। उन्हें मुक्ति नहीं मिल रही थी। मैंने उनका आवाहन किया कि मैं तुम्हारा गुरु बनकर तुम्हें मोक्ष दूँगा। वही निरंजन है।'

पता नहीं उन्होंने ऐसा क्यों कहा, पर निरंजन जी तो जन्म से ही विलक्षण रहे। विनम्रता, विवेकशीलता, सहनशीलता, दयालुता, सरलता, ये सभी लक्षण शैशव अवस्था से ही दिखने लगे थे। मैं उनके लिए कीमती बाबासूट लाती, पर उन्हें तो जोगिया ही पसन्द था। मेरे आँखों से ओझल होते ही उसे कैंची से काट डालते, मेरे डाँटने पर कहते, 'इच्ची, चूहे ने काट दिया।' मुझको मौसी नहीं बोल पाते तो इच्ची ही कहते। आज भी यही संबोधन कानों में अमृत घोल देता है।

निरंजन जी जब गर्भ में थे तब माँजी रोज एक बड़े से ताजे गुलाब को दूध में खौलाकर पिलातीं, ताकि बच्चा गुलाब की भाँति कोमल, सुन्दर और यश की सुगंध फैलाने वाला हो। माँ के सान्निध्य में बच्चा बढ़ने लगा। इधर गुरु कार्य भी गतिशील होने लगा। दायरा विकसित होता गया। गुरु के आदेश से राजनाँदगाँव में योगविद्या प्रेस का शुभारम्भ हुआ। प्रथम बार विश्व को योगविद्या और योगा पत्रिका का परिचय मिला। फिर राजनाँदगाँव आश्रम बना। जीजाजी, दीदी का कार्य क्षेत्र विस्तृत होता गया। विश्व के हितार्थ सत्यानन्द जी के द्वारा बोये संकल्प के बीज को फलीभूत करने के लिए सत्यव्रत जी और धर्मशक्ति ने पूर्ण समर्पण व सहयोग प्रदान किया। बाद में अनेक लोग जुड़ते गए और कारवाँ बढ़ता गया।

स्वामीजी के सान्निध्य में

स्वामीजी के साथ हम लोग कभी बिहार के आस-पास के स्थलों में जाते, कभी सत्संग में, कभी भ्रमण की दृष्टि से। छपरा, भागलपुर, समस्तीपुर कई जगह गये। जब निरंजन जी दो साल के थे तब हम लोग राजगीर गये, यह जैनियों का तीर्थस्थान है, बौद्ध संस्कृति का भी यहाँ खूब प्रचार-प्रसार हुआ। पहाड़ी के ऊपर गृधकीट, जहाँ गौतम बुद्ध ने कठोर साधना की थी, कहीं सीढ़ी, कहीं चट्टान से होकर जाना पड़ता था। वहाँ पन्द्रह दिन का शिविर लगा था। धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक महत्त्व का क्षेत्र, जरासंध की राजधानी, पांडवों का विश्रामस्थल, जैनियों का साधना स्थल, बौद्धों के चैत्य विहार और गुफाएँ।

सबसे अधिक आनन्द सप्तऋषि के मुख से निकलती गरम जलधारा में स्नान करने में आता, क्योंकि ठण्ढ पड़ने लगी थी। निरंजन जी को तो जबरन खींचकर बाहर निकालना पड़ता। गरम जलधारा में कूद-कूद कर नहाने में उनको बहुत आनन्द आता। अक्सर दिन ढले योगमाया जी आतीं। बहुत ऊँची-पूरी, दुर्बल, लेकिन मजबूत काठी, रंग गोरा रहा होगा, लेकिन कठोर साधना के कारण ताम्बवर्णी हो गया था। आँखें खूब बड़ी-बड़ी, तीखे नाक-नक्श, बाल खूब घने, घुंघराले, घुटनों से लंबे, आवाज में एक तीखापन।

निरंजन जी उनको देखकर भय से दुबक जाते, दीदी उनको योगमाया जी के पास ले जाती, वे निरंजन को खूब दुलार करतीं। दीदी ने बताया वे योगिनी हैं, दिन-रात साधना करती हैं, और निरंजन के कारण अपनी साधना से उठकर यहाँ आ जाती हैं। उनके उच्चारण में बंगालीपन झलकता था। अपनी कड़कदार आवाज से निरंजन को पुकारतीं, लम्बे कठोर हाथ से उठाकर गोद में बैठा लेतीं। निरंजन कसमसाने लगते, तब बहाने से मैं निरंजन को लेकर बाहर चली जाती।

स्वामीजी बात-बात में बहुत गहरी बात कह देते। जैसे, आस-पास फूलों के बगीचे थे, मैं निरंजन जी को रंगबिरंगी तितलियाँ दिखाने ले जाती। वे पंख फड़फड़ाती हुई, फूलों पर मंडराती तितलियों को देखकर खूब उछलते। कभी मैं एक तितली पकड़कर उनके हाथों में दे देती। कभी-कभी पराग के रेशे हमारे हाथों में चिपक जाते। स्वामीजी ने एक बार देख लिया, निरंजन जी तितली पकड़कर उनके पास पहुँच गये। संध्या समय प्रवचन में तितली के माध्यम से जीवन के मर्म को समझाया।

इन्द्रधनुष के सात रंगों को हम कभी-कभी ही देख पाते हैं, पर तितलियाँ सृष्टि को कितना सौन्दर्य प्रदान करती हैं। उनमें धरती की हरीतिमा है, सूर्य का सुनहलापन है, डूबते सूर्य की लालिमा है, समुन्दर का नीलापन है, चाँद-तारों का चमकीलापन है, आकाश में बनते-बिगड़ते बादलों का बहुरंगी रूप है। न मच्छरों की तरह काटती हैं, न मक्खी की तरह डंक मारती हैं, न भौरों की तरह आवाज करती हैं। पशु-पक्षी, मानव जैसे जीवधारियों में श्रेष्ठ हैं। उनका जीवनकाल मात्र दस दिनों का है, पर दस दिन में ही सृष्टि को सौन्दर्य से भर देती हैं। मुझे तो उनके जीवन को देखकर रोमन दार्शनिक

सेनेका की याद आती है, जिसने कहा था, 'जिन्दगी नाटक की तरह है, जिसमें लम्बाई नहीं, बल्कि अभिनय की श्रेष्ठता महत्त्वपूर्ण है।'

स्वामीजी ने आगे कहा, 'हमारे मस्तिष्क में प्रतिदिन पैंसठ हजार विचार चलते हैं। हम अतीत से पछताते हैं और भविष्य की चिन्ता करते हैं, पर वर्तमान की नहीं सोचते, जो मुट्ठी में रेत की तरह फिसलता जा रहा है। हम वर्तमान को श्रेष्ठ बनाने की चिन्ता क्यों नहीं करते?'

मैं जीजाजी (सत्यव्रतानन्द जी) के बारे में सोचती, उनका अतीत भौतिकता और अध्यात्म का अद्भुत सम्मिश्रण था। चाहे मिल के गौरांग मालिक हो या राजा दिग्विजय सिंह या विधायक किशोरी लाल शुक्ला, हर दल के दिग्गज नेता, सबमें लोकप्रिय रहे। अपनी विद्वता और प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण सब पर हावी रहते। क्लब में हाउसी ताश-शतरंज का खेल हो या लॉनटेनिस का खेल। अवकाश के दिन घर में सुबह से ताश खेलने वालों का मजमा लगा रहता। सुबह से शाम और शाम से रात हो जाती। दीदी दिनभर चाय-नाश्ते की व्यवस्था में जुटी रहती। हर त्योहार घर में धूम-धाम से मनाते। व्रत, उपवास, पूजा-पाठ में कमी नहीं करते।

फिर ऋषिकेश से आने के बाद तो जीवनशैली ही बदल गयी। स्वामीजी के सान्निध्य और निरंजनजी के जन्म के बाद सारे सुख, वैभव तिनके की तरह तुच्छ मानकर त्याग दिये। गरिमापूर्ण नौकरी, बंगला, सुख-सुविधाओं का परित्याग करने में क्षणमात्र भी विलम्ब नहीं हुआ। दीदी तो सहज अनुगामिनी थी ही, बिना किसी शिकायत के थोड़ा गृहस्थी का सामान लेकर पति, पुत्र के साथ चल पड़ी। छोटा-सा किराये का मकान! पुत्र और पति के साथ स्वयं संन्यास-धर्म का पालन करती रही।

बड़े से बंगले को छोड़कर असुविधायुक्त छोटे मकान में रहकर भी स्वामीजी की प्रथम शिष्या बनी दीदी कितनी खुश रहतीं। पति और पुत्र की देखभाल, गृहस्थ कर्म, आश्रम निर्माण की गतिविधियाँ देखने जातीं।

पंचवटी में जागरूक प्रहरी लक्ष्मण कुटिया के चारों ओर पहरा देते और रात्रि में स्फटिक शिला में बैठकर उनका चिन्तन –

मन: प्रसाद चाहिये केवल,
क्या कुटीर फिर क्या प्रसाद।
भाभी का आह्लाद अतुल है,
मंझली मां का विपुल विषाद।

समस्त सुख-सुविधाओं के बीच भी महलों में रहने वाली कैकई कितनी विषादग्रस्त, और घोर जंगल में छोटी-सी कुटिया में सीताजी कितनी प्रसन्न हैं! मन की खुशी ही सच्ची खुशी है।

एक और प्रसंग याद आया, जब स्वामीजी सन् 1958-59 में राजनाँदगाँव में थे, मुम्बई से विश्वप्रेम एवं उनके मामा जी भी आये थे। स्वामीजी ने इच्छा प्रकट की कि चौमासा किसी दूर गाँव में मनायेंगे। जीजाजी के मित्र भगवती बाबू के गाँव पठानठोड़गी में जाना तय हुआ। बीहड़ जंगल से होकर रास्ता जाता था। रास्ते में नाला पड़ता, जहाँ अंधेरा घिरते ही शेर-चीते जैसे जंगली जानवर पानी पीने आते थे। तीन बैलगाड़ियाँ लायी गयीं। बैलगाड़ी में चारों और कंडील टंगे थे। सबसे आगे गाड़ी में भगवती बाबू, मामाजी, जीजाजी, स्वामीजी एवं दो मजदूर थे। बीच में मैं, दीदी, विश्वप्रेम और काम करने वाली बाई थी। पर्दा तान दिया गया था। तीसरी बैलगाड़ी में कपड़ों की पेटी इत्यादि जरूरी सामान व भगवती बाबू के खेत को देखने वाले पटेल एवं कुछ मजदूर थे।

अंधेरा घिर रहा था, शेरों के दहाड़ने की आवाज आने लगी थी। हम लोग बहुत डर गये थे, पर भगवती बाबू, स्वामीजी, जीजाजी, पटेल एवं कुछ मजदूर हाथ में मशाल लिये जोर-जोर से बातें करते चल रहे थे। कुछ मजदूर टीन के पीपे पीटने लगे। थोड़ी देर में दहाड़ की आवाज शांत हो गई। कुछ देर अलाव जलाकर हमारा काफिला रुका रहा, फिर खटका दूर होते ही हम मंजिल की ओर चल पड़े। नाले पर बने कच्चे पुल को सावधानी से पार किया, फिर गाँव के लैंपपोटर में जलती हुई चिमनी दिखाई दी। मन खुशी से भर गया। सुबह होते ही कर्मयोग प्रारंभ हुआ।

स्वामीजी का प्रवचन-कीर्तन चलता, हम लोग आसन-प्राणायाम करते, दीदी घर-बाहर की व्यवस्था सम्हालती। मैं विश्वप्रेम के साथ गाँव घूम आती। पर हम दोनों के बीच बहुत अंतर था। वह महानगरीय संस्कृति में पली थी, मैं कस्बाई संस्कृति में। वह धाराप्रवाह अंग्रेजी में बात करती, जबकि मैं थोड़ा बहुत समझ तो लेती थी, पर बोल नहीं पाती थी। वह फ्रॉक-सूट पहनती, यद्यपि वह उम्र में मुझसे बड़ी थी और मैं साड़ी पहनती थी, क्योंकि बड़े भाई को पसंद नहीं था कि मैं सूट या फ्रॉक पहनूँ। भइया को तो मेरा पढ़ना भी नापसन्द था, पर दीदी के कारण मैं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकी। इस कारण उन्हें भइया की नाराजगी भी झेलनी पड़ी। विश्वप्रेम सुन्दर थी ही, सौंदर्य प्रसाधनों के प्रयोग से और सुन्दर दिखती थी, जबकि मैं अत्यन्त सामान्य थी। इस प्रकार एक हीन भावना हमेशा घेरे रहती। मैं सुबह आसन कर रही थी, स्वामीजी भी बैठे थे। चक्रासन करते अचानक गिर पड़ी। क्रोध और दु:ख से मैं रोने लगी। स्वामीजी एकदम नाराज हो गये, बोले, 'आँसू बहाने की क्या जरूरत, आँसू के बदले मुस्कान सबको मोहित करती है। तुममें मानसिक शक्ति तो बहुत है, पर उलूल-जलूल बात सोचकर अपनी ही शक्ति का विनाश कर रही हो।'

दीदी ने मुझको कुछ नहीं कहा, लेकिन उनकी भी नाराजगी स्पष्ट दिख रही थी। मैंने स्वामीजी से क्षमा याचना की। विश्वप्रेम और मामा जी का ड्यूटी ज्वाइन करने का

समय आ गया कि अचानक विश्वप्रेम को तेज बुखार हो गया। सब बहुत चिन्तित थे। विश्वप्रेम का मुम्बई जाना जरूरी था, अचानक वह स्वस्थ हो गई, मामाजी और विश्वप्रेम रवाना हो गये। दोपहर को स्वामीजी ने मुझको कंबल ओढ़ाने कहा, उनका शरीर तप रहा था, दीदी घबरा गई, नमक-मिर्च-राई लेकर स्वामीजी की नजर उतारने लगी। स्वामीजी हँसने लगे, बोले, दो दिन में बुखार उतर जाएगा। बुखार की मियाद तो पूरी हो जाने दो। बाद में दीदी ने बताया कि विश्वप्रेम के ज्वर को स्वामीजी ने अपने ऊपर ले लिया था।

स्वामीजी के चमत्कारिक प्रभाव से जुड़ी हुई ऐसी बहुत-सी घटनाएँ हैं। एक बार शंकरभवन में स्वामीजी का प्रवचन-सत्संग था। उसके बाद दीदी को बाजार में कुछ सामान लेना था। सत्संग के बाद स्वामीजी विनोद जी के साथ कार में घर आने लगे। दीदी ने घर की चाबी मुझे दे दी थी कि स्वामीजी घर पहुँचें, उसके पहले मैं घर पहुँचकर ताला खोल दूँ। मैं जल्दी-जल्दी घर आई, ताला लगा हुआ था। ताला खोलकर अंदर गई तो स्वामीजी बिस्तर में आराम से सोये हुए थे। मैंने आश्चर्य से आवाज देकर उनको उठाया, पूछा, 'ताला तो लगा था, आप कैसे अंदर आये?' स्वामीजी हँसने लगे, बोले, 'जादू से आया।'

स्वामीजी जब भी मिल वाले बंगले में आते, बच्चों की भीड़ लग जाती। नन्हीं हर्षा अपनी बड़ी-बड़ी आँखों से स्वामीजी को एकटक देखती। स्वामीजी पूछते, 'हर्षा क्या हो गया?' हर्षा चुपचाप उनकी गोद में बैठ जाती और कहती, 'स्वामीजी, आपसे शादी करूँगी।' स्वामीजी खूब हँसते। नन्हें निरंजन को अपनी गद्दी में सुलाये रखते। यदि वे कुनमुनाते तो उन्हें थपकी देकर फिर सुला देते। दीदी कई बार काम छोड़कर झाँकने आती तो कहते, 'मजे में सोया है, शक्तिवान सपने देख रहा है, उठाना नहीं।'



वास्तव में हर जीव के अंदर शक्तियाँ सोयी पड़ी हैं, उसे कोई जगाने वाला चाहिये। कठोपनिषद् में यम ने नचिकेता से कहा था, *'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत'*। रामायण में हनुमानजी को जगाया जाता है, 'हे हनुमान! तुम्हारे अंदर अग्नि का तेज है, सूर्य की दीप्ति है, धरती का धैर्य है, जल की शीतलता है, पवन का वेग है, समस्त देवी-देवताओं की शक्ति है, अपने स्वरूप को पहचानो।' और हनुमान ने छलांग लगाई, समुद्र को पार कर लिया।

उसी प्रकार गुरु सत्यानंद ने नन्हें शिष्य निरंजन से कहा होगा, 'तुम सुख-दुख-द्वन्द्व से रहित, अद्वितीय, शोक शून्य, संतापरहित बनो, जैसे धूल से आकाश, जल से कमल लिप्त नहीं होता, वैसे ही संसार और शरीर से सम्बन्ध होने पर भी आत्मा उसमें लिप्त नहीं होती। तुम तत्त्वज्ञ हो, अपने सात्त्विक गुणों से सबको आलोकित करो।''

निरंजन जी की बाल-लीला

'हरि अनंत हरि कथा अनंता'। निरंजन जी की बाल स्मृतियाँ हमारे लिये अमूल्य धरोहर है। राजा दशरथ और रानी कौशल्या को तप और पुण्य से श्रीराम की प्राप्ति हुई, उसी प्रकार पिछले जन्म के सुसंस्कारों के कारण माता-पिता को निरंजन की प्राप्ति हुई। ऐसे गुरु से मिलन हुआ, जिनके निरंजन मानस पुत्र रहे।

निरंजन जी ने जैसे ही चलना शुरू किया, घर का दरवाजा खुला नहीं कि लड़खड़ाते कदमों से बाहर भागने लगते। उनकी चंचलता, प्यारा-सा मुख-मण्डल, शरारती आँखें सबको आकृष्ट कर लेतीं। मिल के मजदूर हों या ऑफिसर या रास्ता चलने वाले, सब उन्हें उठाकर घर पहुँचा देते। उनके भगोड़ेपन से दीदी परेशान हो जाती, पर जीजाजी शान्त रहते। जानते थे कि उन पर गुरु-कृपा है तो डर किस बात का।



मैं रोज निरंजन जी को बाहर घुमाने ले जाती। उन्हें छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों तक, सबके साथ खेलना पसंद था। उनके मुख-मण्डल में ऐसा अद्‌भुत लावण्य रहता कि सभी उन्हें गोद में लेने और उनकी अटपटी बातों को सुनने लालायित रहते। शाम को घर के पास टेनिस ग्राउण्ड में उन्हें लेकर कुर्सी में बैठती। जीजाजी, मिस्टर-मिसेज वाट, मिस्टर विल्सन के साथ टेनिस खेलते। प्राय: चैम्पियन की ट्रॉफी इन्हें ही मिलती। नन्हें निरंजन कभी पिता की फुर्ती देखते, कभी बॉल लेने के लिए लपकते। शाम को पिता के साथ शहर घूमने जाते। विनोद दवे चाचा के सबसे लाड़ले थे। दीदी घर में व्याकुलता से प्रतीक्षा करती रहतीं। मैं उन्हें कभी फ्रॉक-चूड़ी पहना देती, कभी धोती-कुर्ता-जैकेट, कभी लुंगी-बनियान, कभी पीली धोती और मोरपंख लगाकर कान्हा बना देती।

निरंजनजी के शैशवावस्था की स्मृतियाँ तो अनन्त हैं। उनकी शरारतें, मीठी बातें सब जेहन में सुरक्षित हैं। क्रोध आने पर मेरे बाल पकड़कर लटक जाते। दीदी बड़ी मुश्किल से छुड़ा पाती। निरंजनजी गंजपारा स्कूल में पढ़ने जाने लगे, इतने मेघावी कि एक साल में दो कक्षायें पास कर लेते, छह-सात साल का बच्चा चतुर्थ कक्षा उत्तीर्ण हो गया! जब वे स्कूल जाते मैं खिड़की से देखती रहती, कहीं कोई शिक्षक या बच्चे इनको तंग न करें, यद्यपि निरंजन जी को मेरी दखलंदाजी नापसंद थी।

बचपन से ही अपने मोहक व्यक्तित्व के कारण वे लोकप्रिय रहे। सत्संगी जी उन्हें 'मनमोहक राजकुमार' कहतीं। उनकी शरारतें–सब बच्चे लुकाछिपी खेल रहे थे, निरंजन जी तीन वर्ष के थे। घर के सामने केन्टीन था, जहाँ प्रतिदिन पाँच हजार मजदूरों की चाय बनती। केन्टीन के कर्मचारी बड़े-बड़े गंज में चाय बनाते और बाहर नल में बर्तनों को मांजकर रखते। एक बार निरंजनजी एक गंज में छुपकर बैठ गये, हम लोग ढूँढ़कर परेशान हो गये। जब केन्टीन के कर्मचारी ने उन्हें छुपे देखा तो गोदी में उठाकर लाये। मिल के सामने पान ठेला वाले भैया सुबह से मीठी पत्ती का मीठा मसाला डालकर उनके लिये पान बनाकर देते, तब दुकान की बोहनी शुभ मानते।

एक बार हम लोग गयाजी गये थे। बौद्ध बिहार, स्तूप, मंदिर, सब घूमे, वटवृक्ष के भी दर्शन किये। संध्या समय फाल्गु नदी गये। वहाँ की महिमा का वर्णन सुना। सीताजी ने दशरथ जी का पिंडदान किया, साक्षी थे फाल्गु नदी, गाय और अन्य तीन गवाह। रामजी के आगे फाल्गु नदी चुप रह गई, गाय भी शांत रही, तब सीताजी ने फाल्गु को शाप दिया कि उसमें जल की हमेशा कमी रहेगी, गाय को शाप दिया कि कलयुग में गंदा आहार ग्रहण करना पड़ेगा।

सुबह हम लोग फाल्गु नदी में स्नान करने गये। वहाँ किनारे बैठे पंडे ने टोक भी दिया, 'पिता-पुत्र एक साथ इस नदी में नहीं उतरते, पुत्र पिता के अंतिम संस्कार के समय अस्थि विसर्जन के लिये ही आता है।' जीजाजी खूब हँसे और निरंजन जी का हाथ पकड़कर उसे नदी में घूमाने लगे।

एक बार मैं निरंजन जी को लेकर घर आ रही थी, लौटने में देर हो गयी, रात हो रही थी। रास्ते में एक पीपल का घना पेड़ था। घर आते ही उनका रोना शुरू हो गया। दीदी ने गोद में लेकर दूध पिलाना चाहा, जीजाजी पूजाघर गये, वहाँ ऋषिकेश आश्रम का कुमकुम लगाया। सब बहलाने की कोशिश करते रहे, पर उनका रुदन और तीव्र हो गया। वे शाान्त नहीं हुए। दीदी मुझ पर नाराज भी हुईं कि मैंने कहीं उन्हें गिरा तो नहीं दिया। मैं भी सन्न रह गयी, लेकिन माँजी उन्हें ध्यान से देखती रहीं, फिर बोलीं– दूँगी-दूँगी, कल सुबह ही तेरे को दे दूँगी, पर अभी तो बच्चे को रुलाना छोड़। उनका रुदन सिसकियों में बदल गया, फिर जैसे थककर सो गये।

सुबह होते ही माँजी ने नामदेव को बाजार भेजा। छोटी-छोटी बारह काली चूड़ियाँ, फीता-फुंदरा (ग्रामीण महिलाएँ उन्हें बालों में बाँधती हैं, मोटा काला डोरा, बीच में धागों का लाल गुच्छा), चमकीली टिकुली लेकर नामदेव आया और उनके साथ जाकर माँजी ने रास्ते में पड़ने वाले पीपल के पेड़ की एक शाखा में बाँध दिया। घर आकर मुझे हिदायत दी कि अब कभी मुन्ना को उस पेड़ के नीचे से नहीं लाना-ले जाना।

मैंने स्वामीजी को यह घटना सुनायी और पूछा कि क्या वास्तव में पेड़ में कोई प्रेतनी थी, जो मुन्ना को रुला रही थी...?

स्वामीजी हँसकर बोले–तुम हनुमान चालीसा में पढ़ती हो न कि–

भूत पिशाच निकट नहीं आवे।
महावीर जब नाम सुनावे ॥

चौरासी लाख योनियों में एक योनि यह भी है। मृत्यु के बाद कर्म के अनुसार पुनर्जन्म होता है। हमारे यहाँ माना गया है कि तेरह दिन तक आत्मा भटकती है, फिर संसार में जन्म लेती है। कई लोग अकाल मृत्यु के शिकार होते हैं या जिनकी वासना अधूरी रहती है वे इस योनी में आते हैं और अवधि पूर्ण होने पर पुन: संसार में जन्म लेते हैं। पीपल के पड़ों में देवों का वास होता है, तभी लोग वहाँ दीपक जलाते हैं, उनकी पूजा करते हैं, वैज्ञानिक सत्य है कि सबसे ज्यादा ऑक्सीजन इन्हीं से मिलती है। प्रेत योनि कहीं-कहीं हवा के रूप में अपना अस्तित्व बनाये रखती है। पुराने लोग अपने अनुभव के आधार पर उनको शान्त या तृप्त करने का प्रयास करते हैं।

महान् संत या योगी अपने इच्छानुसार वहीं जन्म लेते हैं जहाँ सात्त्विक, आध्यात्मिक वातावरण हो। जैसे निरंजन ने अपने लिए इस घर को चुना। मैं विरोध में सिर हिला देती, निरंजन पिछले जन्म में चाहे कितने महान् संत रहे हों, इस जन्म में तो मैं नहीं चाहूँगी कि वे संत बने।

स्वामीजी कहते, तुम कौन होती हो या मैं कौन होता हूँ उनका दिशा-निर्देश करने वाला। अपने अन्तर्ज्ञान से वह स्वयं प्रकाशित होकर अपना मार्ग चुनेगा। उसका जन्म ही विश्व कल्याण के लिए हुआ है। मैं कोई साध्य नहीं हूँ, उसकी आध्यात्मिक चेतना को जगाने वाला एक साधन मात्र हूँ।

दीदी ध्यानस्थ होकर उनकी बातें सुनतीं, उनका संकल्प मानो दृढ़ होता जाता। जिस कार्य हेतु निरंजन जी इस धरा पर आए हैं, उस संकल्प की पूर्ति का समय भी आ गया था। माँ ने अपने कलेजे के टुकड़े को ऐसे वक्त, जब एक बच्चे को अपनी माँ की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, आँचल की छाँव चाहिए होती है, उस अवस्था में गुरु कार्य हेतु इस निष्ठुर मार्ग पर चलने के लिए पूर्ण समर्पित कर दिया। हुए होंगे ऐसे लोग जिन्हें हमने शास्त्रों में पढ़ा है, परन्तु वर्तमान में हमने अपने नेत्रों से देखा है।

दीदी-जीजाजी तो कृतसंकल्प थे, पर मैं निरंजन जी के संन्यास का विरोध करती रही। घर का चिराग, इकलौता बेटा डॉक्टर-इंजीनियर बनेगा, साधु-संत नहीं। एक बार मैंने गुस्से में आकर उन पर हाथ भी उठा दिया। अंतत: निरंजनजी मुंगेर आश्रम चले गये। मैं दीदी-जीजाजी से नाराज भी हुई, स्वामीजी की नाराजगी भी मोल ली, लेकिन उन्हें जाने से नहीं रोक पाई।

स्वामीजी नन्हें निरंजन को मुंगेर ले गये। मैं रायपुर स्टेशन में बेबसी में रो पड़ी थी। मैंने कलेक्टर भावे से उसी समय स्टेशन में कहा भी, 'आप स्वामीजी को अरेस्ट क्यों नहीं करते?' कलेक्टर भावे ने हल्के से मेरी पीठ थपथपा दी और स्टेशन से बाहर ले गये।

एक टॉकीज में जगद्‌गुरु शंकराचार्य फिल्म लगी थी। मेरे बहुत कहने पर दीदी, बुआ (अन्नपूर्णा) हम लोग पिक्चर गये। निरंजन कुछ ही माह के थे। बालक शंकराचार्य जी को माँ संन्यास पथ पर जाने से मना कर देती है, पर एक बार नदी में स्नान करते समय बालक शंकर के पैर को मगर पकड़ लेता है, वे माँ से कहते हैं–माँ मुझे संन्यास की अनुमति दो, अन्यथा यह मगर मुझे खा जायेगा।

माँ का हृदय, सोचती है–चलो संन्यासी बनकर ही सही, दुनिया में रहेगा तो। वह उन्हें अनुमति दे देती है। इस कारुणिक दृश्य को देखकर दीदी और बुआ के आँसू बहने लगे। मैं भी अपने को रोक नहीं पायी।

निरंजन जी को भी उनके माता-पिता ने सहर्ष विश्व कल्याण के लिए गुरु को अर्पित कर दिया। स्वामीजी ने कहा भी कि 'मेरे योगरथ को लक्ष्य तक पहुँचाने का आशीर्वाद तो उसे माँ गंगा और स्वामी शिवानन्द से प्राप्त है ही...। होता वही है जो विधि का विधान है, निमित्त भाग्यवान ही होते हैं।' उन्होंने आगे कहा–'योग वेदान्त 1955 के मार्च अंक में लेख पढ़ा होगा–सच्ची भेंट–जीवन के सुप्रभात में सांसारिक सुख-स्पर्श से रहित–शक्ति, ज्ञान और ब्रह्मचर्य से ज्योतिर्मय बालक का माता-रूपी जीवन-माली द्वारा, अपने नीर-क्षीर पिलाकर अपने हाथों से पोषण, और फिर उन्हीं पवित्र हाथों से अपनी आशा के पौधे को गुरुदेव को समर्पित करना ही सच्ची भेंट है।' धन्य हैं ऐसे माता-पिता। धन्य है ऐसी संतान और धन्य हैं ऐसी भेंट पाने वाले।

स्वामी शिवानन्द जी ने एक बार सत्संग में कहा था–'महापुरुष आकाश से नहीं टपकते। माँ की गोदी में खेलते हैं, धूल में गिरते-पड़ते और दौड़ते हैं। साधारण मानव जैसे ही रहते हैं। समय आने पर अनायास ही महापुरुषों के चरण-चिह्नों पर चलने लगते हैं।

महान् संतों के वचन अमिट हो जाते हैं। धन्य हैं स्वामी निरंजन, माता धर्मशक्ति और पिता सत्यव्रतानन्द जी। धन्य हैं हमारे स्वामी सत्यानन्द जी। धन्य हैं स्वामी निरंजन जी के

दादा गुरु स्वामी शिवानन्द जी, जो वास्तव में त्रिकालदर्शी रहे।

निरंजन जी का प्रथम विदेश प्रवास

कठोर श्रम साधना के पश्चात् स्वामीजी ने निरंजन जी को मात्र दस वर्ष की अवस्था में आयरलैंड भेज दिया। निरंजन जी के प्रथम विदेश प्रवास से पूर्व मैं दीदी, जीजाजी के साथ मुंगेर गई। उनसे बिछोह की कल्पना से मैं व्यथित थी। मैंने अवसर पाकर स्वामीजी से निवेदन किया, 'निरंजन को आप वापस जाने दें, इकलौता बेटा है।' स्वामीजी ने दो टूक उत्तर दिया, 'ले जाओ, रोकता कौन है?' हमारी वापसी में दो-तीन रोज थे, लेकिन मैं उन्हें आश्रम से बाहर ले जाकर खूब घुमाना, खिलाना चाहती थी। निरंजन तो जन्मजात विनम्र थे, मैंने उनका हाथ पकड़ा, जैसे ही हम गेट के पास पहुँचे, उन्होंने हाथ हौले से छुड़ा लिया। उनके होंठों में चिरपरिचित सरल सी मुस्कान थी, फिर बोले, 'इच्ची, अब जाऊँ?'

धीरे-धीरे लौटते हुए मेरी आँखों से ओझल हो गये। मैं जड़वत् वहीं बैठ गई, क्या मैं झरने के उद्दाम प्रवाह को अपनी हथेलियों से रोक सकती हूँ? नहीं न, फिर यह असफल प्रयास क्यों! मुझे क्या अधिकार है स्वामीजी के पितृतुल्य स्नेह से उन्हें वंचित करने का। निरंजन जी की जितना चिन्ता स्वामीजी को है क्या उतनी चिन्ता हम कर सकते हैं? मेरे मन का गुबार शान्त हो गया। निरंजन जी स्वामीजी के कक्ष में थे, दीदी मेरी प्रतीक्षा कर रही थी। उनकी मधुर वाणी में चिन्ता थी। मैंने वीतरागी माँ को देखा, जिसका पुत्र एक अनजान स्थान में एकाकी जा रहा है। पता नहीं कैसे रहेगा, कब लौटेगा? लेकिन उन्होंने सब भार गुरु के चरणों में सौंप दिया था।

संध्या समय प्रवचनमाला में स्वामीजी की बगल में निरंजन जी बैठे थे। स्वामीजी रामचरितमानस के रावण-अंगद संवाद के सम्बन्ध में बता रहे थे, जब रावण अंगद से कहता है–

सिर सरोज निज करन्ति उतारी।
पूजेउँ अमित बार त्रिपुरारी॥

अंगदजी ने रावण पर व्यंग किया–रावण, यदि शंकरजी को तुम्हारे सिर रूपी फूल पसन्द आते तो अपने पास रख लेते, लेकिन अस्वीकार कर तुम्हें वापस कर देते हैं। तुम्हारे लिये पतंगा और गधा, दो ही उपमायें योग्य हैं–

जरहि पतंग मोहं बस, भार बहहि खर वृंद।
ते नाहि सूर कहावती, समुझि देख मति मंद॥

मूर्ख पतंगे मोहवश स्वयं तो दीपशिखा में जलकर नष्ट होते हैं, दीपशिखा को भी बुझा देते हैं। क्या यह पतंगे का सच्चा प्यार है? विद्वान् तो दीपशिखा के प्रकाश का सदुपयोग करते हैं, बुझाते नहीं हैं। गधा चंदन की पवित्र लकड़ियों को भी ढोता है और कूड़े-कर्कट को भी, लेकिन वह मूर्ख है, तभी उसे दोनों में अन्तर नहीं मालूम।

स्वामीजी का प्रवचन चल रहा था और मैं अपनी अंतरात्मा को टटोल रही थी। वास्तव में मेरा मोह पतंगे की तरह तो नहीं है? क्या मैं भी गधे की तरह सत्-असत् में भेद नहीं कर पाती?

स्वामीजी के श्रीमुख से वचन उच्चारित हो रहे थे, 'प्रेम और ज्ञान का गुण-धर्म है फैलाव, उसके लिये धरती-आकाश भी कम है। सम्बन्धियों से जुड़ाव हमें दिखता है, अपरिचितों से नहीं। क्या हम धरती-आकाश-सूर्य-चन्द्रमा-तारे-हवा-जल से नहीं जुड़े हैं? प्रेम और ज्ञान के फैलाव को संकीर्ण विचारों से मत रोको। अपने प्रिय को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का हिस्सा बनने दो, खुद भी बनो।

मेरे बगल में बैठी दीदी ने प्यार से मेरे कंधे पर हाथ फेरा, मानो मेरे मन के ज्वार को शांत कर रही हो।

स्वामीजी के प्रवचन ने सारे विकार बहा दिये। जाते समय जब मैंने उनके चरण स्पर्श किये तो उन्होंने इतना ही कहा, 'रामरतन, आते रहना।' स्वामीजी प्यार से मुझे रामरतन कहते थे।

निरंजनजी के प्रथम बार विदेश प्रस्थान के समय मुझे मानस का वह प्रसंग याद आ गया जब विश्वामित्र और गुरु वशिष्ठ राजा दशरथ के दरबार में प्रवेश करते हैं। तप में विघ्न पहुँचाने वाले दुष्ट राक्षसों के संहार के लिये उनसे श्रीराम की याचना करते हैं। राम के वियोग की कल्पना से राजा दशरथ व्याकुल हो जाते हैं-

चौथेपन पायैउ सुत चारी।
विप्र वचन नहि कहेहूँ विचारी॥
सब सुत मोहि प्राण की नाई।
राम देत नहीं बनत गोसाई॥

राजा दशरथ व्याकुल होकर कहते हैं, ''राम तो अभी मात्र सोलह वर्ष के हैं, राजमहल की फुलवारी में चलने वाले राम वन के कंटक कैसे झेल पायेंगे?''

राजा दशरथ ने चौथेपन में चार पुत्र पाये, जबकि सत्यव्रत जी ने तीसरेपन के अंत में एक ही पुत्र पाया। राम तो किशोरवय के थे, निरंजन तो बाल्यावस्था में ही थे। जब बालक पिता से खिलौने की हठ करता है, माता की बगल में लेटकर कहानी सुनना चाहता है, उस अवस्था में हँसते हुए बेलाग होकर अनजान दिशा में चले जाना। गुरु की प्रेरणा से सत्यव्रतानंद जी इस सद्कार्य के लिये तत्पर हुए, ममता और आसक्ति से मुक्त होकर पुत्र को अभयदान दिया। पिता-पुत्र का तो यह अंतिम मिलन था, लेकिन योगीराज नन्हें पुत्र ने जान लिया था –

जल में कुंभ कुंभ में जल है, भीतर बाहर पानी।
फूटहिं कुंभ जल जलहिं समाना, कहे बात यह ज्ञानी॥

आत्मा पुन: परमात्मा में विलीन हो गई।

मैंने माता के धैर्य को देखा—राम को वानप्रस्थ में जाते देख लक्ष्मण भी जाने के लिये तैयार हो जाते हैं, तब माता सुमित्रा कहती है—

तात तुम्हार मात वैदेही, पिता राम सब भाँति सनेही।
अवध तहाँ जहाँ राम निवासु, ताहई दिवस जहाँ भानु प्रकाशु।
जो वे सियाराम वन जाही, अवध तुम्हार काज कछु नाही।

अर्थात् माता की स्मृति आये तो भाभी सीता को देखना, पिता की स्मृति आये तो राम को देखना, वनभूमि की मिट्टी को अयोध्या समझकर सिर-माथे से लगाना।

लेकिन कोमल पुत्र निरंजन जहाँ जा रहा है वहाँ बन्धु-बाँधव तो दूर, कोई स्वजन-परिजन भी नहीं। अनजान संस्कृति, अनजान परिवेश, अनजान भाषा—मात्र गुरु और माता-पिता के आशीष का संबल। गुरु के आशीष की छाया उन पर बनी रही, उनके माध्यम से अध्यात्म का प्रचार-प्रसार हुआ। नन्हें बालक की बुद्धि को मनीषियों ने सराहा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उनका व्यक्तित्व निखरता गया। माता पुत्र की यशोकामना करती हुई अपने कर्तव्य का निर्वहन करती रहती।

सत्यव्रतजी की समाधि

आयरलैण्ड से निरंजन जी के पत्र आते रहते। पत्र में चन्दामामा पुस्तक की फरमाइश होती। कभी लिखते, 'अम्माजी, आज न चंदन था न कुमकुम, पूजा कैसे करता? फिर मैंने पाउडर घोलकर चंदन बनाया और रूज का टीका लगाया।' कभी स्कूल का हाल लिखते, कभी धर्म माता का। फिर कैसेट भेजने लगे। दीदी टेपरिकार्डर में कैसेट लगाकर उनकी वाणी में ही सब हाल सुनती रहती। एक बार दीदी ने कैसेट लगाया, निरंजन जी ने अम्माजी, दादा जी (पिता को दादा ही कहते) का हालचाल पूछा था। वहाँ का हाल बताया। पिछले हिस्से को पलट कर लगाया तो गुरु-गंभीर वाणी में गीता का बारहवाँ अध्याय चल रहा था। दीदी को आश्चर्य हुआ कि निरंजन ने यह श्लोकपाठ क्यों किया।

एक हफ्ते पश्चात्, 31 दिसम्बर 1971 को जब सत्यव्रतजी आश्रम से लौट रहे थे, तब अचानक एक बस दुर्घटना में उनका स्वर्गवास हो गया। दीदी घर में खाना बनाकर उनकी प्रतीक्षा कर रही थी। तभी उन्हें यह हृदय विदारक सूचना मिली। मैं तुरन्त रायपुर से रवाना हो गई। आश्रम में बहुत भीड़ थी। दीदी सिरहाने बैठी उन्हें अपलक निहार रही थी।



जीजाजी के होठों में चिरपरिचित मुस्कान थी। और सिरहाने निरंजन जी के स्वर में गीता का बारहवाँ अध्याय चल रहा था। मुझे देखते ही दीदी के सब्र का बाँध टूट पड़ा। दीदी की असीम वेदना को मैं महसूस कर रही थी। पुत्र भी पास नहीं, पति भी असमय चल दिये।

सत्यव्रत जी को आश्रम में ही समाधि दी गई। दीदी की चिन्ता थी, इतनी बड़ी प्रेस की व्यवस्था कैसे सम्हालूँगी। योग विद्या और योग का कार्य पहले सत्यव्रत जी के साथ मिलकर सम्हालती थीं, उनके देहावसान के बाद दीदी ने वह जिम्मेदारी स्वयं उठा ली। दीदी के धैर्य और साहस को मैं जानती थी। गुरु के कार्य का दायित्व उन्होंने बड़े धैर्य, साहस व संयम से वैसे ही निभाया जैसे सत्यव्रत जी के समय निभाती थीं। दीदी रातभर जागती रहती। दीदी ने मुझे बताया, रात को मैं चिन्ता में डूबी हुई थी। नीचे ऑफिस में बैठी थी। अचानक एक जोगिया वस्त्र ने मुझको हल्के से स्पर्श किया। लगा कोई बोल रहा है, 'चिन्ता मत करो, मैं साथ हूँ।'

अचानक दूसरे दिन से कई लोग आ गये। किसी ने रुका हुआ पैसा दे दिया, किसी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। नये-नये आर्डर मिलने लगे। सारे नौकर पूरे उत्साह से प्रेस की छपाई में लग गये। योगविद्या तो हर माह प्रकाशित होती ही थी। रसीदबुक, पर्चे, प्रश्नपत्र, बैंक-कचहरी के कागजात, सबके ऑर्डर मिलने लगे। कई बार दीदी कार्य की बहुलता के कारण उन्हें विनम्रता से लौटा देती। स्वामीजी का वरदहस्त तो था ही। कई लोग शाम को दिनभर का हिसाब-किताब भी कर देते। स्वामीजी ने उनसे मुंगेर में रहने का आग्रह किया, पर दीदी ने इन्कार कर दिया। अभी बहुत से काम अधूरे हैं, पूरा करके ही आऊँगी। जब तक वे राजनाँदगाँव में रहीं, प्रेस के कार्य को अपने कुशल प्रबंधन से सुचारु रूप से संचालित किया।



दीदी का संघर्ष

मेरे जीवन में सत्यव्रत जी ने पिता का दायित्व निभाया। मेरे विवाह के लिये चिन्तित रहते थे, लेकिन उनके निधन के छह माह बाद ही मेरा विवाह हुआ। दीदी अक्सर मुझसे मिलने रायपुर आती। बस से उतरकर रिक्शे में घर पहुँचती। उनका गोरा रंग, माथे में कुमकुम की बड़ी सी बिंदी, मांग में चौड़ा सिंदूर, मंगलसूत्र, सिर में पल्ला, पैरो में आलता, बिछिया, पायल। रिक्शे से उतरते देख मोहल्ले की औरतें कहतीं, 'ऐसा लगता है दुल्हन डोली से उतर रही है।'

और दुल्हन को नजर लग गई। दीदी जीजाजी की प्रिय बड़ी की सब्जी बनाकर भोजन के लिये प्रतीक्षा कर रही थी, तभी उन्हें हृदयविदारक समाचार मिला। यह भी एक विडम्बना है कि वर्ष के अंतिम दिन जीजाजी का स्वर्गवास हुआ और दूसरे दिन नये वर्ष की शुभकामनाओं के ढेरों कार्ड मिले।

उसके बाद दीदी के जीवन के संघर्ष की शुरुआत हुई। उन्हें अकेले ही सब झेलना था, लेकिन स्वामीजी का आशीष रहा और दीदी ने अपने को नये कलेवर में ढाल लिया। प्रेस का सारा दायित्व दुर्बल कंधों पर ले लिया, लोगों का सहयोग मिलता रहा।

सन् 1972 में मेरा विवाह हुआ। दीदी ने अपना सब कुछ लुटा दिया। पारिवारिक दायित्व, नौकरी, बच्चे, मैं मुश्किल से दीदी के पास जा पाती। दीदी प्रेस में व्यस्त हो गई। बैंक जाना, ऑडिट करवाना, प्रूफ रीडिंग करना, मशीन के पुर्जे, कागज, स्याही, कर्मचारियों के वेतन, सबकी व्यवस्था अकेली करती।

मैंने उन्हें भारी संघर्ष करते देखा है। एक बार दीदी को अस्थमा का भारी अटैक आया, वे हॉस्पीटल में अकेली थीं। सिलेन्डर लगा हुआ था। उनकी वेदना से मैं रो पड़ी थी। डॉ. मोहबे दीदी का इलाज करते थे। प्रेस के पीछे आँगन, फिर बरामदा उसके बाद छोटा-सा ऑफिस, जहाँ रात को दीदी लेखा-जोखा करती। बरामदे से ऊपर सीढ़ी जाती, पहले चौका फिर शयनकक्ष, फिर पूजा कमरा। आगे छत, वहाँ छोटा-सा बाथरूम जैसा बना हुआ था। शयनकक्ष में टेबल में एक गोल्ड कवरिंग घड़ी थी, जिसे निरंजन जी ने दिया था। दीदी टॉर्च जलाकर घड़ी देखती, फिर बाथरूम जाती।

एक बार रात्रि के एक बजे उनकी नींद खुली। छाती में भारीपन लगने लगा। पूरा घर ही भारी लग रहा था। लगा सीढ़ी में कोई है। दीदी ने घड़ी देखी, दो बज रहे थे। दीदी छत में गई, वापस आने पर टॉर्च जलाकर देखा। घड़ी वहाँ नहीं थी। लगा कोई सीढ़ी से उतर रहा है। धीर-धीरे भारीपन कम होता गया। दीदी ने रेलिंग से चौकीदार को आवाज लगायी। चौकीदार ने आस-पास सब जगह देखा, चोर भाग गया था। दीदी ध्यान में बैठ गई। उन्हें चोर का आभास भी हो गया, घर में अक्सर आने वाला व्यक्ति जिसे दीदी आर्थिक मदद भी देती, लेकिन दीदी ने उसे क्षमा कर दिया।

अल्प शिक्षिता दीदी ने शीघ्र ही अँग्रेजी-हिन्दी भाषा पर अधिकार पा लिया। दिनभर काम में लगी रहती, ऑफिस में बैठकर प्रूफ रीडिंग करती, आर्डर लेती, काम समय पर पूरा करवा कर देती। कितनी समस्याएँ! कहीं कम्पोजीटर नहीं आया, कभी कम्पोजिंग के अक्षर घिस गये, कभी कटिंग मशीन खराब हो गयी, कभी स्याही की कमी, लेकिन ईश्वरीय कृपा से सारी समस्याओं का समाधान हो जाता। दीदी काम से उठकर ऊपर जाती और थोड़ी ही देर में उनका भोजन पक जाता। कितने ही लोग खाते, अन्नपूर्णा का भण्डार भरा ही रहता। भोजन भी सुस्वादु, प्रेस के कर्मचारी भी भोजन कर लेते।

प्रात: चार बजे उठकर, आसन-प्राणायाम कर स्नान, नेति करके ध्यान-पूजन में बैठना। चाय उन्होंने कभी नहीं पी, एक कप दूध लेकर सात बजे नीचे उतरकर ऑफिस सम्हाल लेती। डॉ. महोबे नाराज भी होते–अस्थमा वालों को तो सूर्योदय के बाद ही उठना चाहिये, दस-ग्यारह बजे स्नान करना चाहिये, पर दीदी अपने नियम को तोड़ती ही नहीं थी। दीदी ने एकाकीपन को भारी कष्ट से झेला, लेकिन चेहरे में कभी शिकन नहीं दिखाई दी। मैं वहाँ रहने जाती तो घबराहट होती। प्रेस के पिछले दरवाजे से अंदर आना। छोटी दीवार का कम्पाउण्ड, पूरा सूनापन। छोटा-सा आँगन, फिर ऊपर जाने की सीढ़ी, खुला चौका, फिर दीदी का कमरा।

मैं दीदी के पीछे साये की तरह लगी रहती। मेरा रहना उनको बहुत अच्छा लगता। शादी के बाद थोड़ी रुकावट आई, चाहकर भी मैं वहाँ नहीं जा पाती। दीदी जब मुंगेर गई तब थोड़ा ठीक लगा। मैं उनसे मुंगेर जाकर मिल नहीं पाती थी, क्योंकि ससुराल वालों का नजरिया बहुत अलग था। साधु-संतों से उन्हें परहेज था। बिलासपुर में कुछ ऐसी घटना हो गई थी कि उन्हें साधु-संतों से चिढ़ हो गई थी। मैंने भी उनका विरोध नहीं किया। दीदी के पत्र आते थे। वे मेरी मजबूरी समझती थी और मुझे समझाती भी थी। सोनू-मोनू आश्रम का अर्थ छोटी-सी कुटिया समझते थे। साधु-संत याने जटाजूट वाले चिमटाधारी संन्यासी।

मुंगेर आगमन

सन् 1984 में दीदी का मुंगेर जाना तय हुआ। राजनाँदगाँव से इतना गहरा रिश्ता, घर-गृहस्थी के जतन से जोड़े गये सामान। दीदी ने सब बाँट दिया। निरंजन जी के खिलौने, किताबें दीदी ने सोनू-मोनू और शिवेन्द्र को दे दीं। दीदी ने कहा, 'रत्ना, तुझको जो ले जाना हो ले जा।' मेरी तो सबसे कीमती चीज जा रही थी, मैं क्या ले जाती। फिर मैंने चिप्स कटर उठा लिया। जब निरंजन जी छोटे थे, मैं उन्हें लेकर मीना बाजार गई थी। उन्होंने चिप्स कटर उठा लिया और लेने की जिद करने लगे। वही मेरे लिए बहुमूल्य था। आज भी वह मेरे पास सुरक्षित है।

अब अम्माजी का अलग जीवन था, अलग व्यक्तित्व था। राजनाँदगाँव की दीदी यहाँ सब की अम्माजी बन गईं। वह वात्सल्य, दुलार, स्नेह जिस पर एक संतान का हक होता है,

मुक्तहस्त से सब पर प्रेम वर्षा होने लगी। इस शीतल छाया में हर किसी को प्रेम, शान्ति, आनन्द, जिसने जो चाहा मिला। अम्माजी के कारण आश्रम कई लोगों के लिए घर बन गया, जहाँ उन्हें अपनापन, प्रेम, सहानुभूति सब मिलती थी। दिल से आशीर्वाद मिलता था। उनके सान्निध्य में तृप्ति मिलती थी। अम्माजी सब का कुशल-क्षेम पूछतीं थीं। उनकी स्मरणशक्ति गजब की थी। सालों पुरानी बातें इस तरह बतातीं थीं मानो कल की ही घटना हो, और वह कालखण्ड जीवन्त हो उठता था।

समय अपनी गति से आगे बढ़ रहा था। आश्रम के कार्यों में अम्माजी की सक्रियता बरकरार रही। जहाँ जैसी जरूरत हो; वे सदा उपस्थित रहतीं थीं। जिसे जैसी आवश्यकता हो; वे त्वरित मदद पर आतीं थीं। सदा सबको सहयोग प्रदान करतीं थीं। जब अम्माजी मुंगेर आईं तब परमहंस जी ने उन्हें और भी जिम्मेदारियाँ दीं, जिन्हें उन्होंने कुशलतापूर्वक निभाया। पंचदशनाम परमहंस अलखबाड़े की अध्यक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय योग मित्र मंडल की अध्यक्षा के रूप में उन्होंने गुरु कार्य को निरंतर आगे बढ़ाया।

पिताजी ने क्यों कहा कि उनकी बेटी विलक्षण है?

प्रकाश भैया, जो पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रोफेसर थे, दीदी के अत्यन्त करीब रहे। दीदी के प्रति उनकी श्रद्धा भक्ति का रूप ले रही थी। भैया बताते थे कि दीदी कभी किसी काम को कहती, जैसे, प्रकाश यह सामान पण्डित जी के घर पहुँचाना, पण्डितजी पूजा करके भोजन करने बैठे होंगे, लेकिन तुम्हारे जाते तक बैठक में पहुँच जायेंगे।' होता सब ऐसे ही। कभी पैसे देकर कहती–इसे दर्जी बिसादू को देना, वह रामाधीन मार्ग के पानठेला में खड़ा मिलेगा। कभी हरछठ की पूजा के लिए आँगन में सगरी न खुदवा कर बड़े से पीतल के परात में मिट्टी मँगाकर सगरी बनवाती। पूजा के लिए आई महिलाएँ आश्चर्य से पूछतीं तो कहतीं, 'ठीक दो बजे मूसलाधार पानी गिरेगा, इसीलिए मैं बरामदे में व्यवस्था करवा रही हूँ।

एक दिन शहडोल के पास श्मशान में अचानक प्रकाश भैया पहुँच गये, दीदी मुंगेर चली गई थी। दीदी के दर्शन की प्यास थी, इसीलिए मन अनमना था। तभी एक अघोरी दिखायी दिया, जिसने काले वस्त्र और विचित्र काँच की बड़ी-बड़ी मोतियों की माला को हाथ, गले और भुजाओं में धारण कर रखा था, आँखें लाल, तीखी घूरती हुईं, लेकिन आवाज में उतनी ही मधुरता, 'तू मुंगेरवाली माँ के बारे में सोच रहा है न? चौदह तारीख को निकल जा। चौबीस तारीख को आ जाना और यह एक मुखी रुद्राक्ष उन्हें दे देना।'

कॉलेज में छुट्टी की कोई गुंजाइश नहीं थी। अचानक किसी हादसे से कॉलेज दस दिन के लिए बंद हो गया। प्रकाश भैया मुंगेर चले गये। एक मुखी रुद्राक्ष में उन्होंने सोने का आवरण चढ़ाकर दीदी को दिया। दीदी बहुत खुश हो गई। बोली, 'प्रकाश मैं तो तुम्हारा रास्ता ही देख रही थी।'

गुरु-कृपा

मैंने बचपन में स्कूल में पढ़ा था –

कदली, सीप भुजंग मुख, स्वाती एक गुन तीन।
जैसी संगत बैठिये तैसे ही फल दीन॥

अर्थात् स्वाति नक्षत्र का जल केले में पड़े तो कपूर, सीप में मोती और सर्प के मुख में पड़े तो विष बन जाता है।

लेकिन ऐसा होता तो गुरु द्रोणाचार्य ने तो कौरवों और पाण्डवों को एक ही शिक्षा दी थी न! फिर कौरव क्रोधी, अहंकारी, स्वार्थी क्यों निकले, जबकि पाण्डव उतने ही सहनशील, विनम्र और हर विद्या में पारंगत निकले?

समुन्दर के खारे जल को बादल मीठे जल में परिवर्तित कर सबके आंगन में एक सा बरसता है, लेकिन नीम के पौधे में जल बरसता है तो नीम की कड़वाहट और बढ़ जाती है, मिर्च के पौधे में गिरकर जल उसके तीखेपन को और बढ़ा देता है, नीबू के पौधे में वही जल खटास को और बढ़ा देता है, लेकिन गन्ने के खेत में गिरे तो गन्ने की मिठास बहुत बढ़ जाती है। इसलिये गुरु की कृपा ऐसे बरसे कि मन का विष बह जाये, केवल अमृत रह जाये।

गुरु कृपा स्वामी निरंजन पर ऐसी बरसी कि समूचा शरीर अमृत का प्याला बन गया। विवेक-वैराग्य हो जाने पर चित्त निर्मल हो जाता है। उसमें क्षमा, सरलता, पवित्रता, प्रिय, अप्रिय में समता का भाव आने लगता है। भक्ति से गुरु की सेवा, मन, इन्द्रिय, शरीर निग्रह, सांसारिक आसक्ति का अभाव, इनका साकार रूप निरंजन जी हैं।

उक्त कथन का तात्पर्य है कि स्वामी निरंजन से सालों पूर्व मैं परमहंस जी के संपर्क में आई, दीदी-जीजाजी की पावन छत्र-छाया में रही, फिर क्यों चित्त निवृत्ति में शून्य रही। स्वामीजी के साथ कर्मयोग किया। उनके साथ जाकर आसन प्रदर्शन करती तो स्वामी जी कहते–रामरतन, तुम तो एम.ए. हो गई (मास्टर ऑफ आसन)। नवागाँव के चौबेजी ने ग्राम फरहद में दिव्य जीवन संघ के लिये जमीन दी थी, वहाँ हम सब बच्चों को ले जाकर वृक्षारोपण कराया, वृक्षों के महत्त्व से अवगत कराया। पास ही पहाड़ी में चढ़ने की प्रतियोगिता होती, स्वामीजी सबसे पहले चढ़ जाते, हम लोग पीछे रह जाते, स्वामीजी हँसते, 'पहाड़ों के बीच मेरा जन्म हुआ है, हिमालय की तराई में साधना चली है, फिर भला तुम लोगों से आगे क्यों न रहूँ!'

हमेशा मुझको देखकर भजन गाते, 'पायो जी मैंने रामरतन धन पायो।' उन्हीं के आग्रह से मैंने कॉलेज में दर्शन विषय लिया, वे सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक पर घंटों चर्चा करते। धर्मयुग में, जो उस समय एक नामी पत्रिका थी, छपे मेरे लेख की तारीफ करते। साहित्यिक पृष्ठभूमि का मेरा परिवार रहा। पिताजी, दीदा, भैया, सब साहित्य के प्रति अनुरक्त रहे।

स्वामीजी ने दीदी को पत्र भी लिखा, जो योग साधना में भी छपा है, 'रत्ना मेरी धरोहर है।'

मैं क्षमा याचना करती हूँ–

प्रभु मोरे अवगुन चित्त न धरो
समदर्शी है नाम तिहारो, चाहो तो पार करो
इक लोहा पूजा में राखत,
इक घर बधिक परो ।

गुरु की कृपा तो मुझ पर और निरंजन जी पर बराबर पड़ी, लेकिन मुझे एक प्रसंग याद आता है–एक शिल्पकार ने एक प्रस्तर खंड उठाया, ताकि उसे तराश कर सुन्दर आकृति दे सके। प्रस्तर खंड ने ज्योंही छेनी, हथौड़े को देखा, वह पीड़ा के भय से काँप उठा, शिल्पकार के हाथ से छूटकर नीचे की ओर लुढ़कता गया।

शिल्पकार ने दूसरा प्रस्तर खण्ड उठाया, छेनी-हथौड़े से उसे तराशने लगा। उसके अंग-प्रत्यंग सुन्दर रूप में ढलने लगे। प्रस्तर खंड देव प्रतिमा में परिवर्तित हो गया। केसर, चंदन से सुवासित मंदिर में उसकी आराधना होने लगी। भीरू प्रकृति का प्रस्तर खंड निचले क्रम में सीढ़ी के काम आया, जिसे पैरो से रौंदकर लोग देव प्रतिमा तक पहुँचते।

मैंने अपनी न्यूनता और स्वामी निरंजन की महानता को सतत् अनुभूत किया। मेरी वेदना पत्र में व्यक्त हुई, तब उनका पत्र आया–

इच्ची,
क्या हीनता, क्या महानता
एक वृक्ष के दो डाल ।
फुदक कर इधर से उधर
वहाँ (बागबहरा) से यहाँ (मुंगेर)
—— ॐ निरंजन

इच्ची,
क्या हीनता, क्या महानता
एक वृक्ष के दो डाल।
फुदक कर इधर से उधर
वहाँ (बागबहरा) से यहाँ (मुंगेर)
ॐ निरंजन

परमहंस जी से विवाह के बाद भेंट ही नहीं हुई, पर उनके हृदय में मेरी स्मृति हमेशा बनी रही। एक बार जब स्वामीजी रिखिया में पंचाग्नि साधना में रत थे, मैं उनके दर्शन हेतु गई। पट बंद हो चुके थे, स्वामी वज्रपाणि जी ने कहा, 'स्वामीजी अभी-अभी साधना में बैठे हैं, अब उनके दर्शन नहीं हो सकते।' मैं बहुत निराश हो गई, आँखों से बेबसी के आँसू बहने लगे। मैंने रजिस्टर में अपना नाम लिख दिया, रामरतन (रत्ना), फिर हम बैजनाथधाम बाबा के दर्शन को चले गये। दीदी का पत्र आया, 'स्वामीजी तुम्हारी बहुत याद कर रहे थे, बोल रहे थे–रामरतन मुझसे नहीं मिल पाई तो क्या, आखिर बाबा के दर्शन तो हुए न! उससे कहना शतचण्डी यज्ञ में अवश्य आये–मेरा आशीष हमेशा उसके साथ है।'

दीदी मुंगेर से हमेशा पत्र लिखती, निरंजन जी के कार्यक्रम का विवरण या स्वामीजी की मंगल कामना का उल्लेख करती। स्वामीजी रम्मू भैया, प्रकाश भैया, शिव भैया के भी हालचाल पूछते, कहते–'रत्ना ससुराल में ठीक तो है न?'

मैं शतचण्डी यज्ञ में व्यौहारजी, सोनू, मोनू को लेकर पहुँची। एक तरफ निरंजन जी, बीच में स्वामीजी और दूसरी तरफ सत्संगी जी। मुखमण्डल में सौम्यता और तेज, वाणी में मधुरता, मेरे स्वामीजी पूर्ववत् ही लगे। हमलोगों को चरणस्पर्श का सुअवसर मिला। उनकी आँखों में वैसी ही ममता छलक रही थी, बोले–'बस, अब जाने की तैयारी है।'



मैं आहत हो गई, मैंने कहा, 'इतनी माया फैलाकर अब कहीं नहीं जायेंगे।'

यह मेरा सहज आग्रह था, पर मुझे क्या मालूम था कि वास्तव में यह उनसे मेरा अंतिम संवाद था। उनकी वात्सल्य मूर्ति, बालसुलभ हँसी, देवतुल्य देहयष्टि, हमने उन्हें क्यों खो दिया?



दीदी की शिक्षा

दीदी हमेशा समझाती थी, 'कुछ अच्छा करने के संकल्प के साथ नींद से उठो। संग्रह से बचो, देने में आनंद महसूस करो।'

मैंने कहीं पढ़ा था, एक छोटा-सा बच्चा आइस्क्रीम पार्लर जाकर बैरे से पूछता है, 'बड़ा वाला कप कितने का?' उत्तर मिला, 'पचीस रुपये का।' 'और उससे छोटा?' 'बीस रुपये का।' बच्चा कुछ देर सोचकर फिर पूछता है, 'और उससे छोटा कप?' बैरा उत्तर देता है, 'पन्द्रह रुपये का।' बच्चा टेबल पर बैठ जाता है, 'ठीक है पन्द्रह वाला दे दो।' बैरा झुंझला जाता है और पन्द्रह वाला कप लाकर दे देता है।

बच्चा आइस्क्रीम खाकर चला जाता है। बैरा कप उठाने आता है तो देखता है कि प्लेट में दस रुपये टिप के रखे हैं। बैरे की आँखों में आँसू आ जाते हैं।

बच्चे का प्यार भरा टिप, जो देने की क्रिया से उपजा था, वह ताबीज बनकर बैरे को तो उदार बना ही सकता है।

मुंगेर-रिखिया में दान वृत्ति बढ़ती ही जा रही है। वस्त्र, आभूषण, बर्त्तन, चादर, कंबल, बाल्टी के अलावा साइकिल, रिक्शा, ऑटो से लेकर ट्रैक्टर तक। औषधालय में नि:शुल्क चिकित्सा, बच्चों को स्वादिष्ट भोजन और सुन्दर वस्त्र। गायन, नृत्य, कर्मयोग, सबमें पारंगत बच्चे। निरंजन जी ने एक बाल योग मित्र मंडल के नन्हें सदस्य को प्यार से सहलाते हुए पूछा, 'इच्ची, इनका स्वभाव आपको कैसा लगा?'

उत्तर तो असंख्य हैं, ऐसे संस्कारी बच्चों से क्या राष्ट्र संस्कारित नहीं होगा? फाह्यान बौद्ध ग्रंथों के दुर्लभ संकलन लेकर जलयान से लौट रहे थे, साथ में तक्षशिला के कुछ विद्यार्थी भी थे। अचानक तेज लहर उठने लगी, नौका डूबने की स्थिति में आ गई। नाविक चिल्लाया, 'पुस्तकें फेंक दो, बोझ कम करो।' इससे पहले कि फाह्यान उन ग्रंथो को फेंकते, सारे भारतीय विद्यार्थी समुद्र में कूद पड़े। अपने प्राण देकर भी उन्होंने भारत की अमूल्य धरोहर की रक्षा की। यही संस्कार बच्चों में डालने हैं। खुशहाल जिंदगी तभी सार्थक है जब हम दूसरों के लिये जीयें।

टेलीफोन का आविष्कार करने वाले एलेक्जेन्डर ग्राहम बेल को यह सुख नसीब नहीं हुआ कि अपने परिवार से बात कर सके, क्योंकि उनकी पत्नी और बेटी सुन नहीं सकती थीं, पर बेल का आविष्कार दुनिया के लिये उपयोगी बना। यही बात उन्हें श्रेष्ठ बनाती है।

निरंजन जी का अभिषेक

सन् 1993 में मुंगेर में स्वामी सत्यानन्द त्याग स्वर्ण जयन्ती एवं विश्व योग सम्मेलन मनाया गया। निरंजन जी ने आने का आग्रह किया। बच्चे जिद करने लगे। ब्यौहारजी भी जाने को तैयार हो गये, हम लोग सपरिवार मुंगेर गये। सोनू-मोनू आश्रम और उसकी गतिविधियों से बहुत प्रभावित हुए, दीदी की ममता और निरंजन भैया के स्नेहाशीष से अभिभूत हुए। रामानंद सागर काषाय वस्त्र ओढ़े, आश्रम परिसर में मगन घूमते रहते। भागलपुर की कृष्णा देवी के मानस प्रवचन से बहुत प्रभावित हुए। थलसेना अध्यक्ष, जनरल जोशी सपरिवार पधारे थे। जाते-जाते हेलीकाप्टर से आश्रम में फूल बरसाते रहे। जगन्नाथपुरी में रथयात्रा के समय जनता की भीड़ महाप्रभु को तो भक्ति से निहारती ही रहती, लेकिन अधिकतर लोगों ने बताया कि वे अपने राजा गजपति महाराज को देखने आये हैं। स्वर्ण मण्डित बुहारी से जो महाप्रभु का मार्ग प्रशस्त करते हैं, चांदी के कलश से गंगाजल छिड़कते हैं, सब अपने राजा की ऐसी मोहक छवि देखकर हर्षित होते हैं। वे ही गजपति महाराज राजकीय गरिमा से मुक्त होकर आम भक्त की भाँति प्रवचन का लाभ लेते रहते। कुख्यात तानाशाह, युगांडा के राष्ट्रपति का बेटा वीटल्स संभवत: शांति की तलाश में आया था। घुटे सिर, काषाय वसन, सतत् ध्यान में रत।

सप्त नदियों के पवित्र जल से विज्ञ पंडितों ने निरंजन जी का अभिषेक किया। यज्ञ-मंडप में दीदी के पास खड़े होने का सौभाग्य मुझे मिला, क्योंकि निरंजन जी को अभिषेक के पश्चात् मुझे ही वस्त्र देने थे। अभिषेक के पश्चात् उनकी आरती की जा रही थी, तभी एक लौ मेरे दाहिने कंधे पर आ गई। लगा अब यहीं अग्नि स्नान हो जायेगा। दीदी ने अपने ऊर्ध्ववस्त्र से दबाकर लपट को शांत किया। निरंजन मेरे सन्मुख आकर खड़े हुए, उनके होंठों में शरारतपूर्ण मुस्कान थी, बोले, 'इच्ची, आखिर आपको जोगिया देना पड़ा न।' बहुत सालों बाद याद आया कि कहीं विधाता ने मेरे दायें हाथ को दंडित कर अग्नि में शुद्ध तो नहीं किया!

माँ धर्मशक्ति की महासमाधि

प्रकृति का नियम है; हर देहधारी को एक दिन अपनी देह त्याग पराशक्ति में विलीन होना होता है। स्वामी धर्मशक्ति जी की भी जाने की बेला पास आ रही थी, पर जाएँ तो कैसे? प्रकृति ने उनके लिए अवसर चुना, एक उत्सव; मदनोत्सव; वसंतोत्सव, उल्लास पर्व। नियति की रचना, जाने-अनजाने सैकड़ों लोगों का हुजूम विदा देने खड़ा था। साक्षात् देवी माँ उपस्थित थीं, गुरु का अप्रत्यक्ष सान्निध्य था, समय अनुकूल था, एक भरा-पूरा परिवार था। माँ धर्मशक्ति अपने बसंती नाम को बसंतोत्सव पर सार्थक कर गईं। 24 घंटे बाद उन्हें भू-समाधि दी गई। शरीर मक्खन की तरह स्निग्ध व जीवन्त था। आज भी हम आश्रम में जहाँ भी रहें; उनकी उपस्थिति का आभास होता है। ऐसी प्रेममयी माँ को हमारा कोटि-कोटि नमन।



माँ धर्मशक्ति

स्वामी शंकरानन्द सरस्वती

बिहार योग विद्यालय, मुंगेर के गंगा दर्शन परिसर में नपे-तुले कदमों से विचरण करती एक नारी मूर्ति पर दृष्टि पड़ते ही मन अनायास भावुक हो उठता है तथा मस्तक नत हो जाता है। अपने पैरों की ही ओर देखती उनकी आँखों में सदा करुणा का अथाह सागर लहराता रहता है, उसके मात्र एक दृष्टि-स्पर्श से संपूर्ण मन आश्वस्त हो जाता है। ये ही हैं माँ धर्मशक्ति, सबकी अम्माजी, जिन्होंने जीवन का अर्थ केवल 'देना' ही समझा है, गुरु-सेवा ही माना है और गुरु के मिशन के निमित्त तन, मन, धन, जीवन और सर्वस्व का अशेष समर्पण ही जाना है। उन्हें केवल एक संत कहना हल्का लगता है, उनके परिचय के लिए ये शब्द छोटे हो गये हैं।

मध्यप्रदेश के छुईखदान स्टेट के वकील श्री गोवर्धनलाल जी की छह संतानों में प्रथम बिनी या बसंती का जीवन प्रारंभ तो हुआ पुष्प हिंडोले पर किन्तु शेष जीवन छत्तीसगढ़ की पथरीली धरती के समान सदा असमतल रहा। उन्हें पथ में काँटे ही बिखरे मिले, जिन्हें वे पलकों से चुनती रहीं और अपने पावन-स्पर्श से उन्हें कोमल पुष्प-पंखुड़ियों में बदलने की साधना करती रहीं। आध्यात्मिक साहित्य, महापुरुषों और सन्तों की जीवनियाँ तथा रामायण इनके प्राथमिक शिक्षा के आधार बने तो सदा बने ही रह गये। इनके सुमधुर स्वर में रामायण पाठ को सुनकर, रामायण के मर्मज्ञ छुईखदान स्टेट के ही तहसीलदार श्री धनुलाल जी इन्हें अपने सुपुत्र श्री सत्यव्रत श्रीवास्तव की धर्मपत्नी बनाकर 13 वर्ष की अल्प आयु में अपने घर ले आये।

इसी के साथ प्रारंभ हुआ बसंती जी का जीवन संग्राम, जिसमें शरद की चाँदनी और जेठ की लू के झोंके साथ-साथ आते रहे। सरल, उन्मुक्त, स्नेही, हर-दिल-अजीज श्री सत्यव्रत जी सा जीवन-साथी सौभाग्य से ही मिलता है। बसंती जी के दिनभर के थके-हारे जीवन में उनकी उपस्थिति उन्मुक्त सावन की फुहार सी होती थी, जो हर संघर्ष में बसंती जी को नये उत्साह से जुटने की प्रेरणा देती रहती।

1957 में दोनों पति-पत्नी परमगुरु स्वामी शिवानंद जी के सम्मुख उपस्थित थे। सत्यव्रत जी ने मंत्र-दीक्षा ली और बसंती जी की ओर देखा, पर इसके पूर्व कि वे कुछ बोलतीं, स्वामी जी ने कहा– 'इनका गुरु इनके घर आयेगा।'

और गुरु आये। स्वामी शिवानंद जी के ही प्रिय शिष्य, कर्म और सेवा की मूर्ति, जो त्याग और तप की अग्नि में तपकर कुन्दन की दीप्ति लिए अपने गुरु के आदर्शों के बीज छत्तीसगढ़ की धरती में बुनते फिर रहे थे। युवा संन्यासी स्वामी सत्यानंद जी ने बसंती जी को राजनांदगांव स्टेशन पर जब देखा, तो बोल पड़े थे– 'आप भी माताजी?' 1958 की सावन पूर्णिमा के एक दिन पूर्व वह सुअवसर आ गया। स्वामी सत्यानंद जी, जिन्होंने आजीवन शिष्य होने की सोच रखी थी, अपनी प्रथम शिष्या बसंती के गुरु बने। प्रथम दर्शन की माताजी, धर्मपुत्री बन गयी। बसंती जी धर्मशक्ति बन गयी। उसी के साथ उसी समारोह में एकत्र पचासों नर-नारियों ने समवेत रूप में मंत्र दीक्षा ग्रहण की। धर्मशक्ति जी की साधना, श्रद्धा और भक्ति ने जो अलकनंदा का बांध तोड़ा, तो फिर स्वामी सत्यानंद जी की करुणा की गंगा सहस्रों नहीं, असंख्य सगर पुत्रों को तारने के निमित्त चल पड़ी।

इसी वर्ष श्रीवास्तव दम्पत्ति स्वामी जी और अन्य भक्तों के साथ उत्तराखंड की यात्रा पर गये थे। वहाँ गंगोत्री में धर्मशक्ति जी को विलक्षण आध्यात्मिक अनुभव हुये। वे गुरु के मिशन में योगदान देने हेतु सदा तत्पर रहने लगी थीं। उनके मन में एक संकल्प आया जिसकी चर्चा उन्होंने सत्यव्रत जी से की।

सत्यव्रत जी ने धर्मशक्ति की कामना श्री स्वामीजी के समक्ष प्रकट की, कि धर्मशक्ति एक सन्तान चाहती हैं। श्री स्वामीजी ने तत्काल हाँ तो कर दिया पर एक शर्त्त के साथ कि सन्तान को गुरु-सेवा के लिए अर्पित कर देना होगा। दम्पत्ति ने आनन्दातिरेक में हाँ कहा और श्री स्वामीजी ने गंगा जल हाथ में ले आशीर्वाद दिया– 'पुत्रवती भव'।

1960 की 14 फरवरी को, विवाह के 24 वर्षों के बाद 36 वर्ष की आयु में धर्मशक्ति के आंगन में एक शिशु की किलकारियाँ गूँज उठीं। अभी माँ ने शिशु को जी भर प्यार भी नहीं किया था कि सवा महीने बाद 20 मार्च को, विश्वामित्र के रूप में स्वामी सत्यानंद जी आ गये। गंगोत्री के उस संकल्प की याद दिलाने। 'अपने संकल्प को पूरा करो। तुम्हारी गोद में मानवता की धरोहर है। अपने मातृत्व के इस पुष्प को संन्यासी की झोली में डाल दो।' पति-पत्नी की आँखें मिलीं। बसंती जी ने आनंद से गुरु जी की फैली बाँहों में अपने पुत्र को डाल दिया– 'प्रभु स्वीकार करो मेरी भेंट।' महाराज दशरथ को विश्वामित्र के हाथों में राम को सौंपते समय कितना मोह हुआ था, आदि शंकराचार्य की माँ ने भी विवश होकर ही पुत्र को संन्यास लेने की अनुमति दी। पर सत्यव्रत जी एवं बसंती को अपनी प्रौढ़ावस्था में प्राप्त एकमात्र संतान को अपने गुरु की झोली में डालते समय जरा भी झिझक न हुई।

धर्मशक्ति जी ने जो किया उसे क्या त्याग कहेंगे? क्या गुरु-भक्ति कहेंगे? नहीं ये शब्द बौने प्रतीत होते हैं।

फिर सत्यव्रत और धर्मशक्ति, दोनों योग के प्रचार-प्रसार में जी-जान से जुट गये। सत्यव्रत जो भी समय पाते वह मिशन के लिए था। धर्मशक्ति तो उनकी छाया थीं। स्वामी सत्यानंद जी ने कहा तो 'योगविद्या' (हिन्दी) और 'योगा' (अंग्रेजी) पत्रिकाएँ राजनांदगांव से प्रकाशित होने लगीं। धर्मशक्ति जी के जिम्मे था लेखों का चयन, सम्पादन, मुद्रण और पत्रिकाओं का वितरण तथा प्रेस की देखभाल।

1967 की 20 अक्टूबर को स्वामी सत्यानंद जी की गाड़ी गोंदिया के मार्ग में राजनांदगांव स्टेशन पर रुकी। हजारों की भीड़ के साथ नन्द और यशोदा गुरु की धरोहर लिये खड़े थे। धर्मशक्ति ने 7 वर्ष की आयु के निरंजन जी को उनके गुरु को सौंप दिया। स्टेशन पर उपस्थित सभी माताओं की आँखें गीली हो गईं और सभी उपस्थित चेहरों पर एक ही प्रश्न था–क्या यह जो हो रहा है सत्य में हो रहा है? हाँ, जो हुआ वह सत्य ही हुआ।

सत्यव्रत जी ने भी गोंदिया में 1967 में ही संन्यास ग्रहण कर लिया और स्वामी सत्यव्रतानंद सरस्वती हो गये। निरंजन जी को 1970 की बसंत पंचमी को संन्यास दीक्षा मिली और दो मास के अंदर ही 10 वर्ष की आयु के अभिनव शंकराचार्य 'स्वामी निरंजनानंद सरस्वती' चल पड़े सागर पार गुरु के मिशन के प्रचार-प्रसार हेतु। फिर तो मानों उनके पैरों में पंख लग गये।

इधर स्वामी सत्यव्रत जी जुट गये राजनांदगांव आश्रम के निर्माण में। 8 जुलाई 1971, गुरुपूर्णिमा तक उसी उत्साह से उसमें जुटे रहे। लोगों ने कहा–थोड़ा आराम कर लो, उद्घाटन तो हो गया। पर सत्यव्रत जी के पास समय नहीं था, काम बहुत था। 31 दिसंबर 1971 को दोपहर में धर्मशक्ति जी से बोले–'मैं आश्रम जा रहा हूँ, गुरु जी को संवाद भेजना है। बहुत काम है, समय कम है। बस, जल्दी ही वापस आ रहा हूँ।'

पर विधि का विधान कुछ और था। शिष्या की परीक्षा अभी शेष थी। सत्यव्रत जी तो नहीं लौटे, लौटा उनका पार्थिव शरीर।

ऐसी घटना किसी को भी झकझोर दे सकती है। पर सच्चे गुरु की शिष्या ने साहस न छोड़ा। आँसुओं को ऊर्जा में बदल डाला और सत्यव्रत जी के अधूरे काम को लेकर चल पड़ीं, उसी वेग और उसी विश्वास के साथ। संन्यासी पुत्र विदेश में, संन्यासी पति परम प्रभु के पास स्वर्ग में, भवसागर में अपने गुरु के सहारे धर्मशक्ति जूझती रहीं। 15 वर्षों तक अकेले राजनांदगांव में गुरु के मिशन का दीप जलाए, हर आँधी-तूफान से उसे बचाते बढ़ती रहीं। मन तो प्रत्येक क्षण शक्ति एकत्र करता रहा पर शरीर अब साथ नहीं चल पा रहा था। गुरुजी ने मुंगेर बुलाया। योगविद्या का प्रकाशन 1977 में ही मुंगेर चला आया था। अत: अगस्त 1985 में धर्मशक्ति मुंगेर चली आयीं। उन्होंने संन्यास ग्रहण किया तो गुरु ने कहा– 'तुम तो पूर्व से ही संन्यासिनी हो। संन्यास क्या काषाय वस्त्रों से होता है? जटा-केश से होता है? संन्यासी वही है जो अहर्निश गुरु की सेवा में तत्पर हो, जिसका जीवन सेवा के निमित्त समर्पित हो। तुमने तो आज संन्यास को नया अर्थ दिया है।'

आज स्वामी धर्मशक्ति और स्वामी सत्यव्रत के सूर्य की प्रभा से विश्व स्तब्ध है। उस तेजपुंज को जिसने नौ मास तक अपनी कुक्षि में धारण किया, अपनी प्राणशक्ति से उसका पोषण किया, अपने आँखों के तारे को उसके बोल फूटने के पूर्व ही अपने गुरु की झोली में सहर्ष डाल दिया, क्या वह एक सामान्य नारी हो सकती है? इस काषायधारिणी के चरणों में मुक्ति का वास है, वे भारतीय नारियों का आदर्श और संन्यासियों का लक्ष्य हैं।

5 दिसम्बर 2009 को श्री स्वामीजी ने अपनी लीला का संवरण किया और शिवतत्त्व में लीन हो गये। बिहार योग आन्दोलन का एक अध्याय पूरा हुआ। इसके पश्चात् स्वामी धर्मशक्ति की जीवनचर्या में अन्तर आता गया, भले ही उस समय वह स्पष्ट नहीं हुआ। जब कभी श्री स्वामीजी का या बिहार योग आन्दोलन का कोई प्रसंग आता तो स्वामी धर्मशक्ति बड़े उत्साह और श्रद्धापूर्वक उसका ऐसा चित्रात्मक वर्णन करतीं कि सुनने वाला सुनता ही नहीं, आँखों से देखने भी लगता उस प्रसंग को। भक्तों के आग्रह पर किसी प्रसंग को स्वामी धर्मशक्ति अनेक बार उसी प्रेम से दुहराती थीं तो लगता था कि सुनने वाला पहली बार सुन रहा है और वे भी उसे पहली बार कह रही हैं।

पर अब वे प्राय: मौन ही रहने लगी थीं। समय के साथ काया तो थक ही रही थी, जीवन दीप का स्नेह भी चुकता सा लगने लगा था, जैसे वह उषाकाल की प्रतीक्षा भर कर रहा है। एक पुत्र की कामना की थी धर्मशक्ति ने और उसे भी जन्म लेते ही गुरु सेवा में भक्ति भाव से अर्पित कर दिया था। धर्मशक्ति अब लक्षाधिक संतोनों की प्यारी, स्नेहमयी अम्माजी बन गई थीं। सुना है गुरु चरणों में अर्पित एक दाना भी शिष्य के जीवन में सहस्त्र गुना बनकर लौटता है। क्या अब भी ऐसा लगता है कि इस कथन में कोई अतिशयोक्ति है!

11 फरवरी को स्वामी निरंजन की प्रथम पंचाग्नि साधना पूर्ण हुई और उधर सहस्र-सहस्र संतानों के सिर से स्नेहमयी अम्माजी का आँचल सरक गया। 13 फरवरी को अखाड़े में अम्मा जी को संन्यास परम्परा के अनुसार विधिवत् भू-समाधि दी गई और उसी के साथ उनकी गुरु भक्ति का सुवास गंगा दर्शन के कण-कण में व्याप्त हो गया।

तेरे पद पद्मों में मेरी श्रद्धा असीम, आदर अथोर।
सब देव देवियाँ एक ओर, ओ माँ मेरी, तू एक ओर॥

Mother of the World

Swami Gorakhnath Saraswati on the occasion of Shodashi Anushthana



Sri Swami Satyananda chose Rajnandgaon as the place to commence his mission of yoga. It all began where Ammaji and Satyabratji used to live and where the International Yoga Fellowship Movement was established. It was a small house, I have seen it. The living accommodation was upstairs, a small kitchen and the press were downstairs.

Guru's mission

The responsibility for the work rested on Ammaji's shoulders. There was a small printing press where *Yoga Vidya* was first published. She was the writer, editor and publisher. It was guru's work and they had his blessings. They managed to carry out such an incredible task from such a small place. Swami Satyananda looked after the work outside, therefore did not spend much time with them. The running of the press was looked after by Ammaji as it was her responsibility. Only she would know how she managed to do so much. In such a small town and under challenging circumstances, everyone was aware of how she took guru's work ahead and expanded its scope.

There were many difficulties in the beginning, many indeed, but to carry forward her guru's mission she maintained a strong and determined resolve and was not swayed by the obstacles in her path. For twenty years, all the work for the *Yoga Vidya* magazine was done from the Rajnandgaon ashram. Only after fulfilling her responsibilities in Rajnandgaon did she come to live in Munger.

Most of us have heard and are aware that many divine beings and great souls who were born on this earth had humble beginnings. They came from small villages and lived in tiny huts. They became mediums and worked for the good of humanity. Swami Dharmashakti was one of them. We received her love and affection as if she were our own mother.

Mother to all

She gave birth to and brought up a sannyasin of such a calibre, from a small little home; you all know our beloved Swamiji. I first met her in 1970 when I came to the ashram in Munger and I have been very close to her since then. She used to come to all the conventions and programs. The love and care that I received from her far exceeded what I received from my own parents. More than my family, it is my beloved Gurudev and Ammaji who have been everything to me in my life.

Whenever she came to the ashram from Rajnandgaon, we were sure that she would have some goodies for us. Every child feels that the mother will definitely have a treat. She always had, but she would not let us have it right away. She would say that she had not brought anything, that she had to leave home in a hurry and had no time to bring anything for us. However, we could

not take our eyes off her bag and sure enough, there was always something there!

Whenever Swami Satyabratji would come, he would bring something as well, which was sent by her. In those days, there were only a few swamis living in the ashram with Sri Swamiji and Ammaji always sent something for us. No matter how many children a mother might have, she remembers all of them, especially the naughty and playful ones. She remembers them more than the others.

Ammaji always thought of our welfare and needs. She knew about our mischief and antics. Those of you who have been visiting her would have heard all about our exploits. Though she knew thousands of people, she would recount those tales about us with such detail and clarity as if they had just occurred.



All those who came in contact with her know about her love. She was like *jagat janani*, mother of the world. Everyone who came to Ganga Darshan would be reluctant to leave without meeting her and listening to her stories. I feel privileged to have known her since 1970.

This year, we came to Ganga Darshan to have her darshan before going to the Kumbha Mela in Allahabad. She was happy and laughed. She said, "Very good, you must go." I said that I would be back on 12th February, and she replied that I should indeed return to Ganga Darshan by the 12th. When I returned that morning at about 5:30 am, I thought of going for her darshan, but I got involved in some work. At twelve o'clock, Swamiji announced that Ammaji had left her mortal body. Her blessing and grace made me come back in time. This is how a mother's love works: she remembers her children, calls them, and they come.

Ever present

The program of Basant Panchami has just been concluded. Generally when someone passes away, the atmosphere is quiet and still as everyone feels sad. However, the people who attended the program experienced a vibrant energy throughout. Everyone felt that it was a special program, something different. A special and strong spiritual energy was present. When Swamiji asked about the program, I said it was unique and unparalleled. Another lady replied that she has had this kind of an experience only twice. The first time was when Sri Swamiji left his body in Rikhiapeeth and the second time is now here in Munger after Ammaji's samadhi.

In fact, one does not feel that she has left us or left her body. It feels as if she is everywhere and has come to live within us. She has merged with everything. Earlier she was present in a body and there was a desire to meet, but this has transformed into an internal experience of her constant presence. I am sure those who have known her, heard her name and have been associated with her and the ashram feel the same way.

—28 February 2013, Ganga Darshan



माँ का प्यार

स्वामी गोरखनाथ सरस्वती षोडशी अनुष्ठान के अवसर पर

श्री स्वामी सत्यानन्द जी ने योग प्रचार के लिए राजनाँदगाँव को अपना केन्द्र चुना था। वहाँ अम्माजी और सत्यव्रतानन्द जी रहते थे, और वहीं से योग आन्दोलन की शुरुआत हुई, जिसका पूरा कार्यभार अम्माजी के ऊपर आ गया। वहाँ एक छोटी-सी प्रेस लगी। योगविद्या पत्रिका की शुरुआत वहीं से हुई। इसका लेखन, सम्पादन, प्रूफ-रीडिंग, सब वही करती थीं। छोटा-सा मकान था, ऊपर रहने के एक-दो कमरे, छोटा-सा किचन और नीचे प्रेस। स्वामी सत्याव्रतानन्द जी तो बाहर के काम-काज में ज्यादा व्यस्त रहते थे। लेकिन अन्दर का काम, प्रेस आदि चलाने का दायित्व अम्माजी के ऊपर था। छोटे-से स्थान में रहकर भी उन्होंने गुरु के कार्य को कितना बढ़ाया, यह हमारे लिए एक मिसाल है। शुरुआत में कठिनाई आई, बहुत आई, लेकिन गुरु के कार्य को आगे बढ़ाना था, इसलिए उन्होंने अपना संकल्प दृढ़ रखा और जरा-भी विचलित नहीं हुईं। पन्द्रह साल तक योगविद्या का लेखन, सम्पादन और छपाई का काम सब वहीं से होता था। उसके बाद फिर वह काम यहाँ मुंगेर आश्रम में आ गया।

मैं स्वयं सन् 1970 में मुंगेर आश्रम आया और तब से अम्माजी के साथ मेरा बराबर सम्पर्क रहता था। पहले जहाँ भी योग सम्मेलन होता था, वे जरूर जाया करती थीं। हम लोग भी जाते थे। उनसे जो प्रेम और दुलार मिलता था, वह पूर्वाश्रम के परिवारजनों से भी कई गुना ज्यादा था। पूज्य गुरुदेव और अम्माजी, ये दो ही हमारे जीवन में प्रेम और प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। जैसे एक माँ अपने बच्चों का ख्याल रखती है, वैसे ही वे हमेशा हमारा ख्याल रखती थीं। हम अम्माजी से जहाँ-कहीं भी मिलते थे तो यह अपेक्षा जरूर लगाये रहते थे कि अम्माजी कुछ-न-कुछ लेकर आई ही होंगीं। और सही में वे लाई होती थीं। पहले वे देती नहीं थीं, कहतीं कि हम कुछ भी नहीं लाए इस बार। हम कहते, ऐसा कैसे हो सकता है। वे कहतीं, हम जल्दी-जल्दी में थे, कुछ नहीं ला सके। पर हम लोग उनके थैले की तरफ ताक लगाये रहते थे और सही में कुछ-न-कुछ निकलता था। सत्यव्रतानन्द जी भी जब आते तो कुछ-न-कुछ लेकर आते थे, क्योंकि अम्माजी भेजा करती थीं। उस समय आश्रम में छोटी उम्र के हम दो-तीन लोग ही थे। हम लोग जानते थे कि अम्माजी जरूर कुछ भेजी होगीं और वही होता था। कहने का तात्पर्य यह कि माँ के कितने भी पुत्र क्यों न हों, लेकिन वे किसी को भूलती नहीं। बल्कि जो बच्चे ज्यादा शरारतें और हरकतें करते हैं, माँ उन्हें ज्यादा याद रखती हैं।

हमलोगों की सारी हरकतें उनके दिलो-दिमाग में थीं। हजारों-लाखों लोगों से जुड़े रहने के बावजूद भी वे हमलोगों की हरकतों को ऐसे याद रखती थीं जैसे आज ही यह सब घटना घटी हो। उनके प्रेम और व्यवहारकुशलता के बारे में क्या कहना! जो भी उनके सम्पर्क में आया, उसे मालूम ही है। वे साक्षात् जगत्-जननी थीं। सभी की माँ थीं। जो भी यहाँ आता, उनसे मिले बिना, उनकी कुछ बातें सुने बिना, जाने के लिए तैयार नहीं होता था।

मैं अपने आपको बहुत भाग्यशाली मानता हूँ कि 1970 से उनके अन्तिम क्षण तक उनसे जुड़ा रहा। जब मैं इस साल के कुम्भ मेले में योग कार्यक्रम करने गया, तो जाने से पहले अम्माजी के दर्शन के लिए गया। उनसे कहा, अम्माजी मैं जा रहा हूँ कुम्भ मेला। वे बहुत खुश हुईं, हँसीं भी। फिर कहा, बहुत अच्छा है, जाओ। मैंने कहा, अम्माजी, 12 फरवरी को मैं लौट रहा हूँ। तो बोलीं, हाँ जरूर, इधर ही लौट कर आना। ठीक 12 तारीख को सुबह साढ़े पाँच बजे यहाँ पर पहुँचा। सोचा कि अम्माजी के दर्शन के लिए बाद में जाएँगे, अभी स्वामीजी के कार्यक्रम में सम्मिलित हो जाएँ। उसी दिन दोपहर में स्वामीजी ने यह घोषणा की कि अम्माजी शरीर छोड़कर चली गईं हैं। शायद उन्हीं की कृपा थी कि ठीक समय पर यहाँ आ पहुँचा। यही तो माँ की पुकार होती है। बच्चों को किस तरह से याद करती हैं कि वे तुरंत पहुँच जाते हैं।

आम तौर पर जब कोई शरीर छोड़कर चला जाता है तो वातावरण एकदम गंभीर और उदास हो जाता है। सब शोक प्रकट करते हैं। लेकिन जो लोग बसंत पंचमी कार्यक्रम के समय यहाँ थे, वे जानते होंगे कि यहाँ का वातावरण शक्ति और उल्लास से भरपूर था। एक सामान्य व्यक्ति भी यह अनुभव कर सकता था कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से सम्पन्न हुआ है, इसमें कुछ विशेष आध्यात्मिक शक्ति है। मैंने एक महिला से कार्यक्रम के बारे में पूछा तो वे बोलीं, 'स्वामीजी, मुझे जीवन में ऐसा अनुभव दो जगह ही हुआ है। जब गुरु जी ने रिखिया में शरीर छोड़ा था, तब वहाँ के कार्यक्रम में और अब यहाँ भी।' उस समय का वातावरण ही कुछ ऐसा था कि पता नहीं चला कि अम्माजी शरीर छोड़कर चली गईं। बल्कि लगता था कि वे सर्वव्यापी होकर सबके अन्दर समाहित हो गई हैं। पहले शरीर था तो देखने और मिलने की एक जिज्ञासा रहती थी। लेकिन अब वह बदलकर अन्दर की अनुभूति हो गई है।

—28 फरवरी 2013, गंगा दर्शन

अम्माजी–प्रेम की प्रतिमूर्ति

स्वामी भक्तिमूर्ति सरस्वती

आज जब हम अम्माजी के बारे में लिखने बैठे, तो सोचा कि कहाँ से शुरु करें और क्या लिखें? स्थिति यह है कि क्या भूलूँ, क्या याद करूँ, भूलने के लिये कुछ नहीं है। बस हैं तो सिर्फ यादें। वैसे भी जब व्यक्ति हमसे दूर चला जाता है, तब हमारे पास केवल उसके साथ बिताये यादों के पल रह जाते हैं। बहुत लोग अम्मा जी के संपर्क में आये, साथ भी रहे, जिनकी गिनती असंभव है और हम सब के पास कुछ साँझा यादें हैं, पर बावजूद इसके हर किसी के पास कुछ विशेष है।

जब हम पहली बार आश्रम आए, तो प्रथम परिचय अम्मा जी से ही हुआ और बस तब से जो स्नेह की डोर बंधी वह आखिरी तक निभी। हमने कभी आश्रम को आश्रम के रूप में नहीं समझा। हमेशा लगा कि यह हमारा मायका है जहाँ हमारी माँ है और हममें वाकई माँ-बेटी का ही रिश्ता रहा। उनके जाने के बाद लगा कि मायका ही छूट गया और किसी भी बेटी के लिये मायका छूटने का दर्द क्या होता है, आप सब भलीभांति जानते हैं।

अम्मा जी के बारे में जितना लिखें, कम है। थोड़ा-बहुत संक्षेप में लिख रहे हैं। अम्मा जी उन बिरले लोगों में थीं, जो सर्वगुण संपन्न होते हैं। चाहे उनका पूर्वाश्रम हो या मुंगेर में, वहाँ भी जब तक गृहस्थ में रहीं एक पूर्ण घरेलू महिला की भूमिका निभाई। अपने पितृगृह का भी ख्याल रखा और अपने ससुराल के भी कर्त्तव्य पूरे किये। आश्रम में आने के बाद यहाँ भी सक्रिय योगदान रहा। उनमें श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान का अद्‌भुत संतुलन था। वे एक विदुषी महिला थीं। विधिवत् शिक्षा न होने के बावजूद भी, वे लेखन में माहिर थीं। वक्ता भी गजब की थीं। उनके व्यक्तित्व में एक चुंबकीय आकर्षण था। जो भी उनके संपर्क में आया, उम्रभर उनका होकर रह गया। अक्सर वे अपने पुराने किस्से बतलाती थीं। स्वामी जी के बारे में जब बात करती थीं, तब सारा दृश्य जीवन्त हो उठता था। उनके चेहरे के भाव देखने लायक होते थे।

अम्मा जी गजब की ऊर्जावान महिला थीं और अंत तक रहीं। स्मरण शक्ति तो ऐसी कि जीवन के अंतिम कुछ महीनों में वे भले ही शारीरिक रूप से अशक्त हो रही थीं, पर मानसिक रूप से उतनी ही दृढ़ थीं। याददाश्त भी वही पुरानी। हम तो उन्हें एक दैवी अवतार मानते हैं, जिन्हें ईश्वर किसी विशेष प्रयोजन से भेजता है। आज हम शिवानंद जी का अष्टांग योग सुन रहे हैं और पढ़ रहे हैं पर अम्मा जी में वे सब गुण तो जन्मजात थे। प्रेम, सेवा और दान। मैंने उनसे बड़ा दानी नहीं देखा। महाभारत का कर्ण स्वर्ण दान तो मुक्तहस्त करता ही था, उसने अपने कवच-कुण्डल तक दे दिये थे। अम्मा जी ने भी उसी की नगरी में अपने कलेजे के टुकड़े का दान अपने गुरु को किया। यह समर्पण की पराकाष्ठा नहीं तो और क्या कही जायेगी! प्रेम तो मुक्तहस्त लुटाया। विदेश में संत वेलन्टाईन थे, जिन्हें प्रेम का प्रतीक मानकर उनके नाम पर 'वेलन्टाईन डे' मनाया जाता है। हमने उन्हें तो नहीं देखा, लेकिन हमारी वेलन्टाईन तो अम्मा जी थीं।

कहते हैं कि प्रेम की भाषा नहीं होती, प्रेम शब्दों का मोहताज नहीं होता। यह हमने अम्मा जी के जीवन में प्रत्यक्ष देखा। उनके पास हर भाषा के लोग आते थे। दोनों एक-दूसरे की भाषा से अनभिज्ञ होते थे, लेकिन हमने देखा कि सब संतुष्ट और तृप्त होकर जाते थे। भाषा कभी समस्या नहीं बनी। अम्मा जी से मिलने के बाद हमने उनके चेहरे के भाव देखे हैं। कई लोग उनके हाथ पकड़ते थे, उनको चूमते थे। यह था एक अबोला प्यार, जो दिल से महसूस होता है। उनके पास जाकर सारे दु:ख-दर्द खत्म हो जाते थे। कई बार हम कोई शिकायत या परेशानी लेकर आये, थोड़ी देर बाद उनके स्पर्श व बातों से सब हवा हो जाते थे। एक बार तो हम गुरु जी से बहुत नाराज थे। अब किससे कहें, सीधे अम्मा जी के पास गए और जो भी दिल में था, सब बड़बड़ कर दिये। आप ही सोचिये, उन्हीं के सामने उनके बेटे के विरोध में बोलना! परंतु अम्मा जी सब मुस्कुराते हुए सुनती रहीं और बाद में कहने लगीं, कोई बात नहीं, अच्छा है, हम भी अपने गुरु से ऐसे ही झगड़ते थे, लो हो गई बात खत्म।

हम उनकी संवेदनशीलता का एक किस्सा बताते हैं। एक बार हमें कुछ इन्फेक्शन हुआ, मुश्किल से दो घंटे में ठीक भी हो गए, परंतु अम्मा जी बहुत परेशान हो गईं। उनके चेहरे से लग रहा था वे कितनी चिंतित हैं, हमारे समझाने के बाद भी वे सारे दिन बहुत परेशान रहीं। यही नहीं, पन्द्रह दिन बाद जब योगरक्षित आश्रम आए तब उनका हाथ पकड़कर बोलीं, 'तुम इसके स्वास्थ्य का ध्यान रखना। यह हमेशा स्वस्थ रहे ताकि स्वामीजी की सेवा करती रहे।' मतलब उनके मन में हमारे स्वास्थ्य के प्रति कितनी चिंता थी और ऐसी चिंता एक माँ ही तो करती है। प्रोग्राम के समय जब हम कमरे में वापस लौटते, तब अम्मा जी सारा हाल सुनती, अपने सामने बैठाकर खाना खिलातीं।

जब हम आश्रम से घर लौटते तो पूछतीं कि वापस कब आ रहे हो, जल्दी आना। जब तक स्वस्थ रहीं खुद हमें टैक्सी तक बैठाने आती थीं। हम मना करते थे, लेकिन नहीं, बेटी को विदा तो करना होता है न। रास्ते के लिए कुछ-न-कुछ

जरूर देतीं, यहाँ तक कि लौंग, इलायची तक रख देती थीं। हमारे आश्रम में आने की तारीख भी उन्हें पता रहती थी। वे इंतजार करती थीं। कई बार ट्रेन लेट होने से हम समय पर नहीं आ पाते थे। तब वे जी.डी.ओ. में पता करवाती थीं कि कहीं हमारा प्रोग्राम कैंसल तो नहीं हो गया, हम पहुँचे या नहीं पहुँचे। जब हम स्वामी जी के लिए कुछ तैयार करते तो पास में बैठकर सब बताती रहतीं। कितनी ममतामयी माँ थीं वे।

हम एक-दो बातें और आपसे साँझा करना चाहेंगे जिससे आप जानेंगे कि वे साक्षात् देवात्मा थीं। और यह एकदम सच है। जिस कन्या के परिवार में चार पीढ़ी पूर्व एक भविष्यवाणी हो कि एक देवपुरुष को जन्म देने वाली कन्या का जन्म इस कुल की चौथी पीढ़ी में होगा, तो जाहिर है वह कन्या सामान्य तो नहीं होगी। और यह कन्या थी हमारी अम्मा जी, जिन्होंने हम सबको स्वामीजी के रूप में एक अनमोल रत्न प्रदान किया। कितने भाग्यशाली हैं हम सब जिन पर उनका प्रेम और आशीष बरसा। अपनों को तो सभी प्यार करते हैं, लेकिन अनजानों को अपनाना कोई अम्मा जी से सीखे।

26 फरवरी 2013 को हम शाम को दीये जलने के बाद समाधि दर्शन के लिए गए। लौटते में अनायास नजर ऊपर उठ गई। उनके कमरे में प्रकाश दिखा। हमने सोनू से कहा, देखो कमरे में रोशनी है। दूसरे दिन जब हम स्वामीजी से मिले और उन्हें बतलाया, तब उन्होंने कहा कि वहाँ तो कोई लाईट नहीं जलती है। तब यह प्रकाश कैसा? स्पष्ट है कि एक पवित्र आत्मा का प्रकाश था।

दूसरा अनुभव–शरीर छोड़ने के बाद उस शरीर का जीवंत अनुभव। अम्मा जी जब जीवित थीं, तब अक्सर ही हम उनके पास बैठते थे। कभी-कभी वे कहतीं, मेरी नाक छुओ, ठण्ढी है, हाथ ठण्ढे हैं और वाकई वे ठण्ढे होते थे। देर तक उनके हाथों को अपने हाथों में लेकर बैठते थे। शरीर धीरे-धीरे क्षीण हो रहा था, मगर पकड़ बहुत मजबूत थी, जो अंतिम दिन तक रही। जब अम्मा जी को अखाड़े में लाया गया, तब 13 तारीख की सुबह, भू-समाधि से आधा घण्टा पूर्व हमने फिर से उनकी नाक छूकर देखी, उनका हाथ पकड़ा और आश्चर्य कि हमने उनमें वही स्पर्श व एहसास महसूस किया जो जीवित अवस्था में था!

तीसरा अनुभव–समाधि के पूर्व उनका अभिषेक हुआ, फिर कपड़े बदलने थे। किसी ने कहा, कुर्ता कैसे पहनाओगे, चूँकि वे बैठी अवस्था में थीं। पर हमने उन्हें आराम से कुर्ता पहना दिया जैसे हम बच्चों को पहनाते हैं। पहले सिर, फिर बायाँ हाथ, फिर दायाँ हाथ, आराम से कुर्ता पहन लिया, क्योंकि शरीर एकदम कोमल व लचीला था। आप सब जानते हैं कि मृतक को यदि चौबीस घण्टे या अधिक रखना हो तो लोग बर्फ या केमिकल उपयोग करते हैं। हमने भी देखा है परंतु यहाँ ऐसा कुछ नहीं था। चौबीस घण्टे बाद भी शरीर गंधरहित व लचीला था। उनकी आत्मा उस शरीर में नहीं थी, इंद्रियाँ सब शांत हो चुकी थीं, पर बाह्य शरीर पर इसका कुछ असर नहीं था। अम्मा जी प्रेम की वह अजस्त्र धारा थीं, जिससे वह हर व्यक्ति तृप्त हुआ जो उनके सान्निध्य में आया। अम्मा जी प्रेम व करुणा की एक अद्वितीय मिसाल थीं। अंत में अम्मा जी के लिए हम कबीर की इन पंक्तियों का उल्लेख करना चाहेंगे–

दास कबीर जतन से ओढ़ी, जस की तस धर दीन्ही चदरिया–
झीनी रे झीनी...



अम्माजी की स्मृति में

संन्यासी श्रद्धामति

कार्य करते हुए कभी यह ख्याल ही नहीं आया कि समय पूरा होने पर व्यक्ति को यह भौतिक शरीर छोड़ना पड़ता है। इस सत्य का तब पता चला जब 5 दिसम्बर 2009 को परमहंसजी ने महासमाधि ली। तभी जीवन के अंत की झलक दिखाई दी। हम सभी परमहंसजी के जाने से दु:खी थे। मेरे दु:ख का मुख्य कारण यह भी था कि बहुत प्रयास के बाद भी मैं शतचण्डी महायज्ञ और योग पूर्णिमा में नहीं जा सकी थी।

महासमाधि के बाद हम परमहंसजी के चित्र और खबर समाचार पत्रों में पढ़ रहे थे। हम लोग परमहंसजी के विषय में पढ़ ही रहे थे कि तभी अम्माजी खुश होकर कहने लगीं, 'अभी मार्गशीर्ष खत्म हुआ है, बस वैशाख की पूर्णिमा पर हम भी जा रहे हैं, पाँच माह और हैं।' परमहंसजी के समाधि लेने से मैं वैसे ही दु:खी थी और साथ में अम्माजी की बात सुनकर मैं हतप्रभ रह गई। मेरे आँसू टपकने लगे। मैंने कहा, 'पहले मैं जाऊँगी, फिर आप।' उन्होंने कहा, 'नहीं, पहले मैं जाऊँगी और बाद में मैं तुम्हें बुलाऊँगी।' मैंने कहा, 'ऐसा क्यों?' तो उन्होंने कहा, 'क्योंकि तुम्हें मेरी सेवा जो करनी है। इसलिए तुम्हें मेरे बाद आना होगा।'

जब हम परमहंसजी की षोडशी से आये तो कुछ दिनों तक वे खूब खुश रहीं और कुछ-न-कुछ बोलती रहीं। कहतीं, 'अब बस मैं बोलती ही रहूँगी फिर उसके बाद मौन हो जाऊँगी।' शायद वे गोस्वामी तुलसीदास जी के इस भाव को ही व्यक्त कर रही थीं—

रामकथा पूरी हुई भयो चहत अब मौन ।
तुलसी के मुख दीजिये अब ही तुलसी सोन ॥

फिर शायद गंगोत्री माता के आशीर्वाद से उन्हें तीन साल का एक्सटेंशन मिला जैसा परमहंसजी को भी मिला था।

उन्हें अपने जाने का समय और दिन स्पष्ट पता था। वे कहती थीं, 'हम शान्ति से कब चले जायेंगे, पता भी नहीं चलेगा।' कैसे उनका सब काम होगा, यह भी वे जानती थीं। वे कहा करती थीं, 'करनी दिखे मरनी के समय'। अन्त समय पर व्यक्ति को इतना निश्चिन्त हो जाना चाहिये और वह तभी सम्भव है, जब वह अपने कर्त्तव्यों का पालन सही तरीके से करे। परमहंसजी ने कहा है न— 'मेरे होठों पर शिव का नाम, मेरे मन में देवी दुर्गा का ध्यान। मुझे ज्ञान भी न हो कि मैं हूँ, और जब बुलावा आए तो मुझे ज्ञात भी न हो कि जा रहा हूँ।'

स्वामीजी कैसे कुशलता से उनका सब काम करेंगे, यह भी उन्हें पता था। वे कहती थीं, 'जैसा तुम्हारा घर-आँगन होता है, वैसा ही तुम्हारा द्वारा। जैसे माँ-बाप होते हैं, वैसे ही बच्चे होते हैं।'

गुरु के साथ अलौकिक सम्बन्ध

अम्माजी हमेशा कहती थीं, 'स्वामी सत्यानन्दजी मेरे गुरु हैं, पिता हैं, माँ हैं, भाई-बन्धु-सखा-पूज्य-प्रिय सभी कुछ हैं। वे मेरे आराध्य हैं।' शायद ही किसी शिष्य में गुरु के प्रति इतना उच्च भाव रहा होगा। सतयुग में एक-से-एक महान् कवि थे, लेकिन प्रभु राम ने गोस्वामी तुलसीदासजी को ही वह ज्ञान और शिक्षा दी, जिससे वे रामचरितमानस की रचना कर पाये। वैसे ही परमहंसजी के एक-से-एक विद्वान् और महान् शिष्य थे, लेकिन उनकी जीवनी को लिखने का सौभाग्य सिर्फ अम्माजी को ही प्राप्त हुआ, क्योंकि केवल उन्होंने ही परमहंसजी को दिन-रात प्रत्येक श्वास के साथ याद किया।

दिल्ली से दिनांक 21 जून, 1956 के पत्र में परमहंसजी ने सत्यव्रतजी को लिखा, 'अध्यात्म कार्य को वृद्धावस्था के लिए मत टालो, इसकी क्या गारंटी कि तुम सौ साल तक जीवित रहोगे। तुम सड़क पार कर रहे हो, एक मोटर ट्रक के नीचे आ सकते हो। इसलिये मैं तुम्हें सलाह देता हूँ कि तुम आध्यात्मिक साधना तुरंत प्रारम्भ कर दो।' गुरु शिष्य को कितने वर्षों पहले ही सचेत कर देते हैं कि तुम्हें क्या करना है!

31 दिसम्बर, 1971 को स्वामी सत्यव्रतजी की समाधि के बाद परमहंसजी 4 जनवरी को मुंगेर से रवाना होकर 5 तारीख को राजनाँदगाँव पहुँचे। समाधि दर्शन किया। अम्माजी ने उस समय पूछा था, 'स्वामीजी, मेरे लिए भी जगह बता दीजिए।' तब परमहंसजी ने कहा था, 'तुम्हें लेने मैं खुद आऊँगा। अभी बहुत समय है, उसकी चिन्ता मत करो।' और 12 फरवरी की रात को परमहंसजी वाकई अपनी उपस्थिति की झलक अपने कमरे में दिखा गए। उस रात उनके कमरे में चप्पल अस्त-व्यस्त थी, रजाई पर लगता था कि कोई बैठा था, जिसका दर्शन सभी आश्रमवासियों ने किया।

सन् 1959 में गंगोत्री यात्रा में परमहंसजी ने कहा था, 'तुम्हारे भाग्य में तो कोई संतान नहीं है, किन्तु मेरे भाग्य में एक है। हाँ, मैं तुम्हें कुछ दूँगा। परन्तु तुम्हें उसे मुझे वापस कर देना होगा।' अम्माजी यह कहते हुए मान गईं कि हाँ, मैं लौटा दूँगी।

आदर्श माता

रामायण में वर्णन आता है कि अदिति और कश्यप ने महान् तप किया और जब भगवान प्रसन्न हुए तो उन्होंने कहा, वर माँगो। पहले तो उन्होंने कुछ नहीं माँगा, लेकिन प्रभु के बहुत



आग्रह करने पर कहा, 'हमें आप जैसा ही पुत्र मिले।' प्रभु ने कहा, 'नहीं, मेरे जैसा तो कोई नहीं हो सकता, लेकिन तुम दोनों ने इतना कठोर तप किया है, तो मुझे स्वयं तुम्हारा पुत्र बनकर आना होगा।' कालान्तर में अदिति और कश्यप, कौसल्या और दशरथ बने और उन्होंने भगवान राम को पुत्र रूप में पाया। वैसे ही स्वामी निरंजन जी ने भी प्रभु रूप में स्वामी धर्मशक्ति और स्वामी सत्यव्रत के घर जन्म लिया। दोनों की जन्मों की तपस्या थी कि वे प्रभु की बाल-लीलाओं को देखें। स्वामी निरंजन जी ने सात वर्ष की अवस्था में एक कविता में स्वयं लिखा था–



'नन्दग्राम' में कृष्णावतार, सुख का नहीं था पारावार।
तीनों काल के ज्ञाता गुरु ने, भविष्य वाणी की मृदु वाणी में।
'है मेरा यह मानस पुत्र, बनेगा योग-विद्या का सूत्र'।

मदालसा अपने बच्चों से कहती थीं– *शुद्धोऽसि, बुद्धोऽसि, निरंजनोऽसि, संसारमायापरिवर्जितोऽसि*–तुम शुद्ध हो, प्रबुद्ध हो, निष्कलंक हो, माया से परे हो', वैसी ही शिक्षा अम्माजी ने पूज्य स्वामीजी को दी, जिन्हें आज सब जानते हैं। स्वामीजी ने स्वयं कई बार कहा है, 'मैं जो कुछ भी हूँ, अम्माजी के कारण हूँ।'

परमहंसजी भी कहा करते थे, 'एक उच्च आत्मा को जन्म देने के लिए माँ का शुद्ध और प्रबुद्ध होना बहुत आवश्यक है।' महान् नारियों का होना किसी भी देश के लिए गौरव की बात है। शायद यही कारण रहा होगा कि परमहंसजी ने रिखियापीठ में कन्याओं को पहले सुसंस्कृत करना प्रारम्भ किया। अम्माजी ने भारतीय नारियों के समक्ष एक ज्वलन्त उदाहरण प्रस्तुत किया है कि एक महान् शिशु का जन्म देने के लिए कैसी तैयारी होनी चाहिए। स्वामीजी के जन्म के पूर्व उन्होंने कितनी साधना की, यह सब 'योग साधना' पुस्तक में है। 'मानस पुत्र' में तो उन्होंने स्पष्ट रूप से लिख दिया है कि उन्होंने स्वामीजी की परवरिश कैसे की।

सही मायने में देखा जाए तो अम्माजी सत्यानन्द योग की जननी हैं। आज जो सत्यानन्द योग दुनियाभर में फैल रहा है, उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। सन् 1956 से 2012 तक वे परमहंसजी के बारे में ही लोगों को बताती रहीं। फिर कहतीं, अब तो मेरी पुस्तक 'मेरे आराध्य' आ गई है, उसमें पढ़ना। भक्त को आराध्य का गुण-गान किस तरह से करना चाहिए, यह कोई उनके जीवन से सीखे। अम्माजी ने जीना ही नहीं, बल्कि मरना भी सिखाया है। अपने कर्त्तव्यों का नि:स्वार्थ भाव से पालन करने से ही मुक्ति मिलती है।

कर्त्तव्य-परायणता की पराकाष्ठा

प्रकृति में सभी का अन्त निर्धारित है। कहते हैं, जब हम पहली श्वास लेते हैं तभी हमारी अंतिम श्वास भी निर्धारित हो जाती है। लेकिन अम्माजी अपने कहे अनुसार शीघ्र ही हमारे बीच आयेंगी और योग के इस महान् मिशन को आकाश की ऊँचाइयों तक ले जायेंगी। जनमानस के लिए उन्होंने बहुत काम किया, कभी भी अपना स्वार्थ नहीं देखा। बहुत धोखा देने वाले मिले, लेकिन गुरु के सहारे चलते-चलते थकीं नहीं और अंत में उन्हीं के पास पहुँच गईं। अस्वस्थ होने पर भी उनकी मानसिक स्थिति बहुत शांत रहती थी। इससे ही उनकी उच्च अवस्था का अन्दाजा लगाया जा सकता है। जो किया, पूर्ण सेवा और समर्पण के भाव के साथ। अपने कर्त्तव्यों को करती चली गईं, लोगों के कहने पर कभी ध्यान नहीं दिया।

पुराने लोग बताते हैं कि अपने समय में वे बहुत कर्मठ और सक्रिय थीं। दादाजी के जाने के बाद प्रेस का सब काम सम्भालती थीं, योग क्लास भी लेती थीं। कहती थीं, 'मुझे अंग्रेजी तो आती नहीं थी। मैं क्या करती थी, परमहंसजी के हाथ के लिखे हुए लेख को जैसे-का-तैसा प्रूफ से मिला लेती थी। बस, अंग्रेजी की योगा पत्रिका तैयार!'

अम्माजी कहा करती थीं, 'संन्यासी को गर्व नहीं करना चाहिए, लेकिन हम गर्व के साथ यह कहते हैं कि हम 1954 से 2009 तक परमहंसजी के साथ रहे। जब तक वे थे तब तक इस बात का अनुभव हमें नहीं हो सका था, लेकिन अब जब वे सशरीर हमारे साथ नहीं हैं, तब हमें पता चला कि उनके साथ रहकर हमने क्या-क्या सीखा।' वे सभी को बताती थीं कि कैसे छोटी-छोटी चीजों में नियम-संयम रखकर व्यक्ति अपना पूरा जीवन अनुशासित कर सकता है। उनकी दिनचर्या, उनका काम करने का तरीका, बात करने का तरीका, समझने-समझाने का तरीका, सब अद्भुत था। वे कहा करती थीं, 'यदि बड़ा कार्य करना चाहते हो तो पहले छोटे कार्य को सही तरीके

से करना सीखो। यही सफलता का मूल मंत्र है।' समय की वे बहुत पाबंद थीं। यदि भोजन के समय उनके पास कोई बैठा रहता, तो कहतीं, 'जाओ, अब खाने का समय हो गया है।' वे सबसे कहा करती थीं, 'समय पर खाओ, समय पर सोओ, समय पर उठो, इससे पूरी दिनचर्या व्यवस्थित हो जायेगी और तुम बिना थके बहुत काम कर पाओगे।'

वे जो भी कार्य करतीं, बड़ी सजगता से करतीं। कभी भी हड़बड़ाहट में कोई काम नहीं किया। काम करते समय उन्हें कभी यह नहीं लगा कि वे कर रही हैं। वे हमेशा कहतीं, यह तो श्री स्वामीजी का काम है।

प्रेम की प्रतिमूर्ति

प्रेम क्या होता है, यह उनसे मिलने पर ही जाना जा सकता था। जीवन के अंतिम समय में भी वे प्रेम से परिपूर्ण थीं। कोई भी आता, चाहे वह पहली बार ही क्यों न आया हो, चाहे डॉक्टर ही क्यों न हो, वे उसका हाथ थाम लेतीं, और सब को गले लगाना चाहती थीं। वे अपने दोनों हाथों को फैला देती थीं, चाहे वह स्वामी ज्ञानभिक्षु हों या शिवध्यानम्, वे लोग संकोच कर जाते थे, पर अम्माजी के मन में अपने-पराये का कोई भेद-भाव नहीं था।

वे दूसरों का बहुत ध्यान रखती थीं। यदि किसी के बारे में पता चल जाता कि वह बीमार है, तो कई दिनों तक रोज उसके बारे में पूछती रहतीं। उन्हें अपने स्वास्थ्य की इतनी चिन्ता नहीं थी, जितनी दूसरों की। परहित सरिस धर्म नहीं भाई-परहित की भावना मानो उनके रोम-रोम में समायी थी। जब भी मैं बीमार पड़ती तो वे बहुत परेशान हो जाती थीं। वे मुझे फल खाने को देतीं। घर पर मैं कभी फल नहीं खाती थी। यदि माँ कहती तो मैं टाल जाती और उनको पता भी नहीं चलता। लेकिन अम्माजी समझ गईं कि यह फल खाने में आना-कानी करती है। वे पहले ही मुझसे पूछ लेंती, 'तुम्हारे पास दस मिनट का समय है? मेरा एक काम करोगी?' तो मैं कहती, 'हाँ जरूर करूँगी, मेरे पास तो समय ही समय है।' वे कहतीं, 'मेरे पास बैठो और फल खाकर जाओ।' इस तरह वे मुझे फँसा देती थीं!

वे बच्चों से बहुत प्यार करती थीं। चार-पाँच साल का कोई छोटा-सा बच्चा आता, तो मुझसे कहतीं, 'मालूम है, वह मुझे कह रहा था, मैं यहाँ रहना चाहता हूँ।' बाल योग मित्र मण्डल के बच्चों को देखकर वे खूब खुश होतीं। कहतीं, 'ये बच्चे जरूर जीवन में कुछ अच्छा कर दिखायेंगे। देखो, रविवार को सुबह-सुबह कितनी ठण्ढ में भी आश्रम आ जाते हैं। इनके माँ-बाप कितने खुश होते होंगे कि हमारे बच्चे कुछ अच्छा सीख रहे हैं। नहीं तो दूसरे बच्चे रविवार को देर तक सोते रहते हैं, और फिर बाजार में आवारागर्दी करते हैं।'

अम्माजी में बहुत सहनशीलता थी। मच्छर काटने से भी वे विचलित नहीं होती थीं। कहती थीं, 'काटते हैं तो काटने दो, कुछ नहीं होगा।' वे कभी क्रोध नहीं करती थीं। मैं अलमारी से समान निकालती तो अक्सर सब अस्त-व्यस्त कर देती। वे जब देखतीं कि अलमारी का सामान बिखरा पड़ा है तो सब को व्यवस्थित करतीं और फिर मुझे बतातीं, 'देखो, मैंने इस तरह से जमा दिया है।' कहाँ कौन-सा सामान रखा है, वह भी बतातीं। मुझे बड़ा ही आश्चर्य होता था। वे चाहतीं तो मुझे कह सकती थीं कि तुम सामान ठीक से रखा करो या आज तुम अलमारी जमाओ। लेकिन उन्होंने कभी मुझे कुछ नहीं कहा।

सरल और सहज स्वभाव

उनके बारे में लिखना वैसा ही है जैसे सूर्य को दीपक दिखाना। उनसे मैंने दो मूल बातें सीखीं। पहली यह कि जीवन में सरलता परम आवश्यक है। बाहरी रूप से सरल होना बहुत आसान है, लेकिन आन्तरिक रुप से सरल होना बहुत कठिन। श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है न– *निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा।* वैसा ही उनका मन था। उनमें बुरा करने वाले के प्रति भी कोई छल या कपट का भाव नहीं था। समय आने पर वे सबके साथ अच्छा ही करती थीं।

दूसरी शिक्षा है सेवा। सिर्फ सेवा से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। मैं बारह साल तक उनकी सेवा में रही, लेकिन उन्होंने कभी अपने आप को बड़ा नहीं समझा, हमेशा मुझसे प्रेम और आदर के साथ व्यवहार करती रहीं। यह मेरे लिए बड़े आश्चर्य की बात थी। आने वाले जन्मों में भगवान अगर मुझे कभी उनसे मिलाए तो उनका दास ही बनाए, क्योंकि सुखी रहने का यही रास्ता है। कबीरदास जी ने कहा है न, *'दुखीया सब संसार, सुखीया दास कबीर'।*

एक सच्चे संत की यही पहचान है कि वह सरल होता है। वे भी ऐसी ही थीं। तड़क-भड़क, दिखावा या आडम्बर उन्हें कभी पसन्द नहीं था। उनका पूजा-पाठ-जप-साधना करने का तरीका बहुत ही सरल था। भगवान राम और सीता माता को भी वे बहुत साधारण कपड़े पहनाती थीं।

उनके जीवन की एक सुन्दरता यह भी थी कि सब कुछ होते हुए भी उन्होंने अपने आप को कभी कुछ नहीं समझा। उनमें किसी बात का अहंकार नहीं था। कभी मैंने उनके मुँह से यह नहीं सुना कि मैंने इतना जप किया है, या मैं खूब आसन-प्राणायाम करती थी या मैं बहुत अच्छा योगाभ्यास सिखाती थी। पुराने और वरिष्ठ संन्यासी होने का गर्व भी नहीं था। वे अपने आप को बहुत साधारण रूप में प्रस्तुत करती थीं। बस 'गुरु का नाम और गुरु का काम'–यही भावना मन में रही। उच्च आध्यात्मिक उपलब्धि प्राप्त होने पर भी कोई ऐसा कर सके, यह बड़ी दुर्लभ बात है।

आश्रम में आने वाले कई लोग बदमाश किस्म के होते थे। मुझे उनका पता रहता था क्योंकि मैं बाहर उनका व्यवहार देखती थी। लेकिन यदि वे भी उनके पास आते तो वे आशीर्वाद ही देतीं। जब मैं उन्हें बताती कि यह व्यक्ति ऐसा है, तो हँसकर कहतीं, 'जाओ, अब तो मैंने उसे आशीर्वाद दे दिया।'

जो लोग बहुत सहज और सरल होते हैं, उन्हें कुछ सोचने की जरूरत नहीं होती। भगवान स्वयं उनके बारे में साचते और सब व्यवस्था करते हैं–

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जना: पर्युपासते ।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ॥

इसलिए जब अम्माजी ने अपने भौतिक शरीर का त्याग किया, तब योगिनियाँ भी यहाँ उपस्थित थीं, साथ ही स्वामी सत्संगीजी को भी रिखिया से बुलाने की आवश्यकता नहीं हुई। इतना भव्य कार्यक्रम भी हो ही रहा था।

अन्तिम समय तक उनके जीवन का यही उद्‌देश्य था कि किस तरह परमहंसजी के काम को आगे बढ़ाया जाए। जब वे आशीर्वाद देतीं तो कहतीं, 'खूब काम करो, खूब नाम करो, खूब योग सिखाओ। सब को आश्रम के बारे में बताओ, सब को गुरुजी के बारे में बताओ।' सरल भाव से जो भी कह देतीं, वैसा ही हो जाता। कोई कहता, 'अम्माजी, मेरी बेटी को बेटा हो जाए, कुछ बता दीजिए।' तो कहतीं, 'सुन्दरकाण्ड का पाठ करो', और सच में उसे बेटा हो जाता! लेकिन उन्होंने अपने आप को हमेशा साधारण ही समझा। रामचरितमानस में आता है– *राम रमापति करधन लेऊँ, खिचहुँ चाप मिटे संदेहुँ।* जो लोग उन्हें साधारण समझते थे, वे अब समझेंगे कि वे क्या थीं।

अम्माजी के साथ बिताये अनमोल क्षण

पूज्य स्वामीजी ने अम्माजी की सेवा का जो दुर्लभ अवसर दिया, उसके लिए गुरु-दक्षिणा में यह जीवन ही क्यों न माँग लें, वह भी थोड़ा ही होगा। उनकी सेवा में रहते हुए तो मुझसे बहुत गलतियाँ हुईं। फिर भी मुझे विश्वास है कि वे जहाँ भी रहेंगी, मेरी प्रार्थना सुनेंगी और मुझे मेरी गलतियों के लिए क्षमा करेंगी। मीरा ने कहा है न, 'यदि मैं जानती प्रीत करन दु:ख होये, तो मैं वह कभी नहीं करती...' वही स्थिति आज मेरी है।

अभी भी रात में उनकी गन्ध और स्पर्श का अनुभव मुझे होता है। मेरे जीवन के अंतिम समय तक यही बना रहे, बस और कुछ नहीं चाहिए। वे मुझे बहुत प्यार करती थीं। जब भी मैं ट्यूरिस्ट गाइड से भारत के दर्शनीय स्थानों के बारे में पढ़कर सुनाती और कहती कि फलानी जगह तो जाना चाहिए तो मुझपर गुस्सा हो जाती थीं। कहतीं, 'सब जाओ जहाँ जाना है।' फिर धीरे से कहतीं, 'पहले मुझे चले जाने दो, फिर कहीं भी जाना। जब तक मैं हूँ, तुम कहीं जाने का मत सोचो।' उनके साथ रहने का बड़ा अद्भुत अनुभव था, जो शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। जो लोग उनके सम्पर्क में रहे हैं, वे इस बात को अवश्य समझेंगे।

मैं भी उन्हें बहुत चाहती थी। मुझे तो पशु-पक्षी को घर में रखना एकदम पसंद नहीं है, लेकिन मैं कृष्णा और पिताम्बर की भी सेवा करती रही, क्योंकि वे अम्माजी की चिड़ियाँ थीं। वे जब भी अस्वस्थ होतीं, तो मैं यहीं सोचती कि गुरुदेव उनकी यह अस्वस्थता मुझे दे दें और उन्हें ठीक रखें।

आश्रम में किसी के साथ कमरे में रहना होता है, तो लोगों को बहुत समस्या हो जाती है। लेकिन उन्हें मुझसे कभी परेशानी नहीं हुई। वे कहती थीं, 'तुम्हें पढ़ना है तो लाइट जलाओ, मुझे नींद आ जायेगी। पंखा चलाना है चलाओ, दरवाजा खोलना है खोलो, गीतापाठ सुनना है सुनो।' यह है वास्तविक लचीलापन। वे कभी इन बातों से परेशान नहीं होती थीं। मेरे जीवन में उनका आना और उनके साथ रहना वैसा ही अनुभव है जैसे देवी दुर्गा या सरस्वती के साथ रहना। शायद ये देवियाँ भी ऐसी ही होती होंगी।

परमहंसजी के आशीर्वाद से यह सेवा मुझ से हो पाई, नहीं तो सेवा करना कोई आसान काम नहीं है। सेवा में सबसे बड़ी समस्या उपस्थित होती है मन के कारण। जब नकारात्मक भाव आने लगते हैं, तब उन्हें नियंत्रित करना बहुत कठिन हो जाता है। अब मुझे इस बात का अहसास होता है कि हम कुछ नहीं करते, कराने वाला कोई और है। हम केवल माध्यम हैं। वे मुझसे अक्सर कहा करती थीं, 'मेरी समाधि के बाद तुम श्रद्धांजलि अवश्य लिखना।' मैं कहती, 'अम्माजी, मुझे भाषा और व्याकरण का ज्ञान तो है नहीं, मैं क्या लिखूँगी?' तो वे कहतीं, 'नहीं, बहुत अच्छा लिखोगी। तुलसीदास जी को भी लिखना नहीं आता था, लेकिन उन्होंने रामचरितमानस लिखा न। वैसे ही तुम्हें भी मेरा आशीर्वाद है।'

महान् आत्मा का महाप्रयाण

फरवरी के पहले सप्ताह में मैंने उन्हें बातों-ही-बातों में कहा था कि 15 फरवरी को बिहार योग विद्यालय की स्वर्ण जयन्ती है, बहुत-से लोग आने वाले हैं, स्वामी गिरीशानन्द जी और योगिनियाँ भी आने वाली हैं। तब से वे रोज सुबह-शाम मुझ से पूछती रहतीं कि योगिनियाँ कब आयेंगी। शायद उन्हें इन्हीं लोगों का इतंजार था और उन्हें पता था कि उनका सभी काम इनके माध्यम से होने वाला है।

जब उन्हें पता चला कि स्वामी निरंजन जी मकर संक्रांति से पंचाग्नि साधना करने जा रहे हैं, तो वे जरा भी विचलित नहीं हुईं, बल्कि मुझसे कहा, 'वे परमहंस हैं, साधना तो करनी होगी।' इससे पता चलता है कि उनमें कितनी आध्यात्मिक गहराई थी। उन्होंने अपनी एक कविता में कितना सुन्दर लिखा भी है–माँ की यही कामना बेटा, बनो गुरु मस्तक की लाली। गुरु के बताये मार्ग पर चलो और उनका नाम रोशन करो, यही उन्होंने सिखाया। उन्होंने स्वामी निरंजन जी से कह भी दिया था कि मेरी चिन्ता मत करो, अपनी साधना करते रहो। मुझे लगता है कि उनके आशीर्वाद से ही स्वामीजी की पंचाग्नि साधना पूरी हो पाई। 11 फरवरी को स्वामीजी की पंचाग्नि साधना की पूर्णाहुति हुई और 12 तारीख के ठीक 12 बजे अम्माजी ने समाधि ले ली। शायद उनकी अंतिम इच्छा स्वामीजी की पंचाग्नि साधना देखने की रही होगी।

वे अंत तक अपने मंत्र का उपांशु जप करती रहीं। उनके होठों को देखकर स्पष्ट था कि मंत्र जप अनवरत हो रहा है। फिर मंत्र जप धीरे होता गया और जैसे ही घड़ी का काँटा दोपहर के 12 बजे पर आया, जप समाप्त हो गया। 4-5 घंटे पूर्व सब इन्द्रियाँ अन्तर्मुखी हो गई थीं। 2 घंटे पहले आँखों की पुतलियाँ दाँयी ओर घूम गईं, जहाँ दीवार पर स्वामी सत्यव्रतानन्दजी और स्वामीजी की तस्वीर लगी थी। बस उसके बाद उन्होंने हमेशा के लिए आँखे बंद कर लीं। जैसे ही धीरे से अंतिम मंत्र हुआ, घंटाघर की घंटी बजनी शुरू हुई और 12 घंटियाँ बजती चली गईं। वातावरण में अपार शांति और आनन्द छाया था। और इस शुभ बेला में अम्माजी ने समाधि ली। न कोई चीख, न कोई चिन्ता, न डर, न भय, न किसी प्रकार का दु:ख। जो अंतिम शब्द उन्होंने कहा, वह था—हरि ॐ।

12 फरवरी, 2013 का यह दिन बिहार योग विद्यालय के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा। यह अन्त नहीं बल्कि शुरुआत है। उनके भौतिक शरीर त्यागने के बाद आश्रम और अधिक समृद्ध होगा। अब उनकी आत्मा स्वतंत्र रूप से कार्य करेगी। जो योग दीप सन् 1964 की बसन्त पँचमी को स्वामी सत्यानन्द जी ने प्रज्वलित किया है, वह अब और अधिक प्रकाश के साथ दीप्तिमान् होगा।

वे जीवित रहेंगी उन सभी माताओं में, जो अपने बच्चों को संन्यास के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद देती हैं। वे जीवित रहेंगी उन सभी शिष्यों में, जो पूरे समर्पण भाव से गुरु की सेवा करते हैं। धन्य है वह माँ जिसका स्वामी निरंजनजी जैसा पुत्र है। धन्य है वह शिष्या जिसका स्वामी सत्यानन्दजी जैसा गुरु है। धन्य है यह भारत-भूमि जहाँ आज के युग में भी ऐसी माताएँ हैं। वे तब तक जीवित रहेगीं जब तक गुरु-शिष्य परम्परा चलती रहेगी। ऐसी महान् माता को कोटि-कोटि प्रणाम!



Embodiment of Faith

Sannyasi Mantranidhi, Munger, on the occasion of Shodashi Anushthana



Even if we spend the whole day speaking about Ammaji and describing her qualities, it will not be enough. There cannot be adequate words to talk about her. However, with the grace of guru and Ammaji, and my love for her, whatever I say today is dedicated to her.

Ammaji was a living example of the following lines from the *Ramacharitamanas*:

> *Bhavaani shankarau vande*
> *shraddhaavishvaasarupinau,*
> *Yaabhyaam vinaa na pashyanti siddhaah*
> *svaantahsthameeshvaram.*

> I greet Goddess Parvati and Her consort, Shiva, embodiments of reverence and faith, without which even the adept cannot perceive God enshrined in the heart.

She had the most unshakeable faith. We were not able to completely comprehend the depth of her faith though we spent a lot of time with her. Her company was so dear to us. We received so much love and motherly attention from her. No one left her room empty-handed, whether they received love or a snack.

Unshakeable faith

Her faith was unparalleled. Just think about it, she had only one son, but like the brave ladies of the past who sent their men to war with their blessings, our Ammaji sent her son to work for the development of her guru's mission. She sent him off to carry the flag of yoga to frontiers far and wide; she placed her beloved child at her guru's feet. She was not just mother, she was Devi Ma. She used to say to me:

> *Yaadevisarvabhooteshushraaddhavishvaasarupinau.*

> Devi Ma is the embodiment of faith and unshakeable trust.

It is something I have always experienced when being with her. She had such trust. During Sharad Poornima when her health had taken a turn for the worse, we asked her if she would leave her body. She replied, "Oh no! I am not ready to leave this body yet. My guru will come to take me and only then will I be ready to go. I am not going just like that."

Her trust was so firm that Sri Swamiji did come to take her. I had the privilege to see Sri Swamiji's room. I saw how he came to take our Ammaji. I saw how the mosquito net was lifted and the quilt had moved. I saw the bed that bore clear impressions of him having sat there. Then I recalled Ammaji's unshakeable faith in him.

Discipline

She loved her guru and followed strict discipline. Whenever we went to her and asked for this or that, she would say, "Put a note to the office or write to Kutir to get what you want. I am not going to give it to you myself. I am a sannyasin." This is how she inculcated discipline in us. She taught us by example.

She was not only mother to Swami Niranjan, but became a mother to thousands. Her son was like Sri Rama who went to his guru's home at an early age and gained knowledge in a short time. He went to stay overseas and was able to manage very well. He could have done as he pleased. He could have married and enjoyed himself. However, his mother's inspiration and teachings were such that he never wavered from the path. When we nurture and tend a mango tree well, it gives amazing fruit. That is how she brought up our Swamiji.

Ammaji was a *tapasvini*, a true ascetic. When Satyabratji passed away in 1971, she lived all by herself, without husband or son. She told me a story about how sometimes people would come to tell her that the door to the house was left open, but she would only say, "I have nothing to worry about. If someone needs something that is in this house, he can take it. I don't need these things."

I was fortunate to visit that house in Rajnandgaon, the place where our Swamiji

was born and where Ammaji ran that small organization.

Inspiration to all

I feel that when there is so much trust and faith, we do not do anything ourselves but the guru works through us. We become the medium of the guru's work. The doer is the guru, not us: *Naham karta guru karta, guru karta hi kevalam.*

Ammaji showered us with so much love and care. Once, when we did the chanting of the entire *Ramayana* on Swamiji's sannyasa day in January, she said, "How will you do it, it is so bitterly cold." I said that it was not me who was doing anything, but it was guru who made it happen. Ammaji laughed and said, "Our guru used to do panchagni and you are doing 'thandagni' (cold austerity)."

Her memory was unbelievable. She was meticulous about details. What Ramaji had to wear, which sandal paste was to be used, which kind of camphor for the arati, she knew every little detail. I used to be astounded and wished I had a little of that power to remember things so well. Everything that I have learnt and felt inspired by is due to her.

I bow a million times to that mother and pray that we always receive her inspiration and strength. She has gone on ahead to her guru's abode. She will return from there to do more of her guru's work and fill us with inspiration.

—28 February 2013, Ganga Darshan



श्रद्धा की प्रतिमूर्ति

संन्यासी मंत्रनिधि, मुंगेर

अम्माजी के बारे में अगर पूरे दिन भी वर्णन करें तो वह कम पड़ेगा। उनका सबसे बड़ा गुण, उनकी सबसे बड़ी शक्ति, उनकी श्रद्धा थी। उन्होंने वास्तव में रामचरितमानस की इस पंक्ति को जीवन में चरितार्थ किया था–

भवानीशंकरौ वन्दे श्रद्धाविश्वासरूपिणौ ।
याभ्यां विना न पश्यन्ति सिद्धा: स्वान्त:स्थमीश्वरम् ॥

उनके अन्दर अटूट श्रद्धा थी। हम लोग उनके साथ रहे तो बहुत दिनों से, उनका बहुत प्रेम, वात्सल्य और सान्निध्य भी मिला, पर उनकी श्रद्धा का अनुकरण नहीं कर पाए। उनके अन्दर ऐसी श्रद्धा थी कि अपना इकलौता बालक तक गुरुजी को समर्पित कर दिया। जैसे कोई वीरांगना अपने पति और पुत्र को तिलक लगाकर युद्धभूमि में भेजती है, वैसे ही हमारी अम्माजी ने अपने गुरु के योग मिशन कार्य को आगे बढ़ाने के लिए अपने लाडले को उनके चरणों में दे दिया। वे माँ नहीं, देवी माँ थीं, श्रद्धा की प्रतिमूर्ति थीं। और पुत्र भी ऐसा, जिसने छोटी उम्र में ही गुरु आश्रम आकर सारी विद्याओं को आत्मसात् कर लिया– *गुरुगृह गये पढ़न रघुराई अल्पकाल सब विद्या पाई।* इसके बाद वे विदेश में भी रहे, चाहते तो शादी कर सकते थे, मौज-मस्ती कर सकते थे, लेकिन माँ की ऐसी प्रेरणा थी, ऐसी शिक्षा थी कि कर्त्तव्य-पथ से कभी च्युत नहीं हुए। जैसे एक आम के पेड़ को हम अच्छे से सींचते हैं तो फल बहुत सुन्दर होता है, वैसे ही अम्माजी ने हमारे गुरुदेव को सींचा।

अम्माजी के मजबूत और अडिग विश्वास को मैं हमेशा महसूस करती थी। पिछली शरद पूर्णिमा के समय उनकी



तबियत कुछ खराब हो गयी थी तो हम लोगों ने पूछा कि अम्माजी, क्या आप शरीर छोड़ देंगीं। कहा, 'नहीं रे! मुझे शरीर अभी नहीं छोड़ना है। गुरुजी मुझे लेने आएँगे तब तो मैं जाऊँगी। मैं ऐसे नहीं जाऊँगीं।' उनका ऐसा अटूट विश्वास था कि हमारे परमहंसजी उन्हें लेने के लिए स्वयं आए। मुझे उनके कमरे के दर्शन का सौभाग्य मिला। मैंने देखा कि मसहरी उठी हुई थी, रजाई चपेती हुई थी और उसपर ध्यानस्थ होकर हमारे बाबा बैठे होंगे। तब मुझे अहसास हुआ कि अम्माजी का विश्वास कितना मजबूत रहा होगा। जिनके हृदय में गुरु के प्रति श्रद्धा होती है, वे सचमुच गुरु के माध्यम, गुरु के अपने बन जाते हैं– *नाहं कर्ता गुरु: कर्ता गुरु: कर्ता हि केवलम्।*

अनुशासनप्रिय ऐसीं कि हमारे पूज्य गुरुदेव की माता होने के बावजूद कभी यह जताया नहीं। हम लोग कई बार उनके पास जाकर कहते कि अम्माजी, हमें यह चाहिए। तो कहतीं, 'यह चाहिए तो ऑफिस में लिखकर दो, तुम्हें मिल जाएगा। मैं थोड़े ही दूँगी। मैं भी तो इस आश्रम की एक संन्यासी हूँ।' इस तरह से वे हम लोगों को अनुशासन का पाठ पढ़ाती थीं। खुद मिसाल बनकर हम लोगों को बताती थीं कि ऐसा ही अनुशासन तुम भी रखो।

वे एक महान् तपस्विनी थीं। जब 1971 में सत्यव्रत जी गुजर गए, तो ग्यारह साल तक पति और बच्चे के बिना गुरु-कार्य में संलग्न रहीं। उनके मकान का दरवाजा कभी-कभी खुला रह जाता था। कोई आकर बोलता कि अम्माजी,





आपका दरवाजा खुला है, तो कहतीं, 'अरे, इस घर में ऐसा क्या रखा है। अगर कोई आएगा भी और उसे कोई जरूरत की चीज दिखेगी तो लेकर चला जाएगा। हमें उस वस्तु की जरूरत नहीं।'

दूसरों के प्रति उनमें बहुत करुणा और संवेदनशीलता थी। बिना कुछ दिये किसी को भेजती नहीं थीं। चाहे प्रेम दें, कोई वस्तु दें, या जो भी दें। जनवरी में गुरुदेव के संन्यास दिवस पर मैं अखण्ड रामायण किया करती हूँ। उसके बारे में वे कहतीं, 'अरे इतनी ठण्ढ में कैसे करोगी?' तो मैं बोलती थी कि अम्माजी, मैं थोड़े ही करती हूँ, वह तो गुरुजी करते हैं। तो हँसकर कहतीं, 'हमारे गुरुजी पंचाग्नि का सेवन करते थे और तुम ठण्ढाग्नि का!' जब मैं रामायण पाठ से पहले उनके पास पूजा की सामग्री के लिए आती थी, तो बड़ा आश्चर्य लगता था। कम उम्र के लोग बहुत-सी चीजें भूल जाते हैं, लेकिन अम्माजी एक-एक चीज तैयार रखती थीं। कौन-सा कपड़ा रामजी का ओढ़ाना है, कौन-सा चंदन लगाना है, कौन-से कपूर से उनकी आरती होनी है। एक-एक चीज का बारीकी से ध्यान। मैं सोचती कि काश मेरे पास भी इस तरह की बुद्धि और ज्ञान होता तो मैं भी ऐसा करती। मैंने आश्रम में जो भी देखा, सीखा और प्रेरणा पाई, वह सिर्फ अम्माजी के साथ रहकर।

गुरुदेव भी जब अपनी माँ से मिलते थे तो बड़े सहज और सरल भाव से। सफलता की परकाष्ठा पर वे इसलिए पहुँचे कि उनके हृदय में वही श्रद्धा और विश्वास था। उसी श्रद्धा और विश्वास के बल पर वे आगे बढ़े और मैं उनसे विनती करती हूँ कि इसी तरह का श्रद्धा और विश्वास हम सब शिष्यों को प्रदान करें। उस महान् माता को कोटि-कोटि नमन करती हूँ और प्रार्थना करती हूँ कि उनकी प्रेरणा और शक्ति सदा सब को मिले। वे तो गुरु के धाम में, शिवानन्द बाबा और सत्यानन्द बाबा के धाम में पहुँच गईं हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वहाँ से लौटकर वे जरूर गुरु का काम जारी रखेंगी और हम लोगों को प्रेरणा देती रहेंगी।

माँ धर्मशक्ति जी को श्रद्धांजलि

संन्यासी आनन्दप्रिया, नई दिल्ली



अगाध प्रेम की मूर्त रूपा हमारी अम्माजी, पूज्या धर्मशक्तिजी को किन शब्दों में श्रद्धांजलि दूँ। उन्हें मैं माँ कहूँ, कि गुरु कहूँ, संत कहूँ, कि भगवती, यह नहीं जानती, क्योंकि मैंने उन्हें इन सभी रूपों में देखा है।

परम पूज्य परमहंसजी जब गंगादर्शन में ही थे, तभी से मैं उनसे परिचित थी। पर उनसे युक्त हुई तब, जब वे रिखिया आ चुके थे, एवं उन्हीं का निर्देश मान पटना में मैं 'स्वामी निरंजनानन्द शिशु निकेतन' के स्थापना कार्य में संलग्न थी। प्राय: ही पूज्य स्वामी निरंजनानन्द जी से दिशानिर्देश प्राप्ति हेतु मुंगेर आना होता। उन दिनों अनभिज्ञता के कारण मन में संदेह रहता कि मैं गुरु का यह कार्य सम्हालने में सक्षम भी हूँ या नहीं। इसलिये जब भी आती, पूज्य अम्माजी के पास जरूर बैठती और उनसे सहृदय प्रोत्साहन का प्रसाद पाती। कुछ सालों के बाद स्वामीजी ने मेरे पति को और साथ ही मुझे भी आश्रम रहने के लिये बुला लिया। दूसरी सेवाओं के साथ मुझे अम्माजी के पास आने-जाने का भी कर्मयोग मिला। यह तो एक कृपा ही थी जिसके कारण मैं उनसे अन्तरंग होती चली गयी और मेरे जीवन को एक नयी दिशा, नयी स्फूर्ति मिलने लगी।

संन्यास आश्रम में, कर्म योग की व्यस्तता में, अपने मन की उथल-पुथल में, एक वही तो थीं, जिनके पास जाकर क्षणिक विश्राम मिलता था। उनका मधुर दर्शन, उनका व्यवहार, उनका प्रज्ञापूर्ण सहृदय वार्तालाप एक संजीवनी शक्ति का, आनन्द का संचार कर देता था। देखते ही 'आओ जी बैठो' कहना, अपने हाथों से आसन बिछा देना, यह सब भुलाये नहीं भूलता। दो-तीन दिन यदि नहीं जा पाती तो पूछतीं, 'क्यों जी? कहाँ थे इतने दिन, क्या कर्मयोग चल रहा है?' और मेरे दिनचर्या की पूरी खबर ले लेतीं। वे मेरी अनर्गल बातों को सुनतीं और बोलने देतीं। उस समय पता नहीं होता कि उन्होंने हमें कितना पढ़ लिया है। और उचित समय आने पर स्वत: ही एक सहज वाक्य से निर्देशित कर देतीं कि मुझे क्या करना या नहीं करना है। ऐसा कितनी बार हुआ है कि उन्होंने मुझे अपने पारिवारिक जीवन में विभ्रान्त पदक्षेप लेने से बचा लिया। और ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैंने उनके निर्देश का अनुसरण नहीं किया हो। मोहग्रस्त अर्जुन को संशयमुक्त कराने तथा गाण्डीव उठवाने में श्रीकृष्ण भगवान को गीता के अठारह अध्याय लगे पर अम्माजी अपने एक वाक्य के अकाट्य निर्देश से अनायास ही हमें अपने धर्म का बोध तथा कर्म में प्रवृत्त करा देतीं। यह अन्यन्त आश्चर्यजनक था, तुलनाहीन था। मेरे हृदय के तार को अपने हृदय के तार से एक सुर में बांध लेना, और किसी से भी संभव न हो सका था।

परमपूज्य गुरुदेव ने मुझे रिखिया बुला लिया था। वहाँ मुझे रिखिया पंचायत के गाँवों की कन्याओं को अंग्रेजी पढ़ाने का कार्यभार सौंपा गया। मैं धन्य हो गयी। पर जब भी गंगा दर्शन आती, वहाँ के सारे दु:ख-सुख की बातें पूज्य अम्माजी को बताती। श्रद्धेय आनंदमूर्ति जी का कर्मयोग 'बिहार योग भारती' में, पूज्य स्वामी निरंजनानन्द जी के साथ होता।

पटपरिवर्तन हो रहे थे। समय किसी के लिए रुकता नहीं है। बढ़ती उम्र के कारण अम्माजी ने अब वार्तालाप कम कर दिया था। पर प्रति रविवार को आनंदमूर्ति जी का और मेरा उनके यहाँ मध्याह्न में निमंत्रण अवश्य रहता। श्रीमद्भागवत, देवीभागवत, वाल्मीकि रामायण आदि का पारायण सुनने के लिए। वाचक स्वामी निर्मलानन्द रहतीं और मुख्य श्रोता पूज्य अम्माजी थीं। हम दो-तीन संन्यासी एवं अम्माजी का पालतु मैना पक्षी भी श्रवण के पुण्य के भागी बन जाते। यह तो बिन मांगे मोती मिलने के समान था, या उससे भी अधिक। यह तो एक संत की कृपा थी। भगवान तो वहाँ आए बिना रह ही कैसे सकते थे, जहाँ उनकी लीलाओं का श्रवण स्वयं धर्मशक्ति जी कर रही हों। इतना आदर, इतनी श्रद्धा, इतनी भक्ति, तदोपरि आप्यायन का भाव लिए। उन क्षणों का आनन्द तुलनाहीन था।

5 दिसम्बर 2009 की मध्यरात्रि के समय हमारे परमपूज्य गुरुदेव परमहंस सत्यानन्दजी ने स्वेच्छा से महासमाधि में प्रवेश किया। उनके शिष्यों की व्यथा का आरपार नहीं था। पूज्य धर्मशक्तिजी तो उनकी प्रथम शिष्या ही थीं। पूज्य स्वामी निरंजनानन्दजी ने आध्यात्मिक अनुष्ठानों की बाढ़-सी लगा दी। हम उसी में निमग्न होते चले गए।

मेरी सेवा रिखिया में लग जाती है, वहाँ के कन्या-बटुकों के अंग्रेजी शिक्षण का भार पुन: सम्हालने हेतु। श्रद्धेय आनंदमूर्ति जी की सेवा संन्यास पीठ में थी, अपने प्रिय स्वामी निरंजनानन्द जी के साथ। अम्माजी के दर्शन लाभ भी होते रहते।

अन्तत: मेरे जीवन की चरम वेदना का दिन आया। 14 जनवरी 2011 की मकर संक्रान्ति के ब्रह्ममुहूर्त में मेरे पति मुझे संसार में अकेला छोड़कर चले गए। मेरे चारों ओर अंधेरा ही अंधेरा था। पूज्य अम्माजी के पास जब गई तो उन्होंने कहा था, 'मृत्यु को कोई नहीं रोक सकता। आनंदमूर्ति जी मेरे दर्शनों को प्रतिदिन ही आते थे। और देखो आश्रम में कौन ऐसा होगा जिन्होंने उनकी प्रशंसा न की हो।' पर मेरे लिए विषाद से उबर पाना असम्भव-सा हो गया था। घर पर रहती। आश्रम नहीं जा पाती पर अम्माजी मेरी खबराखबर लेती रहतीं।

विगत 13 फरवरी को मध्याह्न बेला में मुझे अम्माजी के महाप्रयाण का समाचार मिला। मैं स्तब्ध रह गई। समय जैसे ठहर गया। मन एकाग्र हो गया उनके ध्यान में। चारों ओर रक्षाकवच-सा बन गया मेरे। शान्ति का, पवित्रता का वातावरण बन गया। मैंने अपने आपको खो दिया। श्रद्धेया अम्माजी की सन्निधि का आभास हुआ, और उन्होंने कहा, 'देखो आनन्दप्रिया, मैं भी जा रही हूँ। एक दिन सभी को जाना पड़ता है, यही सृष्टि का विधान है। तुम उठो, जागो तमस् से। बहुत काम पड़ा है। ऊपर में आनन्दमूर्तिजी को मैं देख लूँगी।' मैं मानो एक दीर्घ निद्रा से जाग उठती हूँ। जीवनी-शक्ति से युक्त, वेदना मुक्त, एक नये जीवन का पदचाप सुनाई देता है। शान्ति के शीतल जल का स्पर्श मेरे हृदय के ताप को शान्त कर चुका होता है। षोडशी के अनुष्ठान में पहुँचने की सारी व्यवस्था मानो स्वत: हो जाती है। और नूतन शक्ति से संजीवित होकर मैं पुन: गुरुदेव के चरणों में पहुँच जाती हूँ। वे स्मित हास्य से हमारा स्वागत करते हैं। अब अम्माजी का शून्यस्थान भी तो उन्हीं को सम्हालना था। पूज्य अम्माजी के समाधिस्थल के दर्शन होते हैं और पुन: उसी स्नेह का संस्पर्श होने लगता है।

अम्माजी, सदा की तरह आज भी आपने मुझे तमस् से सत्त्व की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। इस महान् अनुभव को मैंने शब्दों में ढालने का अक्षम प्रयास किया है। पर आज आप नहीं हैं कि मेरे इस लेखन की प्रथम श्रोता बनतीं, सदा की तरह। पर आपकी स्मृति में वह क्या है नहीं जानती, जो मुझे इस धरा की संगीत माधुरी को पुन: सुना रहा है और बता रहा है कि 'तुम अकेली नहीं हो, वह दिव्य आनन्द तो तुम्हारा चिर साथी है।' धर्मशक्ति जी की मधुर मुस्कान के जैसा ही। आप आज भी मुझे बता रही हैं कि 'धर्म के पथ पर रहो और कर्म करते चलो, रुकना नहीं है।' 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान् निबोधत।' मैं धन्य हूँ कि आपको मैंने गुरु के रूप में भी पाया। माँ, आपको नमन है! नमन है!! पुन: नमन है!!!





किया हुआ वादा फिर भूल नहीं पाते

संन्यासी योगप्रिया, पटना

12 फरवरी, 2013। गंगा-दर्शन का परिसर, प्रभात की स्वर्णिम बेला, शुचिता, ऊर्जा एवं नवजीवन की ज्योत्स्ना का अनुपम सायुज्य, पूरब दिशा में सूर्य कुछ अधिक ही सौंदर्य से पूरित सकल प्रांगण को आच्छादित करते हुए। हर व्यक्ति उल्लसित, विभिन्न व्यवस्थाओं में जुटे। माँ त्रिपुरा सुन्दरी के आगमन की तैयारी पूरे जोर-शोर से। निश्चित समय एवं शुभ मुहूर्त में योगिनियों द्वारा माता का आवाहन शंखध्वनि से। मंत्रों के स्वर, धूप की सुगन्ध और नाना प्रकार की जड़ी-बूटियों से परिपूर्ण हवन की खुशबू पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से संचरित करते हुए। पूजास्थल पर स्वामीजी एक अद्‌भूत आभा से दीप्त विराजमान। अभी एक दिन पूर्व ही तो उन्होंने पंचाग्नि साधना की पूर्णाहुति की है। पंचाग्नि में तपकर सम्पूर्ण काया कंचन की भाँति आलोकित हो रही है, जिनके संप्रेषण से शायद ही कोई अछूता बचा हो। साथ में स्वामी सत्यसंगानन्द जी की उपस्थिति, मानो सोने पर सुहागा।

देवी आराधना के पश्चात् नवनिर्मित एम्फीथियेटर में स्वामीजी का वक्तव्य हर्ष एवं उल्लास से परिपूर्ण था। और भला हो भी क्यों नहीं? बिहार योग विद्यालय की स्वर्ण जयन्ती के उपलक्ष्य में उन्होंने अपनी गुरु भक्ति की परिकल्पना का एक सुन्दर-सा उद्यान् 'सत्यम् वाटिका' में सहेज कर उतारा था। बिहार याग विद्यालय का संपूर्ण इतिहास इसके अनेक सुन्दर शिलाखण्डों पर बड़ी खूबसूरती से दर्शाया गया है। कोई इसकी एक परिक्रमा कर ले तो सम्पूर्ण इतिहास की झलक चलचित्र की भाँति देख ले। किसी गाइड की आवश्यकता नहीं। मानो इसमें अंकित शब्द स्वयं अपनी गाथा सुना रहे हों। चहुँ दिशाओं में रंग-बिरंगे पुष्प हवा में अठखेलियाँ करते हुए मानो उद्यान में अपनी उपस्थिति पर स्वयं इठला रहे हों।

19 जनवरी सन् 1963 में श्री स्वामी सत्यानन्द जी ने एक संकल्प लिया था और बिहार योग विद्यालय की आधार-शिला एक अखण्ड-ज्योति जलाकर रखी थी, जो आज भी प्रज्वलित है। उन महान् संत की कल्पना एवं गुरु-समर्पण का संकल्प इस अखण्ड-ज्योति की बाती है और उनकी अपार श्रद्धा इसका स्नेह। और इस ज्योति को चिर युगों तक प्रज्वलित रखना हम सबों का कर्त्तव्य। 'सत्यम् वाटिका' को अपने पूज्य गुरुदेव के श्री चरणकमलों में समर्पित करते हुए श्री स्वामीजी ने अपूर्व आनन्द से कहा 'आज में बहुत खुशी का अनुभव कर रहा हूँ।' उनकी खुशी उनके रोम-रोम से प्रकट हो रही थी।

इधर सब कार्यक्रम चल रहा था और कहीं और कालचक्र का पहिया कुछ अन्य इतिहास लिखने की प्रक्रिया में सक्रिय था। 11 बज कर 15 मिनट पर स्वामीजी ने हमें उद्यान की सैर करने को छोड़ दिया। न जाने क्यों हमारे पैर स्वत: आराधना स्थल की ओर बढ़ चले। 11बज कर 22 मिनट पर हवन की ज्वाला की एक तस्वीर लेने की ईच्छा हुई। कैमरे से तस्वीर लेकर देखी तो यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि उसमें परमहंस जी की भव्य आकृति विराजमान थी। रोम-रोम हर्षित हो उठा और नेत्र सजल हो गए। एक बार पुन: श्री स्वामीजी ने अपने सर्वत्र व्याप्त होने का प्रमाण दिया था। हृदय में बस एक ही बात आई कि देवी माँ की आराधना सफल हुई और हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त हुआ। किन्तु पृष्ठभूमि कुछ और ही थी।

दोपहर के सत्संग का सत्र 2 बजे से आरम्भ हुआ। वृंदावन से स्वामी गिरिशानन्द जी पधारे थे। स्वामीजी ने बड़े शान्त और सहज ढंग से भूमिका प्रारंभ की, एक संन्यासी की मृत्यु की कहानी को सुनाकर, जिसने कहा था कि मेरी मृत्यु पर शोक न करना, उत्सव मनाना। उसके गुरु-भाइयों ने उसके पार्थिव शरीर में पटाखे बाँध दिये थे, जो चिता के प्रज्वलित होने पर फूटने लगे और अनायास माहौल उत्सव में बदल गया। कहानी के मध्य में ही कुछ घटित होने का आभास हुआ। कहीं अम्मा जी ...। फिर लगा, नहीं, स्वामीजी तो विनोदी स्वभाव के हैं ही, उनके सत्संग में एक-दो प्रेरणादायक कहानियाँ रहती ही हैं। किन्तु भूमिका की समाप्ति ने क्षणभर के लिए सबको स्तब्ध कर दिया। कहानी का अन्त इतनी बड़ी घटना के प्रकटीकरण के साथ? दिन के 12 बजे माँ धर्मशक्ति, जो न केवल स्वामी जी की अम्माजी हैं वरन् हर उस व्यक्ति की जिनसे वे एक बार भी मिल चुकी हों, उन्होंने 'ॐ' की ध्वनि के साथ महाप्रयाण किया है।

इतनी बड़ी बात को इतने सहज ढंग से बतलाना स्वामीजी की ही विलक्षणता है। ठीक उस समुद्र के समान जिसमें न जाने कितनी ज्वारभाटाएँ हैं, उत्तुंग लहरें हैं, जिसके सीने को चीरते हुए न जाने कितने विशाल पोत नित गुजर जाते हैं, फिर भी वह शान्त, धीर, गम्भीर बना रहता है। स्वामीजी के हृदय की विशालता को हमारा शत-शत नमन।

जब कभी अम्माजी से पूछा जाता कि आप स्वस्थ रहिये, अभी नहीं जाना है, तो बड़े स्नेह से कहतीं, 'नहीं रे अभी नहीं, जब गुरुजी लेने आयेंगे तभी जाऊँगी।' गुरु भक्ति और निष्ठा की ऐसी मिसाल बहुत कम दृष्टिगोचर होती है। गुरु हमेशा अपनी कही बात पूरी करते हैं, बस पूर्ण समर्पण होना चाहिए। यही श्रद्धा-विश्वास की नींव है, जो युगों-युगों से चली आ रही है।

Tributes from Around the World

Om Mataji Devi, thrice-blessed.
Swami Satyabrat Saraswati who inadvertently took you to your guru.
Swami Satyananda Saraswati who because of your one-pointed devotion gave you Swami Niranjan-ananda Saraswati, whom you gave to the world.
We are truly grateful to share your blessings.

—Rishi Arundhati,
Satyandandashram, Ontario, Canada

"Let every action be an offering." This was the life of Swami Dharmashakti, known as our beloved Ammaji. In the many years since the early 1950s, Ammaji expanded her guru's work and mission, which included the publications and events which are today simply legends. We can understand the saying, "The guru exists within his disciples in the form of an awakened Shakti," which is, appropriately, part of her name.

—Rishi Hridayananda,
Mangrove Yoga Ashram, Australia





I would like to offer a few words to that great lady I met many times in Munger. She represents for me the greatness of a disciple who could discover the genius in a young monk who was to become a paramahamsa. Through her faithful devotion she also deserved to be the mother of another paramahamsa, yet she was kind and modest, as if she was an ordinary person. Every time I met her I treasured her presence as a real saint.

—Swami Yogabhakti,
Satyanandashram, Paris, France

Swami Dharmashakti was a remarkable woman, and the worthy mother of a remarkable son. And although we expect to bury our elders, nevertheless, it always comes as a shock when it is our own mother, however grownup we might be. So I am thinking of you a lot at this time, sending you much love and definitely remembering you and Ammaji in my prayers and chanting the Mahamrityunjaya Mantra for you both. We will all miss her grace and presence.

—Swami Pragyamurti, UK

The swamis and others at Rocklyn who had the blessings of Ammaji's grace and presence send our heartfelt pranams to her. Swami Dharmashakti was truly a great example and perfect role model of a female sannyasin, devotee, spiritual mother and guiding light for all generations. Her presence in Munger will be greatly missed.

—Swami Atmamuktananda,
Satyananda Yoga Ashram, Rocklyn, Australia

We have known Swami Dharmashakti for twenty years and she will remain in our hearts as a very special person, full of wisdom, understanding, bhakti and inspiration. When we visited the ashram, we always had her darshan in her room. The last time it was during the Lakshmi-Narayana program, when our group met her. After the meeting, everybody felt uplifted, as if something very important had happened for our souls. We felt the peace and harmony coming from her – a contemporary saint, great in her simplicity, humbleness, modesty and compassion and many other qualities together as a beautiful bouquet of flowers.

—Swamis Yoga Gnana and Vivekamurti, Bulgaria

For everybody who saw her in Munger or in Rikhia, Swami Dharmashakti was an example of strength, compassion and radiance, a model for every woman because of her wonderful incarnation of Shakti.

—Swami Yoga Jyoti, Bija Yoga, France

I offer my heartfelt pranams and deep gratitude to Ammaji's feet, for all the unconditional kindness and support that she has been giving to all of us in the course of many years. I honoured her moving on by chanting to her the Mahamrityunjaya mantra and the Saundarya Lahari.

—Swami Mudraroopa, Serbia

Swamiji, you are in our thoughts. You always give us so much care and love, so please know that we are all sending you love now. Thank you Swamiji for all you do for us. We hope that the happy memories that you must cherish give you solace and inner peace at this challenging time.

—Swami Satvikananda and Sam, and the students from Satvika Yoga, Kent, UK

We have come to know that dear Ammaji is gone. Kindly receive my humble prayers for her and for you. I also beg God and the Divine Mother to assist you in your panchagni sadhana, from which we have already received undeserved spiritual benefits.

—Swami Dharmadeva, Colombia

Dear Ammaji
Soul of your soul is my soul, my guru.
Your dedication is my road.
Your vision is my direction.
Your idea opening my door.
Our silence soothes my mind.
I'm looking for a place in yoga.
Soul of your soul is my soul, my guru.

—Swami Anandaratna, Croatia



Like Mother Mary, Ammaji has borne her son for the good of humanity. I offer my pranams at her holy feet and to Swami Niranjanji, too.

—Swami Yogaratna, Gokarna, India

I was writing to Swamiji in my head and had made a point that I must remember to ask him to give my pranams to Ammaji. She and I were born in the same year and in the same month. But it was not to be. Instead, please place my pranams at her samadhi. We owe her everything. She nurtured two rare souls, gave us two rare gifts. She worked for Bare Guruji when he most needed help and then she handed over the future of his mission to him without a thought for herself. May her soul rest in peace. Swamiji says it is a celebration. One that hurts!

—Shirin Sabavala, Mumbai

Swami Dharmashakti's name shall be remembered for all times to come, whenever achievements of the movement are mentioned in the future. She was full of encouragement and wisdom to yoga aspirants and sannyasins of the ashram. During my visits to the ashram, I never lost an opportunity to



have her darshan and I always found her full of wit and humour whenever she narrated her immensely popular stories and events of the past.

—Sn. Gurupremanand, Satyananda Yoga Kendra, Lucknow, India

We cherish our association with Ammaji, whom we met during our first visit to the ashram when we stayed at Yoga Arogya. Since then, on all subsequent visits, seeking her blessings was an essential part of the visit. We fondly remember the lovely anecdotal stories which she, with her phenomenally accurate memory, would narrate in minute detail. And of course we remember her 'takiya kalaam': "Aisa kissa hua tha . . ."

The most amazing experience during this last visit was your pervading grace on all visitors and residents of the ashram, for whom you turned the solemn event of Ammaji's mahasamadhi into one of acceptance and celebration.

I could, though from a distance, pay my respects towards the samadhi sthal, and felt Ammaji blessing myself and my whole family. Those were calming moments, and moments which gave harmony, balance and strength. I have shared these feelings with my family here.

Swamiji, in my humble opinion, your example will be an inspiration and guidance to your disciples on how to lead life!

—Dharmaprem (Sheelvardhan Singh), India

The inner constellation
Shifts into another form,
Now gathering toward the coronal of heaven's wheel
Grace descending
So, so gentle
Her subtlest whispers
Inspiring valiant action.
In the balancing pulse of life

Fire and oblations,
Then a gentle rain
And nature singing her ever
Enchanting invitations to dance.
And there we see her

Crowned in brilliant jewels of light
Her arms spread wide
In the majesty of her giving.

The poetry of her love and surrender
Yields the luminous glory of
Devotion's courage and conviction,
Her infinite light
Her eternal flame of inspiration!

—Medha (Molly Finnegan), USA

I am one of those who can proudly say that they have met Ammaji. If I write today, it is because I had many opportunities to be in her presence, in Munger and in Rikhia, over the last ten years. I am happy to be able to take this opportunity to express my respect and gratitude.

She was always an extremely gentle presence around Swami Niranjan and still she was like one of the great personalities of the world. I think I have never heard the sound of her voice, yet she offered the teachings of Paramahamsaji through her calm and deep presence, without having to say a word.



She incarnated fully her spiritual name, and it was enough to see her to understand this. Without any doubt and with every breath, at every moment, she was Swami Dharmashakti Saraswati, that solemn, deep and slightly austere force, always resting in dharma. For she had that extraordinary quality to be permanently linked to dharma, as if that was her sedan. And that is how such people become important in our lives; it is of invaluable help to know that such people exist and have existed. They remain in our hearts and memories because we have had the opportunity in our turbulent lives to meet them, to be in their presence of wisdom, and to speak of them today.

We have not been predestined or prequalified for such a spiritual life, but we have the opportunity to share her presence, her wisdom born of knowledge and full of the acceptance of dharma. When the waves of our karmas and samskaras shake us so that we get lost and forget our essential purpose, we can remember that serene presence, the immense and unlimited humility of Ammaji, who gave birth to her guru's successor. Others, not yoginis such as she was, would have been very proud. But never could one find even a trace of pride or vanity in her. She embodied the greatest qualities of a yogini, and of feminine wisdom.

In spite of the great distance which separates us from her great spiritual realizations, she gives us great comfort and peace, as we struggle with our dreams, ambitions, desires, needs, weaknesses and limitations. Our lives as yoga aspirants are full of turbulence, but she is the living presence of a calm breeze, a wind totally at peace. To remember her is to reconnect with these extraordinary qualities which she will continue to share with us.

Homage and gratitude to Ammaji, for all that she has been in life, for the exemplary value of her life, and for giving birth to our dear guru, Swami Niranjanananda Saraswati, who brings light into our lives.

—Sannyasi Yoga Samidha, France

We feel deeply thankful to the universe for the benediction of that wonderful being who brought you to this life. For years she has been a great



mother to us and we are sure and confident that the universe will reward her, so full of love and dedication was your mother. We pray to God, even though she does not need it, that this step may give her the possibility of continuing her travel in the universe. For us it was something hard . . . because she reminds us of our own mothers. From our hearts we wish for you the blessing of Swami Satyananda and of God or the Great Being and with all our love we accompany you in this transcendental moment of life.

—Sannyasins Atmajyoti and Atmadhara, Colombia

I came to know that Param Pujya Ammaji, Swami Dharmashakti, left this mundane world for her heavenly abode. Although we cannot grieve for a sannyasin of the highest order like her, nevertheless our hearts are with her. She was a perfect incarnation of love and compassion. Ammaji has attained nirvana and divyata.

—Usha Sinha, Patna

I came to learn that Swami Dharmashakti has entered into mahasamadhi. I also understand that it should not be a sad occasion, as a yogini and a sannyasini has gone to other realms of existence. I just wish to connect to you in this moment of transition for her.

—AlkaTyagi (Vivekmani), Delhi

Ammaji

We all need a guide to take us through
In all matters, large or small
And so it is with spiritual journey,
A path that is full of snakes and sharks
How much we owe to our dear Guru
Who steers us safely through this path
What to say then of the Mother
Who has given birth to our beloved Guru
Special is she, indeed! For us all
Need we say? She stands very tall!
You were the pillar of Sri Swamiji
He did describe you as the wheel
That cranked fast his mission with zeal
When the force of virtue (Dharmashakti) wedded
To the vow of truth
Came together to support the Master
It is no surprise that his movement
Grew much stronger and faster
Special are you, indeed! For us all
Need we say? You stand very tall!
Shakti is the first disciple of Shiva
And you are the first
Of our beloved Sri Swamiji
Declared he on that day
With you he has opened
The door to the millions of his disciples
Can anyone imagine the pride of your position?
Oh Mother! You are indeed
Equal to Shakti in this dimension
You lead the way for us all
Need we say? You stand very tall!
To all of us to this day
You our very beloved Ammaji
Fortunate are we to have seen
You in body, mind and soul
Nothing you had to seek in this world
Yet you lived on to shower your love and grace
Your words were sweet
You listened caringly to all our tweets
The smile on your face
Never did it fade
Whenever we met
You lightened our heart
Then, now and ever, indeed! For us all
Our beloved Ammaji, you stand very tall!
All that you gave us
Was not sufficient
Feeling thus you gifted us
A treasure trove of a book
Distilled with pure love and supreme surrender
To incomparable Master of superlative stature
You allowed us a peek into
Your Aradhya
Sure it will inspire deep inside us
An extreme desire to follow your steps
A selfless guide indeed! To us all
Oh Mother! Even in absence, you stand very tall!

—Sn Dharmachaitanya (M A Sathya), Chennai



श्रद्धांजलि संग्रह

12 फरवरी 2013 को अम्माजी ने मुंगेर में समाधि ली। अम्माजी तो अब माँ जगदंबा से मिलकर जगन्माता हो गई हैं, सर्वव्यापी हो गई हैं। आज दिनांक 28.2.2013 को राजनांदगाँव के 'सत्यानंद आश्रम' में, जिसकी नींव पूजनीय अम्माजी ने गुरुदेव परमहंस सत्यानंद सरस्वती के साथ मिलकर रखी थी, उनकी षोडशी अनुष्ठान की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में रुद्राभिषेक पूजा की गयी। हम सभी राजनांदगाँव वासी उनकी आत्मा की शांति हेतु हृदय से प्रार्थना करते हैं।

सत्यानंद आश्रम, राजनांदगाँव

12 फरवरी दोपहर अम्माजी की समाधि की खबर सुनकर मन दु:ख एवं विषाद से भर गया, परन्तु शीघ्र ही हृदय में यह भाव आया कि माँ का माँ से मिलन हो गया है। अम्माजी तो अब माँ जगदम्बा से मिलकर जगन्माता हो गई हैं। पवित्रता एवं सौम्यता की प्रतिमूर्ति माँ धर्मशक्ति ने आजीवन मानवता के कल्याण हेतु ही कार्य किया एवं अपनी स्निग्ध मुस्कान से सबके जीवन में खुशियाँ बिखेरीं। अपने गुरु परमहंस सत्यानन्द सरस्वती के संकल्प की पूर्णता हेतु उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और गुरु की प्रेरणा से ही अपने पति सत्यव्रतानन्दजी के साथ मिलकर गुरु के रथ के दो पहिए बन उनके कार्यों को पूर्ण करने का बीड़ा उठाया। योग को 'द्वारे-द्वारे, तीरे-तीरे' पहुँचाने के अपने गुरु के संकल्प को मूर्तरूप देने माँ धर्मशक्ति एवं सत्यव्रतानन्दजी ने राजनाँदगाँव में 'योग विद्या' पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। वही योग विद्या पत्रिका आज विश्वव्यापी बन चुकी है। आज से लगभग आधी सदी पूर्व जब राजनाँदगाँव में उन्होंने योग विद्या प्रेस का संचालन करना प्रारम्भ किया, तब क्या वह कार्य आसान रहा होगा? परन्तु उनकी संकल्प शक्ति ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि जीवन में गुरुकृपा हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

अम्माजी के भीतर शक्ति एवं शान्ति का अद्‌भुत समन्वय परिलक्षित होता था। वे सभी से बहुत ही स्नेह व प्यार से मिलती थीं। जब भी हम उनसे मिलते एवं उनके सान्निध्य में समय व्यतीत करते, सदैव ही ऐसा अनुभव हुआ कि उनकी सौम्यता और ममता हमारे भीतर भी प्रवाहित हो रही है। श्री स्वामीजी के विषय में जब भी वे कुछ बताती थीं, उस समय उनकी आँखों में ऐसी चमक भरी होती थी मानो सारे दृश्य सामने जीवन्त देख रही हों। माँ धर्मशक्ति सही मायनों में परमहंस सत्यानन्द सरस्वती की एक आदर्श शिष्या हैं।

संकल्पित और समर्पित जीवन का
वे एक ज्वलंत उदाहरण हैं,
आज मानवता, विश्रांति
पाती उनके कारण है।
सर्वस्व न्यौछावर कर, गुरु को
सृष्टि का सुरभित पुष्प दिया,
बनकर रथ का पहिया,
पति संग गुरु कार्य को पूर्ण किया।
वही पुष्प आज खिल,
कर रहा दूर मानव क्रन्दन है
'माँ धर्मशक्ति' आज देवता भी
करते आपका पुनीत वंदन हैं।

सुकीर्ति, राजनांदगाँव

अम्माजी! अपनी ममतामयी मुस्कान के साथ आप सदा सर्वदा हमारे हृदयों में रहेंगी, बिल्कुल श्री स्वामीजी की तरह। वे और आप कहीं नहीं गये हैं, बल्कि एक दिव्य प्रेरणा के रूप में हमारा कर्मपथ प्रशस्त करते हुए हमारी आत्मा के करीब ही हैं। हर क्षण, हर पल ...

अग्निमित्रा, राजनांदगाँव

माँ धर्मशक्ति ने 12 फरवरी को सुबह 12 बजे अपने श्रीगुरु के धाम प्रस्थान किया। शक्ति-स्वरूपा माँ धर्म का पोषण करें। माँ धर्मशक्ति हर जन्म इस संसार को निरंजन पुष्प प्रदान करें। हरि: ॐ तत्सत्।

सत्यसंकल्प, रायपुर

जब मैं महाकुम्भ स्नान के लिए प्रयागराज गई थी तब दिनाँक 14 फरवरी को एक गुरु भाई से माँ धर्मशक्ति के महाप्रयाण का समाचार मिला। 15 फरवरी, बसंत पंचमी के दिन जब मैं त्रिवेणी संगम स्नान के लिए गई, तो वहाँ मैंने माँ धर्मशक्ति के नाम से इक्कीस बार जलांजलि अर्पित की। उन महान् आत्मा का स्मरण करके श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ, जिन्होंने अपना समस्त जीवन गुरुजी के चरणों में अर्पित कर दिया।

उन्हें शत शत नमन,

डॉ. प्रेमा षडंगी, रायगढ़

अम्माजी ने मुंगेर में समाधि ली है। वे हमेशा सूरज की तरह हमें शक्ति प्रदान करती रहेंगी, इसी आशा के साथ। हरि: ॐ।

जीवन गौतम, राजनांदगाँव

माँ धर्मशक्ति को मैं उस समय से जानता हूँ जब वे राजनांदगाँव में योगविद्या प्रेस चलाती थीं। उनसे मेरा परिचय होने से पूर्व स्वामी सत्यानंदजी से मेरी पहली मुलाकात 1975 में सम्मेलन के समय हुई थी। तभी से मैं इस संस्था से जुड़ा हूँ।

माँ धर्मशक्ति ने हमें वह अनमोल रतन दिया है जिसे हम स्वामी निरंजन के नाम से जानते हैं। उनके प्रयाण पर हम उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

उमेश वैष्णव, राजनांदगाँव

परमपूज्य परमश्रद्धेय माँ धर्मशक्ति के चरणकमलों में शत-शत वंदन। पूज्य अम्माजी ने योग प्रचार की शुरुआत राजनांदगाँव से की एवं योगविद्या पत्रिका, जो आज योग के प्रचार-प्रसार की विश्वव्यापी पत्रिका बन गयी है, इसका सूत्रपात भी राजनांदगाँव से ही किया। आज राजनांदगाँव योगाश्रम में आयोजित रुद्राभिषेक एवं सत्संग कार्यक्रम के माध्यम से हम योग मित्र मंडल, गोंदिया के योगप्रेमी उन्हें अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते हैं। हरि: ॐ।

आदित्य आर.अग्रवाल, गोंदिया

1977 में परमहंस जी से मंत्र दीक्षा प्राप्त करने के बाद 1989 में गंगादर्शन जाने का प्रथम सौभाग्य प्राप्त हुआ। तब स्वामी धर्मशक्ति के प्रथम दर्शन प्राप्त हुए थे। 1997 में जब उनके चरण स्पर्श कर पाँव तले बैठने-सुनने का सौभाग्य मिला तब तक वे हमारे लिए अम्माजी हो गई थीं।

ऐसे निर्मल नेत्र और स्नेह-वात्सल्य से भरपूर खड़खड़ काया, जो छवि आँख में बसी तो फिर कभी नहीं उतरी। हम



पास रहें या दूर, उनका स्मरण आते ही सिर श्रद्धा से झुक जाता है। लेख तो उनके कई पढ़े। जब उनकी किताब 'मेरे आराध्य' पढ़ी तो गहरे आश्चर्य में डूब गया कि कोई व्यक्ति किसी दूसरे की दिनचर्या का इतना सूक्ष्म और बृहद् वृत्तान्त कैसे बनाकर रख सकता है। जिस तरह मुझे पूज्य स्वामी निरंजन जी पारदर्शी शीशे की तरह लगते हैं, उन्हें देखो तो परमहंसजी महाराज दिखते हैं, बिल्कुल उसी तरह अम्माजी भी हैं।

हम सबके लिए अनन्य प्रेरणा स्रोत और गृहस्थों के लिए एक आदर्श उदाहरण, उनके श्री चरणों में शत-शत नमन और वंदन।

सं.वेदांतमूर्ति, राजनांदगाँव

परम श्रद्धेया परम पूजनीया अम्माजी की श्रद्धांजलि में हमारे पूरे परिवार की ओर से शत-शत नमन। पूरे समय राजनांदगाँव आश्रम में हम श्रीस्वामीजी और आदरणीय अम्माजी की उपस्थिति महसूस करते रहे।

शोभा, राजनांदगाँव

अम्माजी को मैं सन् 1974 से जानती हूँ। मेरा व उनका निवास नज़दीक ही था। हम कई बार उनके यहाँ जाते, अपनी समस्या बताते, वे हमें समझातीं, हम वापस आ जाते। वे स्वामी निरंजनजी के बारे में, श्री स्वामीजी के बारे में हमें बताती थीं। तब से हम स्वामी निरंजनजी को पहचानने लगे थे। आज वे शरीर को छोड़ी हैं किन्तु हमारे हृदय पटल में उनकी उपस्थिति का एहसास बराबर होता है। उनका आशीर्वाद सदैव हमलोगों पर बना रहेगा, ऐसा विश्वास है। हरि: ॐ।

पवित्रामूर्ति (कुसुम), राजनांदगाँव

In the Company of a Saint: My Year with Ammaji

Sannyasi Kriyamani, Sannyasa Trainee, Canada

In February 2012, I was called upon to assist Ammaji and Sannyasi Shraddhamati with a trip out to the doctor. With a background in western healthcare and a few years of ashram life under my belt, I felt more or less prepared to assist Ammaji in whatever way I could. However, there was no way to foresee how a year spent with Ammaji would reconstruct my very idea of what it means to care for a fellow human being. From that very first day, all was new. I had cared for some notable people in the past: astronauts, actors, politicians, but nothing could prepare me for how to sit at the bedside of a saint.

Healthcare professionals are rigorously trained in the role of the giver and provider of comfort. They are encouraged to display confidence and empathy. This role becomes an attitude, a part of the personality, and with it comes all types of assumptions and expectations. There is the expectation that the usual template will be followed: if there is pain, give relief; difficulty moving, provide physical assistance; mental challenges, listen and intervene when required; grieving family members, pay attention. In this way, the ability to give care is based on the standard model: 'They are suffering and weak; I am capable and strong'. Of course, caring is not confined to this rigid model. Love and humanity are not excluded; nonetheless, the general template is there.

My initial impression of Ammaji on that first day shook my conditioning immediately. Something didn't fit the usual scene. I was informed that she was unwell, yet here was the same beloved Ammaji smiling, sitting with utmost dignity in her chair, watching her dear birds Krishna and Pitambar in their cages, putting her beautiful hands together to offer me a 'Hari Om'. Her bearing was one of absolute peace and strength. Where was the fear? Where was the insecurity? Where were the demands, the winces of pain? What could I do?

From that day onwards, I was blessed to join a team of fellow sannyasins providing care for Ammaji. As the year unfolded, I visited Ammaji weekly, and then daily. Whether Shraddhamati reported that she had endured a hard night or slept peacefully, had fever or felt well, Ammaji was always quick to greet me with a smile and a chuckle, showing me her palm so I could tell her future.

In the beginning, the visits started with the quick business of pulse and BP checking, and then a few minutes of practising palm reading. I am not sure how it all came about; it is not a skill on my resume, yet Ammaji insisted that I explain to her all the lines and patterns on her silky smooth hands. In choppy conversations of basic Hindi, with a few translations, the visits turned out to be warm and hilarious moments spent in the peaceful company of Ammaji and Shraddhamati. In retrospect, it wasn't the future but the present she was concerned with: in her unique way she was creating a channel of communication between us. Each time, I would leave the room smiling, feeling light. As it turns out, much of the experience of caring for Ammaji involved her lovely hands, and when I think of



her, I instantly remember the feel of her smooth, soft palm.

As the months passed in this way, I began to notice that something was different. I was feeling less and less like the usual 'caregiver'. I was forgetting about this notion I had of playing a role I had trained for. What was different? Although the physical checkups and reports were still being conducted, in a way it all began to seem very superficial, very out of place; almost not required. This feeling only grew stronger as she came closer to her samadhi, when she seemingly needed care the most. Finally, as the New Year began, I joyfully understood, and it filled my heart, and my eyes.

One afternoon when I came up for my daily visit, Ammaji was sleeping. As Shraddhamati and I sat at the foot of her bed, she mumbled something in her sleep. I heard it clearly but had







to ask Shraddhamati to believe it. She replied with a laugh, “Yes, Ammaji is saying ‘Bhagawan, Bhagawan’ and ‘Krishna, Krishna’. She only ever dreams of God and her Krishna.”

As I watched her sleeping and dreaming of God, I realized that the very life blood coursing through this tiny woman was faith, trust and surrender: absolute surrender to guru and God, and it was a power needing no injection from the outside world. Everything she needed was there already. She had her beloved guru waiting to greet her and a son, “As great as Sri Rama, and no mother could ask for more” sending her off. The only thing she required from those around her was the comfort and support to transition from her tired, hardworking body into a free, new form.

For the first time in my life, I was witnessing the passing of a true human being, and it was intense, almost unreal, as all I had known before was death that was associated with pain, sadness and fear. However, this was a woman who had allowed love into her life and then returned it until she was immaculate, and when you know you have truly loved and been loved in life, what is there to worry about in the final moments?

In retrospect, this experience for me was not one of giving care, but being cared for, and I was taught through so many situations. To be with her during Swamiji’s visits was the greatest blessing, for just imagine being in the presence of such a complete mother-son unit. The exposure to the love that was all around her, watching Swamiji bow at her feet and Shraddhamati devote her every attention to Ammaji taught me that love, service and dedication are what move this world and propel life forward.

Ammaji taught me to work outside of my usual conditioned understanding. She taught me that words are not necessary, and that simple contact, holding hands and letting emotions transfer, is more powerful than any procedure. Even during her last days she was teaching me. She would fall asleep while holding my hand in hers, and when I quietly got up to go, she would pull my hand closer, grinning cheekily with closed eyes, as if to say, “You stay, girl, and just be. Learn to be.”

If we can let go of the role and let intuition guide us, our patterns may change. If we can learn to simply let go and love, to care and give to someone else, then it is possible that the entire structure of our social institutions can change. For we never know who will teach us what it means to be a human being.

Thank you, Ammaji, for your gentleness and grace, and may you fly high upon your new wings!

गंगा दर्शन की गंगा–अम्माजी

संन्यासी आत्मकीर्ति, राँची

गंगा दर्शन के झरोखे से गंगा जी के दर्शन कर अकस्मात् अम्माजी के दर्शन की उत्कण्ठा ने उनके कक्ष तक पहुँचा दिया। प्रसन्नवदना, ममतामयी अम्माजी सुन्दर काषाय वस्त्रों में सजी, हल्के जाड़े का आनन्द उठाती गरम दुशाला ओढ़े विराजमान हैं अपने प्रिय आसन पर। नमन पश्चात् नयन उन्हीं पर टिके थे। बहुत प्रेम से कुशलक्षेम पूछीं। स्नेहमयी माँ का ममतामय रूप नयनों में उतरकर हृदय में पैठ गया।

उनकी पावन वाणी से नि:सृत शब्दधारा बह चली। उनके द्वारा कही कथाओं की अनगिनत निर्झरणियों से रीझे हम और उत्सुक होकर सजग हो गये। आज वे अपनी घरेलू कार्यों की सहायिका सरस्वती का स्मरण कर रही थीं। उस बहाने अपने गुरु, श्री स्वामी सत्यानन्द जी की स्मृतियों में डूबती-उतराती, अठखेलियाँ करती-सी तैरती जा रही थीं। हम भी उनका पवित्र आँचल थामे बहे जा रहे थे। रह-रह कर उनका भाल एक विस्मृत कर देने वाली चमक से दमक उठता। 'हे भगवान' कह कर जब वे हँसती तो पूरा वातावरण हँस उठता, जगमग हो उठता।

सरस्वती नाम था उस वृद्धा का, जिसे संभवत: अदृश्य शक्तियों ने आहूत किया स्वामी धर्मशक्ति, श्री स्वामीजी की प्रथम शिष्या की सेवा हेतु। श्री स्वामीजी तथा नन्हें संन्यासी निरंजन, भविष्य के गुरु का भी तो आगमन निश्चित था। राम जन्म से पूर्व, कृष्ण जन्म से पूर्व अनेक ऋषि-मुनि विभिन्न वेशों में जन्म लेकर पहले ही पधार चुके थे धरा पर। शिव के गणों-सी वृद्धा सरस्वती भी उसी परिप्रेक्ष्य में पधारीं, राजनाँदगाँव में।

अम्माजी को अनेक कार्यों की देखभाल करनी होती थी। श्रीस्वामीजी के राजनाँदगाँव आगमन पर, उनके ठहरने की व्यवस्था, उनके दर्शन, सत्संग और मिलने वालों की व्यवस्था, प्रेस, योग सम्बन्धित कार्य, नन्हें संन्यासी निरंजन का पालन पोषण, शिक्षा, घरेलू कार्य तथा स्वयं के लिए भी कठिन योगाभ्यास।

वृद्धा सरस्वती, बेटे-बहू, पोते-पोती से भरे परिवार की अग्रणी सदस्या, अम्मा जी के पास उनके घरेलू कार्यों में हाथ बँटाने आई। ममतामयी माँ और गुरु का आशीर्वाद उसे भरपूर मिला।

श्री स्वामीजी के राजनाँदगाँव पधारते ही स्वामी धर्मशक्ति एवं स्वामी सत्यव्रत जी का सुन्दर, सुघड़ निवास मन्दिर में परिवर्तित हो गया। घर के निवासी देव-स्वरूप हो गये, तो घर की सहायिका भी उसी रंग में रंग गई। भोली-भाली छत्तीसगढ़ी भाषा की धनी सरस्वती इस दिव्य वातावरण में मग्न रहती, कार्य करती रहती। श्री स्वामीजी सत्संग देते तो सिर हिलाती रहती, ध्यान से सुनती। विशालहृदया स्वामिनी की सरल हृदया सहायिका मन-ही-मन गुनती रहती, गुरु कृपा में भीजती रहती।

स्वामी धर्मशक्ति जी के देवतुल्य निवास स्थान में दो दिव्यरत्न पधारते थे। एक छोटी-सी सुन्दर बुहारी, जिसे श्री स्वामीजी अपने बैग में सहेज कर रखते। किसी भी तीर्थस्थान, सिद्धस्थान, शुभस्थान, दुर्गमस्थान, जहाँ साधारण मनुष्य तो क्या परिन्दा भी पहुँच नहीं सकता, बीहड़ जंगलों में, आकाश छूती पर्वत शृंखलाओं में, प्राचीन देवालयों में, मन्दिरों में, गुफाओं में, जहाँ कहीं भी श्री स्वामीजी का श्रीगमन होता, रात्रि होने पर उस बड़भागी बुहारी से बुहार देते, साधना-ध्यान करते, प्रार्थनाएँ करते, और सो जाते। वह बुहारी, जिसपर श्री स्वामीजी के कर-कमलों की छाप और अगणित तीर्थस्थानों के धूलि कण अतिरंजित हो गये, उसी दिव्य बुहारी ने विश्राम किया अम्मा जी के राजनाँदगाँव निवास पर।

दूसरा दिव्य रत्न श्री स्वामीजी की चरण पादुकाएँ थीं, उनके कैनवास के जूतों का जोड़ा, जिन्हें धारण कर श्री स्वामी जी अनेक तीर्थस्थानों में गये, अनेक पवित्र नदियों को पार किया, ऊँचे हिमखण्डों को लाँघते भारत की अपरिमित संस्कृति की धरोहरों की यात्रा की, अपनी उपस्थिति से उन स्थानों को आनन्दित व विस्मित किया। सागर से हिमालय के तुंग शिखरों के पार विश्व में योग के आगाज का शंखनाद किया। सुदूर गहन प्रदेशों में पवित्र आत्माओं का दर्शन कर वरदान प्राप्त किये। जगती के कल्याण एवं उद्धार हेतु अनेक कष्ट सहे, भीषण गर्मी, ठिठुरती ठण्ढ, अनवरत बरसते मेघों की विभीषिका के बीच से अलमस्त गजराज की तरह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते श्री स्वामीजी के चरणों की बलिहारी, उन श्री चरणों पर लिपटे वे कैनवास के जूते, वे श्री पादुकाएँ–इन्हीं की प्रेमिका है सरस्वती। खूब स्नेह रखती, उन्हें बड़े प्रेम से अपने आँचल से झाड़ती-पोंछती, माथे से लगाती, मानो मानसिक पूजा में मग्न श्रद्धासुमन अर्पित कर रही हो।

सरस्वती के घर, परिवार, रिश्तेदारी या गाँव में दूर-दूर तक जब कोई बालक बीमार पड़ जाता तो वह अम्मा जी से बहुत प्रेम व दृढ़ विश्वास के साथ श्री स्वामीजी की उन श्री पादुकाओं को माँग कर ले जाती और बीमार बच्चों पर वे श्री पादुकाएँ बार-बार झाड़ देती। अपनी छत्तीसगढ़ी भाषा में कहती कि 'मेरे गुरु जी का जूता कितने तीर्थों-नदियों में नहा

कर आया, कितना पुण्य किया, कितने मन्दिर घूमा, पहाड़ चढ़ा, उसी से तुमको झाड़ रही हूँ, तुम ठीक हो जाओ, नजर-कुजर हो तो भाग जाओ, बीमारी हो तो भाग जाओ,' साथ ही श्री पादुकाओं को माथे से लगा कर प्रणाम कर लेती।

आश्चर्य की बात कि अगले ही पल बच्चे खिलखिला उठते, ठीक हो जाते! सरस्वती भी उत्साहित व प्रसन्न हो उठती और कहती, 'देखा मेरे गुरु जी के जूते का चमत्कार!' और बड़े आदर के साथ उन्हें अपनी स्वामीनी अम्मा जी के पास ले आती और यथास्थान रख देती।

यह सिलसिला उसके जीवनपर्यन्त चलता रहा। और यह सिलसिला चल रहा है आज भी। लाखों-करोड़ों जोड़ी नयनों में उन श्री चरणों की छवि प्रतिबिम्बित हो रही है। उनका प्रेम प्रवाहित हो रहा है हृदयों में, शिक्षा प्रवाहित हो रही है जीवन में, कृपा प्रवाहित हो रही है क्षण-क्षण में। अज्ञान के तमस को थका देने वाली ज्योर्तिमयी धारा प्रवाहित हो रही है कलियुग के इस काल प्रवाह में। श्रीगुरु चरणों में भोली-भाली सरस्वती सी अगाध दृढ़ श्रद्धा और आस्था, निस्संदेह भव सागर के गहन भंवर से हमें उबार सकती है।

स्वामी धर्मशक्ति जी की बड़भागिनी ग्रामीण सहायिका अनजाने ही श्री गुरुजी के अनमोल आशीषों से अलंकृत हो गई। साथ ही हम भी अम्माजी के मुखारविंद से झरे इन शुभ्र मोतियों को संजोकर धन्य हो गये। उन्हें कोटि कोटि नमन!



भाव-पुष्पांजलि

उमा शंकर 'व्यास', सूर्यगढ़ा

देवि पूजि पद कमल तुम्हारे। सुर नर मुनि सब होंहिं सुखारे॥

माँ धर्म शक्ति तेरे चरणों की पूजा बारम्बार।
तेरा पुत्र निरंजन स्वामी सचमुच शिव अवतार ॥1॥

बड़ भागी थे स्वामी सत्यव्रत लिया पिता का भार।
परमहंस को तनय बनाकर जग का किया उपकार ॥2॥

धन्य तुम्हारा आँचल मैया धन्य हृदय का प्यार।
तेरी कीर्ति अमर रहेगी जब तक है संसार ॥3॥

प्रेम दया करुणा भक्ति का तू सजीव अवतार।
अपनी कृपा सतत् रखेंगी विनती बारम्बार ॥4॥

जन्म जन्म में मातु मिले जब तुझसा सहज उदार।
ब्रह्म ऋषि हैं लाल तुम्हारा करें स्वप्न साकार ॥5॥

शिवानन्द गुरु सत्यानन्द का तेज समन्वित सार।
अष्ट सिद्धि नव निधि संजोये तप अक्षय भंडार ॥6॥



अखिल विश्व को योग ज्ञान का दिया दिव्य उपहार।
जो भी इनके शरण में आया खुला मुक्ति का द्वार ॥7॥

इनकी वाणी गंगा, यमुना, सरस्वती की धार।
इनका दर्शन नित्य कुम्भ है भव सागर से पार ॥8॥

कितने पापी, अधम उधारे करके अंगीकार।
कृपा दृष्टि से वसुन्धरा का हो गया जीर्णोद्धार ॥9॥

गंगा दर्शन रिखिया आश्रम सुख-शांति आगार।
जगतवन्द्य यह सिद्धपीठ है तीर्थों का सरदार ॥10॥

यह प्रयाग, हरिद्वार, अयोध्या, काशी क्षेत्र अपार।
तन, मन, धन से अर्पित होकर हुआ सुखी संसार ॥11॥

आशुतोष, हे अवढर दानी जगदगुरु साकार।
भाव पुष्प अर्पित चरणों में कर लें अंगीकार ॥12॥

क्या ऐसी भी माँ होती है!

संन्यासी यौगप्रिया, पटना

कैलाश की विशालता
समुद्र की महानता
मानसरोवर की शीतलता
धरती की सहनशीलता
गंगा की पवित्रता
क्या इन सबसे ऊपर,
तुम नहीं हो माँ?

आँखें जिनकी तरस रही थीं
आँचल सूना पड़ा हुआ था
गुरु-कृपा से पाया ललना
न्योछावर कर दिया उन्हीं को
क्या ऐसी भी माँ होती है?

आँगन घर करे मनुहार
किलकारी क्या नहीं मोरे भाग्य
धीर धरो, मत करो प्रलाप
मेरा ललना नहीं समाता
इस छोटे से प्रांगण में
क्या ऐसी भी माँ होती हैं?
देखो बाँह पसारे सब हैं
दे दो माँ तुम अपना लाल
समर्पण की अद्‌भुत मिसाल
गुरु-भक्ति से हुई निहाल
क्या ऐसी भी माँ होती है?
नहीं संकोच किया फिर मन में
नहीं बाँधा मातृत्व डोर से
सपनों में ही देखा करती
बचपन अपने हृदय कँवल की
क्या ऐसी भी माँ होती है?

जिसके प्राणों में धर्म बसा हो
सृजन की शक्ति भरी अपार
सत्यव्रत से सींचा जिसने
अपना जीवन औ' संसार
हाँ! ऐसी भी माँ होती है
विरले ऐसी माँ होती है
हे धर्म-शक्ति माँ! तुझे प्रणाम
शत-शत कोटि तुझे प्रणाम!



Remembrance of a Great Guru



Swami Dharmashakti Saraswati

Last talk given on Guru Poornima 2010

Offering my pranams at the feet of all the gurus on this divine and auspicious occasion of Guru Poornima, I would like to say a few words. I have been abundantly blessed with the abiding grace of my guru, Sri Swami Satyananda.

It was in 1953 that I saw my guru for the first time at the ashram of Swami Sivananda in Rishikesh. I remember wondering at the time about how such a Dhruva and Prahlad-like small child came to be there. Later, we asked Swami Sivananda to send a sannyasin to Rajnandgaon for satsangs. He replied saying, "You are from a Hindi-speaking area and all the sannyasins in the ashram are from South India and do not know Hindi, except for one sannyasin who is fluent in Hindi, English and Sanskrit. However, he is my secretary, translates my books, checks proofs in the printing press, is the editor of *Yoga Vedanta* magazine and attends to banking, marketing and a lot of other ashram work. I will send him some other time."

At last with us

Thus, three years passed. In 1956, when Sri Swamiji set off on his parivrajaka life and was living in Delhi, we received a letter from Swami Sivananda saying if we had been asking for Swami Satyananda, now was the time to invite him, have programs and help him with his work. It was the grace of God that brought him to our home and we began to stay together as if it had always been that way except for a brief separation. We did not look upon him as a great soul or a stranger, but





considered him to be an intimate and integral part of our family.

We organized many programs, the work went on and Swami Satyananda made frequent trips to Rajnandgaon. We had been reading the *Yoga Vedanta* magazine for many years and had learnt a lot about Guru Poornima. Accordingly, on Guru Poornima in 1956, we made all the preparations and were ready to perform pooja and worship to Sri Swamiji, but he said, "Look here, pooja and worship are offered to gurus and I am a mere disciple." We said, "No, you are guru's representative and we will worship you." He replied, "I will never be a guru nor will I ever have an ashram." We were determined and eventually the pooja and worship was offered. We considered him to be our guru, but he never acknowledged or accepted that position.

Time went on and I had the good fortune to be seated at his feet for many Guru Poornimas that followed. Providence caused many events to unfold, and in 1958 I received initiation from him. Since then, our relationship has been that of guru and disciple. The things that I saw, heard, understood and experienced about him brought home to me that he is a great soul through whom the river of God's energy flows incessantly. He was truly worthy to be a guru. The teachings imparted to him by Swami Sivananda were such that he became a great guru. I have deep pride in the ideals he placed before me as a guru. A sannyasin should not be proud, but in this regard I say with great pride that I was his disciple and he was my guru, is my guru and will forever be my guru.

Sankalpa day

I would like this most auspicious and divine Guru Poornima to be observed as 'Sankalpa Day'. From all that we have learned from him, let us choose some of the words and make them a living reality in our lives. Any one of his ideals, whether it be his spirit of service, dedication to duty, or steadfast faith in guru; let us select any one of those qualities and make a resolve to incorporate it in our lives, and dedicate it to him. This would be the most appropriate and true offering of our devotion to him.

I spent many Guru Poornimas with Sri Swamiji, travelled to many places together, heard his satsangs and discourses, even fought with him at times, and received immeasurable love and affection. Following in the footsteps of this great guru, I even came to Munger, and carried on doing his work. It is my resolve that may he always be with me, my life is his life, everything I have is his. Nothing belongs to me and everything that I do is only for him.

As life has moved on, I have seen, heard and understood one truth: Sri Swamiji is God, a great





rishi, an incredible saint and a great soul. One does not find people like him in this day and age. He showed us myriad forms of himself. When I spent time with him, he was like a father and a brother to me. Now he is guru, God, everything. When I remember him, I experience such deep joy in the depth of my being for being blessed and to have spent so many years interacting with him, finding shelter in the grace of such a divine being and doing his work.

It does not matter that I cannot do very much now, but I can surely speak of him, tell his stories to you. May his journey continue and his work go on always.

True sannyasin

Sri Swamiji always had the grace and blessings of his guru, Swami Sivananda, and that was the foundation upon which he was able to accomplish such unique and amazing Bhagirath-like work. Over the years, I have watched as thousands of Swami Sivananda's disciples have spread the world over. They have worked for yoga and have spread its teachings, but they have done it in their own name, not in the name of their guru. However, I have seen our beloved Sri Swamiji whose every act was dedicated to his guru. Only guru's name and guru's work, nothing for himself. This is the mark of a true sannyasin and this is what exemplifies true guru seva. He is our true guru. It does not matter that he did not see himself as a guru, but during the time we spent together I experienced that he was omniscient and omnipotent, and could accomplish whatever he set out to do.

His whole life was lived in cycles of twenty-year periods. For the first twenty years he lived in his parental home, the next twenty years were spent in his guru's ashram, his work and mission took twenty years, and then the sadhana and paramahamsa sannyasa dharma that he lived was also for a period of twenty years. He spent all his time purposefully. Not a day was spent in idleness saying, "Today I am tired" or "I cannot do this work." He kept working to the very end. He could have lived on for another twenty years if he so wished, but he thought, 'Though my determination is strong, my body might not always be so, and that is why I must go.'

He went with such ease, like we go on a pilgrimage to Badri-Kedar. I have heard how the eldest of the Pandavas, Yudhishthira,





ascended directly to heaven from Kedarnath, leaping from peak to peak. That's exactly how Sri Swamiji went.

The tradition lives on

Sri Swamiji's ideals, his work and his name will live with us forever. Along with him, his guru, Swami Sivananda, will also remain alive in us forever. We are very fortunate and blessed to claim our lineage from the tradition of Swami Sivananda. He was an ideal sannyasin who spread yoga all over the world. There have been many great sannyasins and mahatmas before him as well, but they would only be involved in their own sadhana. They definitely scaled the peaks of spiritual attainment, but they did not share their learning with the world. A few of them wrote a book or two, but none of them left behind any concrete teachings that could benefit humankind at large.

Swami Sivananda sent out a clarion call to them, "All ye who do sadhana in the Himalayas, descend from the mountains and travel far and wide to impart your knowledge and teachings to all." He did this work himself. Though his disciples who have gone around the world do not acknowledge his name, they are doing only the work that he inspired.

A man may have ten sons, but his name lives on only through one of them. In the same way, it is through Swami Satyananda, whom he affectionately called Satyam, that Swami Sivananda's name lives on. Swami Sivananda loved and cherished Satyam very much. The onus of carrying on Swami Sivananda's ideals fell on Satyam's shoulders and he accomplished this with exemplary perfection.

Therefore, it is now our duty to make a resolve that we will complete the work he started and live his teachings. He will return to live amongst us, and whether I am around at that time or not, he will surely come and show humanity a different path. I cannot speak much now, but I will just say this: each and every pore and cell of my being echoes with his words. I am truly blessed to be seated here in the place of his work and mission. I am watching his work continue, I am hearing his name. This is a matter of great pride for me. It is my immeasurable glory that I am his disciple.

—25 July 2010, Ganga Darshan

महान् गुरु की स्मृति में

स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती

सन् 2010 की गुरु पूर्णिमा पर अंतिम सार्वजनिक संदेश

आज गुरु पूर्णिमा के महान् दिन और शुभ पर्व पर मैं पूज्य गुरुजनों के चरणों में प्रणाम करके कुछ शब्द कहना चाहूँगी। अपने गुरु, स्वामी सत्यानन्द जी का आशीर्वाद मेरे साथ बहुत रहा है। गुरुजी से मैं पहली बार सन् 1953 में मिली। ऋषिकेश में उनके दर्शन हुए जब परम गुरुदेव, स्वामी शिवानन्द जी के चरणों में हम पहुँचे थे। उस समय स्वामी सत्यानन्द जी को वहाँ देखकर मुझे लगा कि ये ध्रुव-प्रह्लाद जैसे छोटे-से बालक यहाँ पर कहाँ से आ गये। उसके बाद जब हम लोगों ने स्वामी शिवानन्द जी से अनुरोध किया कि हमारे यहाँ राजनाँदगाँव में प्रवचन के लिए किसी को भेजिए तो उनका यही उत्तर था कि आपका प्रान्त हिन्दी भाषी है और मेरे यहाँ सब दक्षिण भारतीय संन्यासी हैं, सिर्फ एक संन्यासी है जो हिन्दी, अँग्रेजी और संस्कृत समझता है। लेकिन वह मेरा सेक्रेटरी है, मेरी पुस्तकों का अनुवाद करता है, प्रूफ देखता है, 'योग वेदान्त' का संपादक है और बैंक-मार्केटिंग आदि सब काम वही करता है। पर कभी भेजूँगा उसको। इस तरह तीन वर्ष बीत गये।

सन् 1956 में जब श्री स्वामीजी परिव्राजक जीवन के लिए निकले और दिल्ली में निवास कर रहे थे, तब स्वामी शिवानन्द महाराज का पत्र हमें मिला कि आप लोग हमेशा स्वामी सत्यानन्द को बुलाते थे न, अब बुलाइये और उनके खूब प्रोग्राम बनाइये, उनकी खूब मदद कीजिए। प्रभु की कृपा कि वे हमारे यहाँ आये और हम लोग इस तरह रहने लगे मानो कभी एक-साथ ही थे, पर किसी कारण बिछुड़ गये थे। हमने



कभी उनको न बड़ा समझा, न पराया समझा, बल्कि अपने परिवार का एक आत्मीय सदस्य माना।

गुरुदेव के साथ प्रथम गुरु पूर्णिमा

आगे चलकर उनके प्रोग्राम बनाते रहे, काम चलता रहा, वे आते-जाते रहे। हम लोग कई सालों से 'योग वेदान्त' पढ़ रहे थे और उसमें गुरु पूर्णिमा के बारे में भी बहुत कुछ पढ़ने को मिला था। सन् 1956 की गुरु पूर्णिमा में हमने भी उसी तरह से योजना बनायी और उनकी पूजा की तैयारी की।

उन्होंने कहा, 'देखो, पूजा गुरु की होती है, मैं तो मात्र शिष्य हूँ।' हमने कहा, 'नहीं, आप गुरु के प्रतिनिधि हैं। हम लोग आप ही की पूजा करेंगे।' उन्होंने जवाब में कहा, 'मैं न तो कभी गुरु बनूँगा और न ही आश्रम बनाऊँगा। इसलिए मेरी पूजा मत करो।' पर हम लोगों ने ज़िद की, 'नहीं, हम तो आपकी पूजा करेंगे।' खैर, अन्त में पूजा हुई, हम लोगों ने उनको गुरु माना, हालाँकि उन्होंने इस पद को कभी स्वीकार नहीं किया।



इस तरह समय बीतता गया और प्राय: हर गुरु पूर्णिमा में मैं उनके चरणों के पास बैठने का सौभाग्य माँग पाती थी। संयोगवश बीच में बहुत-सी घटनाएँ हुईं और सन् 1958 में उन्होंने हमें दीक्षा दी। तब से तो फिर हमारा सम्बन्ध गुरु और शिष्य का ही हो गया। हम लोग उनके साथ रहते, उनका काम करते, उनके प्रोग्राम बनाते। उनके बारे में जो देखा, सुना, समझा और अनुभव किया, वह यही कि वे एक महान् आत्मा हैं, जिनमें ईश्वरीय शक्ति की प्रचुर धारा बह रही है। वे सचमुच गुरु बनने के योग्य हैं। शिवानन्द जी महाराज ने उनको इस तरह की शिक्षा दी कि वे वास्तव में एक महान् गुरु बने और गुरु बनकर एक ऐसा आदर्श हमलोगों के सामने रखा, जिस पर हमें अभिमान हो। एक संन्यासी को अभिमान नहीं करना चाहिए, लेकिन इस विषय में हम जरूर अभिमान से कहते हैं कि हम उनके शिष्य हैं और वे हमारे गुरु थे, गुरु हैं और गुरु रहेंगे।



संकल्प दिवस

आज गुरु पूर्णिमा की पावन, पवित्र और शुभ घड़ी में हम चाहते हैं कि इस दिन को एक संकल्प दिवस के रूप में माने। जो कुछ हमने उनसे सुना, समझा और जाना है, उसमें से कोई शिक्षा हम अपने जीवन में उतार लें। उनका कोई एक आदर्श, चाहे वह उनका सेवाभाव हो, या कर्त्तव्यपरायणता या गुरु के प्रति निष्ठा, कुछ भी लेकर हम आज संकल्प लें कि हम इस तरह अपने जीवन को उनके प्रति समर्पित करते हैं। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

हम उनके साथ हर गुरु पूर्णिमा में रहे, जगह-जगह साथ गये, उनका सत्संग-प्रवचन सुना, बातें सुनीं, उनसे झगड़ा किया और उनसे दुलार भी पाया। उन महान् गुरु के पदचिह्नों का अनुसरण करते हुए हम उनके पीछे-पीछे यहाँ मुंगेर भी आ गये, उनका काम करते रहे और आज ऐसा दिन भी आया कि हम उनकी छाया-मात्र के लिए तरस रहे हैं। लेकिन हमारा यह संकल्प है कि वे हमारे साथ हैं, हमारा जीवन उन्हीं का जीवन है, हमारा सब कुछ उनका ही है। हमारा कुछ भी नहीं है, हम जो कुछ कर रहे हैं, उनके लिए ही कर रहे हैं।

इसी तरह जीवन बीतते-बीतते हमने जो देखा, सुना और समझा, उससे तो हम यही समझते हैं कि वे एक देव, महान् ऋषि, अद्भुत संत और महामानव हैं, उनके जैसे लोग आजकल दुनिया में हैं ही नहीं। उन्होंने अपने कितने रूप दिखाये। जब मैं उनके साथ रही, वे मेरे पिता थे, भाई थे। अब गुरु हैं, भगवान हैं, मेरे सर्वस्व हैं। मैं जब उन्हें याद करती हूँ तब अंदर से इतनी खुशी होती है कि कितनी भाग्यशाली हूँ मैं, इतने दिनों तक एक देवता के सम्पर्क और छत्र-छाया में रही, उनका काम करती रही। अभी भले ही कुछ कर नहीं सकती, लेकिन उनकी बातें तो कह सकती हूँ, उनके बारे में बता तो सकती हूँ। उनकी यात्रा चलती रहे, उनका काम होता रहे।

गुरु का नाम, गुरु का काम

शिवानन्द जी महाराज का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ था, जिसके बूते पर उन्होंने भगीरथ जैसा असाध्य काम कर दिखाया। मैं इतने वर्षों से देख रही हूँ, आज स्वामी शिवानन्द जी के हजारों शिष्य दुनिया में सब ओर फैल गए हैं। सब योग का काम कर रहे हैं, योग का प्रचार कर रहे हैं, लेकिन उनके नाम से नहीं, अपने नाम से। और हमने अपने श्री स्वामीजी को देखा, उनका हर काम गुरु जी को समर्पित था। गुरु का नाम, गुरु का काम, अपना कुछ नहीं। ऐसे होते हैं सच्चे संन्यासी और ऐसी होती है सच्ची गुरु सेवा। वे हम लोगों के सच्चे गुरु हैं। भले ही वे अपने आप को गुरु न मानते हों, लेकिन हम उनको गुरु मानते हैं, क्योंकि हम ने उनके साथ रहकर जो अनुभव किया, वह यही कि वे सर्वसमर्थ और सर्वशक्तिमान् थे, जो चाहे कर सकते थे।

उनके जीवन का हर पड़ाव बीस वर्षों के क्रम से चलता रहा। घर में रहे बीस वर्ष, गुरु आश्रम में रहे बीस वर्ष, कार्य क्षेत्र में रहे बीस वर्ष और उन्होंने जिस साधना और संन्यास धर्म का पालन किया, उसमें भी बीस वर्ष रहे। बड़ी शांति से सबसे मिलते-जुलते, काम करते। एक दिन भी निष्क्रिय नहीं रहे कि आज मैं थक गया, या आज मैं यह काम नहीं कर सकता। करते रहे काम आखिर तक। वे चाहते तो बीस वर्ष और रह सकते थे, लेकिन उन्होंने यही सोचा कि मेरा मन पक्का है, लेकिन शरीर पक्का नहीं रहेगा। इसलिए मुझे जाना है, जाना है और जाना है। और वे ऐसे आराम से गये जैसे हम लोग बद्री-केदार जाते हैं। सुना था कि केदारनाथ से पाण्डवों के सबसे बड़े भाई युधिष्ठिर सीधे स्वर्ग चले गये थे, पहाड़-ही-पहाड़ चढ़ कर। वैसे ही श्री स्वामीजी भी चले गये हम लोगों को छोड़ कर।

लेकिन उनका आदर्श, उनका काम, उनका नाम हमारे साथ है। और उनके नाम के पीछे, उनके गुरु का नाम। हम

भी कितने भाग्यवान् हैं कि शिवानन्द महाराज की परम्परा से जुड़ने का अवसर मिला। वे एक आदर्श संन्यासी थे, जिन्होंने योग को पूरी दुनिया में फैलाया। उनके पहले जितने संन्यासी या महात्मा हुए, सब अपनी साधना करते रहे। अपना भविष्य उज्ज्वल बनाया, लेकिन दुनिया के लिए कुछ नहीं किया। बाद में कुछ लोगों ने दो-चार पुस्तकें भी लिख दीं, लेकिन ऐसा कोई ठोस काम नहीं हुआ जिससे लोग कुछ सीख सकें, समझ सकें। शिवानन्द महाराज ने सबका आह्वान किया, 'हिमालय में बैठकर साधना करने वालों! पहाड़ों से नीचे आओ और भारत में घूम-घूमकर प्रचार करो।' यही काम उन्होंने स्वयं किया। देश और विदेश में फैले उनके शिष्य आज भले ही उनका नाम न लें, लेकिन काम उन्हीं का कर रहे हैं।

किसी आदमी के भले ही दस लड़के रहें, लेकिन नाम एक से ही चलता है। वैसे ही स्वामी शिवानन्द जी का नाम स्वामी सत्यानन्द जी से, जिन्हें वे लाड़ से सत्यम् कहा करते थे, चल रहा है। स्वामी शिवानन्द जी सत्यम् को बहुत चाहते थे, बहुत मानते थे। स्वामी शिवानन्द जी के आदर्श का पूरा दायित्व सत्यम् पर रहा, जिसे उन्होंने अच्छी तरह से निभा भी लिया।

हमारा यह कर्त्तव्य बनता है कि आज के दिन एक संकल्प लें कि श्री स्वामीजी के काम को हम जरूर पूरा करेंगे और जो वे कहा करते थे, वही करेंगे। वे फिर हमारे बीच आयेंगे, और हम रहें या न रहें, लेकिन वे दुनिया को अलग रास्ता जरूर दिखायेंगे। मैं ज्यादा नहीं बोल सकती, बस इतना और उनके बारे में कह सकती हूँ कि मेरी रग-रग में, नस-नस में उनके शब्द हैं। मैं धन्य हूँ, जो उनकी कर्मभूमि में बैठी हूँ, उनका काम देख रही हूँ, उनका नाम सुन रही हूँ। मेरे लिए यह महान् अभिमान की बात है। असीम गौरव है मुझे कि मैं श्री स्वामी सत्यानन्द जी की शिष्या हूँ।

–25 जुलाई 2010, गंगा दर्शन





At the Lotus Feet of Gurudev

Swami Dharmashakti Saraswati

Satyam is mantra,
Satyam is worship,
Satyam is the
mantra of Niranjan.
Eternal truth is
the word of guru.
Truth is the
highest state.

Wandering in the world of ideas to write something, about six months have elapsed, and Guru Poornima is knocking at the door. Living together for about sixty years, and passing through the ebb and flow of the ocean of experiences, I wish to offer a few flowers of sacred memories at my guru's lotus feet.


The first encounter

I clearly remember the evening of 2nd April 1953, when we reached Muni Ki Reti in Rishikesh. Reading the *Ramachiratamanas* since early childhood, I had become ambitious and had started thinking that I would receive initiation from a guru like Vasishtha or Vishwamitra, or I would like to be initiated in the world of imagination itself.

It was our good fortune that we reached Rishikesh with Sabharatnamji and that too at Muni Ki Reti, where rishis and munis used to assemble in the ancient times on the banks of the Ganga. That was where Swami Sivananda was giving satsang. Professor Sabharatnam was a close disciple of Swami Sivananda, so he made his way through the crowd to touch Swamiji's feet, and we also had the privilege of paying our respects to the great saint. After prostrating before him we sat at his feet. I was sitting right in front of him and looking around with great happiness.

Suddenly, I saw four young sannyasins standing behind Swami Sivananda and my mind was held there. I began to think that these young swamis are standing like Dhruva and Prahlad. Then I thought, Dhruva and Prahlad became devotees of God to fulfil their ambitions, whereas these swamis are real renunciates and ascetics. As the train of thoughts travelled, my eyes became focused on one of them. There were many sannyasins, but that young sannyasin absorbed all my attention. Was he a god descended on earth or a man in the form of a god? Shankaracharya, Jnaneshwar and others had also taken sannyasa at a young age, but who could this young sannyasin be, standing under the canopy of his guru? In the meantime, Swami







Sivananda wanted to know about us. Satyabratji presented himself and gave his name and also introduced me. He blessed us all and said, "Satyam, give them some books", and my god-like sannyasi gave us a few books as prasad.

We stayed in Rishikesh for five days. Satyabratji lived with the sannyasins and I was accommodated with the ladies. I used to go hither and thither in the ashram with my roommate Shivanjali, and wherever I went, I found that young god busy with some work. Sometimes we also got the opportunity to do some work. Thus, five days passed, and we came back to our hometown with a bagful of books and photos. That entire experience was like a dream.

Satyam's Sarnath

Rajnandgaon was a town of believers, and rituals, festivals and spiritual programs would be frequently held there. On one such occasion, Swami Satyananda was also invited. However, he could not come on account of his busy schedule at Rishikesh Ashram. In April 1956, we received a letter from Swami Sivananda. He wrote, "You wanted a Hindi-speaking swami for satsang. Now Swami Satyananda is going out for a twelve-year parivrajaka life. Here is his address, you may invite him." We immediately wrote to him. He replied:

> *Rajnandgaon is on my mental screen. I will come, but in good time. My name is Satyam. Your name is Satyabrat. In you my brat or vow (of truth) is well-established. In future, Rajnandgaon will become my headquarters and you will help me.*

We were both very happy to read the letter, but wondered how a parivrajaka sannyasin would be able to reach us. Immediately we sent a money-order. After Buddha Jayanti, 7th June 1956, Sri Swamiji, whom we called Swami Satyam, came to Rajnandgaon in the morning. All of us had gone to the station to receive him. There were hundreds of other people there. He looked at me and said, "Mother? You –" I was overwhelmed with emotion and paid my respects to him. I felt that my Shankaracharya had come.

All the officers and children of the BNC Mill, where Satyabratji worked, started coming for Sri Swamiji's darshan and he talked with all of them. Suddenly, a scholarly man, Baldev Prasad Mishra began to speak, "We are really very fortunate to have your darshan today. At the station we were slightly disappointed to find that you are like a young boy. We had thought that you would have long matted hair and a long beard. But you are not like that. You are meeting and talking with

everybody so naturally. It seems as if everybody belongs to you." Thus Sri Swamiji became one of us. It felt as if we belonged to one family. Circumstances or situations had separated us, and now we had again come together. My home became heaven with Sri Swamiji's arrival. Every day there were lectures and satsang. I felt that Sri Swamiji and Satyabrat were two long-lost brothers, now they were like one soul with two bodies.

Sri Swamiji told Satyabratji, "Your town is Sarnath for me and your home is my head office. Call everybody to meet me. This is my main work." He met people and started preparing his program. Everybody was eager for his company, and people from nearby villages started inviting him. Sri Swamiji said, "I will keep on moving from place to place, therefore all my letters will come to your address."

We felt as if God Himself had come to our house. During his visits, my father used to come daily to meet Sri Swamiji. Once he said, "Swamiji, I was waiting for you." Sri Swamiji said, "You did not know me, then how was it that you were waiting for me?" My father said, "I have always been worried about my daughter. One astrologer has said that a saint will come here, therefore I was waiting for you. Today I surrender my responsibility to you. Now you are her father and she is your daughter. Please guide her from time to time." He told me, "Now don't worry about me, as you have found your real father." At that time all of this seemed like a joke. However, four months later, my father died of a heart attack. When Sri Swamiji returned after his program, he consoled me like his own daughter. Whenever he found me in a pensive mood, he seemed to remind me that I had a father in him.

Pilgrimage to Gangotri

In May 1957, we arranged a pilgrimage to Gangotri, thinking of arriving in Rishikesh on 21st and continuing our journey on 24th. We heard that we should take initiation from Swami Sivananda on 23rd May. On the 23rd we had darshan of Swami Sivananda. I was very reluctant to take diksha from any guru whomsoever, but my elder sister asked Swami Sivananda to initiate me. For a moment our eyes met; the next moment I saw that it was not Swami Sivananda but Swami Satyananda sitting in front of me. Immediately I closed my eyes. Swami Sivananda laughed and said, "She will get a guru. Her guru will go to her house. May God bless you."

On the pilgrimage to Gangotri, altogether there were seven people, Sri Swamiji, four of his old acquaintances and the two of us. From Dharasu onward, we had to walk on foot. We used to walk ten to fifteen miles daily. We would rest on alternate days, and again start our journey under Sri Swamiji's guidance. Sri Swamiji would reach each destination before us and arrange for rooms and so on. We always reached after him and rested well under his graceful care. Eventually we reached Gangotri. We stayed there for four days, everything was so blissful.

On the return journey, it started to rain and snow beyond Uttarkashi. We had to run towards our destination, Dharasu, and somehow managed to reach there. I said to Sri Swamiji, "Swamiji, large snowballs were falling. It was neither safe to stop under a tree nor by the mountainside. But we have managed to reach you." Sri Swamiji said, "Those were not snowballs but flowers being showered on you by God. The sky is far away from here, therefore they were converted to stones. Now you have completed 160 kilometres of your journey and reached your destination."







The next day we reached Rishikesh. Sri Swamiji said, "You will give the pot of Ganga water to Guruji and Satyabratji will take his photo." As soon as Swami Sivananda came out of his room for his evening satsang, we prostrated before him. He exclaimed, "Glory to Gangotri pilgrims!" As I offered the water pot to him, he said, "Put some water in my hand, I will drink it." Saying this, he spread out his palm. I put water on it thrice and he drank it. There were two other photographers also, but everybody was spellbound. Swami Sivananda repeated, "Glory to the pilgrims to Gangotri!" and went on his way. Only then could Satyabratji take the photo, which was of his back.


The pilgrimage complete, we returned to our hometown. Now, the desire to make Sri Swamiji my guru became stronger. However, he would always say, "Swami Sivananda will be your guru. I will never be a guru nor will I ever establish any ashram. After completing twelve years of parivrajaka life, I will sit in some mountain cave." Many people wanted to receive initiation from him, but everybody got the same answer.

After our pilgrimage to Gangotri, I started feeling a great change in myself. On Sri Swamiji's refusal to my request for initiation, I would say, "You may say anything, but a day will come when you will become *jagat guru* (guru of the world), and over one hundred ashrams will be established." He would say, "Are you cursing me?" I would say, "No, I am not cursing you, I am giving you blessings." We used to quarrel like brother and sister. I had already become his daughter, now I became his sister as well.

Guru ganga

Sri Swamiji went to Amarkantak in 1958 and came back after ten days. His programs and our discussions continued as usual. He used to often go to the nearby villages and also performed his chaturmas sadhana in a small village. Everyone at the BnC Mill, the young and the old alike, would visit him constantly. They requested him to come to the mill on Sundays and said that if he didn't come, they would all arrive at his place for the whole day. Finally, it was decided that every Sunday at four in the morning, Satyabratji would go and bring him over to our house before sunrise, and on Monday morning drop him back before sunrise.

On Sunday mornings, Satyabratji would get on his motorbike and ride to Sri Swamiji's village. It was slightly inconvenient, but Sri Swamiji would come. The entire building would be waiting for him and then everyone would spend the whole day with him. They would take their meals also with him and stay


on till ten at night. No one wanted to be away from him.

On 24th August 1958, while leaving in the morning, Sri Swamiji said, "On 28th August, Rakhi Poornima, you will receive a new birth. Invite everyone and make prasad also. I will come before sunrise."

I could not understand what he meant. I simply thought, 'Just as God wills.' On the 28th, Satyabratji left like every Sunday morning and Sri Swamiji arrived. I touched his feet and he asked, "Did you invite everyone and make prasad?" I said, "Swamiji, I have prepared prasad and made some other preparations also, but I could not fathom what to write on the invitation card." Sri Swamiji laughed and said, "Write: 'My birthday is about to be celebrated. Please come to give your blessings'." So we wrote that on a piece of paper and sent errand boys to all the officers and workers of the mill, to our relatives' houses and other areas of the town. When people got the message, they arrived at our apartment full of surprise. At about nine in the morning, the initiation ceremony began and was completed with everyone chanting *Om* together.

One of the ladies said, "Swamiji, until now we have observed that during an initiation, the mantra is whispered in the ear amid chanting, sounding of the conch and cymbals. That is how even I was initiated, but the way you performed the initiation was completely different." Sri Swamiji said, "Forget that old method. My guru says that if you want to abuse someone or say something negative, whisper it in the ear and if you want to speak God's name or a mantra, say it aloud so that everyone can hear it. Even I have heard that the mantra should be whispered in the ear, but with all the bells, etc. that are rung, the initiate cannot even hear the mantra properly and has to ask for it again afterwards. From now on, every time you hear about a diksha, you will remember this occasion." After some time, the lady again spoke: "Some of the women here who have never before been initiated want to ask you if they can also consider you their guru since they also chanted the mantra along with Didi, and if you will give them a mala." Sri Swamiji replied, "If you want to consider me your guru, you may. However, remember that once you call someone your guru, it has to sustain forever. It is a sacred relationship. But I don't have any malas with me. Whosoever wants a mala can speak to Satyabrat. He will get them for you from Rishikesh."

Sri Swamiji continued, "With her initiation, your Didi has received a new birth. Now, instead of Basanti Didi, she has become Ma Dharmashakti." Then he laughed and said, "From today, your Didi has become my first disciple and my brave





daughter also. I kept on dilly-dallying about diksha, but she had to become my disciple. And not alone, she brought along so many others. Right? Now don't forget to feed prasad to everyone and don't forget to feed me also."

Everyone was happy, the children started jumping and people conveyed their good wishes. They said, "Swamiji, we cannot forget you. What we have received from you is indescribable. We are also grateful to Satyabratji, for it was only due to him that we could have you here. That this day should dawn is a matter of great fortune for us."

As for me, I was so overwhelmed that I could not even speak. That I should have found a guru, a god-like guru, a very reflection of Swami Sivananda, was a momentous experience. Swami Sivananda had blessed me with the words, "Your guru will come to your house" and today, that came true.

Eternal connection

We again had many satsangs and on 30th August, Sri Swamiji departed, saying, "I will come on 6th September and stay during the Krishna Ashtami festival.'"


On 5th September, one of Sri Swamji's disciples came and said, "Swami Satyananda will not come for another month." I asked, "Why?" He said, "Maybe he is not happy." On Krishna Ashtami day I sat in the pooja room in front of his photograph and talked and talked with him; I even fought with him. I thought of sending a letter to him through the office attendant and sent a message to call him. Just as I began thinking about what I should write, I received this message:

Dharmashakti

I wish to come, but I thought I will not come for a month. I have a premonition that you are wrongly informed and are very troubled – I am everywhere. The body can only stay in one place at a time, but I am all-pervasive. This is the truth. Beyond the delusion of the body lies the vision of Atma. Whilst your eyes see only the body, you will not be able to see the principle that animates it. Apart from the body, there is something in me and I live because of that. That is pure consciousness. It is everywhere. It can assume a form and materialize in front of you. That is called the form of consciousness. It is our duty to withdraw our vision from the body, bound by social traditions, and try to see the immortal "Satyam", then I can come every day and always stay with you. OK, I will come on the morning of the 7th for a day. Arrange for satsang, etc.

—Satyam

This was a ray of light from my guru, Swami Satyananda. The voice of my soul reached my God and he immediately responded. Satyabrat





did not know of this so, overflowing with joy, I went to him and showed him the letter. In 1958, during the festival of Holi, I sent some coloured powder and a garland of flowers to Sri Swamiji. His blessing was received in a letter:

> *Received your letters and garland, but my Holi has not come yet. When my sadhana is complete, I will be truly coloured. I will colour Satyabrat and Dharmashakti with the colour of the black one (Krishna), which is scented by the memory of the Lord. I will smear you with the colour of bhakti, dip you in the colour of sadhana, intoxicate you with his name and wash you in the waters of his memory. You have Holi that colours the body, now colour your mind and see the fun.*

Manas putra

Swami Niranjan was born on 14th February 1960. When he received this news, Guruji was extremely happy. At that time he was on a tour of Mumbai and Gujarat. After completing his programs, he came to Rajnandgaon on 20th March. Taking his new disciple in his lap, he blessed him. Turning to us he said, "Don't become infatuated with him. Krishna performed different plays in Mathura and then the entire world became his field of action. Similarly, this child has to do a great work. His name will be Niranjan." He specially told me, "You have to become mother Kaushalya in the performance of your duties. God has given you a great responsibility and I am sure you will carry it out happily."

Wheel of time

During these years, many ashrams were established at different places and one was also built in Rajnandgaon. It was inaugurated on Guru Poornima of 1970 with the lighting of an *akhanda jyoti*, eternal flame. On 31st December 1971, while coming back from the ashram to the press, Satyabratji met with an accident. The people of the whole town were shocked. The local MP informed Sri Swamiji on the phone, who was in Munger at the time. He immediately left by car. Swami Niranjan was in Ireland at that time. Sri Swamiji called the members of the Rajnandgaon ashram and advised them on how to fulfil their responsibilities. He left for Munger after a few days and came back after fifteen days. I was at a complete loss, yet I was trying to manage myself.



In February I told Sri Swamiji, "I am sending the press to Munger by a truck." Sri Swamiji said, "There is already a press here. What will be the use of a second press?" I said, "I will also go to Munger." Thereupon Sri Swamiji said, "No, you will stay and will manage the press fully as you used to earlier. If you come to Munger, the press there will operate only during certain hours. In the remaining time you will just sit in your room, think unnecessarily over the bygone events and become unhappy. How long will you carry on like this? You don't have to die, you have to live. This is the instruction of your father, brother and guru. You are not a woman, act like an avadhoota. You have to take in your hands bank transactions, accounts management, and everything else. I have brought two sannyasins, they will help you. Now Niranjan is too young, still he is doing much work and will do much more in the future. If you want to see him happy then become like stone and manage everything. Always remember, you are my daughter and you will do everything as per my instructions."

I could not say anything and just offered my pranam to him. Sri Swamiji consoled other members also. He said, "Whatever happened is unfortunate. There is Niranjan for Dharmashakti and I am for Niranjan, but who is there for me?" While saying this, he became rather emotional. After a few minutes of silence, he spoke again, "I have received a lot of cooperation from all of you. I have already stated that this place is Sarnath for me. I cannot express how much love I have for Satyabratanandaji. My work started with his cooperation and it went on so well. I could travel, which made me strong and my work spread in all directions. In him I received a true human being. I am his sannyasa guru, but I always regarded him as my guru. Our relationship has spanned over many births. Let His will be done."

A new phase

In 1982, Sri Swamiji came to Rajnandgaon. He said to me, "You have been running this press alone for the last twelve years. Now close it and come to Munger." I said, "I think I should work for four-five years more, and then I will come to Munger. Now everything is going on very well; the press is working almost the whole night long. The people will say, 'She went away, leaving behind such good work.'" Sri Swamiji said, "If Govardhanji (my father) had told you to come, would that be your answer: 'What will the people say?' I am also your father and I have the right to take you with me."


He continued, "I am thinking that next year I will call Niranjan and handover everything to him. And you will act as a counselor to the people working there. Everything should be done at the proper time. Now give up everything. I expect your help in Munger in all activities." I could not say anything and just kept silent. He said, "Wind up everything in two-three years. Continue to let me know whatever is happening here."

I thought, 'Obedience to the instructions of father will bring me peace', and slowly would up everything. In 1983, I left Rajnandgaon and came to Munger. Since then, I have continued to work in the proximity of guru and life has been flowing like a peaceful stream. In December 2009, leaving us all behind, Sri Swamiji departed for his divine abode. He was a god and went back to the realm of the gods.

O destiny-maker of Ganga Darshan and Rikhiapeeth, everything will go on in the right direction with your blessings! Please accept my salutations to your lotus feet.







देव-ऋषि गुरुदेव के चरण कमलों में

स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती

मंत्र सत्यम् पूजा सत्यम्,
सत्यम् मंत्र निरंजनम्।
गुरोर्वाक्यं सदा सत्यम्,
सत्यमेव परम पदम्॥

कुछ लिखने के विचारों में डूबते-उतरते एक साल पूरा हो रहा है और योग पूर्णिमा सामने है। करीब साठ वर्ष साथ रहने के बाद अनुभवों के सागर में डूबते-उतरते स्मृतियों के कुछ फूल उन चरणों में चढ़ाने की कल्पना करती हूँ।

पहली भेंट

याद आई 2 अप्रैल, सन् 1953 की शाम, जब हम मुनि की रेती, ऋषिकेश में पहुँचे। छोटी उम्र से रामायण पढ़ते-सुनते महत्त्वाकांक्षाओं ने सिर उठाया कि मैं विश्वामित्र और वशिष्ठ जैसे गुरु से ही दीक्षा लूँगी, नहीं तो कल्पनालोक में ही गुरु दीक्षा हो जाएगी मेरी। अपना सौभाग्य ही कहूँगी कि हम सभारत्नम् जी के साथ ऋषिकेश पहुँचे, फिर गंगा किनारे मुनि की रेती जहाँ सभा जुड़ी थी। वहाँ हम स्वामी शिवानन्द जी महाराज के सान्निध्य में पहुँच गए। उन्हें प्रणाम करके हम उनके चरणों के पास पहुँच गए। मैं उनके सामने बैठ गई और खुशी से सब तरफ देखने लगी।

अचानक देखा कि उनके पीछे छोटे-छोटे चार संन्यासी खड़े थे। मन वहीं पर अटक गया। सोचने लगी कि ये बाल-स्वामी ध्रुव-प्रह्लाद जैसे क्यों खड़े हैं। मन में विचार उठा कि वे तो अपनी महत्त्वाकांक्षा पूरी करने के लिए भगवान के भक्त बने थे, जबकि ये तो त्यागी-वैरागी हैं। यही सोचते-सोचते एक बाल-संन्यासी पर मेरी नजर टिक गई। लगा कि यह मानव रूप में कोई देव है। उसी समय शिवानन्द जी ने हमारा परिचय पूछा और सत्यव्रत जी ने अपना नाम और परिचय बताया। उन्होंने आशीर्वाद देकर कहा, 'सत्यम्, इन्हें पुस्तकें दो' और मेरे उसी बाल-संन्यासी ने कुछ पुस्तकें हम लोगों को प्रसाद के रूप में दीं।

हम लोग ऋषिकेश में पाँच दिन रहे। सत्यव्रत जी को संन्यासियों के साथ और मुझे महिलाओं के साथ कमरा मिला। मैं अपनी रूम-मेट शिवाञ्जलि के साथ सब जगह जाती और जहाँ भी जाती उन बालक भगवान को काम में व्यस्त देखती। कभी-कभी कुछ काम करने का मौका भी मिलता। इस तरह पाँच दिन बीत गए और हम पुस्तकें, फोटो वगैरह सब लेकर अपने गृह-नगर आ गये। पूरा अनुभव एक स्वप्न की भाँति था।

सत्यम् का सारनाथ

राजनाँदगाँव में वैष्णव राज्य था, इसलिए वहाँ धार्मिक कार्य होता रहता था। उस समय स्वामी सत्यानन्द जी को भी वहाँ





बुलाया गया, लेकिन ऋषिकेश आश्रम के कार्यों में व्यस्त रहने के कारण नहीं आ सके। सन् 1956 अप्रैल में स्वामी शिवानन्द जी का पत्र मिला, 'आप लोग सत्संग के लिए स्वामी चाहते थे जो हिन्दी जानते हों, तो स्वामी सत्यानन्द अब 12 वर्षों के लिए परिव्राजक जीवन के लिए निकल गये हैं। उनका यह पता है और आप अब उन्हें बुला लीजिए।' हमने शीघ्र ही उन्हें पत्र लिखा। उनका जवाब आया–

> *'आपका गाँव नन्दग्राम है। मेरी भावनाओं के अन्त:स्थल में नन्दग्राम के प्रति आकर्षण है। आप लोगों ने मुझे बुलाया है, जरूर आऊँगा। मुझे कुछ ऐसा आभास हो रहा है कि वहीं से मेरा काम शुरू होगा। नन्दग्राम ही मेरा सारनाथ बनेगा। मेरा नाम सत्यम् है, आपका नाम सत्यव्रत, आपमें मेरे व्रत की विशेषता है।'*

पत्र पढ़कर हम दोनों बहुत खुश हुए, फिर सोचा कि परिव्राजक संन्यासी हमारे नगर तक कैसे पहुँचेगा। तुरंत उन्हें मनी-आर्डर भेजा। उनका उत्तर आया, 'आपका पत्र मिला और मनी-आर्डर भी। यहाँ पर लोगों के अनुरोध पर बुद्ध जयन्ती के अवसर पर प्रवचन के लिए मंजूरी दे दी है, प्रोग्राम प्रकाशित भी हो गया है। मेरा आना 23 मई के बाद ही होगा।' बुद्ध जयंती के बाद, 7 जून की सुबह हम मित्र-बन्धुओं के साथ स्टेशन पहुँचे। दो-तीन साहित्यकार, भक्त, प्रेमी, सभी पहुँचे। सूर्य किरणों को साथ लिए प्रभात में उनकी गाड़ी आ खड़ी हुई और स्वामीजी उसमें से उतरे। सब बहुत खुशी-खुशी उनको लेकर आये, हालाँकि कुछ लोगों को निराशा भी हुई। सब अफसर और बच्चे उनके दर्शन के लिए आने लगे और सबके साथ बातें होने लगीं। अचानक साहित्यकार बलदेव प्रसाद मिश्रा ने कहा, 'हमारा आज बहुत बड़ा सौभाग्य है कि आपके दर्शन हुए। स्टेशन पर आपको देखकर हम निराश हो गए थे कि आप तो छोटे-से बच्चे ही हैं। हमने सोचा था आप लम्बी जटा वाले होंगे, लेकिन आप तो सबसे मिल रहे हैं और बातें कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो सब आपके ही हैं।' इस तरह वे हमारे बीच में आये। हमें क्या सबको ऐसा लगा कि हम सब एक ही हैं। एक ही परिवार के हैं। परिस्थितिवश बिछुड़ गये थे और आज दुबारा मिल गये हैं।

स्वामीजी ने सत्यव्रत जी से कहा, 'आपका नगर मेरे लिए सारनाथ है और आपका घर मेरा हेड-ऑफिस। अब आप लोग मुझे सबसे मिलाइये, यही मेरा मुख्य कार्य है।' फिर उन्होंने परिचितों से मिलकर अपना कार्यक्रम बनाना शुरू किया। सब तरफ हलचल मच गई और आस-पास के सभी गाँव वालों ने उन्हें बुलाना शुरू कर दिया। स्वामीजी ने कहा,

'मैं यहाँ-वहाँ घूमता रहूँगा, इसलिए मेरे पत्र आपके पते पर आयेंगे।'

हमें लगा हमारे घर साक्षात् भगवान आ गये। उनके आने के बाद मेरे पिताजी उनसे रोज मिलने आते थे। उन्होंने कहा, 'स्वामीजी, मैं आपका इन्तजार कर रहा था।' स्वामीजी ने कहा, 'आप तो मुझे जानते नहीं थे, फिर आप मेरा इन्तजार कैसे कर रहे थे?' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी बेटी के लिए हमेशा चिन्तित रहता था। एक ज्योतिषी ने कहा था कि यहाँ एक संत आयेंगे, इसलिए मैं आपका इन्तजार कर रहा था। देखिये, जीवन का कोई ठिकाना नहीं। आज से इसकी जिम्मेदारी आपको सौंप दी। अब आप इसके पिता और यह आपकी बेटी है। समय-समय पर आप इसका मार्गदर्शन करेंगे।' और मुझे भी कहा, 'अब मेरी चिन्ता नहीं करना। अब तेरे सच्चे पिता तुझे मिल गये।' उस समय तो बात हँसी में उड़ गयी, लेकिन चार महीने बाद मेरे पिताजी का हार्ट-फेल हो गया। स्वामीजी जब कार्यक्रम से वापस आये तो उन्होंने मुझे पुत्री के रूप में समझाया। जब भी मैं दु:खी होती तो वे मुझे अपनेपन से एक पिता की तरह बेटी-बेटा ही कह कर समझाते।

गंगोत्री की तीर्थयात्रा

मई 1957 में स्वामी सत्यानन्द जी के साथ हमारा गंगोत्री यात्रा का कार्यक्रम बना। गंगोत्री जाते समय सत्यव्रत जी को स्वामी शिवानन्द जी से मंत्र दीक्षा लेनी है, यह बात पहले से तय हो चुकी थी। सबने कहा मुझे भी साथ में मंत्र ले लेना चाहिए। गुरुवार 23 तारीख की सुबह गुरुदेव शिवानन्दजी की कुटिया में सब इकट्ठे हुए थे। गुरुदेव के सामने सत्यव्रत जी के साथ मैं भी बैठी थी। मेरी सखी, शिवांजलि भी चाहती थी कि दोनों मंत्र लें। उसने कह ही दिया, 'स्वामीजी, बसन्ती को भी मंत्र दीजिए।' गुरु बनाने के मामले में मैं हमेशा से विद्रोहिणी रही हूँ, पर इस समय मेरा भी मन डगमगाने लगा। आँखें बंद कर







मन ही मन कहा—'नाथ बता दो किन चरणों में रखना है यह जीवन अनमोल।' गुरुदेव ने मेरी तरफ देखा, उसी समय मैंने भी सिर उठाकर देखा... लगा कि सामने स्वामी शिवानन्द जी नहीं, स्वामी सत्यानन्द जी बैठे हैं! मन ने उन्हें ही अपना इष्ट-गुरु मान लिया। मैं देखती ही रही। मुझे मौन देख कर स्वामी शिवानन्द जी मेरी तरफ देखते रहे, अचानक उनकी आँखें चमक उठीं। फिर हँस कर बोले, 'इन्हें तो समय आने पर गुरु मिलेगा ही जी, जय हो, प्रभु का आशीर्वाद है। इनके गुरु इनके घर आयेंगे और ये अपने गुरु के साथ बहुत काम करेंगी।' तब मुझे दिखा कि अब तो स्वामी शिवानन्द जी सामने बैठे हैं! उनके चरणों में झुक गयी, कुछ निर्णय लेने की क्षमता नहीं रही।

स्वामी शिवानन्द जी महाराज से आशीर्वाद लेकर गंगोत्री यात्रा पर कुल सात लोग निकले। श्री स्वामीजी, उनके परिचित चार लोग और हम दोनों। धरासू से पदयात्रा शुरू हुई। दस-पन्द्रह मील रोज चलते थे। एक दिन आराम करते और दूसरे दिन स्वामीजी के कुशल निर्देशन में फिर चलते। इस तरह गंगोत्री पहुँचे। वहाँ चार दिन रहे, बहुत आनन्द आया। स्वामीजी पहले पहुँच कर कमरा ले लेते थे और हम लोग बाद में पहुँचकर थके-थकाये आराम करते।

उत्तरकाशी से वापसी के समय बादल-पानी शुरू हुआ और हम लोग किसी तरह भागते-चलते-रुकते धरासू की ओर बढ़े। आखिर में पहुँचने के कुछ पहले ओले गिरने लगे, परन्तु हम लोग किसी तरह धरासू पहुँच ही गये। हमने कहा, 'स्वामीजी, बड़े-बड़े ओले गिर रहे थे। न पेड़ के नीचे रुकना ठीक था और न पहाड़ के पास खड़े रहना। तो हम किसी तरह आपके पास पहुँच ही गए।' उन्होंने कहा, 'वे ओले-पत्थर नहीं, फूल थे, जिन्हें भगवान तुम पर बरसा रहे थे। आकाश बहुत दूर है, इसलिए वे रास्ते में पत्थर बन गए! खैर तुम लोग 160 किलोमीटर गिरते-पड़ते आ ही गये ठिकाने पर।' इस तरह हमारी पद यात्रा समाप्त हुई।

दूसरे दिन हम ऋषिकेश पहुँच गए। स्वामीजी ने कहा कि आप गुरुजी को जल का लोटा देना और सत्यव्रत जी फोटो लेंगे। शाम को स्वामी शिवानन्द जी सत्संग के लिए जैसे ही कमरे से निकले, हम लोगों ने प्रणाम किया। हमें देखते ही वे 'गंगोत्री यात्रियों की जय हो' कहने लगे। हम उनके हाथ में जल का लोटा देने लगे तो उन्होंने कहा, 'हाथ में दो जी, हम पान करेंगे।' और अंजली फैला दी। हमने काँपते हाथों से जल डाला। इस तरह तीन बार हमने जल डाला। वहाँ पर पहले से ही दो व्यक्ति और कैमरा ले कर खड़े थे, लेकिन सब भाव-विभोर होकर खड़े रहे। स्वामी शिवानन्द जी 'गंगोत्री यात्रियों की जय हो' बोलकर चले





गये। तब जाकर फोटो लिया गया तो उनकी पीठ का फोटो आया! इस तरह गंगोत्री यात्रा पूरी करके हम अपने गृहनगर को लौट आये।

गंगोत्री यात्रा के बाद मैं अपने में बहुत परिवर्तन अनुभव करने लगी। गुरु बनाने की इच्छा प्रबल होने लगी, लेकिन स्वामीजी का यही जवाब था कि गुरु तो महाराज जी ही रहेंगे। हम न तो गुरु बनेंगे, न आश्रम बनायेंगे। हम तो 12 साल पूरे होने पर पहाड़ पर जाकर बैठ जायेंगे। कई लोगों ने दीक्षा की इच्छा प्रकट की, लेकिन सभी को यही जवाब मिलता। उनसे दीक्षा के लिए अनुरोध करने पर जब यही जवाब मिलता तो मैं कहती, 'जो भी कहो, एक दिन ऐसा आएगा कि आप जगत्-गुरु बनोगे और आश्रम भी सौ-डेढ़ सौ बन जायेंगे।' तब वे कहते, 'मुझे शाप दे रही हो क्या?' मैं कहती, 'शाप नहीं, आशीर्वाद दे रही हूँ।' और इस तरह जैसे भाई-बहन लड़ते हैं, उसी तरह हम लोग भी लड़ने लगते। मैं बेटी तो बन ही गई थी, बहन भी बन गई।

गुरु गंगा

सन् 1958 में स्वामीजी अमरकंटक गये। दस दिन वहाँ घूमकर आये। उनका कार्यक्रम चलता रहा और इस तरह आपस में बातें भी होती रहीं। उस समय वे आस-पास के गाँवों में भी गये। वहीं पर एक छोटे-से गाँव में चातुर्मास किया। वहाँ मिल के सभी लोग उनके अपने थे। सबके विशेष अनुरोध पर उन्होंने कहा, 'आप लोग यहाँ मत आया कीजिये, यहाँ का रास्ता ठीक नहीं है। मैं ही आऊँगा रविवार को। चार बजे सुबह सत्यव्रत जी आकर मुझे ले जायेंगे और सोमवार शाम मुझे मोटर-साइकिल से छोड़ जायेंगे।'

सब उनके लिए पागल थे। प्रत्येक रविवार को एक व्यक्ति के यहाँ सत्संग होता। 24 अगस्त को जाते समय उन्होंने कहा, 'देखो, 28 तारीख को राखी पूर्णिमा है। उस दिन तुम्हारा नया जन्म होगा। प्रसाद बनाना और सबको निमंत्रण देना।' 28 तारीख को सुबह साढ़े चार बजे वे आये। उन्होंने पूछा, 'सबको निमंत्रण दिया?' हमने कहा, 'क्या निमंत्रण देना है, हमें पता नहीं, लेकिन प्रसाद बना लिया है और सबको बैठाने की तैयारी कर ली है।' तो उन्होंने कहा, 'एक कागज लो और लिखो, आज 8 बजे मेरा नया जन्म होगा। आप लोग आशीर्वाद देने आयें।' एक चपरासी को मिल एरिया और दूसरे को सिविल लाईन और रिश्तेदारों के यहाँ भेज दिया। कुल डेढ़-दो सौ लोग आये।

प्रात: 8 बजे हमारी गुरु दीक्षा हुई। कई लोगों ने प्रश्न किया, 'स्वामीजी, हमने देखा है कि कान में मंत्र बोला जाता है। पर आपने तो जोर से बोला और सबने सुना।' तब उन्होंने कहा, 'हमारे गुरु जी ने हमको यही सिखाया है कि गाली कान



में देना और गुरु-मंत्र तो भगवान का नाम है, उसे जोर से बोलना!' थोड़ी देर सब बातचीत करते रहे। एक वृद्ध महिला ने कहा, 'यहाँ पर बहुत-सी महिलाएँ हैं, बहु-बेटियाँ हैं, सभी ने दीदी के साथ मंत्र बोला है। तो क्या हम भी आपको गुरु मान सकते हैं और क्या हमको भी माला देंगे?' तब स्वामीजी ने कहा, 'मानना चाहो तो मान सकते हो, पर निभाना बहुत कठिन है। माला मेरे पास नहीं है, चाहो तो सत्यव्रत जी से कहकर ऋषिकेश से मँगा सकते हो।' फिर हँसकर पूछने लगे, 'तुम कितने लोग गुरु मानोगे?' महिलाओं ने कहा, 'कुल 28 लोग हैं।' तो हँसकर बोले, 'तुम्हारी यह बसन्ती दीदी मेरी बहादुर बेटी है। मैं बहुत दिनों तक गुरु दीक्षा देने की बात टालता रहा, लेकिन मैं हार गया। खुद तो आई ही, अपने साथ 28 को लेकर आयी। आज से तुम्हारी बसन्ती दीदी का नाम माँ धर्मशक्ति हो गया है।' सब उस वातावरण में प्रसन्न थे। हम भी बहुत प्रसन्न थे। पहले उनकी बेटी बने, बहन बने और आज उनकी शिष्या भी बन गये। गुरु महाराज की माया अपरम्पार है।

शाश्वत सम्बन्ध

दो दिन खूब सत्संग चला, राखी होने से सभी को उत्साह व खुशी थी। सब कहते, अब तो दीदी का घर नहीं कहेंगे, सत्यधाम कहेंगे। सब के अनुरोध पर स्वामी सत्यम् ने कहा, 7 सितम्बर को कृष्णाष्टमी है, 8 को शिवानन्द जयन्ती। हम 6 की शाम को आयेंगे, 9 की सुबह चले जायेंगे। स्वामीजी के स्वागत-सत्संग का उत्साह तो रहता ही था, पर दो पर्व पड़ रहे हैं। सब खुश थे, बच्चों ने ड्रामा की तैयारी की, लड़कियों ने रास-गरबा की तैयारी की।

5 सितम्बर को 2 बजे श्री स्वामीजी के एक शिष्य आये, कहा, 'कल शाम को स्वामीजी नहीं आयेंगे।' हमने पूछा, 'क्यों नहीं आयेंगे? क्या बोले हैं?' तो कहा, 'शायद नाराज हैं, उन्होंने कहा है एक महीना तक नहीं आयेंगे।' यह कहकर

वे चले गये। कुछ समझ में नहीं आ रहा था, क्या बात हो गई। फिर ध्यान के चित्र के सामने बैठकर पूछा, 'स्वामीजी क्या आप नाराज हैं? ऐसी तो कोई बात नहीं हुई। आप तो आने कह कर गये थे। नाराजगी क्यों? आप न आयें, यह तो ठीक है, पर ... आप गुरु ही नहीं, पिता भी हैं, आपने ही सिखाया है, 'कौन सा सुख शान्ति का आगार तुमसे माँगते हैं, तुम पिता हो इसलिए हम अधिकार तुमसे माँगते हैं।'

पड़ोस वाली भी आ गई, सभी परेशान। तय हुआ, पत्र लिखकर पूछा जाये। शाम को चपरासी जाएगा पत्र लेकर तो पता चलेगा ही। मैं सोच ही रही थी कि क्या लिखूँ कि यह संदेश मिला–

धर्मशक्ति,

मैं तो सभी जगह हूँ। शरीर एक देशीय है, पर मैं सर्वव्यापक हूँ, यह बात एकदम सत्य है। शरीर के मोह के ऊपर आत्मा का दर्शन होता है। शरीर से जो मोह किया जाता है, वह साधारण मोह का ही एक रूप है और जब तक शरीर पर दृष्टि अटकी रहेगी, तब तक इस शरीर के कीमती तत्त्व के दर्शन नहीं हो सकेंगे। मेरे शरीर के अलावा मुझमें और कुछ है, जिसकी कृपा से मैं हूँ, और सब मुझे देखते हैं, वह चैतन्य पुरुष है, उसे हर जगह कभी भी देख सकते हो, ध्यान में, तल्लीनता में, विचारों की गहराई में। वह प्रत्यक्ष देह धारण कर सामने आ सकता है। इसे ही चिन्मय-विग्रह कहते हैं। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि लोक-परम्परा में बँधे शरीरों से दृष्टि हटाकर जन्म-मृत्यु रहित चिर पवित्र व चैतन्य का साक्षात्कार करें, तब तो मैं अष्टमी ही नहीं, रोज आ सकता हूँ। यही नहीं, सदा साथ रह सकता हूँ। अभ्यास करना चाहिए। जानना एक चीज है, करना दूसरी चीज। अभ्यास करने से ही कल्याण होता है, जानने से नहीं। रास्ता तो मालूम है, फिर देरी क्यों, चलना चाहिए। मेरा सत्संग एक बार कर लेने से फिर आत्म संग होना चाहिए। आत्मा-आत्मा से अलग नहीं है, शरीर से मोह नहीं करना। अगर हमें बुलाना ही चाहोगे तो सत्यव्रत जी को 6 तारीख शाम को भेजना। हम सूर्यास्त के बाद आयेंगे, दूसरे दिन सूर्योदय के पहले वापस हो जायेंगे। भोजन व सत्संग की विशेष तैयारी रखना, अच्छा।'

–सत्यम्

यह पूज्य गुरुदेव की प्रकाश-किरण से कम नहीं थी। मेरी आत्मा की पुकार मेरे गुरु, मेरे आराध्य तक पहुँची और तुरंत उनका जवाब आया। आँखों में खुशी के आँसु लिए यह पत्र सत्यव्रत जी को दिखाया। होली के समय हमने स्वामी सत्यम् को माला, रंग-गुलाल भेजा। उनका पत्र मिला,

'माला-गुलाल मिला, स्वीकार किया, पर हमारी होली अभी आयी नहीं है। जिस दिन हमारी साधना पूरी होगी, उसी दिन हम पर पक्का रंग लगेगा। सुरत की होली में सुमिरण की अबीर लेकर, सत्यव्रत-बसन्त को श्याम के रंग में रगेंगे। भक्ति के रंग में तर, साधना के रंग में सराबोर, स्मरण रूपी भंग के नशे में मस्त, उनके सुमिरण में धुत्त, शरीर रंगने वाली होली अब तक खेले हो, अब मन को रंग कर देखो, कैसा आनन्द आता है।'

मानस पुत्र

14 फरवरी सन् 1960 को स्वामी निरंजन का जन्म हुआ। जन्म का समाचार पाकर गुरुजी बहुत खुश हुए। उस समय वे बम्बई और गुजरात के दौरे पर थे। सब जगह कार्यक्रम संपन्न करके 20 मार्च को वे राजनाँदगाँव आये। अपने नन्हे शिष्य को गोद में लेकर बहुत आशीर्वाद दिया, फिर हम लोगों से कहा, 'इससे मोह नहीं करना। जैसे कृष्ण जी ने मथुरा में बाल-







लीला की और फिर सारा विश्व ही उनका कार्यक्षेत्र बन गया, वैसे ही इसे बहुत बड़ा काम करना है। इसका नाम निरंजन होगा।' मुझसे विशेष रूप से कहा, 'तुमको कर्त्तव्यपालन में माँ कौशल्या बनना होगा और देश की भलाई के लिए कलंक का टीका लेने वाली कैकयी भी। प्रभु ने तुम्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है और मुझे विश्वास है तुम इसे हँसी-खुशी पूरा कर लोगी।'

समय का चक्र

फिर सब जगह आश्रम बने और लोगों के सहयोग से राजनाँदगाँव में भी आश्रम बना। सन् 1971 की गुरु पूर्णिमा के दौरान बड़े जोर-शोर से उद्घाटन भी हुआ और दीपक जला। 31 दिसम्बर सन् 1971 को सत्यव्रतानन्द जी आश्रम से वापस प्रेस आ रहे थे, रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया। पूरे शहर के लोग यह समाचार सुनकर स्तब्ध रह गये। वहाँ के सांसद ने स्वामीजी को फोन द्वारा सूचना दी। स्वामीजी कार द्वारा तुरंत रवाना हो गये। उस समय स्वामी निरंजन आयरलैंड में थे। स्वामीजी ने संस्था के सदस्यों को बुलाकर समझाया कि अपनी जिम्मेदारी पूरी करो। कुछ दिन रहकर वे वापस गये और फिर पन्द्रह दिन में लौट आये। मैं बहुत परेशान थी, लेकिन धीरे-धीरे अपने को संभाल रही थी।

फरवरी में मैंने स्वामीजी से कहा, 'प्रेस को ट्रक से मुंगेर भेज रही हूँ।' स्वामीजी ने कहा, 'वहाँ भी तो प्रेस हो गया है, वहाँ प्रेस भेजकर क्या करोगी?' मैंने कहा, 'मैं भी मुंगेर जाऊँगी।' तब स्वामीजी ने कहा, 'नहीं, तुम यहीं रहोगी और प्रेस को पूरा संभालोगी जैसे पहले संभालती थी। मुंगेर आओगी तो वहाँ समय पर प्रेस खुलेगा और समय पर बन्द होगा। बाकी समय कमरे में बैठकर पुरानी बातें सोचकर दु:खी होगी। इस तरह कितने दिन चलाओगी? तुम्हें मरना नहीं है, जीना है। यही तुम्हारे पिता, भाई और गुरु का आदेश है। तुम नारी नहीं हो, अवधूत बनकर काम करो। बैंक, लेन-देन, सब तुमको अपने हाथ में लेना है। मैं दो संन्यासी लाया हूँ, ये तुम्हारी मदद करेंगे। अभी निरंजन छोटा है, फिर भी वह बहुत काम कर रहा है और आगे भी बहुत काम करेगा। यदि तुम्हें उसका सुख देखना है तो पत्थर बन जाओ और सब काम संभालो। हमेशा याद रखना, तुम मेरी बेटी हो और मेरे आदेश के अनुसार सब काम करोगी।'

हम कुछ बोल नहीं सके, बस प्रणाम किया। स्वामीजी ने सदस्यों को भी समझाया। कहा, 'जो हुआ, बहुत बुरा हुआ। धर्मशक्ति के लिए निरंजन है, निरंजन के लिए मैं हूँ, पर मेरे लिए कौन है?' ऐसा कहते हुए उनका गला भर आया। पाँच मिनट चुप रहकर स्वामीजी ने आगे कहा, 'मुझे आप लोगों से बहुत सहयोग मिला है। यह मैं पहले ही कह चुका हूँ कि यह



जगह मेरे लिए सारनाथ है। मैं सत्यव्रतानन्द जी को कितना मानता हूँ, यह कहा नहीं जा सकता। सोचता हूँ मुझे जीवन में वही सच्चे मानव मिले थे। उनके सहयोग से ही मेरा कार्य शुरू हुआ और बहुत अच्छी तरह से चला। मैं घूम-घूम कर इतना मजबूत बन सका कि मेरा काम सब तरफ फैल गया। मैं उनका संन्यास गुरु हूँ, लेकिन मैं हमेशा उनको अपना गुरु मानकर चला। सोचता था कि हम लोगों का कई जन्मों का सम्बन्ध रहा होगा। जैसी प्रभु की इच्छा।' ऐसा कहते हुए उनका गला फिर भर आया और वे चुप हो गए।

नया अध्याय

सन् 1982 में स्वामीजी राजनाँदगाँव आये तो उन्होंने कहा, 'मैं सोचता हूँ तुम्हें अकेले प्रेस चलाते बारह वर्ष बीत गए। अब प्रेस बन्द करो और मुंगेर चलो।' मैंने कहा, 'चार-पाँच साल और काम कर लेती हूँ, फिर मुंगेर चलूँगी। अभी काम अच्छा चल रहा है, रात-रात भर ओवर-टाईम चल रहा है। कोई क्या कहेगा, इतना अच्छा काम छोड़कर चली गई।' स्वामीजी ने कहा, 'अगर आज गोवर्धन जी (मेरे पिताजी) कहते कि चलो तो क्या तुम ऐसा ही कहती कि लोग क्या कहेंगे? मैं भी तुम्हारा पिता हूँ। मुझे अधिकार है तुमको ले जाने का।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैं सोच रहा हूँ अगले वर्ष निरंजन को बुलाकर उसे सब काम सौंप दूँगा। और तुम वहाँ काम करने वालों को सलाह देते रहना। मैंने ठीक कहा है न। सही समय पर सब काम होना चाहिए। अब धीरे-धीरे सब काम से छुट्टी करो। मुंगेर में भी सभी कार्यों में मुझे मदद करना।' मैं कुछ कह न सकी, चुप रह गयी। उन्होंने कहा, 'दो-तीन साल में सब काम समेट लो। कब क्या काम हो रहा है, हमको बताते रहना।'

पिता के आदेशानुसार काम करने से ही शान्ति मिलेगी, ऐसा सोचकर धीरे-धीरे सब काम पूरा करके सन् 1985 में मैंने राजनाँदगाँव छोड़ दिया और मुंगेर आ गयी। तब से गुरु के सान्निध्य में रहकर सब काम करती रही और शान्ति से जीवन बिताती रही। पर दिसम्बर सन् 2009 में हम सबको छोड़कर वे आराम से महाप्रयाण कर गये। वे देव थे और देव-लोक को चले गये।

गंगादर्शन, मुंगेर एवं रिखियापीठ के भाग्य विधाता! आपकी मंगल-कामना से सब काम बराबर चलता रहेगा। हम सबका आपके श्री चरणों में प्रणाम!



आराधना

पूजा के क्षण बीत न जायें,
अर्घ्य चढ़ाने के पहले ही, नयनों के घट रीत न जायें ॥

दूर हिमालय में वास प्रभु का,
और मंद आलोक दीये का,
बुझ न जाये यह दीया प्राण का, फूल न पूजा के मुरझायें ॥

पथ निहार आँखें पथराईं,
सजल प्रार्थनायें दुहराईं,
वर न मुझे दे दर्शन दे दें, प्राण हँसे लोचन मुस्कायें ॥

आत्म विसर्जन की परिभाषा,
पढ़ लें उर-अंतर की भाषा,
साँस-साँस अभिमंत्रित कर प्रभो, मुझको परम पुनीत बनायें ॥

युग-युग के अर्चन वंदन से,
जप-तप-संयम के साधन से,
जीवन के शत-शत पुष्पों से, पाप पुरातन जीत न जायें ॥
पूजा के क्षण बीत न जायें ॥

–स्वामी धर्मशक्ति





Aradhana

Let not the moments of worship cease to be
Before the libation is offered, let not the eyes become empty.

My lord resides afar in the Himalayas
and the light of the lamp is very feeble
Let not the lamp of my prana be extinguished,
or the flowers of worship wilt.

My eyes have turned to stone staring at the road
Tearful prayers incessantly I have poured
Not a boon, but grant me a darshan of yours
so my pranas may revive and my eyes rejoice.

O epitome of selflessness!
Listen to the unspoken words of my heart
Let your name every breath of mine chant,
making me ever pure and free of all fault.

The prayer and worship offered for eons and ages
With japa, tapa and sanyam, the methods of the sages
Let not the sins of yore overpower
These flowers I've gathered over hundreds of years
Let not the moments of aradhana cease to be . . .

—Swami Dharmashakti

Invitation to Shodashi Pooja

The following invitation to perform pooja in honour of Swami Dharmashakti was sent to Satyananda Yoga ashrams and centres around the world

Blessed Self,
Hari Om.

On 12th February at 12 noon, Swami Dharmashakti Saraswati, seniormost disciple of Sri Swami Satyananda Saraswati, and mother of Swami Niranjanananda Saraswati, attained mahasamadhi at Ganga Darshan.

In accordance with the tradition of sannyasa, the Shodashi, or the sixteenth day following her bhu samadhi, will be commemorated at Ganga Darshan on 28th February with Rudrabhisheka and Devi aradhana.

Swami Dharmashakti, known as Ammaji, was loved and revered by countless people across the globe and India. So that all devotees and well-wishers can join in this pooja and offer their prayers and sentiments, a program should be conducted in her memory on 28th February at centres and ashrams.

The program is as follows:

- Shanti Path
- Guru Paduka Stotram
- 32 names of Durga (9 times)
- Mahamrityunjaya mantra (108 times)
- Tantroktam Devi Suktam
- Ram Stuti
- Shanti Path

With best wishes,
Om Tat Sat



श्री स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती
की
षोडशी पूर्णाहुति



जन्म - सहसपुर लोहारा (म.प्र.), बुद्ध पूर्णिमा 1924
समाधि - गंगादर्शन विश्वयोगपीठ मुंगेर, 12 फरवरी 2013

ॐ

एक सम्पूर्ण, समृद्ध, समर्पित जीवन व्यतीत करने के पश्चात् विश्वयोगी श्री स्वामी सत्यानन्द सरस्वती की प्रथम शिष्या, स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती की लौकिक लीला 12 फरवरी, 2013 को मध्याह्न के समय समाप्त हुई।

'मेरे मिशन के लिए ही अपने को जीवित रखना, तुम्हारा संसार में किसी के प्रति कर्त्तव्य शेष नहीं रहा, सिवाय मेरे प्रति' – स्वामी धर्मशक्ति ने अपने गुरु के इस आदेश का जीवनपर्यन्त अक्षरश: पालन किया। गुरु मिशन में तन-मन-धन से संलग्न हो, उन्होंने अपने कर्मठ जीवन में योगा तथा योगविद्या पत्रिकाओं की सम्पादिका एवं प्रकाशिका, अन्तर्राष्ट्रीय योग मित्र मण्डल की सचिव, राजनंदगाँव योग विद्यालय की संरक्षिका तथा श्री पंचदशनाम परमहंस अलखबाड़ा की आचार्या जैसी अनेक भूमिकाओं का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

एक आदर्श संन्यासी की तरह जीवन के सभी आँधी-तूफानों को झेल, कर्त्तव्य-पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए स्वामी धर्मशक्ति ने एक ऐसा ज्वलन्त आदर्श प्रस्तुत किया है, जो हमें सदा प्रेरणा और मार्गदर्शन देता रहेगा। और उन्होंने गार्गी-मैत्रेयी जैसी विदुषी संन्यासिनियों की परम्परा में सदा-सदा के लिए अपना स्थान बना लिया है। स्वामी धर्मशक्ति के षोडशी पूर्णाहुति कार्यक्रम में अपने मित्रों एवं बन्धु-बान्धवों सहित भाग लेकर आप उनके मंगलकारी आशीष अवश्य प्राप्त करें।

हरि: ॐ तत्सत्

स्वामी सूर्यप्रकाश
कृते बिहार योग विद्यालय

षोडशी पूर्णाहुति कार्यक्रम

28 फरवरी, 2013

प्रात: 9.00 बजे	रुद्राभिषेक देवी आराधना
11.00 बजे	आरती
11.30 बजे	प्रसाद भोज

In Honour of Swami Dharmashakti Saraswati

Reports from around the globe on the observances held in memory of Swami Dharmashakti on 28th February, the day of culmination of Shodashi Anushthana.

INDIA

Bangalore – Forty people attended the program at the Atmadarshan Yogashram, which started at 4.30 pm and went on into the early evening hours. Atmavanam, a senior teacher at the centre, shared stories of his experiences with Swami Dharmashakti and reflected on her life of dedication to guru and her connection to the divine consciousness through Sri Swami Satyananda and Swami Niranjanananda.

Bargarh – Celebrations in honour of Swami Dharmashakti were held in the morning and included Rudrabhisheka, chanting and arati. Twenty-five people attended.





Chennai – Swami Atmabhishek and Sannyasi Tulsi led a pooja ceremony for a group of eight devotees. Prayers, chanting and flowers were offered before a photo of Swami Dharmashakti.

The Mambalam Satyananda Yoga Centre gathered in the morning to offer prayers and respects to Swami Dharmashakti. Fifty-two devotees shared their memories and stories.





Sannyasi Krishnayogam offered an overview of the life of Swami Dharmashakti and her contributions to her guru's yoga mission. Sannyasi Dharmachaitanya and Jignasu Yogaratna presented poems they wrote in her honour.

Jignasu Dasharath and twenty-three students and teachers gathered at the 136.1 Yoga Studio in Alwarpet to pay their respect to Swami Dharmashakti with a candlelight pooja, prayers and chanting.





Jabalpur – In the Satyananda Yoga Kendra, over sixty devotees attended the ceremonies. A bhoj was held for two hundred people on the banks of the Narmada River. In the presence of Swami Girishananda Saraswati, prasad of clothing, utensils and copies of the *Bhagavad Gita* and *Ramayana* were distributed.

Lucknow – Twenty-five aspirants and devotees joined Sannyasi Gurupremananda at the Satyananda Yoga Kendra to share in the pooja and celebration for Swami Dharmashakti's honourable life.





Mumbai – A total of seventy sannyasins, devotees and well-wishers gathered at a private residence to participate in the pooja, chant mantras and offer personal tributes to her life. Shirin Sabavala spoke of Swami Dharmashakti and Swami Satyabrat as the pillars of Sri Swamiji's work, without whom his mission could not have been accomplished.



Raipur – Forty devotees of the Satyadarshan Yogashram community remembered Swami Dharmashakti with kirtan, dance and personal stories that reflected her inspiring life. In reference to her sharp memory and loving heart, Sannyasi Nirvaanan said that over the many years of meeting with Swami Dharmashakti, she never failed to enquire about every member of her family by name and offer them each a blessing. Swami Yogashikshananda said that Swami Dharmashakti never displayed anger, and remembered every association with her as an experience of divine love. Sannyasi Chandramani spoke of Swami Dharmashakti's selflessness and generosity. Once, when she heard that Sannyasi Gurudhyanam had been working the whole day at Ganga Darshan and had missed his meals, she generously gave him all the delicacies she had received.







Rajnandgaon – At the Rajnandgaon ashram, five pandits conducted Rudrabhisheka. The chanting of stotras was followed by a bhoj. The ceremony was attended by 250 devotees.

Ranchi – Forty-three devotees and well-wishers from the Guru Darshan Yoga Kendra joined in prayer and pooja for Swami Dharmashakti, sharing stories and offering respect in her memory.

Sambalpur – Swami Swaroopananda presided over the five-hour pooja, which included havan, satsang, the chanting of Sundarkand, mantras, bhajan and kirtan, and bhoj. Swami Tejomayananda and one hundred people attended the celebrations.



OVERSEAS

Australia – The program at Satyananda Yoga Ashram, Mangrove Mountain was attended by 108 students, sannyasins and ashram guests. Prayers and talks were given in honour and memory of the beloved mother of Swami Niranjan.

Guests and sannyasins joined Swami Atmamuktananda at Rocklyn Ashram to perform the pooja and share their memories of Swami Dharmashakti, who inspired so many on the path of sannyasa with her unshakeable faith and trust in guru. Following the pooja ceremony, flowers and havan ash were sprinkled around Guru Peeth.





Austria – Sannyasi Antarshuddhi and seven devotees conducted the ceremony at the Bhavani Satyananda Yoga Centre in Vienna. The aradhana included personal memories and poems in her honour.

Brazil – Swami Aghorananda and Sannyasi Gangadhara of the Satyananda Yoga Centre Brazil performed an intimate Shodashi pooja and havan. Two days later, thirty devotees of the centre gathered to chant the Shodashi mantras as homage to the inspiring life of Swami Dharmashakti.









Bulgaria – Shodashi pooja programs were held at several centres around Sophia with one hundred devotees participating.

Swami Shruti Gyana conducted the pooja at the Sitaram Center in an atmosphere of bright, peaceful energy full of gratitude and devotion.

Sannyasins, devotees and students of the Aradhana Yoga Centre gathered to share personal stories and memories of Swami Dharmashakti, who touched the soul of everyone who met her. The program was led by Swamis Yoga Gyana and Vivekamurti, who read Swami Dharmashakti's poem *Sumanjali*. Sannyasi Tejomaya performed Guru Paduka Pooja and the evening ended with a moment of silence during which Swami Dharmashakti's warm, calm and motherly love touched all who were present.

Sannyasi Tarpanvidya conducted the ceremony in the gym where she teaches, and took the opportunity to introduce her students to the great contributions Swami Dharmashakti made to her guru and the yoga movement.

Those unable to attend these programs received instructions for the pooja and performed ceremonies for Swami Dharmashakti in their homes that same evening.

Canada – Rishi Arundhati performed a Shodashi pooja for Swami Dharmashakti at the Satyanandashram Canada. She performed the aradhana alone late at night so that it would be timed with the events held in Munger, joining in heart and spirit.

Croatia – Seventeen students of the Guru Kripa Yoga Centre in Pula joined Swamis Gyanratna and Anandaratna for a tribute which they entitled, 'Thank you for all, Swami Dharmashakti, Guruji's mother, we love you!' The pooja began with a narration of Swami Dharmashakti's life, using text and poems from her book, *Mere Aradhya*. Following the havan, guests did parikrama and received prasad.



France – Swami Yogajyoti and six devotees conducted the pooja at the Bija Yoga Centre in Brittany, sharing memories and offering their hearts in prayer for Swami Dharmashakti's soul. Devotees and well-wishers at the Satyanandashram in Paris conducted the pooja in honour of Swami Dharmashakti.

Germany – Swami Prakashananda and twelve devotees at the Satyananda Yoga Zentrum in Cologne performed the Shodashi pooja in honour of Swami Dharmashakti.

Eighteen devotees and two children gathered at the Satyam Sadhana Zentrum in Volklings to participate in the Shodashi pooja.

Sn. Radhashakti of Hanau conducted the pooja in her home. Though she never met Swami Dharmashakti personally, she has a clear and fond memory of her presence during the Sat Chandi Mahayajnas in Rikhia, seated behind Sri Swamiji in Tapowan.





Greece – Shodashi poojas were held in eleven Satyananda ashrams, centres and yoga studios throughout the country, attended by over 130 sannyasins, devotees and students. They offered mantras and prayers, read poems and passages from *Mere Aradhya*, and shared personal experiences with Swami Dharmashakti. Swami Dayananda and Sannyasi Ratnapriya spoke of Swami Dharmashakti's role in the Satyananda tradition. The Darshan Yoga Centre in Athens, which provides weekly meals to the homeless, gave the day's offerings as prasad in honour of Swami Dharmashakti.





Hungary – Eight people attended the ceremony at the Satyananda Yoga Centre in Budapest. Swami Bhaktananda led the program, which included kirtan.

Ireland – Twenty people from the Galway Yoga Centre joined in the Shodashi pooja for Swami Dharmashakti, led by Swamis Shraddamurti and Chetanmurti.

Italy – Swami Anandananda and ten devotees joined in the ceremonies at the Satyananda Ashram in Montescudo, and offered a personal tribute to the memory of Swami Dharmashakti.







At the conclusion of the program, all gathered for the chanting of Guru Stotram and Satyananda Gayatri at the Sri Swamiji Memorial in the ashram's vedi.

The Netherlands – Due to illness, Swami Mitrananda was unable to organize or attend a Shodashi pooja, nevertheless she sent emails to Dutch devotees sharing in celebration of the great life of Swami Dharmashakti. She has also made an altar in her home to worship Swami Dharmashakti.

Serbia – Swamis Om Gyanam and Mudraroopa and eight devotees of the Bihar Yoga Club in Belgrade held the pooja ceremony. In a satsang, Swami Mudraroopa highlighted moments of her incredible life of devotion and shared some of the precious and meaningful moments he had spent with her. There was an air of peace and joy at the end of the pooja, as if everyone had received the blessing of upliftment.

Slovenia – At Tara Yoga Center, Ljubljana, the ceremony was attended by twenty-nine devotees. Swami Dharmashakti's poem *My Precious Lamp* had been translated and was read. Swami Vishwashakti shared her memories of Swami Dharmashakti.

Switzerland – Sannyasi Anandaratna and five devotees conducted the Shodashi pooja. They spoke of Swami Dharmashakti as an ideal disciple and sannyasin, her tireless efforts in serving BSY and her unique relationship with her guru.



UK – Swami Satvikananda of the Satvika Yoga Centre in Kent was unable to arrange a Shodashi pooja. She informed students and devotees of Swami Dharmashakti's mahasamadhi and offered instructions as to how they could perform tributes in their own homes. During the week of her passing, all classes at the centre were dedicated in Swami Dharmashakti's honour.

Swami Satyaprakash and devotees at the Satyananda Yoga Centre Birmingham performed the Shodashi pooja in the centre.

Uruguay – Sannyasi Janardana presided over the Shodashi pooja in Niranjan Kutir of the Satyananda Darshan Yoga Centre in Montevideo. Jignasu Shraddha recalled a memorable personal exchange with Swami Dharmashakti in 1993, in which they discussed the joys of crochet and knitting.

USA – At the Satyananda Yoga Centre in Austin, Texas, Sannyasi Navaratri and eight devotees conducted the Shodashi pooja and read passages from *Mere Aradhya*.

In Cleveland, Ohio, eight students of the Atma Center joined Swami Atmarupa to pay their respects to Swami Dharmashakti. The pooja began with a reading of her poem *My Precious Lamp*.

हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 13 फरवरी, 2013, भागलपुर, माघ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, विक्रम सम्वत, 2069

स्वामी धर्मशक्ति ने ली महासमाधि

मुंगेर | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि



शहरवासियों की आंखें नम

- आज दोपहर बारह बजे आश्रम में ही दी जाएगी भू-समाधी
- उन्होंने पुस्तक 'मेरे आराध्य' की रचना भी की थी

बिहार योग विद्यालय के प्रधान संरक्षक स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की मां स्वामी धर्म शक्ति सरस्वती (89) ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे गंगा दर्शन आश्रम में महासमाधि ले ली। उन्हें बुधवार को दोपहर 12 बजे आश्रम में ही भू-समाधि दी जाएगी। विद्यालय द्वारा जारी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है।

स्वामी धर्म शक्ति सरस्वती ने ऐसे समय में अपना देह त्याग दिया, जब बिहार योग विद्यालय का स्वर्ण जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। सुबह के पहले सत्र में आश्रम के संन्यासियों में जो उत्साह था वह दूसरे सत्र में नहीं दिखा। मगर कार्यक्रम में कोई फेरबदल नहीं किया गया है। स्वामी धर्म शक्ति सरस्वती के महासमाधि लेने की जब सूचना दी गई तो आश्रम के संन्यासियों के साथ ही सत्संग में भाग लेने आए नगरवासियों की आंखें नम हो गईं।

साकेतधाम जबलपुर के स्वामी गिरीशानंद ने उन्हें श्रद्धा निवेदित करते हुए कहा कि स्वामी सत्यानंद सरस्वती ने 1963 में बिहार योग विद्यालय की स्थापना के समय जो आश्रम में अखंड ज्योति प्रज्वलित की थी, उसी ज्योति में मां धर्मशक्ति अब समा गई हैं। वह ज्योति सदैव हम सबों का मार्गदर्शन करती रहेगी। मां स्वामी धर्म शक्ति राजनंद गांव (छत्तीसगढ़) की रहनेवाली थीं और परमहंस सत्यानंद सरस्वती की शिष्या थीं। योग विद्यालय के स्थापना के समय से ही वह आश्रम में रह रही थीं। उन्होंने एक पुस्तक 'मेरे आराध्य' की रचना भी की। स्वामी धर्म शक्ति को आश्रम में सभी अम्माजी कहते थे।

देखें पेज-04 भी

प्रभात खबर

बिहार जागे ... देश आगे

बुधवार, भागलपुर, 13 फरवरी, 2013

अम्मा जी चिर समाधि में लीन

मुंगेर ■ बिहार योग विद्यालय के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की मां धर्म शांति मंगलवार को चिर समाधि में लीन हो गयीं. मुंगेर योगाश्रम गंगा दर्शन में वे अम्मा जी के नाम से प्रसिद्ध थीं. मध्यप्रदेश के राजनाथ गांव से सन् 1960 में मुंगेर आयी अम्मा जी यहीं की होकर रह गयी. उन्होंने अपने एक मात्र पुत्र स्वामी निरंजनानंद को बाल्य-काल में ही संन्यास संस्कार दिला दिया. धर्म शांति ने गुरुदेव परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती से यह शपथ ली थी कि पुत्र प्राप्ति के बाद वह उसे संन्यास संस्कार दिलायेगी. यही कारण था कि अम्मा जी ने स्वामी निरंजन के जन्म के चार साल बाद ही संन्यास संस्कार देकर स्वामी शेष पेज 15 पर



सूर्य 5:30 (अस्त) 6:25 (उदय-कल)
तापमान 28.0 (अधि.) 12.0 (न्यून.)
आर्द्रता 78.0 (अधि.) 23.0 (न्यून.)

मुंगेर जागरण

भागलपुर, 13 फरवरी 2013 दैनिक जागरण 3

'बुद्धि और विवेक के सहारे मन पर प्राप्त करें विजय'





प्रवचन करते स्वामी निरंजनानंद व उपस्थित श्रोता। जागरण

मुंगेर, निज संवाददाता : जीवन में सफल होने के लिए मन पर नियंत्रण आवश्यक है। विपरीत परिस्थिति में भी मन को विचलित नहीं होने दें। उक्त बातें परम पूज्य स्वामी निरंजनानंद ने मंगलवार को बिहार योग विद्यालय में आयोजित सत्संग समारोह में प्रवचन के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। स्वामी जी ने कृष्ण की भक्ति पर चर्चा करते हुए कहा कि कृष्ण ही शक्ति हैं। माया, मोह, लोभ को छोड़कर जो श्री कृष्ण की भक्ति में खुद को लीन कर लेते हैं। वहीं, परम आनंद की प्राप्ति करता है। स्वामी निरंजनानंद ने प्रणाम का मतलब समर्पण बताया। कहा कि अगर, कोई भगवान को प्रणाम करता है, तो वह सबकुछ भगवान की चरणों में समर्पित कर देता है। इसके बाद भगवान अपने भक्तों की सभी पीड़ा हर लेता है। समर्पण भाव से जब तक आप अपने की सच्चिदानंद के चरणों में समर्पित नहीं करते हैं, तभी तक परेशानी हैं। समर्पण के बाद भक्तों की परेशानी दूर करने के लिए स्वयं भगवान प्रयासरत हो जाते हैं। स्वामी निरंजननांद जी ने कहा कि कृष्ण की चरणों में सच्चे भाव से खुद को समर्पित कर देने वालों को कभी कोई कष्ट नहीं घेर सकता है।

प्रणाम का मतलब है समर्पण:स्वामी निरंजनानंद

सुबह में भजन-कीर्तन भी आयोजित किया गया। वहीं, दोपहर में स्वामी गिरीशानंद जी महाराज के नेतृत्व में श्री यंत्र की पूर्ण आहूति व हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश विदेश के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

आनंद की नीर बहाने वाली अम्मां हुई ब्रह्मलीन

मुंगेर, निज संवाददाता : बिहार स्कूल ऑफ योगा में आनंद की अविरल नीर बहाने वाली स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती (अम्मां) मंगलवार को ब्रह्मलीन हो गई। योगा विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वामी सत्यानंद सरस्वती की प्रथम शिष्या और स्वामी निरंजनानंद की मां होने का गौरव हासिल करने वाली अम्मां जी का व्यक्तित्व इतना सरल था कि एक बार भी मिलने पर हर कोई उनका मुरीद हो कर रह जाता था। उनके ब्रह्मलीन होने की खबर सुनने के बाद सन्यास पीठ में एक बारगी अजब किस्म की खामोशी छा गई। देखते ही देखते हर कदम गंगा दर्शन की ओर चल पड़े। धर्मशक्ति सरस्वती का जन्म 1924 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन सहसपुर, लोहाड़ा (मध्यप्रदेश) में हुआ। 3 अप्रैल 1953 में ऋषिकेश में स्वामी सत्यानंद के कार्यक्रम में अम्मां जी को पहली बार स्वामी सत्यानंद जी के दर्शन हुए। उसी समय अम्मा जी ने उन्हें मन से अपना गुरु मान लिया। 1958 में अम्मा जी ने स्वामी सत्यानंद से मंत्र दीक्षा ली और प्रथम शिष्या होने का गौरव हासिल किया। अम्मा जी के समर्पण भाव का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मात्र चार वर्ष की उम्र में अपने पुत्र निरंजनानंद को आश्रम के सेवा में समर्पित कर दिया। 1963 में अम्मा को हिंदी की पत्रिका योग विद्या और अंग्रेजी की पत्रिका योगा के संपादन की जिम्मेवारी मिली।



स्वामी सत्यानंद एवं निरंजना सरस्वती के साथ अम्मा (फाइल फोटो)। जागरण

वहीं, 1972 में राजनंद गांव में योग विद्यालय की संरक्षिका और अंतरराष्ट्रीय योग मित्र मंडल की सचिव मनोनीत किया गया। जबकि, 1990 में पंचदश नाम परमहंस अलखवाड़ा की आचार्य व अध्यक्ष पद पर अम्मा जी का मनोनयन किया गया। बिहार स्कूल ऑफ योगा से जुड़े डॉ. प्राणमोहन केशरी ने कहा कि अम्मा जी 1985 से मुंगेर के गंगा दर्शन में श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनी रही। अम्मा ने हमेशा प्यार की गंगा बहाई। अम्मा की मातृशक्ति का प्रभाव था कि वह बड़े बुजुर्ग से लेकर बच्चों तक से बड़े आत्मीयता से पेश आती थी। शिव कुमार रूंगटा ने कहा कि अम्मा जी सरल व्यक्तित्व की स्वामिनी थी। मात्र चार वर्ष की उम्र में अपने पुत्र को सन्यास पीठ को समर्पित कर अम्मा ने दुनियां को स्वामी निरंजनानंद जैसा अनुपम उपहार दिया। उनके व्यक्तित्व की गुरुता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्वामी निरंजनानंद की मां होने के बाद भी वह एक मामूली साधक की तरह प्रवचन, हवन आदि कार्यक्रम में आम लोगों के बीच बैठती थी।

डॉ. प्राणमोहन ने कहा कि जब अम्मा मुंगेर आई थी। उस समय आश्रम की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। लेकिन, आश्रम को पल्लवित-पुष्पित करने में उन्होंने एक अभिभावक की सशक्त व सार्थक भूमिका का निर्वाह किया। पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अम्मा जी ने मेरे अराध्य नामक पुस्तक भी लिखी है। बुधवार को उन्हें समाधि दी जाएगी।

सूर्य 5:36 (अस्त) 6:18 (उदय-कल)
तापमान 27.0 (अधि.) 13.0 (न्यून.)
आर्द्रता 83.0 (अधि.) 38.0 (न्यून.)

मुंगेर जागरण

भागलपुर, 14 फरवरी 2013 दैनिक जागरण 3

श्रद्धा से झुके सर और सजल नयनों ने दी अम्मा को विदाई







अम्मा की समाधिक स्थल, समाधि स्थल पर मौजूद निरंजनानंद व अन्य, अम्मा को समाधि के लिए ले जाते सन्यासी । जागरण

मुंगेर, जागरण प्रतिनिधि : बिहार स्कूल ऑफ योगा, मुंगेर में बुधवार की सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। हरि ऊं के स्वर कानों में पड़ने के बाद अंदर दाखिल होते ही लोगों की लंबी कतारें दिख गई। श्रद्धा से झुके सर और सजल नयन अम्मा जी के अंतिम दर्शन को व्यग्र हो रही थी। बाल योग मित्र मंडल और योगाश्रम से जुड़े सन्यासी लोगों को धीरे-धीरे पंक्ति में सत्यम उद्यान की ओर ले जा रहे थे। सत्यम उद्यान में गीता मंत्रों के अनवरत उच्चारण के बीच सिंहासन पर बैठी अम्मा के निष्प्राण शरीर को लाया गया। इसके बाद पंचामृत से अम्मा का शाही स्नान कराया गया।

गंगा जल, दूध, दही, चंदन, मधु आदि से स्नान बाद अम्मा जी के नाम से प्रसिद्ध स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती को रखिया आश्रम से आई सन्यासनी बहनों ने नूतन वस्त्र पहनाया। इसके बाद स्वामी निरंजनानंद सहित योगाश्रम से जुड़े कई संतों ने अम्मा जी की आरती उतारी और उनके चरण कमलों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अम्मा को दी गयी भूसमाधि

इसके बाद अम्मा को भू समाधि दी गई। इस दौरान सन्यास पीठ के सन्यासी के अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं की आंखें भी सजल हो गई थी। लेकिन, इन सबके बीच अपने हाथों से अपनी जननी अम्मा स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती को भू समाधि देते हुए भी स्वामी निरंजनानंद सरस्वती का चेहरा दमक रहा था। चेहरा पर पीड़ा हर लेने वाली मुस्कान के साथ स्वामी निरंजनानंद ने अम्मा जी को विदाई दी। मन पर ऐसा नियंत्रण देख हर कोई चकित था। मानो स्वामी निरंजनानंद अम्मा द्वारा रचित पुस्तक 'मेरे आराध्य' में कविता 'मेरा दीपक' की पंक्ति 'तुम बनोगे धरा के गुरु महान, शांति दूत असहायों के सहारे। देते रहना प्रेरणा दीन-दुखी को, चुपचाप सहकर अंधकार के वार' को चरितार्थ कर रहे थे। बाद में स्वामी जी ने कहा कि यह आनंद और उल्लास का अवसर है। शोक या अवसाद का नहीं। जब आत्मा शरीर के बंधन से मुक्त होती है, तब उसकी उर्जा और आभा सर्वव्यापी हो जाती है। स्वामी धर्मशक्ति ने अपना पूरा जीवन अपने गुरु के चरणों में समर्पित कर दिया।

परिस्थितियां कितनी भी कठिन और प्रतिकूल क्यों नहीं रही हो, उनका विश्वास कभी नहीं डगमगाया। वे सदा लोगों के जीवन में आशा, उत्साह और प्रेरणा संचारित करती रही। मुझे गर्व है कि मैंने ऐसी मां के कोख से जन्म लिया। वह मेरे गुरु की प्रथम शिष्या रही हैं। धर्म और शक्ति के बिना कोई उन्नति नहीं कर सकता है। अम्मा धर्म परायण और शक्ति की प्रतीक थी। खैर, अम्मा ब्रह्मलीन हो गई। लेकिन, अपने द्वारा लिखी पुस्तक मेरे आराध्य की पंक्तियों को चरितर्थ कर गई। जिसमें उन्होंने लिखा था- मैं, मेरे पति व पुत्र स्वामी जी के पुनीत लोक-कार्य के प्रति समर्पित हो चुके हैं। जिस धर्म को स्वामी जी जीवन में उतारने को कहते हैं, उसी पवित्र धर्म के प्रचार हेतु मेरा जीवन समर्पित है, न्योछावर है। सचमुच में जीवन की अंतिम सांस तक अम्मा गंगा दर्शन में गुरु के संदेशों व विचारों के प्रचार-प्रसार की मुहिम में जुटी रही। इस अवसर पर स्वामी गोरखनाथ, स्वामी शंकरानंद जी, स्वामी सूर्यप्रकाश जी, स्वामी गिरीशानंद जी, स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती जी, केवल्यानंद जी, चंद्रमौर्ली, पूर्व सांसद डीपी यादव, मुंबई के आइजी एसएन पांडेय, मुंगेर के आयुक्त एसएम राजू, हरिप्रेम, धर्मरक्षी जी, डॉ. प्राणमोहन, अरुण गोयनका, शिव कुमार रूंगटा सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

अम्मा जी का एक परिचय

- स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती का जन्म 1924 को बुद्ध पूर्णिमा के दिन सहसपुर लोहरा (मध्य प्रदेश) में हुआ।
- 1953 में गुरु स्वामी सत्यानंद सरस्वती का प्रथम दर्शन हुआ और मन ही मन उन्हें अपना इष्ट गुरु मान लिया।
- 1958 में मंत्र दीक्षा ग्रहण की और स्वामी सत्यानंद जी की प्रथम शिष्या होने का गौरव प्राप्त किया।
- 1963 में योग और योग विद्या पत्रिकाओं का संपादन आरंभ किया।
- 1967 में सन्यास दीक्षा ग्रहण की।
- 1972 में राजनंदन गांव योग विद्यालय की संरक्षिका तथा अंतरराष्ट्रीय योग मित्र मंडल की मनोनीत सचिव नियुक्त हुई।
- 1990 में श्री पंचदशनाम परमहंस अलखबाड़ा की आचार्या एवं अध्यक्ष पद पर स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती का मनोनयन हुआ।
- 1985 से गंगा दर्शन मुंगेर में प्रवास आरंभ किया।
- 2010 में स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती की पुस्तक मेरे आराध्य का प्रकाशन
- 12 फरवरी 2013 को स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती ने अंतिम सांसे ली
- 13 फरवरी 2013 को अम्मा जी के नाम से चर्चित स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती को भू समाधि दी गई।

हिन्दुस्तान भागलपुर • गुरुवार • 14 फरवरी 2013 04

भू-समाधि के वक्त हर किसी की आंखें हो गईं नम


अम्मा जी के अंतिम दर्शन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालु। • फोटो : हिन्दुस्तान


मां की आरती करते स्वामी निरंजनानंद सरस्वती। • फोटो : हिन्दुस्तान

मुंगेर | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

बिहार योग विद्यालय के प्रधान संरक्षक स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की मां स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती को बुधवार को गंगा दर्शन आश्रम में मंत्रोच्चारण के बीच भू-समाधि दी गई। स्वामी धर्मशक्ति ने मंगलवार को महा समाधि ले ली थी।बुधवार की सुबह नौ बजे से ही नगरवासी आश्रम पहुंचने लगे थे। आश्रम के पूर्वी भाग में स्थित अलखबाड़ा में स्वामी धर्मशक्ति को भू-समाधि देने के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान किए गये थे।

सन्यासियों के मंत्रोच्चारों के बीच स्वामी धर्मशक्ति के पार्थिव शरीर को दूध, दही, चंदन, घी व गंगाजल से स्नान कराने के साथ ही नये वस्त्र पहनाए गए। स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के साथ ही अन्य सन्यासियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिव्य आत्मा के प्रति श्रद्धा निवेदित किया। भू-समाधि देने का जब वक्त आया तो

श्रद्धांजलि

- स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती को बुधवार को गंगा दर्शन आश्रम में मंत्रोच्चारण के बीच भू-समाधि दी गई
- आश्रम के पूर्वी भाग में स्थित अलखबाड़ा में स्वामी धर्मशक्ति को भू-समाधि देने के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुष्ठान किए गये थे

सबों की आंखें नम हो गयीं। मां को भू-समाधि देने के बाद स्वामी निरंजनानंद सरस्वती ने कहा कि आज का दिन गम का नहीं है।

शरीर का अस्तित्व एक दिन खत्म होना निश्चित है। उन्होंने कहा कि मां धर्मशक्ति मेरे लिए देवी की तरह थी। ऐसी पुण्यात्मा बहुत कम होते हैं। मुझे गर्व है कि मैं इनके गर्भ से जन्म लिया। वे पूरी उम्र एक साधक के रूप में अपना जीवन व्यतीत कीं। स्वामी धर्मशक्ति स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की मां व महायोगी सत्यानंद सरस्वती की परम शिष्या थी। 1964 से ही वे गंगा दर्शन आश्रम में रह रही थीं।

अम्मा के नाम से आश्रम में सभी उन्हें संबोधित करते थे। उनके सम्पर्क में जो भी आया उन्होंने सबको स्नेह व आशीर्वाद दिया। स्वामी धर्मशक्ति को योग विद्यालय में स्वर्ण जयंती वर्ष का इंतजार था। संयोग ऐसा था कि स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के पहले सत्र के कार्यक्रम के बाद ही उन्होंने शरीर त्याग दिया।


अम्माजी को भूसमाधि देने ले जाते सन्यासी। • फोटो : हिन्दुस्तान

मुंगेर आसपास

भागलपुर, गुरुवार, 14 फरवरी, 2013 | 05

यह आनंद व उल्लास का अवसर है, शोक या अवसाद का नहीं : निरंजनानंद

महासमाधि में लीन हुईं मां धर्मशक्ति अम्माजी





मुंगेर में विधि विधान के साथ बुधवार को गंगा दर्शन प्रांगण स्थित सत्यम उद्यान में विधिवत समाधि दी गयी.

फोटो । प्रभात खबर

प्रतिनिधि ■ मुंगेर

बिहार योग विद्यालय के परमाचार्य स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की मां धर्म शक्ति (अम्मा जी) को बुधवार को गंगा दर्शन प्रांगण स्थित सत्यम उद्यान में विधिवत समाधि दी गयी. इस मौके पर स्वामी निरंजनानंद , संन्यासी, योग मित्र मंडल के बच्चे व शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे.

अम्मा जी के दर्शन के लिए काफी संख्या में बाल योग मित्र मंडल के बच्चे व शहर के गणमान्य लोग सहित उनके अनुयायी मुंगेर योगाश्रम गंगा दर्शन सुबह से पहुंचने लगे. उनके दर्शन के लिए काफी संख्या में महिला अनुयायी भी गंगा दर्शन पहुंचे. सर्वप्रथम अम्मा जी को पंचामृत से स्नान कराया गया. स्वामी निरंजनानंद सरस्वती, स्वामी सूर्य प्रकाश व कई संन्यासियों ने फूल-माला चढ़ाये. लगभग दो घंटे तक गीता पाठ व सहस्त्र नामावली का पाठ किया गया.

स्वामी निरंजनानंद सरस्वती समाधि के लिए बनायी गयी जगह पर गये और अम्मा जी समाधिस्थ हुईं. अनुष्ठान की समाप्ति पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वामी निरंजनानंद ने कहा कि '' यह आनंद और उल्लास का अवसर है, शोक या अवसाद का नहीं. जब आत्मा शरीर के बंधन से मुक्त होती है, तब उसकी ऊर्जा और आभा सर्वव्यापी हो जाती है. अब आत्मा स्वामी धर्म शक्ति अपने अगले मिशन की तैयारी के लिए स्वतंत्र हैं, जिसकी जिम्मेवारी उनके गुरु अवश्य उन्हें सौंपेंगे. गुरु और शिष्य का संबंध एक जन्म का नहीं जन्म-जन्मांतर का होता है.


गुरु हमेशा योग्य शिष्यों की ताक में रहते हैं जो उनके मिशन के कार्यों को आगे बढ़ा सके. स्वामी धर्मशक्ति ने अपना पूरा जीवन अपने गुरु के श्री चरणों में अर्पित कर दिया. परिस्थितियां कितनी भी कठिन और प्रतिकूल क्यों न रही हों, उनका विश्वास कभी नहीं डगमगाया. वे सदा लोगों के जीवन में आशा, उत्साह और प्रेरणा संचारित करती रही. बिना किसी आडंबर या दिखावे के, वे अपने सहज व सरल ढंग से जनसाधारण का उत्थान और कल्याण करती रही. मुझे गर्व है कि मैंने ऐसी मां की कोख से जन्म लिया है ''. इस मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त एसएम राजू, पूर्व केंद्रीय मंत्री डीपी यादव, शिव कुमार रुंगठा सहित काफी संख्या में संन्यासी, प्रशासनिक अधिकारी, बाल योग मित्र मंडल के बच्चे, शहर के गणमान्य लोग और उनके अनुयायी मौजूद थे.

खबर सुनते ही छा गयी शोक की लहर





सहरसा ■ मंगलवार को परमाचार्य परमहंस स्वामी निरजानंद सरस्वती की माता व स्वामी सत्यानंद सरस्वती की परमशिष्या स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती जी ने 89 वर्ष की आयु में महासमाधि ली है. उनके निधन की खबर फैलते ही देश भर में उनके अनुयायियों के बीच शोक की लहर छा गयी है.



(आखिरी पेज से आगे)

राजनांदगांव में जन्मे परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की माता और मुंगेर योग आश्रम स्थापना करने वाले स्वामी सत्यानंद सरस्वती की प्रथम महिला शिष्य, धर्मशक्ति सरस्वती ने 12 फरवरी को मुंगेर (बिहार) में समाधि ली। 'अम्मा जी' और 'प्रेस वाली दीदी' के नाम से लोकप्रिय धर्मशक्ति सरस्वती ने लगभग आधी शताब्दी पहले 'योग विद्या' पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया था, जो आज पूरी दुनिया में प्रसारित है। उनकी एक पुरानी तस्वीर

छत्तीसगढ़



स्वामी सत्यानंद की प्रथम शिष्या धर्मशक्ति ने ली मुंगेर में समाधि

छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायपुर, 14 फरवरी। राजनांदगांव में जन्मे परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की माता और मुंगेर योग आश्रम स्थापना करने वाले स्वामी सत्यानंद सरस्वती की प्रथम महिला शिष्य, धर्मशक्ति सरस्वती ने 12 फरवरी को मुंगेर (बिहार) में समाधि ली।'अम्मा जी' और 'प्रेस वाली दीदी' के नाम से लोकप्रिय धर्मशक्ति सरस्वती ने लगभग आधी शताब्दी पहले 'योग विद्या' पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया था, जो आज पूरी दुनिया में प्रसारित है।

निरंजनानंद सरस्वती की मां

वर्ष 1953 में वे अपने पति के साथ ऋषिकेश में आयोजित योग विश्व सम्मेलन में भाग लेने पहुंची थी। बताया जाता है कि वहां उन्हें अपने गुरू परमहंस स्वामी सत्यानंद के दर्शन हुए। बाद में राजनांदगांव में सत्यानंद सरस्वती से धर्मशक्ति सरस्वती ने दीक्षा ली, तथा अपने पति सत्यव्रत के साथ अपना संपूर्ण जीवन योग विद्या के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपने पुत्र परमहंस निरंजनानंद सरस्वती को भी अपने गुरू सत्यानंद सरस्वती द्वारा चलाए गए योग अभियान के लिए समर्पित कर दिया था। उल्लेखनीय है कि परमहंस निरंजनानंद सरस्वती वर्तमान में मुंगेर आश्रम में अपने गुरू की संन्यास परंपरा के उत्तराधिकारी हैं।

बुधवार को सुबह 10 बजे मुंगेर आश्रम परिसर में स्वामी धर्मशक्ति का भूसमाधि कार्यक्रम संपन्न हुआ।

(बाकी पेज 5 पर)

योग मित्र मंडल ने किया श्रध्दांजलि सभा का आयोजन

खरसिया. स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती योग माता के निधन पर खरसिया में योग मित्र मंडल द्वारा श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें योग माता को अश्रुपूरित श्रध्दांजलि दी गई।

27 फरवरी को योग मित्र मण्डल की अध्यक्ष डा. प्रेमा षडंगी के निवास स्थान पर स्व. स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती योग माता को श्रध्दा-सुमन अर्पित किये गये। योग माता का निधन 13 फरवरी को हो गया था। वे स्वामी निरजानानंद परम हंस की माता श्री थी। माता को श्रध्दासुमन अर्पित कर योग मित्र मण्डल के कार्यकर्ताओं ने माता जी के जीवन पर प्रकाश भी डाला। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती का जन्म सन् 1924 में बुध्द पूर्णिमा के दिन हुआ था। स्वामी सत्यानंद सरस्वती उनके ईष्ट गुरू थे। सन् 1963 में माता ने योग और योग विद्या



योग माता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा.

पत्रिकाओं का सम्पादन प्रारम्भ किया। वे अध्यात्म मार्ग के साधकों को निरंतर प्रेरणा उत्साह प्रदान करते १३ फरवरी 2013 को महाप्रयाण को प्राप्त हुई। माता के जीवन को याद करते योग मित्र मण्डल की प्रेमा षडंगी, नीरज पटेल, महेश्वर राठौर आदि ने अपनी श्रध्दांजलि अर्पित की।

4 बुधवार, 20 फरवरी 2013
www.navabharat.org

पहला कॉलम



स्वामी मां धर्मशक्ति को दी गई श्रद्धांजलि

रायगढ़. योग मित्र मंडल रायगढ़ एवं दिव्य जीवन संघ द्वारा परमहंस निरंजनानंद सरस्वती की माता श्री स्वामी मां धर्मशक्ति के महाप्रयाण पर जगदीश मेहर के निवास स्थित सतसंग कक्ष में दिनांक 18 को सायं 8 बजे श्रद्धांजली अर्पित की गयी इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ रायगढ़ के संयोजक जगदीश मेहर ने कहा कि वे एक ऐसी मां भी जिसने अपने पुत्र को संपूर्ण विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिये परमहंस सत्यानंद जी को सौप दिया. योग मित्र मंडल रायगढ़ के सचिव चंडी प्रसाद गुप्ता ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बौद्ध पूर्णिमा को सहसपुर लोहारा छत्तीसगढ़ में जन्मी मां धर्मशक्ति बिहार योग विद्यालय मुंगेर के संस्थापक परमहंस सत्यानंद जी की प्रथम शिष्या थी. जिनहोंने न केवल योग विद्या तथा योगा पत्रिका का संपादन किया.

स्वामी धर्मशक्ति जी सरस्वती की महासमाधि पर सोड्षी पूजा एवं विशाल भण्डारे का आयोजन आज

जबलपुर, देशबन्धु। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती जिन्हें हम प्यार से अम्माजी कहकर संबोधित करते हैं, का जन्म सनु 1924 में बुद्ध पूर्णिमा के दिन सहसपुर लोहारा मप्र में हुआ। उन्होंने सन् 1953 में अपने गुरू स्वामी सत्यानंद सरस्वती के प्रथम दर्शन किये और मन उन्हें अपना गुरू मान लिया। सन् 1958 में आग्रहपूर्ण मंत्र दीक्षा ग्रहण की ओर श्री स्वामी के निकट सानिध्य में रहने का सौभाग्य भी मिला। सन् 1963 में योग और योगविद्या पत्रिकाओं का सम्पादन आरंभ मिला। सन् 1967 में सन्यास दीक्षा ग्रहण की ओर 1972 में उन्हें राजनंदगांव योग विद्यालय की संरक्षिका तथा अंतर्राष्ट्रीय योग मित्र मंडल की मनोनीत सचिव नियुक्त किया गया। 1990 में श्री पंचदशनाम परमहंस अलखबाड़ा की आचार्या एवं अध्यक्ष पद पर उनका मनोनयन हुआ। 1985 से गंगादर्शन, मुंगेर में प्रवास करते हुए वे अध्यात्म मार्ग के साधकों को निरंतर प्रेरणा और उत्साह प्रदान



करती आ रही थी। अतः उन्होंने 12 फरवरी 2013 को 88 वर्ष की आयु में महासमाधि ले ली। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती अम्माजी स्वामी सत्यव्रतानंद सरस्वती की धर्मपत्नि व परमहंस स्वामी निरंजनानन्द सरस्वती की मां थी इन्होंने अपने गुरू स्वामी सत्यानंद सरस्वती जी को समर्पित उनकी जीवनी पर मेरे आराध्य नामक पुस्तक की रचना की। इसा पुस्तक में उन्होंने अपने गुरू की गूढ़ बातों का जिनके बारे में शायद ही बहुत कम व्यक्ति जानते हो, उल्लेख किया है तथा उनके द्वारा विश्व में किस तरह से योग का प्रचार-प्रसार किया गया वे सारी बातें इस पुस्तक में उनके द्वारा लिखी गई। कल गुरूवार दिनांक 28 फरवरी 2013 को प्रातः 11 बजे से उनकी सोड्षी पूजा के उपलक्ष्य में एक विशाल भण्डारे का आयोजन श्रीपाद आश्रम ग्वारीघाट में किया जा रहा है।

सोड्षी पूजा एवं भंडारा आज



जबलपुर। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती जिन्हें हम अम्माजी कहकर संबोधित करते थे का जन्म 1924 में बुद्ध पूर्णिमा के दिन सहसपुर लोहारा मप्र में हुआ था। उन्होंने स्वामी सत्यानन्द सरस्वती से सन् 1958 में आग्रहपूर्वक मंत्र दीक्षा ग्रहण की। अंततः उन्होंने 12 फरवरी 2013 को 88 वर्ष की आयु में महासमाधि ले ली। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती अम्माजी स्वामी सत्यव्रतानंद सरस्वती की धर्मपत्नी एवं परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती की मां थीं। गुरुवार 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे से उनकी सोड्षी पूजा के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन श्रीपाद आश्रम ग्वारीघाट में किया जाएगा। सोड्षी पूजा गुरुवार को शाम 5.15 बजे सत्यानंद योग केन्द्र, 965 गोलबाजार में आयोजित है।

आधी सदी पहले नांदगां

पेज 13 से आगे

पत्रिका का प्रकाशन शुरू करने के साथ ही उन्होंने स्वामीजी के साथ अपने अनुभवों पर आधारित छोटे लेख लिखने शुरु किए।

प्रेस काम की शुरुआत के समय हम शहर में एक किराए के घर में रहते थे। उस समय तक सत्यव्रतजी ने मिल में अपनी सेवा नहीं छोड़ी थी। वे सुबह और शाम तथा रविवार को पूरा दिन प्रेस में काम देखते थे। मैं सिर्फ दिन में ही योगविद्या का काम देखती थी।

मेरी प्रारंभिक शिक्षा

मैं कभी स्कूल नहीं गई, लेकिन पढ़ाई-लिखाई घर में ही की। पढ़ाने के लिए शिक्षक घर में आते थे। मैं हिन्दी की विशेषज्ञ हो गई और थोड़ा बहुत संस्कृत भी पढ़ने लगी। मेरे पिता एक वकील थे और व्याख्यान किया करते थे। बाद में वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए और उन्हें जेल भी हुई। वे अक्सर अखबारों में लिखते थे। ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीयों बंदियों के साथ खराब व्यवहार से संबंधित एक किताब भी उन्होंने लिखी। यह किताब कभी प्रकाशित नहीं हो पाई, क्योंकि उसे प्रेस में ही जब्त कर लिया गया।

मेरी मां अपने घर गृहिणी और गृहलक्ष्मी दो पत्रिकाएं मंगाती थी। जब मैं दस या ग्यारह साल की थी, मेरे पिता ने मुझसे इन पत्रिकाओं में लेख लिखने के लिए कहा। सामान्यतः ये व्यंजन बनाने से संबंधित लेख हुआ करते थे, या सिलाई -कढ़ाई के बारे में, जो मेरे पिता छापने के लिए भेज दिया करते थे। इनके प्रकाशन से मुझे प्रोत्साहन मिलता था।

प्रेस में मैंने योगविद्या की प्रूफरीडिंग सीखी और कर्मचारियों को सब कुछ सिखाती थी। शब्दों को सीधा करना, लाइनों को छोटा-बड़ा करना, आदि उन्हें बताती थी। बचे हुए लेखों को मैं स्वामीजी के बाहर से लौटने पर दिखाती थी। उनके निर्देशों के अनुसार वे छपते थे। कई कारणों से कभी-कभी पत्रिका की छपाई में विलंब हो जाता था।

शुरुआती दिन

शुरुआत में स्वामीजी ने काफी सहयोग किया। आरंभ में पत्रिका के कवर सहित बीस से छब्बीस पृष्ठ हुआ करते थे। 14 फरवरी और 26 जुलाई को विशेष अंक निकलते थे। नवंबर-दिसंबर का एक ही अंक निकलता था, क्योंकि उस अवधि में हम मुंगेर की यात्रा करते थे। धीरे-धीरे पत्रिका में पृष्ठों की संख्या बढ़ने लगी। शुरुआत में स्वामी जी के सत्संग, उनके अनुभव और स्वामी शिवानंदजी के साथ उनका अनुग्रह और योग के जरिए लोगों के अनुभवों को

प्रकाशित

मुद्रण

जाती थीं,

को वह

राजनांदग

की। बल

थी। उनके

उन्होंने भ

1963

पत्रिकाएं

मैंने योग

व से योग की पत्रिका शुरू होने की कहानी



किया जाता था।
के बाद पत्रिकाएं राजनांदगांव लाई
वहां से उनका वितरण होता था। लोगों
अच्छा लगता था। प्रोफेसरों और
ांव के शिक्षकों ने भी हमारी काफी मदद
देव प्रसाद मिश्र एक अच्छे साहित्यिकार
भाई एक प्रिंटिंग प्रेस के मालिक थे,
ी हमारी बहुत मदद की।
3 तक 1976 से योगविद्या और योग
राजनांदगांव से प्रकाशित होती रहीं।
विद्या पर काम करने का खूब आनंद

लिया। पूरे दिन मैं पढ़ती-लिखती थी। मैं स्वामीजी के प्रवचन रिकॉर्ड करती थी, फिर उन्हें लिखती थी। वे जहां भी जाते थे, मैं टेपरिकॉर्डर लेकर पहुंचती थी।

हमें प्रेस चलाने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, कुछ से झगड़े भी मोल लेने पड़े। शिकायतों के साथ कई पत्र भी आते थे, लेकिन हम अडिग और मजबूत रहे। पहले सत्यव्रतजी अंग्रेजी पत्रिका का ही काम देखते थे। 31 दिसंबर, 1971 को सत्यव्रतजी की एक दुर्घटना में मृत्यु के बाद स्वामीजी ने एक प्रबंधक लाया था प्रेस के काम को देखने के लिए। 1971 से 1983 तक बारह साल मैं किसी तरह प्रेस चलाने में कामयाब रही। स्वामीजी पूछा करते थे- क्या काम अच्छी तरह से चल रहा है?

1977 के बाद योग विद्या और योग मुंगेर में छपने लगे, लेकिन स्वामीजी की किताबें योगविद्या प्रेस में ही छपती रहीं। कुछ कारणों से दिसंबर 1983 से जनवरी 1990 तक पत्रिकाएं बंद करनी पड़ीं। मैं अभी भी योगविद्या को अपने बहुत करीब मानती हूं। जब कोई इसे पढ़ता है, तो मुझे अच्छा लगता है। बदलती दुनिया के साथ एक पत्रिका के लेखों में भी परिवर्तन आ गया है।

साठ के दशक में प्रकाशित लेख योग का प्रारंभिक ज्ञान देने के लिए छापे जाते थे, क्योंकि उस वक्त लोगों को लगता था कि यह साधु-संन्यासियों के लिए ही बना है।

सत्तर के दशक में लोगों को योग के चिकित्सीय पक्ष आकर्षित कर रहे थे और हम स्वास्थ्य और रोगों के योग प्रबंधन से संबंधित लेख प्रकाशित करने लगे। अस्सी के दशक में मुख्य विषय योग अनुसंधान और आध्यात्मिक खोज के थे। इसी दशक में सभी देशों के लोगों को योग न केवल स्वास्थ्य और शारीरिक लाभ पाने के लिए, वरन सौंदर्य और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए मददगार भी बनने लगा। वे अपनी दैनिक जीवन शैली में योग को शामिल करने लगे थे। नब्बे के दशक में योग और योग विद्या संबंधी जागरूकता व्यक्तित्व में निखार, तनाव प्रबंधन और शिक्षा के क्षेत्र में उसकी उपयोगिता के कारण होने लगी। 21वीं सदी की शुरुआत के साथ योग और योग विद्या में एक महान परिवर्तन होने लगा।

आवरण पृष्ठ पर और पत्रिका के बीच में स्वामीजी की रंगीन तस्वीरों के साथ सुंदर लेखों को देखकर भक्त बहुत खुश होते थे। वे बेसब्री से प्रत्येक अंक का इंतजार करते और उनके प्रिय स्वामीजी के दुर्लभ तस्वीरों को एकत्र करते थे। इस दशक की पहली छमाही के अंक योग और योगविद्या से संबंधित स्वामी शिवानंदजी और स्वामीजी की शिक्षाओं पर समर्पित रहे।

2012 में योग और योगविद्या ने अपने 50 वें वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर योग के महत्व के बारे में कुछ कहने के बजाय हम प्रार्थना करते हैं कि आप सब योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। यही श्री स्वामीजी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

बिहार योग विद्यालय मुंगेर के स्वामी मां धर्मशक्ति को श्रद्धांजलि



रायगढ़ (19 फरवरी)। योग मित्र मंडल रायगढ़ एवं दिव्य जीवन संघ द्वारा परमहंस निरंजनानंद सरस्वती की माता श्री स्वामी मां धर्मशक्ति के महाप्रयाण (12 फरवरी) पर जगदीश मेहर के निवास स्थित सतसंग कक्ष में 18 को सायं 8 बजे श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ रायगढ़ के संयोजक जगदीश मेहर ने कहा कि वे एक ऐसी माँ थी जिसने पुत्र को सम्पूर्ण विश्व में योग के प्रचार-प्रसार के लिये परहंस सत्यानंद जी को सौंप दिया। योग मित्र मंडल रायगढ़ के सचिव चण्डी प्रसाद सत्यानंद जी की प्रथम शिष्या थी जिन्होंने न केवल योग विद्या (हिन्दी) तथा योगा (अंग्रेजी) पत्रिका का संपादन किया बल्कि वह राजनांदगांव योग विद्यालय की संरक्षिका अंतराष्ट्रीय योग मित्र मंडल की सचिव, पंचदशनाम अलखवाड़ा रिख्यिा की आचार्य एवं अध्यक्ष भी थी। वर्ष 1985 में वे बिहार योग विद्यालय मुंगेर में अंतिम श्वास तक योग प्रेतियों साधकों की प्रेरणा श्रोत रही इस अपूरणीय क्षति को भरा नहीं जा सकता। योग मित्र मंडल के उपाध्यक्ष नंदकिशोर रतेरिया ने बताया कि एक संयोग था। कि रायगढ़ के हम चार योग प्रेमियों मुझे और चण्डी प्रसाद गुप्ता, नटवर रतेरिया एवं लक्ष्मीकांत मण्डल को उनका अंतिम दर्शन का सौभाग्य मिला तथा 13 फरवरी को उन्हें भू-समाधी दी गई। न्यायाधीश शरद गुप्ता की पत्नी श्रीमी मंजुषा गुप्ता ने कहा कि मां धर्मशक्ति स्वामी सत्यव्रतानंद की धर्म पत्नी थी जो स्वामी शिवानंद सरस्वती ऋषिकश के शिष्य थे वह उन्हें अम्मा कहतीथी योग के प्रचार प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। इस अवसर पर दिव्य जीवन संघ के सचिव सत्यानारायण अग्रवाल, जगदीश मेंहर, खुशीराम मेंहर, बसंत सोनार, दैतारी मेंहर, राजेन्द्र थवाईत, रामनारायण अग्रवाल किशन सोनी, चण्डी प्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर रतेरिया, श्रीमती मंजुषा गुप्ता, सीतागुप्ता आदि अनेक योग प्रेमियों ने अंत में दो मिनट मौन रखकर उन्हें श्रद्धाजली अर्पित की।

योग माता को शोकांजलि

खरसिया। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती योग माता के निधन पर खरसिया में योग मित्र मंडल द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें योग माता को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई।

27 फरवरी को योग मित्र मण्डल की अध्यक्ष डॉ. प्रेमा षड़ंगी के निवास स्थान पर स्व. स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती योग माता को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये गये। योग माता का निधन 13 फरवरी को हो गया था। वे स्वामी निरजानानंद परम हंस की माता श्री थी। माता को श्रद्धासुमन अर्पित कर योग मित्र मण्डल के कार्यकर्ताओं ने माता जी के जीवन पर प्रकाश भी डाला। स्वामी धर्मशक्ति सरस्वती का जन्म सन् 1924 में बुद्ध पूर्णिमा के दिन हुआ था। स्वामी सत्यानंद सरस्वती उनके ईष्ट गुरू थे। सन् 1963 में माता ने योग और योग विद्या पत्रिकाओं का सम्पादन प्रारंभ किया। वे अध्यात्म मार्ग के साधकों को निरंतर प्रेरणा उत्साह प्रदान करते 13 फरवरी को महाप्रयाण को प्राप्त हुई। माता के जीवन को याद करते योग मित्र मण्डल की प्रेमा षड़ंगी, नीरज पटेल, महेयश्वर राठौर, नलिनी दुबे, श्रीमती ज्योति नामदेव, आशा ठाकुर, मंजू होता, श्रीमती रजनी सुईंग, कु. नीलीमा होता आदि ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विवरण विषयक जानकारी

घोषणा पत्र-फार्म 4

1-प्रकाशन स्थल का नाम-	रायगढ़
2-प्रकाशन की अवधि-	दैनिक
3-मुद्रक का नाम-	उदयराम थवाईत
क्या भारतीय नागरिक है?-	हां
पता-	सिविल लाइन, रायगढ़ (छ.ग.)
4-प्रकाशक का नाम-	उदयराम थवाईत
पता-	सिविल लाइन, रायगढ़ (छ.ग.)
5-संपादक का नाम-	उदयराम थवाईत
क्या भारतीय नागरिक है?-	हां
पता-	सिविल लाईन, रायगढ़ (छ.ग.)
6-उन व्यक्तियों के नाम एवं पते जो समाचार पत्र के स्वामी	

माता धर्मशक्ति, गौरवांजलि

नांदगांव की पवित्र माटी ने गौरव भी गढ़ा है। अद्भुत व अपूर्व गौरव फूल चढ़ाए हैं। माता धर्मशक्ति की 12 फरवरी को भूसमाधि लेना नवीनतम घटना है। बीएनसी मिल में बाबू सत्यव्रतलाल स्टेनो टाइपिस्ट थे। उस समय स्टेनों क्लर्क इक्के-दुक्के ही थे। इसी प्रयोजन से मैं उस परिवार से जुड़ा था उनसे डिक्टेशन लेता और ट्रांसकाइब कर दिखाता। यह अभ्यास ही कारण था, संयोग जुटने का। देवव्रतलाल बड़े भाई और शीलब्रत उनके छोटे भाई थे। मिल गेट की केंटीन के पीछे एक छोटे से बंगले में उनका निवास था। धर्म परिवर्तन करके देव्रवत ईसाई हो गए थे। ब्रसंतपुर लेवर होम में रहा करते थे। शीलव्रत सरकारी नौकरी करते थे। जमातपारा में रहा करते थे। राजा स्पोर्टस उनकी संतात्तों का उपक्रम है।

बाबू गोवर्धनलाल धर्मशक्ति के पिता थे। जो छुईखदान से यहां आए थे। वे प्रेस का काम किया करते। वे सोनारपारा और दाऊचाल पुरानी हटरी में भी किराए से रहे हैं। माताजी एक आकर्षक मधुरभाषिणी महिला थी। पर एक कमी थी वह थी निसंतान होना। सन् 1956 से स्वामी सत्यानंद जी नांदगांव से जुडे और सेवा साधना शुरू की थी। वे मिलचाल स्थित सत्यव्रत बाबू के निवास पर ही रूकते। वहीं स्वामी जी से मेरा संबंध बना था। शंकर भवन में स्व. राधेश्याम चितलांग्या के आग्रह से सत्संग कार्यक्रम रात्रि 9 से 10 तक होता था। पं. बल्देव प्रसाद मिश्र और अन्य श्रेष्ठजन भाग लेते। धर्मचर्चा व जीवन प्रसंग पर सत्संग होता। दिव्य जीवन संघ (स्वामी शिवानंद प्रणीत) स्थापित हुआ था। इसका अधिवेशन टाउन हाल में हुआ। मुंगेर संबंध इसी समय हुआ था। स्वामी सत्यानंदजी वहीं केंद्रित हो गए। यहां सत्यानंद योगाश्रम भी स्थापित हो गया।

सत्यानंद की कृपाशीष कदाचित स्वामी निरंजनानंद के जन्म का हेत रहा हो। पुत्र लाभ से यह दंपत्ति कृत कृत्य हो गई। निरंजनानंद स्वामी जी के मानस पुत्र जैसे ही हो। सत्यव्रत जी ने भी संन्यास ले लिया। धर्मशक्ति पूर्व में ही दीक्षित हो चुकी थी। सत्यव्रत योगाश्रम संभालने लगे और माताजी ने कामठी लाइन में योग विद्या प्रेस स्थापित कर योग विद्या का प्रकाशन शुरू किया। दैव दुर्वियांक से सत्यव्रत सड़क दुर्घटना में चल बसे। कालांतर से मातजी मुंगेर चली गई। स्वामी प्रभाव ने इस पूरे परिवार को बदल कर रख दिया। आध्यात्मिक दिशा दे दी। स्वामी निरंजनानंद विश्व परिचित है। माताजी ने योग विद्या द्वारा धर्मशक्ति संचरित कर दिया और अपना अंतिम उत्सव माताजी ने भूमाता समाधि लेकर पूरा कर दिया है। यह महान गौरव है नांदगांव का।



मेरा दीपक

तम से ज्योति की ओर चला मेरा दीपक।
चले तब तेरे पीछे-पीछे सब संसार॥

तुम बनोगे धरा के गुरु महान्,
शान्ति दूत असहायों के सहारे।
देते रहना प्रेरणा दीन-दु:खी को,
चुपचाप सहकर अंधकार के वार।

तम से ज्योति की ओर चला मेरा दीपक।
चले तब तेरे पीछे भूले-भटकों की कतार॥

जैसे जलता है दीपक तिल-तिल कर,
नहीं मानता तूफानों से हार।
इस दुनिया के स्वार्थी जन को,
सिखा दे करना, सेवा व प्यार॥

तम से ज्योति की ओर चला मेरा दीपक।
चले तब तेरे पीछे साधकों का संसार॥

सूरज ढले, चंदा भी चले,
मेरा दीपक जग में रोशनी भरे।
मेरी आशा का है सत्य दीप,
तुममें है गुरु की शक्ति व तेज॥

तम से ज्योति की ओर चला मेरा दीपक,
चले तब तेरे आगे-पीछे संन्यासियों की कतार॥

—स्वामी धर्मशक्ति

My Precious Lamp

From darkness to radiance my precious lamp is walking
And his footsteps the whole world is following . . .

You shall be a great guru upon this earth,
an apostle of peace, the hope of the helpless,
Give succour and inspiration to the forlorn and cheerless,
bearing in stoic silence the fierce blows of darkness.

From darkness to radiance my precious lamp is walking
And his footsteps a train of lost travellers is following . . .

Like a candle that steadily burns
Never defeated by the might of storms
Teach the selfish people of this world
how to give, love and serve.

From darkness to radiance my precious lamp is walking
And his footsteps a flock of aspirants is following . . .

The sun may set and the moon may also disappear
but my precious lamp will not falter.
You are the symbol of my hope and faith, my son,
you have inherited your guru's shakti and inspiration.

From darkness to radiance my precious lamp is walking
And his footsteps legions of sannyasins are following . . .

—Swami Dharmashakti





ISBN : 978-93-81620-79-3